॥ श्री गणेशाय नमः ॥

ज्योतिष ज्ञान प्रचारार्थ आर्य संस्कृति पोषके

ॐ श्री सरस्वत्यैमया दृष्ट्वा वीणापुस्तक धारिणी।
हंसयुक्त विमानूढा विद्या दान ददातु मे।।

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट पंचांगम् विद्वद् वृन्द समर्पिते

भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र के प्रधानाचार्य

श्री आर्यभट्ट - पञ्चांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-२०५८ शकः- १९२३ सन्-२००१-२००२ भारतीय गणराज्य संवत् ५२-५३

प्रधान सम्पादक : पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
सम्पादकः धर्मपाल अग्रवाल, २/४५-ए, वैस्ट ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

धर्मसन प्रकाशन नई सड़क दिल्ली-११०००६

मूल्यः 27.95 रु.

वर्ष १६

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट-पंचांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-२०५८ शकः- १९२३ सन्-२००१-२००२ भारतीय गणराज्य संवत् ५२-५३

प्रधान सम्पादक :
पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति
बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र, नई दिल्ली-२८

सम्पादकः
धर्मपाल अग्रवाल
आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र, २/४५-ए, वैस्ट
ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

प्रकाशक : **धर्मसन प्रकाशन**
नई सड़क, दिल्ली-110006 दूरभाष : 3285234, 3264986

विषय सूची

॥ आर्यभट्ट पंचांग देखने की विधि ॥

१. हमारे "आर्यभट्ट पंचांग" का निर्माण ग्रीनविच (ब्रिटेन) से उत्तर अक्षांश २८°।३८' एवं पूर्व रेखांश ७७°। १२' के आधार पर किया गया है। अतएव इस पंचांग में निर्णीत सूर्योदयास्त भी पूर्वोक्त अक्षांशादि वाले स्थान अर्थात् दिल्ली शहर के हैं।

२. 'आर्यभट्ट पंचांग' के गणित में प्राचीन ज्योतिर्विदों द्वारा प्रमाणित तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त' सूक्ष्म दृक्गणित' एवं चित्रा पक्षीय 'निरयणपद्धति' को ही अपनाया गया है।

३. पक्षवाले सभी पृष्ठों पर दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त भारतीय समयानुसार दिल्ली शहर के हैं। सूर्योदयास्त में किरण-वक्री-भवन संस्कार के कारण वास्तविक क्षितिज वृत्त के उदयास्त में अन्तर आना स्वाभाविक है। अतः प्रत्यक्ष देखने के लिए सूर्योदय में दो मिनट ऋण (-) तथा सूर्यास्त में दो मिनट योग (+) करने की आवश्यकता है।

४. इस पंचाङ्ग में करण सूर्योदय कालीन दिए गए हैं। अग्रिम करण उससे आगे वर्तमान तिथि के अर्धभाग तक जानें।

५. सूर्य, चन्द्रादि ग्रहों का राश्यादि संचार एवं भद्रा-पंचक, ग्रहों के उदय-अस्त, वक्र मार्ग आदि भा. स्टे. टा. में है। जो भारत में सर्वत्र उसी टाइम में होंगे। यह इस पंचांग की विशेषता है।

६. महीनों में अष्टमी-पूर्णिमा एवं अमावस्या के ग्रह स्पष्टों के राश्यादि स्टे.टा. प्रातः ५ घं. ३० मि. के हैं। नीचे उस दिन की गति और वक्री-मार्गी उदय-अस्त व ग्रहों के नक्षत्र चरण दिये हैं। यह स्पष्टों के साथ कुंडली भी उपरोक्त समय की है।

७. लस्टर में A.B.C.D. * आदि चिन्ह दिए गए हैं, उनका मतलब यह है कि मेटर उस लाईन में नहीं आ सका जो चिन्ह यहां लगाया वैसा ही चिन्ह कहीं दूसरी लाइन में लगाकर शेष मैटर लिखा है। नीचे लिखी संकेतवाली को पंचाङ्ग देखने में काम लेने से सम्पूर्ण विषय समझ में आजावेंगे।

८. वार, तिथि, नक्षत्र, योग तथा करणों के साथ सामने दिये गये घटी पल, उनका समाप्तिकाल दर्शाते हैं जोकि स्थानीय सूर्योदय के उपरान्त से माना जाये। उन घटी पलों के घण्टा मिनट बनाकर उसमें पंचांग के स्थानीय सूर्योदय के घण्टा मिनट जोड़ देने से तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल भारतीय स्टैंडर्ड टाइम में ज्ञात हो जायेगा।

९. पाठकों की सुविधा के लिए तिथि नक्षत्रादि के घटी पलों के समाप्ति काल (सूर्योदय संस्कार करके) घण्टा मिनट में भी दे दिये गये हैं जिससे तिथि नक्षत्रादि के समाप्तिकाल को घण्टा मिनट में जानने के लिए कोई परेशानी नहीं हो रही है। सीधे ही तिथ्यादि का समाप्ति काल घंटे मिनट में पढ़ा जा सकता है। जहां २४ लिखा हो वह रात्रि के ठीक १२ बजे समझे जायें। जहां २७।१८ लिखा हो वहां २७ में से २४ घटाकर रात्रि के ३ बजकर १८ मिनट समझे जायें। यह समय भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार सूर्योदय से पहले तक पूर्व तिथि में ही माना जायेगा।

१०. पक्षवाले पृष्ठों पर शुक्ल पक्ष में तिथि के कालम में १५ को पूर्णमासी तथा कृष्णपक्ष में ३० को अमावस समझा जाये। शुक्ल पक्ष को सुदी, कृष्ण पक्ष को वदी भी कहते हैं।

११. रा.मि. पहले कॉलम में दी गई हैं। दिनमान घटी-पलों में दिया गया है। करणों के कालम के पश्चात् दि.मा.घ.प. में दिए गए हैं। उसके पश्चात् सूर्योदयास्त, प्रतिष्ठा, मु. तारीखें फिर अंग्रेजी तारीखें अंग्रेजी अंकों में लिखी हैं।

१२. दैनिक ग्रह स्पष्ट भा.स्टै.टा. प्रातः ५-३० बजे (दिल्ली) के दिए गए हैं। और लग्न का समाप्तिकाल लिखा गया है। अपने अभीष्ट समय पर उनको ग्रह की दैनिक गति का संस्कार त्रैराशिक विधि से करके मार्गी ग्रह में युक्त करने, वक्रीग्रह में से घटाने से इष्ट समय के ग्रह स्पष्ट हो जाते हैं।

१३. तिथि के क्षय के आगे (पक्ष वाले पृष्ठों में) शून्य ० चिन्ह लगाया गया है। तिथि, नक्षत्रादि के आगे ६०-०० घटी लिखा है उस तिथि नक्षत्रादि की वृद्धि समझें।

पंचांग में लिखे शब्दों की संकेतावली (अकारादि क्रम से)

अ. = अश्विनी (नक्षत्र), अतिगंड (योग),
अग्नि (पंचक), अगस्त, अप्रैल (मास), अक्टूबर
अनु. = अनुराधा (नक्षत्र)
आ. = आर्द्रा न., आयुष्मान् यो., आषा., आश्विन
अं. = अंश, अंग्रेजी (मास तारीख)
उ. = उदय, उपरान्त
उ.फा. = उत्तरा फाल्गुनी (नक्षत्र)
उ.षा. = उत्तराषाढ़ा (नक्षत्र)
उ.भा. = उत्तरा भाद्रपदा (नक्षत्र)
ऐं. = ऐन्द्र (योग)
क. = कर्क, कन्या (राशि), कला
का. = कार्तिक (मास)
क्रांति सा. = साम्य (महापात)
कृ. = कृत्तिका (नक्षत्र), कृष्ण पक्ष
कुं. = कुंभ (राशि),
गु. = गुरु (वार), गुरु ग्रह
गु.दा. = गुरु दान से
गो. = गोधूलि (लग्न)
गं. = गंड (योग)
घ. = घटी
घं. = घन्टा
चि. = चित्रा (नक्षत्र)
चै. = चैत्र (मास)
चौ. = चौर (पंचक)
चं. = चन्द्र (सोमवार), चन्द्र ग्रह
ज. = जयन्ती, जनवरी (मास)
ज. = जून (मास)
जु. = जुलाई (मास)
ज्ये. = ज्येष्ठ (मास), ज्येष्ठा (नक्षत्र)
ता. = तारीख
तु. = तुला (राशि)
दि. ल. = दिन में लग्न
ध. = धनु (राशि) धनिष्ठा (नक्षत्र)
धूलिमु. = धूमिमुख (अन्यगोधूलि) लग्न
ध्रु. = ध्रुव (योग)
धृ. = धृति (योग)
नि. = निम्बार्क (संप्रदाय)
नृ. = नृप (पंचक)
प. = परिघ (योग), पल
प्र. = प्रवेश
प्रा. = प्रारम्भ
प्री. = प्रीति (योग)
पु. = पुष्य (नक्षत्र)
पुन. = पुनर्वसु (नक्षत्र)
पू.फा. = पूर्वा फाल्गुनी (नक्षत्र)
पू.षा. = पूर्वाषाढ़ा (नक्षत्र)
पू.भा. = पूर्वाभाद्रपदा (नक्षत्र)
फाल्गु. = फाल्गुन (मास)
ब्र. = ब्रह्म (योग)
वृ. = वृद्धि (योग)
बु. = बुध (वार), बुध ग्रह
भ. = भरणी (नक्षत्र), भद्रा
भाद्र. = भाद्रपद (मास)
म. = मघा (नक्षत्र), मकर (राशि), मई (मास),
मा. = मार्गशीर्ष, माघ, मार्च (मास)
मि. = मिनट, मिथुन राशि (लग्न), मिति
मी. = मीन (राशि)
मु. = मुहूर्त
मू. = मूल (नक्षत्र)
मे. = मेष (राशि) लग्न
मृ. = मृगशिर (नक्षत्र), मृत्यु (पंचक)
र. = रवि (वार), रवि (ग्रह)
रा. = राहु (ग्रह), राष्ट्रीय, राशि
रे. = रेवती (नक्षत्र)
रो. = रोहणी (नक्षत्र), रोग (पंचक)
ल = लग्न
व. = वज्र, वरियान् यो., वाणिज क., वक्र गति
व्र. = व्रत
व्य. = व्यतिपात (योग)
वृ. = वृद्धि (योग), वृष, वृश्चिक (राशि)
व्या. = व्याघात (योग)
वि. = विशा. (नक्षत्र), विष्कुंभ (योग), विकला
वि. मु. = विवाह मुहूर्त
वै. = वैष्णव संप्र., वैधृति यो., वैशाख मास
श. = शनिवार, शनिग्रह, शतभिषा (नक्षत्र)
शि = शिव (योग)
शु. = शुक्रवार, शुक्र ग्रह, शुभ, शुक्ल (योग), शुक्ल (पक्ष)
श्रा. = श्रावण (मास)
सा. = साध्य (योग)
स्वा. = स्वाती (नक्षत्र)
स्मा. = स्मार्त (संप्रदाय)
सि. = सिद्धि (योग), सितम्बर (मास)
सिं. = सिंह (राशि)
सु. = सुकर्मा (योग)
सौ. = सौभाग्य (योग)
ह. = हस्त (नक्षत्र), हर्षण (योग)
हि. = हिन्दी (मास तारीख)

धर्मसन प्रकाशन, 2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ☎ 3285234, 3264986

❖ **बालकृष्ण इन्दोरिया, चुरु, राजस्थान से-** 'श्री आर्यभट्ट पंचांग' परिपूर्ण व विस्तृत पंचांग है। अतः सर्वोत्कृष्ट है। आप निरन्तर प्रगति कर सफल हों ऐसी कामना है।

❖ **प्रो. आचार्य चन्द्रहास शर्मा, शिक्षा शास्त्र विभागाध्य एवं आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय प्रमुख, जीवन पार्क, पंखा रोड, नई दिल्ली से-** यह पंचांग साधारण व्यक्ति से लेकर विद्वत्समुदाय तक सभी के लिए उपादेय है। औषधि प्रयोग, तंत्र-मंत्र तथा फलादेश आदि व्यवहारिक जनजीवनोपयोगी प्रकरणों का सन्निवेश सोने में सुहागे का काम करता है।

❖ **ब्रह्म ऋषि कश्मीरी लाल शास्त्री, संकीर्तनाचार्य, ज्योतिष रत्न, बस्ती गुंजा, जालन्धर से-** माँ वीणा पाणी की कृपा से श्री आर्यभट्ट पंचांग की ज्योतिष जगत में ज्योतिर्विदों ने प्रशंसा की है। भारत के हर प्रान्त में यह प्राप्त है।

❖ **डॉ. कुंज बिहारी तिवारी ज्योतिष शिरोमणि, ज्योतिष भूषण, मानस रत्न, ज्यो. तीर्थ पर्यावरण मनीषि, महाराजपुर (म.प्र.) से-** यह पंचांग अपने आप में परिपूर्ण है, साथ ही सुगंधित पुष्पों की एक माला है, जिसमें भांति-भांति की गुंथे हुए सुगंधित पुष्प अनूठे हैं, जो अपनी सुगंध से इस देश को ही नहीं विश्व को सुगंधित करेंगे।

❖ **बी.पी. उपाध्याय, टीचर्स कॉलोनी, उदयपुर, राजस्थान से-** आपके द्वारा प्रकाशित 'श्री आर्यभट्ट पंचांग' अत्यन्त ही उपयोगी पंचांग है। इसकी जितनी भी प्रशंसा करेंगे कम ही होगी। इतनी मूल्यवान सामग्री देकर तथा कम मूल्य लेकर आप ज्योतिषी की महान सेवा कर रहे हैं।

❖ **डॉ. सत्येन्द्र सर्राफ, लक्ष्मीपुरा, सागर (म.प्र.) से-** श्री आर्यभट्ट पंचांग में संकलित सामग्री। तालिकाएं ज्योतिष कर्मियों के लिए निरन्तर उपयोगी है। सर्वजनोपयोगी सामग्री जैसे व्रत-पर्व-त्यौहारादि का संकलन इसे सामान्य पाठक, गृहस्थ को भी उपयोगी बना देता है, जहाँ मासिक राशि-फलादेश उनके आकर्षण का विषय बनता है।

❖ **प्रो. जवाहर मुथा, सम्पादक एवं अध्यक्ष ज्योतिष पत्रिका, नवीं पेठ, अहमद नगर से-** यह कहने में भी सानंद हर्ष होता है कि आर्यभट्ट पंचांग सर्वांग सुन्दर और पूर्णरूपेण है। भारत की सभी भाषाओं में इसका अनुवाद होना चाहिए, ऐसा हम समझते हैं। यह पंचांग गणित में अत्यंत शुद्ध होने के कारण विश्वसनीय एवं लोकोपयोगी है।

❖ **सुरेश चन्द्र तिवारी, भीमगोडा-हरिद्वार (उ.प्र.) से-** पंचांग में अत्यधिक सामग्री एवं जानकारी होने से लगभग सब प्रकार की शंकाओं का समाधान आपके प्रकाश व मंडल एवं विद्वानों द्वारा किया गया जिससे मन प्रसन्न हो उठा।

❖ **श्री जितेन्द्र जोशी, ज्योतिष, दहिसर (पश्चिम.) मुंबई से-** पंचांग बहुत उपयोगी रहेगा, सर्व चीजें इसमें उपलब्ध हैं।

❖ **S.Mathu Ratnam From BEML Layout, Bangalore-** We are very much impressed by your Panchang which also includ monthly forecasts for different Rashi.

❖ **पं. श्यामनन्दन मिश्र, ज्योतिष सा. आचार्य), अजमेर विश्वविद्यालय से-** आपने आधुनिक प्रकार में पंचांग विषयों का समावेश करते हुए जनता जनार्दन को शास्त्रोचित दिशा निर्देश देने का प्रयास किया है। एतदर्थ मेरी हार्दिक शुभ कामना है।

❖ **अचलेश्वर त्रिपाठी, साहित्य शास्त्री, ब्यावर (राज.) से-** पंचांग में आपने अनेक ज्योतिष के लिए ज्ञानवर्द्धन तथा सरलीकरण का प्रयास किया है। ज्योतिष अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त करते हुए सफल व कारगर जीवन में हो सकते हैं।

❖ **प्रो. आर. सी. दिवाकर (एम.ए.बी. एस. सी) गणित, ज्योतिष, हस्त रेखा विशेषज्ञ तथा तान्त्रिक, ब्यावर राज. से-** आपका पंचांग पढ़ने के बाद मुझे अब अन्य पंचांगों की आवश्यकता मालूम नहीं पड़ती है।

❖ **चिन्तामणि रा. केलकर, बासगांव, गोवा से-** श्री आर्यभट्ट पंचांग बहुत ही उपयुक्त है, इसमें कोई शंका नहीं।

❖ **रोशन लाल दुकानदार, शिमला से-** पंचांग बहुत ही उपयोगी है। क्योंकि इसकी भाषा शैली आधुनिक तथा सरल है।

❖ **पं. नन्दकुमार जमुनाधर त्रिपाठी, ज्योतिष साहित्य आयुर्वेद विशारद, संस्कृत प्रथमा, संगीत, सत्यनारायण कथा वाचक, जलगाँव, महाराष्ट्र से-** श्री आर्यभट्ट पंचांग आदि से अंत तक देखा तो पाया कि पंचांग परिपूर्ण है। सू.उ. सारणी, अंक विचार, लग्न विचार, सू.उ. परिवर्तन पद्धति, यंत्र-मंत्र-तंत्र साधना, रत्नों का प्रभाव, उपयोगी विषयों का समालोचन कर समावेश किया है।

❖ **पं. शान्ता प्रसाद पाराशर, एम.ए. साहित्यरत्न, ज्योतिष वाचस्पति, ग्वालियर, म.प्र. से-** पंचांग का गणित एवं विस्तृत कलेवर निश्चय ही श्रेष्ठ एवं सराहनीय है।

❖ **परमानन्द शास्त्री, राजस्थान संस्कृत विद्यालय, तारानगर चुरू से-** आप लोगों ने आर्यभट्ट की विस्मृति को फिर स्मरण करा कर अनुकरणीय कार्य किया है तथा कुछ अहंकारू पंचांगकारों की मूर्खता को भी उजागर किया है।

❖ **पं. प्रेमसुख ओझा, शास्त्री, एम.ए. संस्कृत, बी.एड., तारानगर, चुरु, राजस्थान से-** पंचांग की सामग्री बहुत ही उपयुक्त एवं लाभदायक है। आपका प्रयास सराहनीय है। गागर में सागर भरने का प्रयास है।

❖ **सुजानमल जैन ज्योतिष, अर्थ टू स्टार ज्योतिष एवं शिक्षा केन्द्र, बियाबानी, इन्दौर (म.प्र.) से-** पंचांग अवलोकन के बाद हमें कोई त्रुटी नहीं लगी तथा साथ ही-टू-इन-वन तथा कीमत भी दूसरे पंचांगों के मुकाबले कम है।

❖ **मधुकर गोविंद हुपरीकर-ज्योतिर्विद्या भूषण, कोल्हापुर से-** पंचांग का अभ्यास किया, इसमें जो जानकारी है बहुत ही उपयुक्त है। इसका गणित विभाग अत्यंत शुद्ध है। जानकारी उपयोगी तथा सरल है।

❖ **मधुकर मुकंदराव हिरे-इंजीनियर, ज्यों. विशारद, बांदे पूर्व मुंबई से-** आर्यभट्ट पंचांग बहुत ही शास्त्र शुद्ध जानकारी देता है। कृपया मेरी शुभकामनाएं स्वीकार करें।

❖ **अरुण सदाशिव जोशी-ज्यो.भास्कर, नासिक, महाराष्ट्र** से-ज्योतिष शास्त्र और पंचांग के साहित्य में आपके प्रयास सराहनीय हैं। अक्षांशादि सारणी का उपयोग तथा ज्योतिर्विदों को बहुत होगा। सर्वदृष्टि से आपका पंचांग बहुत अच्छा है। इस काम में आपको सफलता मिले, यही भगवान से प्रार्थना करता हूँ।

❖ **एम.एम.श्रीवास्तव, भवेश ज्यो अनुसंधान केन्द्र, भोपाल (म.प्र.)** से-पंचांग की छपाई और इसमें दी गई जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है।

❖ **डॉ. बी. शामसखा-डायरेक्टर, मोतीबाग, नई दिल्ली** से-अपने दैनिक कार्यों में उपयोग के लिए मुझे ऐसे ही संक्षिप्त पंचांग की खोज थी। इस उपयोगी सुन्दर, संक्षिप्त और जानकारी पूर्ण पंचांग के प्रकाशन के लिए बधाई।

❖ **वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक, प्रधान सम्पादक (अवैतनिक) वेदांग ज्योति एवं श्री सालासर पंचांग मेड़ता सिटी नागौर** से-श्री आर्यभट्ट पंचांग गागर में सागर युक्त अतुलित ज्योतिषी सामग्री की जानकारी देने वाला विश्व में प्रथम पंचांग दृष्टिगोचर हुआ। इसकी प्रशंसा एवं उपादेयता स्वत: उजागर होती है।

❖ **संतोष राम (हस्त रेखा विशेषज्ञ) मॉडल टाउन, दिल्ली** से-आपका पंचांग भारतीय ज्योतिष विद्या की प्राचीन परंपरा को बनाए रखने का सराहनीय प्रयास है। पंचांग के प्रकाशन हेतु कोटि-कोटि सधन्यवाद।

❖ **रामजीलाल शर्मा, रतलाम (म.प्र.)** से-आपके द्वारा निर्मित पंचांग देखा व काम में लिया आपका प्रयास व साहित्य सराहनीय है।

❖ **पं. गिरि मोहन गुरु-गोस्वामी सेवाश्रम-होशंगाबाद (म.प्र.)** से-पंडितों के हितार्थ अनेक अन्य सामग्री देकर गागर में सागर वाली उक्ति चरितार्थ कर दी है।

❖ **निशिकान्त जोशी (ज्यो. शास्त्री), ठाणा (महाराष्ट्र)** से-आपका पंचांग आम जनता तथा ज्योतिष के लिए कुंडली बनाने के लिए भी उपयुक्त है। पंचांग चन्द्र-सूर्य की तरह पृथ्वी पर चमकता रहे यही हमारी शुभ कामना है।

❖ **डॉ. राजकुमार रत्नप्रिय, सम्पा.-कॉस्मो इण्डिया-कानपुर** से-अधिकाधिक विषयों का श्रेष्ट समायोजन निश्चय ही पंचांग को सर्वोपयोगी और लोकप्रिय बनाता व इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। मेरी शुभ कमनाएं।

❖ **किशन लाल उपाध्याय शास्त्री, मन्थन ज्यो. कार्यालय, चुरू (राज.)** से-यह पंचांग वर्ष की अत्यन्त महत्वपूर्ण कृति होती है। विस्तृत क्रमबद्ध होड़ाचक्र इसी पंचांग की अतुलनीय विशिष्ट विशेषताएं है।

❖ **डॉ.भालचन्द्र शंकर शास्त्री (ज्योतिषाचार्य, ज्यो. अलंकार, ज्यो. तीर्थ, राज ज्यो. म.प्र. शासन, लश्कर ग्वालियर** से-पंचांग ज्योतिष के लिए परमोपयोगी है। छपाई अति सुन्दर, स्वच्छ एवं स्पष्ट होने से बाल-वृद्ध मानवों को पठनीय है। मुख्य-मुख्य सभी विषय इस पंचांग में आपने भर दिए हैं। जैसे गागर में सागर।

❖ **पं. चन्द्रिका प्रसाद वाजपेयी-भोपाल, मध्य प्रदेश** से-आर्यभट्ट पंचाग के अतिरिक्त ग्रहों की स्थिति, मुहूर्त्त की शुद्धता, ज्यो. संबंधी विविध जानकारी का संग्रह यहाँ उपलब्ध अन्य पंचांगों में नहीं मिलता है।

❖ **प्रकाश नाथ चौहान (तंत्र ज्योतिषाचार्य साहित्य कला सरस्वती प्राच्य विद्या महामहोपाध्याय तांत्रिक मार्तण्ड आदि उपाधि से विभूषित तथा रजत एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित, ब्यावर (अजमेर) राज.** से-'श्री आर्यभट्ट पंचांग' में ज्योतिष विषयक भव्य सामग्री देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो गागर में सागर भरने का प्रयास किया गया है। पंचांग का आलोक विश्व के कोने-कोने में प्रसारित हो यह मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

❖ **पं. शिवचरण लाल शर्मा, ज्यो. कुम्भराजज-गुना (म.प्र.)** से-यह पंचांग निर्माणात्मक प्रवृत्तियों का प्रतिपादन करते हुए भारत की समस्याओं का समाधान व उत्थान का काम करेगा। आपके इस प्रयास के लिए शुभकामनाएँ।

❖ **लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता (तांत्रिक एवं पत्रकार, बी.ए. विद्यारत्न, ज्यो. तन्त्र मार्तण्ड, बी.ए. एम.एस. (कल), आयुर्वेद रत्न (प्रयाग), फार्मासिस्ट एवं परामर्शदाता चिकित्सक), पीलीभीत (उ. प्र.)** से-पंचांग कुछ नवीनताएं लिए हुए हैं जो अन्यों में नहीं मिलती जैसे ग्रहों का भावानुसार, गोचर फल, वर्ष फल, जन्म कुण्डली फल (पु. स्त्री का इसके अतिरिक्त इसकी पाठ्य सामग्री व सारणियां भी कम उपयोगी नहीं है।

❖ **भालचन्द म. लेम्भ, एम.ए. (साहित्य विशारद (मराठी), रा.भा. रत्न, शनिवार पेढ, पुणे** से-दैनंदिनी घरेलू जीवन में जितनी बातों की आवश्यकता होती है उन सभी का इस पंचांग में अंतर्भाव किया है। ज्योतिष के लिए तो यह अत्यंत उपयुक्त है।

❖ **इन्दरमल चौधरी (ज्यो. भूषण, ज्यो. मनीषी, ज्यो. मार्तण्ड, ज्यो. दिवाकर, जो. श्री, दैवज्ञ श्री उपाधियां एवं रजत पदक प्राप्त), समया. एवं प्रकाशक, 'ज्यो.रत्न' पत्रिका, सादड़ी-राजसमन्द (राज.)** से-आर्यभट्ट पंचांग की गणित शुद्ध है, सारगर्भित विषय वस्तु ज्योतिष प्रेमियों के लिए सुबोध है। पंचांग का प्रारूप तैयार करने में आपका श्रम सराहनीय है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका पंचांग देश में प्रथम स्तर का पंचांग साबित होकर ज्योतिष जगत में अक्षम ख्याति प्राप्त करेगा।

❖ **कपिल देव मिश्र (साहित्य रत्न, भा. रत्न, फेस रीडर, ज्योतिर्विद, मंत्र-तंत्र-यज्ञ विशेषज्ञ), कुलावा, मुंबई** से-भारत के कर्मकाण्ड एवं ज्योतिषियों के लिए यह पंचांग सहायक ही नहीं पूर्णरूप से मार्गदर्शन करने वाला है। इसका एक-एक पृष्ठ ज्यो. जगत के लिए वरदान सावित होगा।

❖ **महर्षि पं. मदन मोहन एस. जोशी (स्वर्ण पदक से विभूषित, ज्योतिषाचार्य, रमलाचार्य)** -श्री आर्यभट्ट पंचांग में सूक्ष्म गणित वास्तव में ज्योतिषियों के गणित भाव हेतु पूर्ण लाभप्रद साबित हो रहा है। ❑

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

महर्षि आर्यभट्ट

वराहमिहिर और आर्यभट्ट हमारे प्राचीनतम आचार्यों में से हैं। वराहमिहिर ने प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रन्थ 'वृहत् जातक' की रचना की और आर्यभट्ट प्रथम ने 'आर्यभटीय' ग्रन्थ लिखा। ज्योतिष का क्रमबद्ध इतिहास आर्यभट्ट के समय सेही मिलता है; यद्यपि वेदों के समय से ज्योतिष का ज्ञान आरम्भ हो गया था और ज्योतिष वेद के प्रमुख अंगों में से एक है। तब से आर्यभट्ट के समय तक सूर्यादि ग्रह, काल बोध, ग्रह-नक्षत्र, धूमकेतु, ग्रहण, ग्रहनक्षत्रों की गति स्थिति का ज्ञान, सिद्धान्त, होरा, प्रश्न, शकुन, ज्योतिष आदि का आविष्कार हो गया था। नक्षत्रों की आकृति, स्वरूप, गुण, प्रभाव आदि की परिभाषा, ऋतु, अयन, दिनमान लग्नादि के शुभाशुभ फलों का ज्ञान, राशियों और ग्रहों के स्वरूप, रंग, दिशा, तत्व, धातु आदि का विवेचन, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों की रचना काल तक पूर्णरुप से ज्ञात हो गये थे। ग्रहों की गति, स्थिति, अयनांश, मुहूर्त, शुभाशुभ समय का निर्णय, यथा ज्योतिष के पांचों अंगों-होरा, सिद्धान्त, गणित, संहिता, मुहूर्त, फलित, प्रश्न तथा शकुन शास्त्र की निरन्तर उन्नति होती गई थी।

अन्य शास्त्रों के समान ज्योतिष के आविष्कर्त्ता भी भारतीय ही हैं। योगाभ्यास द्वारा प्राचीन ऋषियों ने अपनी सूक्ष्म प्रज्ञा से शरीर के अन्दर ही समस्त सौर मण्डल के दर्शन किये और आत्म-निरीक्षण से आकाशीय सौर मण्डल की व्याख्या की। अंक विद्या ही इस शास्त्र का आधार है और इसका श्री गणेश भारत में ही हुआ था। प्रचीन भारत में तक्षशिला, नालन्दा आदि स्थानों पर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षण संस्थायें थीं, जहां पर दूर-दूर देशों के विद्यार्थी विद्याध्ययन करने के लिए आते थे और अपने देशों में जाकर इसका प्रचार करते थे। ऋग्वेद तथा शतपथ ब्राह्मण के अध्ययन से पता चलता है कि कम-से-कम २८००० वर्ष पहले भी भारतीयों ने खगोल तथा ज्योतिष-शास्त्र का पूर्ण रूप से मन्थन कर लिया था।

आर्यभट्ट नाम के दो विद्वान् ज्योतिषी हुए हैं। आर्यभट्ट प्रथम का जन्म ईस्वी सन् ४७६ में हुआ था। अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'आर्यभटीय' में इन्होंने सूर्य एवं तारागण के स्थिर होने तथा पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन किया है। इन्होंने पृथ्वी की परिधि ४९६७ योजन बताई है, सूर्य और चन्द्रग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या की है। काल-क्रिया पाद में युग के दो समान भाग करके पूर्व भाग को उत्सर्पिणी तथा उत्तर भाग को अवसर्पिणी संज्ञा दी है तथा प्रत्येक के छः छः भेद बताये हैं। ग्रहों को स्पष्ट करने की विधि बतलाई है। बुध और शुक्र को विलक्षण संस्कार से स्पष्ट करना बताया है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य इन्होंने यह किया कि अंक (संख्या) के द्योतक क, ख, ग आदि वर्णों की कल्पना की और अ, आ, इ, ई आदि स्वर वर्ण तथा क, ख, ग आदि व्यंजन वर्णो को एक-एक संख्या-वाचक अर्थ देकर बड़ी-बड़ी संख्याओं को लिखने की विधि का आविष्कार किया। इसी विधि को बाद में रोमनों ने अंग्रेजी अक्षरों में भी लिया; जैसे-पांच के लिए V, दस के लिए X आदि-आदि।

महर्षि आर्यभट्ट ने क = १, ख = २, ग = ३, घ = ४, ङ = ५, च = ६, छ = ७, ज = ८ इसी प्रकार क्रम से म = २५, य = ३०, र = ४०, ल = ५०, व = ६०, श = ७०, ष = ८०, स = ९०, ह = १००; क = एक, कि = सौ, कु = दस हजार, कृ = दस लाख, क्लृ = दस करोड़, के = दस अरब, कै = दस खरब, को = दस नील, कौ = दस शंख; इसी प्रकार ख = दो, खि = दो सौ, खु = बीस हजार आदि-आदि। इसी प्रकार वर्णों द्वारा संख्यायें लिखने की विधि विस्तार से समझायी है। आर्यभट्ट ने अपने विख्यात ग्रन्थ 'आर्यभटीय' की रचना प्राचीन कुसुमपुर में (जो आज का पटना नगर है) रहकर की थी। इस ग्रन्थ के गणित पाद (प्रकरण) में वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल एवं अन्य व्यवहार श्रेणियों का विशद विवेचन किया है।

आर्यभट्ट द्वितीय ब्रह्मगुप्त के बाद, यानि ५९८ ई. के बाद और भास्कराचार्य, जिनका काल १११४ ई. के पहले का है। इन दोनों के मध्य कभी हुए थे। इनका रचित ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' है। इसमें १८ अध्याय हैं, जिनमें पाटी गणित, क्षेत्र व्यवहार तथा बीज गणित भी सम्मिलित है। प्रथम आर्यभट्ट के सिद्धान्तों में इन्होंने कई संशोधन किये। इस ग्रन्थ की परम्परा को बाद के अनेक ज्योतिषियों ने अपनाया। इसी कारण इनका ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इनके जीवन के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है, परन्तु इनकी अपूर्व विद्वता तथा महान पाण्डित्य इनके अनुपम ग्रन्थ से ही ज्ञात हो जाता है। दोनों ही आर्यभट्ट ज्योतिष के महान् विद्वान थे और इसी कारण भारत ने अपने उपग्रह का नाम इनके नाम पर रखा। ये दोनों विद्वान् महान गणितज्ञ थे और आधुनिक वैज्ञानिक उपग्रह प्रणाली आदि उन्हीं के द्वारा बताये गणित को और आगे बढ़ाते हुए आज की उच्च अवस्था तक पहुंची है।

हमने अपनी अनुसंधान संस्था का नामकरण इन्हीं विभूतियों के नाम पर किया है और आशा करते हैं कि इनके आशीर्वाद से हम ज्योतिष विद्या में नई-नई बातों का शोध व आविष्कार करने में सफलता प्राप्त करेंगे और इनके नाम के अनुसार प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। हम ज्योतिष-प्रेमियों से पूर्ण सहयोग की आशा करते हैं और अनुरोध करते हैं कि आप अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

-लक्ष्मी नारायण शर्मा
बी.ए. प्रभाकर, साहित्यरत्न
ज्योतिष वाचस्पति

एक और प्रयास ज्योतिष सेवा के निमित्त

आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना श्री धर्मपाल जी अग्रवाल के विशेष परिश्रम तथा सहयोग से ही सम्भव हो सकी है। श्री धर्मपाल जी मै. धर्मसन प्रकाशन के वरिष्ठ भागीदार हैं। धर्मसन प्रकाशन गत २०-२२ वर्षों से कतिपय श्रेष्ठ पंचांगों का उच्चस्तर का प्रकाशन करता आ रहा है। विभाजन से पूर्व लाहौर में इनके पूज्य पिताजी की प्रकाशन संस्था मै. मेहरचन्द एण्ड सन्स भी तत्कालीन उच्च-कोटि के हिन्दी, श्री विश्व मार्तण्ड पंचांग तथा उर्दू मेहर आलम आदि जन्त्रियों के प्रकाशक थे। पैतृक व्यवसाय होने के कारण पंचांग प्रकाशन कार्य इनको रक्त में ही उत्तराधिकार स्वरूप मिला। आप अब तक ५० वर्ष का व्यक्तिगत अनुभव भी अर्जित कर चुके हैं।

श्री मार्तण्ड परिवार के उर्दू, पंजाबी, हिन्दी भाषा में प्रकाशित श्री मार्तण्ड आलम जन्त्री (मेहर आलम जन्त्री), शिरोमणि तिथि प्रत्रिका और श्री बटुक पंचांग आदि विभाजन पूर्व श्री मेहरचन्द एण्ड सन्स लाहौर के द्वारा प्रकाशित होते रहे हैं। और आजकल सं. २०४२ से धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं। उपरोक्त पंचांग व जन्त्रियों के प्रकाशन स्तर में गत ४ वर्षों में ही अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सं. २०३३ से श्री विश्वविजय पंचाग का प्रकाशन भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा आरम्भ किया गया और सं. २०४१ तक यह पंचांग इसी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित किया जाता रहा। इन वर्षों में इस पंचांग की लोक प्रियता में जो गुणात्मक वृद्धि हुई उसका श्रेय अधिकांश में इसकी सुचारू प्रकाशन व्यवस्था को ही है। धर्मसन प्रकाशन इस वर्ष से (श्री प्रेमपाल कौशिक जी का) राजधानी पंचांग भी प्रकाशित कर रहा है, गत ४-५ वर्षों से पं. जीयालाल जी के असली पंचांग तथा मशहूर आम जन्त्री हिन्दी, उर्दू और सं. २०३६ (सन् १९७९) से लाहौर के प्रसद्धि पं. देवीदयाल जी के पंचांग दिवाकर, मुफीद आलम जन्त्री हिन्दी, उर्दू प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा उत्तरी भारत के अधिकांश प्रमुख पंचांग भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित होते हैं।

आजकल पंचांग तो काफी संख्या में प्रकाशित हो रहे हैं परन्तु अच्छे स्तर के पंचांगों की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है। इनमें भी दिल्ली के अक्षांश पर आधारित पंचांग तो एकाध ही हैं। कुछ समय पहिले तक ज्योतिष के शास्त्रोक्त ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही उपलब्ध थे और भाषा टीका सहित पुस्तकों की भाषा भी संस्कृत निष्ठ कठिन भाषा ही रहती थी। अभी गत कुछ वर्षों से ज्योतिष शास्त्र पर हिन्दी में पुस्तकों का प्रकाशन आरम्भ हुआ है। जिनके द्वारा सर्वसाधारण में भी ज्योतिष के गूढ़ तत्वों के ज्ञान का प्रचार हुआ है। परन्तु अधिकांश पंचांगों में अभी तक बहुत से विषयों की जानकारी केवल संस्कृत भाषा में अथवा संस्कृत निष्ठ क्लिष्ठ हिन्दी में दी जाती है। इस कारण हिन्दी जानने वाले ज्योतिष प्रेमीजन तो उसे समझ ही नहीं पाते, बहुत से पंडित और ज्योतिषी भी कठिनाई का अनुभव करते हैं। संस्कृत देवभाषा है और हमारा बहुत सा ज्ञान भण्डार इस भाषा में संचित है इसमें कोई भी संदेह नहीं। परन्तु खेद है कि इस भाषा को पढ़ने व जानने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्राचीन संचित ज्ञान भण्डार को सरल सुबोध भाषा में वर्तमान परिपेक्ष्य में हिन्दी भाषी जनता को उपलब्ध कराया जाय। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन आरम्भ किया गया है।

इस पंचांग के सम्पादक पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न ज्योतिष वाचस्पति की ज्योतिष प्रथमा, गणित ज्योतिष प्रथमा गणित, फलित, अंक ज्योतिष, हाथ की रेखाएं, स्वरोदय शिक्षा, राजयोग शिक्षा, मंत्र-तन्त्र साधना और तंत्र विद्या नाम से पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। सौ साल के पंचांग **'शतक मार्तण्ड'** का सम्पादन भी किया है। ज्योतिष प्रेमी सज्जनों ने उनकी सरल सुबोध भाषा तथा विषय प्रतिपादन शैली की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। इस पंचांग के पाठकों को उनके अध्ययन अनुभव भाषा व शैली का दिग्दर्शन स्थान-२ पर प्राप्त होगा।

श्री आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन कार्य श्री आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र के अन्तर्गत प्रकाशन कार्य के अनुभवी श्री धर्मपाल जी के निर्देशन में ही किया गया है। आशा है ज्योतिष प्रेमी सज्जन इसके मुद्रण औ साज सज्जा को सन्तोष जनक पायेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी वर्षों में और भी अधिक उपयोगी सामग्री सम्मिलित करें और पंचांग का स्तर उत्तरोत्तर उत्तम बनाया जाये। इस विषय में आपके सुझाव आमन्त्रित हैं। पंचांग का अभी शैशव काल है। त्रुटियों का रहना स्वाभाविक है। आशा है विद्वज्जन त्रुटियों को क्षमा करते हुए इन्हें प्रोत्साहित करेंगे ताकि ज्योतिष प्रेमी जनता की वृहत्तर सेवा कर सकें।

आर.एन. पाण्डे
दिल्ली

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

विक्रम संवत् २०५८ (दिनांक २६ मार्च से १२ अप्रैल २००२ ई. तक)

❒ इस वर्ष के राजा, मंत्री, दुर्गेशादि के साथ मंगल, शनि व गुरु-शुक्र के सम्यक विचार में इनके योग प्रतियोग तथा वर्ष लग्न, जगल्लग्न का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि सम्ववत् २०५८ वि. औद्योगिक व वैज्ञानिक दृष्टि से प्रगति कारक किन्तु अशुभ योग प्रतियोगों में भूकम्प, महामारी, बम विस्फोट, रेल-यान दुर्घटना, भूस्खलन से जन-धन की हानि होगी।

❒ मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार में वृद्धि, विश्व के अनेक देशों में आर्थिक मंदी से संकट का दौर बढ़ेगा। योजना व्यय में कटौती करने पर सरकार को विवश होना पड़ेगा।

❒ भारत के प्रधानमंत्री के लिए अगस्त से दिसम्बर तक पांच माह का समय विशेष संकटप्रद। शारीरिक व सुरक्षा पर पूर्ण ध्यान देना आवश्यक होगा।

❒ वर्ष मध्य में विश्व में कहीं सत्ता परिवर्तन, प्रधान शासक का असामयिक निधन से जनता स्तब्ध रहेगी।

❒ संसद व राज्यों की विधान सभाओं में प्रजा के उत्थान के लिए नवीन प्रस्ताव पारित होंगे, किन्तु भ्रष्टाचार बढ़ने से आम जनता को लाभ कम मिलेगा। कुछ विधान सभाओं में अशोभनीय दृश्य भी उपस्थित होंगे।

❒ अरब राष्ट्र, ईरान, रोम, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इजरायल, श्रीलंका, ब्रह्मा, इटली के प्रधान शासकों के लिए वर्ष राजनैतिक उथल-पुथल कारक, कहीं गृह-युद्ध, भूकम्प, महामारी तथा विध्वंसक गतिविधियों से जनधन की हानि होगी।

❒ पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्य वृद्धि होने से मंहगाई के साथ रेल व बस यात्रा करना आम जनता के लिये दूभर होगा।

❒ भारत औद्योगिक विकास की ओर निरन्तर अग्रसर होता रहेगा। भूगर्भ वेत्ताओं को भू-गर्भीय सम्पत्ति की खोज में सफलता मिलेगी।

विगत डेढ़ दशक से "**श्री आर्यभट्ट पंचांग**" द्वारा ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके विश्व व भारत के सम्बन्ध में जो भविष्यवाणियां की गईं उससे सभी पाठक परिचित हैं। निराश्रित ज्योतिष विज्ञान ने आज गणित के विभाग में शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दी है एवं गणित द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्रग्रहणों का प्रारम्भ व समाप्ति काल का समय निर्धारित किया है उसमें एक मिनट का भी अन्तर नहीं होता है। परन्तु फलित के विभाग में अभी पूर्ण शोध चल रहा हैं। वैसे फलित ज्योतिष को इष्ट साधन व दैवविद्या कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अत: संसार, राष्ट्र व राज्य के अलावा व्यक्ति के सम्बन्ध में भविष्य बताने वाले को दैवज्ञ माना गया है। साधना, तपस्या व अनुभव से प्राप्त दैवविद्या पर शोध करने वाला व्यक्ति आज के युग में साधनाहीन है। ग्रहों की गति व इष्ट संकेतों को समझने में भूल हो सकती है अत: समस्त की गयी भविष्यवाणियां सदा सत्य ही हों की कसौटी पर उतारना उचित नहीं होगा।

ज्योतिष ज्ञान द्वारा अनन्त आकाश में जो ग्रह, नक्षत्र, तारागण अपनी-अपनी वक्र-मार्गी गति से विचरण करते हुए आकर्षण-विकर्षण के द्वारा भूमण्डल पर होने वाले परिवर्तन एवं प्रभाव को जाना जाता है। अनन्त आकाश में कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो जब वह अपनी स्थिति बदलता है तो विश्व की परिस्थिति को अवश्य प्रभावित करता है। प्रतिवर्ष आकाशी परिषद् को गति प्रदान करने के लिए ग्रह परिषद् की नव नियुक्ति होती है। इस ग्रह परिषद् के बलाबल और वर्षलग्न, जगत् लग्न में उनका स्थान होने से प्राचीन ग्रन्थ वराह महिराचार्य कृत "बाराही संहिता" के आधार पर "दैवज्ञ" वर्ष के शुभाशुभ फल जानने में सक्षम होते हैं। ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग, परस्पर अंशयोग, सम-सप्तम योग (प्रतियोग) से संसार में कहां-कहां अशांति या शांति उत्पन्न होगी। इसके लिए संघट्ट चक्र, सर्वतोभद्र चक्र, कूर्मचक्र आदि को आधार मानकर हम अपनी स्वल्प बुद्धि से जो कुछ लिखते आ रहे हैं। वे सभी अभी तक ७०-८० प्रतिशत सत्य साबित हुई हैं।

नवीन विक्रम संवत् २०५८ का फल जानने के लिए ग्रहों की सूक्ष्म स्थिति का विवेचन एवं पर्यवेक्षण होना आवश्यक होता है। अत: हम यहां प्रमुख ग्रहों की वर्षारंभ तथा वर्ष की अन्त की स्थिति का उल्लेख कर रहे हैं। जो चित्रापक्षीय निरयन मान से इस प्रकार रहेगी।

वर्ष प्रारंभ २६ मार्च २००१ ई. प्रात: ५.३० बजे, वर्षान्त दिनांक १२ अप्रैल २००२ ई. प्रात: ५.३० बजे

राशि	अंश	कला	विकला	वक्री/मार्गी	प्रमुख ग्रह	राशि	अंश	कला	विकला	वक्री/मार्गी
वृश्चिक	२४	३१	०४	मार्गी	← मंगल →	वृष	४	५५	५०	मार्गी
वृष	१२	४३	३२	मार्गी	← गुरु →	मिथुन	१४	२२	१९	मार्गी
वृष	३	१९	०३	मार्गी	← शनि →	वृष	१७	३३	४५	मार्गी
मिथुन	१७	२२	१५	वक्री	← राहु →	वृष	२७	७	४१	वक्री
धनु	१७	२२	१५	वक्री	← केतु →	वृश्चिक	२७	७	४१	वक्री
मकर	२९	२१	१६	मार्गी	← हर्शल →	कुंभ	३	५३	०९	मार्गी
मकर	१४	२०	२८	मार्गी	← नेपच्यून →	मकर	१६	४९	४०	मार्गी
वृश्चिक	२१	२३	२९	वक्री	← प्लूटो →	वृश्चिक	२३	३६	३०	वक्री

मंगल—वर्षारम्भ में वृश्चिक राशि में, १० अप्रैल से धनु राशि में, १२ मई से धनु राशि में वक्री होकर १० जून से वृश्चिक राशि में, २० जुलाई को मार्गी, २६ अगस्त को रात से धनु राशि में, १८ अक्टूबर रात से मकर राशि में, ३० नवम्बर से कुंभ राशि में, सन् २००२ ई. में १० जनवरी से मीन राशि में, २१ फरवरी से मेष राशि में, ४ अप्रैल रात से वृष राशि में प्रवेश कर वर्षान्त तक इसी राशि में विचरण करेंगे। मंगल वर्ष पर्यन्त उदय ही रहेगा। वर्षारम्भ में १२ मई से २० जुलाई तक वक्री रहेगा।

गुरु—वर्ष प्रारम्भ से १५ जून तक वृष राशि में तथा १६ जून से वर्ष समाप्ति तक मिथुन राशि में गुरु विचरण करेगा। जिसमें २ नवम्बर २००१ से २८ फरवरी २००२ ई. तक वक्री तथा ४ से २७ जून २००१ तक अस्त रहेगा।

शनि—वर्षारम्भ से अन्त तक वृष राशि में विचरण करेंगे। जिसमें २७ सितम्बर २००१ ई. से ७ फरवरी २००२ ई. तक वक्री रहेंगे तथा वर्षारम्भ में ७ मई सायं से १२ जून तक अस्त रहेगा।

हर्षल—वर्ष प्रारम्भ में मकर राशि में, १० अप्रैल से कुंभ राशि में प्रवेश कर ३० मई को रात में वक्री होगा। २० जुलाई को वक्र चाल से पुन: मकर राशि में प्रवेश करेगा। ३१ अक्टूबर से मार्गी होकर सन् २००२ ई. के जनवरी मास की २८ तारीख को कुंभ राशि में प्रवेश कर वर्षान्त तक इसी राशि में रहेगा।

नेपच्यून—वर्ष पर्यन्त मकर राशि में रहेगा। नेपच्यून वर्ष प्रारम्भ में ११ मई से १८ अक्टूबर तक वक्री रहेगा।

प्लूटो—वर्ष प्रारम्भ से अन्त तक वृश्चिक राशि में प्लूटो विचरण करता रहेगा। जिसमें वर्षारम्भ से २३ अगस्त तक वक्री रहेगा। इसी रात मार्गी होकर वर्षान्त में २० मार्च २००२ से पुन: वक्री होगा।

राहु-केतु—वर्ष प्रारम्भ से १६ फरवरी २००२ ई. तक राहु मिथुन राशि में तत्पश्चात् वर्षान्त तक वृष राशि में राहु विचरण करेगा। केतु वर्ष प्रारम्भ से १६ फरवरी तक धनु राशि में तथा इसी रात्रि को वृश्चिक राशि में प्रवेश कर वर्ष समाप्ति तक इसी राशि में विचरण करेगा।

वर्ष के अनिष्ट योग

वर्षारम्भ में १० अप्रैल तक मंगल-शनि का सम सप्तम योग, १२ मई से मंगल धनु राशि में वक्री तथा शुभ ग्रह गुरु अतिचारी होने की ओर अग्रसर, आषाढ़ी पूर्णिमा को खण्डग्रास ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण, श्रावण कृष्ण में मिथुन राशि में चतुर्ग्रही योग, ५ व ६ अगस्त को गुरु-शुक्र का अंश शाम्य योग, आश्विन अधिक मास, मार्गशीर्ष मास में धनु संक्रांति व राक्षस गण के नक्षत्र में शुक्र अस्त होना, अंग्रेजी नव वर्ष के प्रारम्भ में राहु केतु के अन्तर्गत सभी ग्रह आने से ५० दिन तक कालसर्प योग।

नवीन वर्ष के शुभाशुभ फल

संवत् २०५८ विक्रमी में ग्रहों की आकाशी कौंसिल में आठ अधिकार सौम्य ग्रहों को तथा शेष दो अधिकार क्रूर ग्रहों को मिले हैं। तेजस्वी सूर्य देव को इस वर्ष केवल एक अधिकार धनेश का प्राप्त हुआ है, जबकि चन्द्रमा को तीन अधिकार राजा, सस्येश एवं नीरसेश के प्राप्त हुए हैं। मंगल को इस वर्ष भी कोई अधिकार नहीं मिला है। बुध को रसेश का तथा गुरु को मेघेश, फलेश एवं दुर्गेश के तीन अधिकार मिले हैं। जबकि शुक्र को मंत्री पद तथा शनि को धान्येश का पद मिला है। इस प्रकार सौम्य ग्रहों को आधे से अधिक अधिकार मिलने से श्रेष्ठ फलों का संचार होगा। शांति वार्ताओं से नये आयामों की शुरुआत होगी। नवीन अनुसंधानों में आशातीत सफलता मिलने से सामरिक साधनों में बढ़ोत्तरी होगी। किन्तु अशुभ योग-प्रतियोग के कारण विश्व के कुछ भागों में युद्धादि भय, प्रकृति प्रकोप, भूकम्प, रेलयान दुर्घटना, महामारी से प्रजा को कष्ट व हानि होगी। कुछ देशों की आर्थिक स्थिति कमजोर व मंहगाई-बेरोजगारी समस्या उग्र होती दिखाई देगी।

वर्ष प्रवेश कुण्डली

१ | २ गु. श. | ३ रा. | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ प्लू. मं. | ९ के. | १० ह. ने. | ११ बु. | १२ शु. सू. चं.

विक्रम संवत् २०५८ का प्रारम्भ संवत् २०५७ वि. के अन्तिम दिन चैत्र कृष्ण अमावस्या रविवार दिनांक २५ मार्च २००१ ई. को प्रात: ६ बजकर ५० मिनट इष्ट घट्यादि १।०२ पर मीन लग्न में हो रहा है। जिसकी तत्कालीन कुण्डली सामने दी जा रही है। नवीन वर्ष के लग्न का स्वामी गुरु तृतीय भाव में दशमेश का भी स्वामी बनकर शनि के साथ बैठा है। जिस पर मंगल-प्लूटो की पूर्ण दृष्टि आ रही है। वर्ष का राजा चन्द्रमा भी सूर्य के साथ बैठकर क्षीण बना हुआ है। अत: विश्व के अनेक भागों में युद्धादि उन्माद, प्रकृति-प्रकोप, महामारी, लूटपाट व उपद्रवों से जनता पीड़ित होगी। चतुर्थ घर में राहु की स्थिति नेष्ट फलों में बढ़ोत्तरी करेगा। पाकिस्तान, ईरान, ईराक, चीन, जापान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, अमेरिका,

न्यूजीलैण्ड में राजनैतिक, उथल-पुथल के साथ कहीं प्रकृति-प्रकोप, भूकम्प, बम विस्फोट से जनधन की हानि होगी। लग्न में उच्च राशिस्थ शुक्र जो इस वर्ष मंत्री का पद लिये हुए है, स्थित है अतः नवीन अन्वेषण व अनुसंधान में वैज्ञानिक लोगों को अधिक सफलता प्रदान करेगा। भारत विश्व के महान देशों में आने के प्रयास में आगे बढ़ता दिखाई देगा किन्तु मंहगाई व बेरोजगारी की समस्या यहां की मूल समस्या बनेगी। काश्मीर समस्या का पूर्ण समाधान नहीं होने से भारत सरकार को सीमा सुरक्षा पर विशेष खर्चा कर कड़ी निगरानी की आवश्यकता महसूस होगी।

नवीन वर्ष का राजा चन्द्रमा व मंत्री शुक्र बना है। जिससे अनेक देशों की विकास दर में बढ़ोत्तरी होने से जनता का जीवन स्तर ऊंचा होगा। किन्तु वर्ष में "**जय**" नाम का सम्वत्सर होने से शासकों के सामने ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होंगी जिससे वे एक दूसरे देश को नीचा दिखाने की होड़ में आणुविक शस्त्रों का निर्माण व प्रदर्शन करेंगे। कहीं युद्धादि भय से प्रजा को कष्ट भी होगा। चैत्र मास के एक पक्ष में ही शुक्र का अस्त होकर उदय होना भी अच्छा नहीं है जिससे विश्व के अनेक देशों में अशान्ति व प्रकृति-प्रकोप का बोलबाला रहेगा। एशिया के पश्चिमी देश पाकिस्तान, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान के अलावा चीन, जापान, आस्ट्रिया व रूस में आन्तरिक विद्रोह, हत्याकांड, भूकम्प से जन-धन की हानि संभव है। वैशाख मास में पांच सोमवार व सोमवती अमावस्या भारत के लिए श्रेष्ठ फलों में वृद्धिकारक है। शासकों द्वारा आम जनता के हित में नवीन विकाशोन्मुखी कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। मांगलिक उत्सवों व वैज्ञानिक अनुसंधान में सफलता मिलने से प्रजा में उत्साह का वातावरण बनेगा। शांति व्यवस्था के लिए विशेष चर्चाओं का आयोजन किया जायेगा।

ज्येष्ठ मास में १२ मई को धनु राशिगत मंगल वक्री होने से तथा सौम्य ग्रह बृहस्पति अतिचारी गति की तरफ अग्रसर होने से आगामी दो मास विश्व के अनेक देशों में विशेष घटनाचक्र वाले बनते दिखाई देंगे। विश्व में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, हिंसाकांड के अलावा राजनैतिक उथल-पुथल भी संभव है। कहीं सत्ता अपहरण, असामयिक मृत्यु, विमान दुर्घटना, दुर्भिक्ष से राज प्रजा को कष्ट होगा। आस्ट्रेलिया, अरब राष्ट्र, चीन, पाकिस्तान, ईरान, ईराक, तुर्की, बगदाद के साथ-साथ भारत में भी कहीं अग्निकाण्ड, बम विस्फोट,यान दुर्घटना, भूकम्प से जन-धन की हानि होगी। ता. १० जून को वक्री मंगल वृश्चिक राशि में प्रवेश कर गुरु-शनि से प्रतियोग बनायेगा। प्राचीन आचार्यों ने मंगल-गुरु व शनि के प्रतियोग का फल इस प्रकार लिखा है—

"यदारशौरी सुरराज मन्त्री यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्यलंकापुर मध्य देशे क्षुधा भयं शस्त्रभयं करोति॥"

आषाढ़ मास में गुरु का उदय तथा पूर्णिमासी को खण्डग्रास ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण होना अच्छा नहीं है। अनेक देशों के प्रधान शासकों के सामने विपरीत परिस्थितियों की अधिकता रहेगी। कुछ शक्तिशाली राष्ट्र अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए छोटे राष्ट्रों पर अपना दबाव बनायेंगे। आयात-निर्यात का संतुलन बिगड़ने के साथ आर्थिक संकट में बढ़ोत्तरी होगी। अफगानिस्तान, फिलीपाइन्स, ईरान, ईराक, अमेरिका, रूस के साथ-साथ भारत में भी राजनैतिक सत्तालिप्सा, राजनैतिक दलों में परस्पर संघर्ष के कारण राजनैतिक अस्थिरता का वातावरण बनेगा। प्रजा कहीं दुर्भिक्ष भय से तो कहीं भूकम्प, रोग पीड़ा से पीड़ित रहेगी। यहां विश्व के किसी देश को प्रमुख नेता को सत्ताच्युत या असामयिक मृत्यु होने से राजनैतिक संकट का सामना करना पड़े तो कोई आश्चर्य नहीं। प्राचीन ग्रन्थों में ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण का फल इस प्रकार लिखा है—

**"ग्रस्तौदितौ च ग्रस्तास्तौ धान्य भूपाल नाशकौ।
सर्वग्रस्तौ चन्द्रसूर्यौ दुर्भिक्ष मरण प्रदौ॥"**

श्रावण मास में भी मिथुन राशि में चार ग्रहों का योग तथा बुध-गुरु की गति अतिचारी बनने से शुभ फलों की आशा नहीं की जा सकती। दिनांक ५ व ६ अगस्त को गुरु-शुक्र का मिथुन राशि में ही अंश-साम्य योग बनेगा। जिससे ताईवान, वियतनाम, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, फ्रांस, अफ्रीका, चीन आदि देशों में प्रकृति-प्रकोप, भूकम्प व राजनैतिक उथल-पुथल से जनता पीड़ित रहेगी। भारत में भी यत्र-तत्र अशुभ फलों का वर्चस्व दिखाई देगा। आश्विन मास इस वर्ष अधिक मास बना है, यह भी नेष्ट फलों में वृद्धि कारक बनेगा। कार्तिक मास में पांच शुक्रवार तथा देव गुरु वृहस्पति के वक्री होने से अशुभ फलों पर रोक लगेगी। प्रजा में सुख शांति का वातावरण बनेगा। अनेक देशों में व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। भारत अपनी साख विश्व में बढ़ाने में सफल होगा। पौष मास के शुक्ल पक्ष में मकर राशिगत सूर्य आने से इस राशि में पांच ग्रहों का योग बनेगा। जिससे पश्चिमी यूरोप, जर्मनी, इटली, इजरायल, ईरान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, वर्मा में कहीं धार्मिक, साम्प्रदायिक दंगे तो कहीं प्रकृति-प्रकोप, भूकम्प, समुद्री तूफान से हानि होगी। वर्षान्त में मंगल-शनि राहु से वृष राशि में योग स्थापित करेगा। जिससे विश्व में अशांति का वातावरण बढ़ता दिखाई देगा। कहीं प्रकृति-प्रकोप, भूकम्प, अतिवृष्टि से कृषि में हानि होगी।

संवत् २०५८ विक्रमी में सूर्य भगवान सप्ताश्वजुत रथ पर वैशाख कृष्ण ६ शुक्रवार दिनांक १३ अप्रैल २००१ ई. को मध्य रात्रि ११ बजकर ४२ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मेष राशि में प्रवेश के समय जगत् कुण्डली धनु लग्न की बनी है। जो नीचे दी जा रही है।

अयोध्यलंकापुर मध्य देशे क्षुधा भयं शस्त्रभयं करोति ॥''

जगत् लग्न का स्वामी गुरु शत्रु भाव में शनि के साथ बैठा है। लग्नस्थ मंगल-केतु व चन्द्रमा हैं। सप्तम भाव में राहु होने से सभी ग्रह राहु-केतु के अन्तर्गत आ गये हैं। अत: विश्व के अनेक भागों में अराजकता, प्रकृति-प्रकोप, बम-विस्फोट, भूकम्प, युद्धादि भय की अधिकता रहेगी। सत्ताधारी पार्टियों में आन्तरिक गतिरोध बढ़ेगा, जिससे कुछ देशों व राज्यों में सत्ता परिवर्तन होगा। वर्ष के राजा चन्द्रमा व मंत्री शुक्र की स्थिति सानुकूल होने से शासित पार्टियों द्वारा जन कल्याण की नवीन योजनाओं को अन्तिम रूप दिया जायेगा। भाग्येश सूर्य उच्च राशि का पंचम भाव में तथा चतुर्थ स्थान में उच्चस्थ शुक्र औद्योगिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्र में आशातीत सफलता प्रदान करेगा। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन क्रांति का दौर सामने आयेगा। अनेक देशों के मध्य नवीन व्यापारिक समझौते होंगे। किन्तु आणुविक प्रतिस्पर्धा बढ़ने से विश्व शांति के उपायों को खतरा उत्पन्न होता दिखाई देगा।

जगत् लग्न कुण्डली

भारतीय गणतन्त्र का ५२वाँ वर्ष

भारतीय गणतंत्र का ५२वाँ वर्ष संवत् २०५७ वि. में माघ शुक्ल २ शुक्रवार दिनांक २६ जनवरी २००१ को भारतीय स्टैं.टा. १२।०७ पर मेष लग्न के सत्रहवें अंश में प्रवेश होगा। ५२वें वर्ष प्रवेश की तत्कालीन ग्रह स्थिति की कुण्डली सामने दी गयी है। गणतंत्र वर्ष का लग्नेश मंगल सप्तमभाव में बैठकर लग्न को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है साथ ही शनि-गुरु से षडाष्टक योग भी बना रहा है। अत: नवीन वर्ष में दलगत, जातिगत एवं धार्मिक समस्याओं का बोलबाला अधिक रहेगा।

कहीं भ्रष्टाचार व काले धन का भण्डाफोड़ होने से कुछ राजनैतिक लोगों की छवि धूमिल होगी। बेरोजगारी एवं मंहगाई की समस्या बढ़ती दिखाई देगी। वर्ष का राजा चन्द्रमा एवं मंत्री शुक्र लाभ घर में उत्तम है जिससे भारत अपनी ख्याति विश्व में बढ़ाने में सफल होगा। औद्योगिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी नवीन उपलब्धि हासिल होगी। किन्तु प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को अपने स्वास्थ्य व सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक प्रतीत होता है। पराक्रम स्थान मुंथा शासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने में सहायक होगी किन्तु राहु के साथ होने से विपक्ष द्वारा कभी-कभी कड़ी चुनौती तथा सत्तारूढ़ पार्टी में आंशिक मनमुटाव सामने आयेगा। कहीं अपहरण, तोड़फोड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं शासित पार्टी को परेशान करती रहेगी। अगस्त से दिसम्बर मास तक केन्द्र सरकार व अनेक प्रान्तीय सरकारों के सामने असमान्य परिस्थितियां उत्पन्न होंगी। जिसमें सत्ता परिवर्तन, मंत्रिमंडल परिवर्तन, प्रकृति-प्रकोप, भूकम्प से जनता पीड़ित होगी। प्रधानमंत्री को इस समयावधि में अपने स्वास्थ के प्रति और अधिक सचेत रहना होगा। जिससे भारत जैसे देश को उनके कुशल एवं स्वच्छ सरकार का लाभ अधिक प्राप्त हो सकेगा।

भारतीय वायु मंडल एवं वर्षादि योग

इस वर्ष के वायु मंडल एवं वर्षादि योग जानने के लिए भारतीय वायु शास्त्र के अनुसार प्रत्येक नगर व राज्य में प्रतिदिन की वायु, मेघ गर्जना, बादल वर्षा की परीक्षा द्वारा वृष्टि गर्भ लक्षण का उल्लेख मिलता है। जैसे आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा, अन्तरिक्ष लक्षण जहां-शुभ-शकुन का आभास करायेंगे वहां सुभिक्ष व सुवृष्टि का संचार होगा। इस वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा (४ जुलाई बुधवार) को पूर्व, उत्तर, पश्चिम व ईशान कोण की हवा चले तो सुभिक्ष माना गया है। जबकि शेष कोण की हवा दुर्भिक्ष, उत्पात, रोग व भयकारक मानी गई है। विद्वान विज्ञों को वर्ष भर के गर्भ लक्षण नोट करने चाहिए। वर्ष पर्यन्त नहीं कर सके तो आषाढ़ी पूर्णिमा को सायंकाल सूर्यास्त के समय खुले स्थान में जाकर ध्वजा की विधिवत् पूजा करके वायु परीक्षा कर अपने नगर, देश व राज्य के लिए शुभाशुभ फल का निर्णय करना चाहिए।

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली

वर्षादि योग के लिए सूर्य आर्द्रा प्रवेश से आगामी दश नक्षत्र वर्षा के द्योतक माने जाते हैं। नवीन वर्ष में आर्द्रा प्रवेश आषाढ़ कृष्ण ३० अमावस्या गुरुवार तदनुसार दि. २१ जून २००१ ई. को मध्यरात्रि बाद २।४२ बजे हुआ है। जिसकी तत्कालीन कुण्डली सामने दी जा रही है। आर्द्रा प्रवेश कुण्डली का लग्न मेष बना है। जिसका स्वामी मंगल अष्टम भाव में प्लूटो के साथ स्थित होने से प्रजा में रोग पीड़ा बढ़े व समयानुकूल वर्षा का अभाव रहेगा। जिससे मंहगाई व बेरोजगारी में वृद्धि होगी। जून मास में २२ से ५ जुलाई तक राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उ.प्र., म.प्र. में सामान्य किन्तु दक्षिणी-पूर्वी भारत के राज्यों में सामान्य से अच्छी वर्षा के योग हैं। इससे आगे १९ जुलाई तक दिल्ली, राजस्थान, उ.प्र., म.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र के साथ सम्पूर्ण भारत में मानसून पूर्ण सक्रिय रहेगा। कहीं-कहीं अच्छी वर्षा के योग भी हैं। अगस्त मास में गुरु-शुक्र का अंश साम्य योग अतिवृष्टि कारक बनने से उत्तरी-पूर्वी राज्यों में बाढ़ की स्थिति बनेगी। ३० अगस्त से वर्षा का मध्यम तो कहीं-कहीं साधारण दौर चालू होगा। १६ सितम्बर से सिंह का शुक्र वर्षा में अवरोधकारक बनेगा और वायु की अधिकता बढ़ायेगा। यथा—''**सिंह शुक्र जब होय भवानी। चाले पवन नहीं बरसे पानी॥**'' अक्टूबर मास में साधारण वर्षा के योग हैं। शीतकाल में बुध शुक्र का योग, शुक्र का उदयास्त कहीं-कहीं श्रेष्ठ वर्षा करेगा किन्तु कहीं-कहीं ओलावृष्टि, भूकम्प, रोग पीड़ा से अशांति कारक रहेगा। कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने से कृषि में हानि होगी। आगे सर्वज्ञ ईश्वर है। यतोधर्म स्ततो जय:॥ इति शुभम् भूयात्॥

❋ विक्रम संवत् २०५८ शाके १९२३ मध्ये विवाहादि मुहूर्त्ता: ❋

समय शुद्धि:

शुक्र अस्त—इस वर्ष सम्वत् २०५८ वि. में चैत्र शुक्ल ३ बुधवार दिनांक २८ मार्च २००१ ई. से चैत्र शुक्ल ८ रविवार दिनांक १ अप्रैल २००१ तक तथा मार्गशीर्ष शुक्ल ६ शुक्रवार दिनांक २१ दिसंबर २००१ ई. से माघ कृष्ण ११ गुरुवार दिनांक ७ फरवरी २००२ ई. तक शुक्र अस्त रहेगा।

गुरु अस्त—इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल १३ सोमवार दिनांक ४ जून २००१ ई. से आषाढ़ शुक्ल ८ गुरुवार दिनांक २८ जून २००१ ई. तक गुरु अस्त रहेगा।

आश्विन अधिक मास—इस वर्ष प्र. आश्विन शुक्ल १ मंगलवार दिनांक १८ सितम्बर से द्वि. आश्विन कृष्ण ३० अमा. मंगलवार दिनांक १६ अक्टूबर २००१ ई. तक आश्विन अधिक मास रहेगा। जो शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना गया है।

इस पंचांग में गुरु-शुक्र का उदयास्त ज्योतिर्गणित की सूक्ष्म उन्नतांश पद्धति से लगाया गया है। गुरु-शुक्र के अस्तकाल से ३ दिन पूर्व के वृद्धत्वकाल से तथा उदय के बाद ३ दिन तक बाल्यत्व दोष में विवाहादि शुभ कर्म नहीं करने चाहिए तदनुसार ही मुहूर्त्तादि लिखे गये हैं।

नोट:-नीचे लिखे विवाह मुहूर्तों में जहाँ कहीं युति, वेध और दग्धा तिथि दोषों में परिहार वाक्य मिले हैं वे विवाह मुहूर्त भी लिखे गये हैं। यहां क्रांति साम्य दोष स्थूल न लेकर सूक्ष्म गणितागत लिया गया है।

शुद्ध विवाह मुहूर्त्त

वैशाख कृष्ण पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
७ रवौ	१५ अप्रैल	उ.षा.	रे ६ऽमं. ॥॥ऽअ.ऽऽ॥ लग्न कुंभ, मीन २६।५९ से २९।५२ तक, मीन लग्ने राहु ४ मंगल १० पूज्य:
८ चन्द्रे	१६ "	"	रे. ६ऽमं. ॥॥ऽअ.ऽऽ॥ दिवा लग्न कर्क ११।३६ से १२।१९ तक, चन्द्र ७ पूज्य:
८ चन्द्रे	१६ "	श्रवण	रे. ६ऽशु.ऽ॥॥ऽऽ॥ लग्न अन्यगो., शुक्र ६ दोष:, रात्रौ २६।५५ से २९।४८ तक, कुंभ व मीन लग्ने मंगल १०, राहु ४ पूज्य:, गोधूलि रेखा ५ दोष:
९ भौमे	१७ "	"	रे. ६ऽशु.ऽ॥॥ऽऽ॥ दिवा लग्न ११।३२ से १३।५० तक कर्क, चन्द्र ७ पूज्य:
९ भौमे	१७ "	धनि.	रे. ९।।।।।॥ऽ॥ लग्न अन्य गो. शुक्र ६ दोष

वैशाख शुक्ल पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
२ बुधे	२५ अप्रैल	रोहि.	रे. ८॥ऽगु.॥ऽम.॥॥ लग्न कुंभ, मीन २७।३३ से २९।११ तक, मीन लग्ने मं. १० राहु ४ पूज्य:
३ गुरौ	२६ "	"	रे.९॥ऽगु।।।।।। दिवा लग्न कर्क १०।५० से, रात्रौ २४।३१ से २५।४८ तक मकर, शुक्र ३ पूज्य:
३ गुरौ	२६ "	मृग.	रे. ८।।।।।ऽऽ।। लग्न कुंभ २७।०० से २७।५० तक
४ शुक्रे	२७ "	"	रे. ९ ।।।।। ऽनृ. ।।।। लग्न अन्यगो. शुक्र ६ दोष:
८ भौमे	१ मई	मघा	रे. ६ऽश. ।।।ऽरो.ऽ।ऽ। लग्न कुंभ २५।५३ से, गणितेन क्रांतिसाम्यऽभाव:
९ बुधे	२ "	"	रे. ७ ऽश. ।।।।ऽ।ऽ। दिवा लग्न १०।३० से १२।५० तक कर्क, सायं गोधूलि नक्षत्रांत दोष अति आवश्यके, क्षय तिथि दोष:
१२ शुक्रे	४ "	उ.फा.	रे. ८ ।।।।ऽअ.ऽ।।। दिवा लग्न कर्क १२।२७ से,
१२ शुक्रे	४ "	हस्त	रे. ५ ऽसू.ऽ।ऽशु.ऽऽअ. ।।।। लग्न अन्यगो. रात्रौ मीन २८।१२ से २८।३५ तक पादवेधात् शुक्रवेधाऽभाव:, रेखा ५ अल्पदोष: आवश्यके
१३ शनौ	५ "	"	रे.५ऽसू.ऽ।ऽशु.ऽऽ अ. ।।।। दिवा लग्न १०।१८ से १२।३७ तक कर्क, पादवेधात्शुक्रवेधाऽभाव: रेखा ५ अल्पदोष आवश्यके।
१३ शनौ	५ "	चित्रा	रे. ८ ऽरा. ।।।।ऽ।।। लग्न अन्यगोधूलि, शुक्र ६ दोष, रात्रौ २३।५४ से मकर शुक्र ३ पूज्य:, कुम्भ लग्ने २६।५७ से २७।०७ तक
१४ रवौ	६ "	"	रे. ८ ऽरा. ।।।।ऽ।।। दिवा लग्न कर्क १०।२४ से १२।३३ तक

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
८ भौमे	१५ मई	धनि.	रे. ८ ऽशु. ।।।।।ऽ।। लग्न अन्य गोधूलि (रात्रौ स्टै. २१।२८ उप. मृत्युबाण)
१० शुक्रे	१८ "	उ.भा.	रे. ७ ऽशु. ।।।।ऽऽ।। दिवा लग्न कर्क ९।२८ स, सायं अन्यगोधूलि, रात्रौ मकर-कुंभ लग्ने २३।०४ से २६।१७ तक, मकरे शुक्र ३ पूज्य:, मेष २७।४१ से २९।१७ तक
११ शनौ	१९ "	रेवती	रे. ७।।ऽशु. ।।ऽनृ. ।ऽ।। दिवा लग्न १०।३१ से कर्क, सायं अन्यगोधूलि, रात्रौ मकर-कुंभ लग्ने २३।०१ से, मकरे शुक्र ३ पूज्य:, अग्रे मेष लग्ने २७।३८ से

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
१ गुरौ	२४ मई	मृग.	रे. ८ ।।ऽबु.गु. ।।।ऽ।॥ लग्न अन्यगोधूलि, रात्रौ २४।२५ से २५।५४ तक कुंभ, मेष लग्न २७।१८ से २८।५४ तक, क्षय तिथि-गुरु युति दोष: आवश्यके
६ चन्द्रे	२८ "	मघा	रे. ६ऽगु. ।।।।ऽनृ.ऽऽ।। लग्न मेष २७।०३ से २८।३८ तक
७ भौमे	२९ "	"	रे. ६ ऽगु. ।।।ऽनृ.ऽऽ।।। दिवा लग्न ८।४५ से ११।०३ तक कर्क
८ बुधे	३० "	उ.फा.	रे. ८।।।।।ऽचो.ऽ।।। लग्न कुंभ २४।०२ से, चन्द्र ७ पूज्य:, मेषे २६।५४ से २८।२९ तक
९ गुरौ	३१ "	"	रे. ९ ।।।।।ऽ।।। दिवा लग्न ८।३६ से १३।१४ तक कर्क सिंह, सायं गोधूलि दिवा-कर्क लग्ने चोर पंचक दोष: रेखा ८
९ गुरौ	३१ "	हस्त	रे. ९।।।।।।।ऽ।।लग्न मकर २२।५२ से २३।५६ तक, मीन लग्ने २५।२५ से, चन्द्र ७, मंगल १०, राहु ४ पूज्य:

आषाढ़ शुक्ल पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
१२ चन्द्रे	२ जुला.	अनु.	रे ७ ऽसू.ऽ।।ऽशु. ।।।।। दिवा लग्न ६।३६ से १३।३१ तक, कर्क, सिंह, कन्या, सायं अन्यगोधूलि, रात्रौ मकर, कुंभ, मीन २०।०८ से २४।४५ तक, कुंभे मं. १०, मीने शुक्र ३, राहु ४ पूज्य:

श्रावण कृष्ण पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
२ शनौ	७ जुला.	श्रव.	रे. ९ ।।।।।ऽ।।। लग्न गोधूलि सोग्रां. शुक्र ६ दोष:, रात्रौ २१।३१ से कुंभ-मं. १० पूज्य:, मीन लग्ने २३।०० से २४।२५ तक, शुक्र ३, राहु ४ पूज्य:
३ रवौ	८ "	"	रे. ८ ।।।।ऽनृ.ऽ।।। दिवा लग्न कर्क ६।०८ से ८।२८ तक, चं. ७ पूज्य:, कन्या १०।४५ से
४ चन्द्रे	९ "	धनि.	रे. १०।।।।।।।।।। दिवा लग्न ८।२४ से १०।४१ तक, सिंह, चन्द्र ७ पूज्य:
६ गुरौ	१२ "	उ.भा.	रे. ८ ऽबु. ।।।।ऽ।।। दिवा लग्न कर्क ५।५३ से ८।१३ तक
७ शुक्रे	१३ "	रेवती	रे. ७ ऽशु. ।।।।।ऽ।ऽ दिवा लग्न ५।४९ से कर्क, १०।२६ से १२।४४ तक कन्या-चंद्र ७ पूज्य:, सायं अन्यगो. सोग्रां. रात्रौ १९।२६ से २२।३७ तक, मकर कुंभ, दग्धा तिथि दोष परिहार, कुंभ लग्ने मंगल १० पूज्य
८ शनौ	१४ "	अश्वि.	रे. ७ ।।।।।ऽऽ।ऽ दिवा लग्न कर्क, सिंह ५।४५ से १०।२२ तक
११ भौमे	१७ "	रोहि.	रे. ७ ।ऽऽशु.श. ।।।ऽ।। दिवा लग्न ५।३३ से कर्क, सिंह, कन्या, शुक्र युति दोष: आवश्यके,. शनि युति दोष परिहार: (रात्रौ लग्ने मृत्युबाण)

श्रावण शुक्ल पक्ष

ति. वार	ता. मास	नक्षत्र	रेखा लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण
३ चन्द्रे	२३ जुला.	मघा	रे. ७ ।ऽ।।।ऽचो.ऽ।।। दिवा लग्न कन्या १०।२३ से १२।०५ तक
४ भौमे	२४ "	उ.फा.	रे. ८ ।।।।।।ऽऽ।। लग्न अन्यगो. रात्रौ २१।५४ से, २३।१९ तक मीन, चन्द्र ७, शुक्र ३ पूज्य:
५ बुधे	२५ "	उ.फा.	रे. ६ ।।।।।ऽरो.ऽऽ।ऽ दिवा लग्न ९।४० से ११।५७ तक कन्या, दग्धा तिथि दोष परिहार:
५ बुधे	२५ "	हस्त	रे. ८ ।।।।।ऽरो. ।।।ऽ लग्न अन्यगो. रात्रौ २१।५० से २३।१५ तक मीन चन्द्र ७, शुक्र ३ पूज्य:, दग्धातिथि दोष परिहार:

शेष पृष्ठ २३६ पर...

त्रिबल शुद्धि कोष्ठक सम्वत् २०५७ विक्रमी (दिनांक ५ अप्रैल २००० से २५ मार्च २००१ ई. तक)

विवाह के लिए श्रेष्ठ समय का ज्ञानार्थ कोष्ठक (बन्द कोष्ठकों में घंटा मिनट लिखे गये हैं)

इस पंचांग में विवाह के लिए तत्काल तारीख ज्ञानार्थ त्रिबल शुद्धि कोष्ठक पाठकों की सुविधा हेतु विगत वर्षों से देते आ रहे हैं। किस-किस महीने की किस-किस तारीख को किन-किन राशि वाले लड़के-लड़कियों के विवाह हो सकते हैं। इन सबकी जानकारी इस त्रिबल शुद्धि कोष्ठक से मिलेगी। जिससे साधारण व्यक्ति भी एक नजर में जान सकता है कि अमुक राशि वाले लड़के व लड़की की शादी इस वर्ष किन-किन तारीखों में हो सकती है। वर के लिए ''सूर्य की पूजा'' तथा कन्या के लिए ''गुरु की पूजा'' वाला समय भी लिख दिया गया है। वर व कन्या की राशियों वाले कालम में जो तारीखें एक समान मिलें उन तारीखों में उस राशिवाले लड़के-लड़की का विवाह सम्पन्न हो सकता है। मेषादि राशि वाले लड़कों के लिए चौथे, आठवें तथा बारहवें सूर्य व ४, ८ चन्द्र परित्याग कर शेष सभी महीनों में मुहूर्त्तों की तारीखें लिखी गयी हैं। वर्तमान समय में लड़कियों का विवाह बड़ी आयु में किया जाता है, अतः चतुर्थ, अष्टम और बारहवें गुरु की शास्त्रानुसार विशेष पूजा करके नेष्टता को दूर किया जा सकता है तथा चतुर्थ, अष्टम और बारहवें चन्द्रमा को छोड़कर विवाह मुहूर्त्तों की तारीखें लिखी गयी हैं।

वर (लड़का)	वर के लिए पूज्य सूर्य	कन्या (लड़की)	लड़की के लिए पूज्य गुरु
मेष—अप्रैल—१५, १६, १७, २५, २६, २७, मई—१, २, ४, ५, ६, १५, १८, १९, २४, २८, २९, ३०, ३१, जून—१, जुलाई—७, ८, ९, १२, १३, १४, अग.—२०, २१, २२, २३, २४, २९, ३०, ३१, सिताम्बर—१, अक्टू.—२५, २६, २९, ३०, ३१, नवं.—४, ११, फर.—१५, १७, २१, २२, २८, मार्च—१, ६, ७, १०।	१४ अप्रैल से १४ जून तक १६ अग. से १६ सितं. तक १७ अक्टू. से १५ नवं. तक	**मेष**—अप्रैल—१५, १६, १७, २५, २६, २७, मई—१, २, ४, ५, ६, १५, २४, २८, २९, ३०, ३१, जून—१, जुला.—७, ८, ९, १४, १७, २३, २४, २५, २६, अग.—२, ३, ४, १३, १४, २०, २१, २२, २३, २४, २९, ३०, ३१, सितं.—१, अक्टू.—२५, २६, ३१, नवं.—४, ११, २०, २१, २७, २८, ३०, दिसं.—१, २, ६, ८, ९, १०, फर.—१७, २१, २२, २८, मार्च—१, ६, ७, १०।	१६ जून से वर्षान्त तक सामान्य पूज्य
वृष—मई—१८, १९, २४, ३१, जून—१, जुलाई—२, ७, ८, ९, १२, १३, १४, १७, २४, २५, २६, २९, ३०, अग.—३, ४, ८, ९, १०, १३, १४, अक्टू.—१९, २५, २६, २९, ३०, ३१, नवं.—४, ११, २०, २१, २५, २७, २८, ३०, दिसं.—१, २, ८, ९, १०, फर.—१५, १७, २१, २२, २८, मार्च—१, ५, १०।	१४ मई से १६ जुला. तक १६ सितं. से १६ अक्टू. तक १६ नवं. से १५ दिसं. तक १४ जन. से १२ फर. तक	**वृष**—अप्रैल—१५, १६, १७, २५, २६, २७, मई—४, ५, ६, १५, १८, १९, २४, ३१, जून—१, जुला.—२, ७, ८, ९, १२, १३, १७, २४, २५, २६, २९, ३०, अग.—३, ४, ८, ९, १०, १३, १४, २१, २२, २३, २४, २९ (२८।५८ बाद), ३०, ३१, सितं.—१, अक्टू.—१९, २५, २६, २९, ३०, नवं.—४, ११, २०, २१, २५, ३०, दिसं.—१, २, ८, ९, १०, फर.—१५, २१, २२, २८, मार्च—१, ५, १०।	वर्षारम्भ से १५ जून तक सामान्य पूज्य
अगस्त—स्थान परिवर्तन में यात्राजन्य पीड़ा से मन चिन्ताग्रस्त रहेगा। बन्धुजनों से सहयोग यथावत मिलता रहेगा। राजकाज में उलझे कामों का निपटारा होता दिखाई देगा। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पुराने रोग, ऋण व विवाद से छुटकारा प्राप्त हो जायेगा।

सितम्बर—अधिक मेहनत करने पर भी फायदा कम प्राप्त होगा। स्त्री पुत्रादि से कष्ट प्राप्त होने की संभावना रहेगी। व्यवसाय में लाभ पूर्ववत प्राप्त रहेगा। दुष्टजनों की संगति से बचें वे आपको नुकसान पहुंचायेंगे। कानूनी विवाद से बचें। पड़ौसी की गतिविधियों पर भी नजर रखें।

अक्टूबर—गुप्त चिन्ता रहने से मन में असन्तोष रहेगा। इष्ट आराधना से लाभ होगा। भाग्यफल ठीक होने से पुराने कामों में लाभ प्राप्त होता रहेगा। स्वास्थ्य कुछ ढीला चलेगा। यात्रा छोटी मगर लाभप्रद रहेगी। संतान सुख प्राप्त होने से मनोबल ऊंचा रहेगा।

नवम्बर—अव्यवस्थित दिनचर्या रोग का कारण बनेगी। व्यापार में स्थिरता बनी रहेगी। मांगलिक कार्यों में धनखर्चा होगा। देवदर्शन का लाभ प्राप्त होगा। शत्रु पक्ष से सचेत रहें। पड़ौसी से सरसतापूर्ण व्यवहार रखें।

दिसंबर—गुप्त चिन्ताओं में वृद्धि होगी। मस्तिष्क व नेत्र जन्य विकार उत्पन्न होंगे। मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। धार्मिक यात्रा होने का प्रबल योग बना है। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। स्त्री सन्तान सुख मध्यम प्राप्त होगा।

जनवरी २००२ ई.—मर्यादारहित व्यवहार से नुकसान संभव है। आलस्य-प्रमाद ना बढ़ने दें। अनावश्यक यात्राएं करना हानिप्रद रहेंगी। समय का महत्व समझकर काम करने वाले भौतिक विकास में भागीदार बनेंगे। उच्चाकांक्षाओं पर नियंत्रण रखें। लोकोपवाद की आशंका से बचे रहें।

फरवरी—चौपाए वाहन दुर्घटना से नुकसान संभव है। मान-सम्मान व यश वृद्धि से पड़ौसियों को जलन होगी। राजनैतिक क्षेत्र का विस्तार होगा। उच्चाधिकारी से स्नेहपूर्ण व्यवहार बनाये रखें। नवीन कार्य सोच समझकर ही प्रारम्भ करें।

मार्च—मास कुछ नवीन विशेषताएं लिए आ रहा है। लाभ अधिक होगा व व्यय की कमी रहेगी। समय का सही उपयोग करें। घरेलू वातावरण व स्वास्थ्य हानि के प्रति सावचेत रहें।

मिथुन-क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा

अप्रैल—आय कम तथा व्यय कीअधिकता रहेगी। स्त्री पक्ष की चिन्ता बनी रहेगी। मन में खिन्नता रहेगी। व्यापारिक दृष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। उच्चपदस्थ अधिकारियों व राजनैतिक लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

मई—वाणी पर संयम रखें। क्रोध की अधिकता से बनते कार्यों में रुकावटें आयेंगी। पारिवारिक वातावरण कलहपूर्ण होगा। धन खर्चे में फिजूल वृद्धि होगी। सेहत में कमजोरी आयेगी। स्त्री कष्ट पूर्ववत रहेगा।

जून—मास में आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। व्यर्थ का विवाद होने का भय बना रहेगा। मानसिक तनाव से घबराहट बनी रहेगी। व्यवसाय में प्रगति के आसार बनेंगे। शत्रु उत्पन्न होंगे लेकिन आपकी सजगता के सामने परास्त होंगे। स्व विवेक से निर्णय लेकर काम करें।

जुलाई—कारोबार धंधे में स्थिरता बनी रहेगी। उच्च पदस्थ लोगों के सम्पर्क से रुके कार्य बनेंगे। दोस्त इच्छित सहायता करेंगे। धन का सही उपयोग करें। आर्थिक सहयोग मिलने से नवीन योजना का विचार बनेगा। दूरदराज की यात्रा संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

अगस्त—सहपाठी, घनिष्ठ मित्र रचनात्मक काम में सहयोग करेंगे। परोपकार की भावना का विकास होगा। यश व कीर्ति बढ़ेगी। घर परिवार में नये मेहमान पर विशेष खर्चा होगा। अनावश्यक भागदौड़ का चक्कर चलेगा। स्त्री सहयोग मध्यम प्राप्त होगा।

सितम्बर—मास में वृद्धि की चातुर्यता से अधूरे काम पूरे होंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा। अपव्यय की अधिकता रहेगी। शत्रु हानि न पहुंचाने से निराश होंगे। स्वास्थ्य सामान्य बना रहेगा। महिला वर्ग का अधिक समय बातचीत में व्यतीत होगा।

अक्टूबर—गोचर ग्रह मध्यम फलदायक हैं। विचारों में सामंजस्य की भावना बनाये रखें। विरोधी परास्त होंगे। मर्यादा रहित व्यवहार से दूर रहें। शारीरिक स्थिति में गिरावट आयेगी। स्त्री सुख मध्यम रहेगा।

नवम्बर—सज्जनों से मेलजोल बढ़ेगा। धार्मिक कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी। स्वास्थ्य खराब रहने से मानसिक उद्विग्नता बनी रहेगी। यात्राओं में परेशानियाँ आयेंगी। शत्रु अपनी हार मानेंगे।

दिसम्बर—मनोबल में कमी आयेगी। घर पर मेहमानों पर विशेष धन व्यय होगा। स्त्री से मनमुटाव होगा। अनावश्यक दौड़-धूप की अधिकता से शारीरिक थकान होगी। आय व्यय का संतुलन बना रहेगा।

जनवरी २००२—मास में घूमने फिरने का विचार बनेगा। पदोन्नति का चांस मिलेगा। कोई तुम्हें गुमराह करने का प्रयास करेगा। पहले की तुलना में इस महिने विशुद्ध लाभ अधिक होगा। शुभाशुभ समाचार प्राप्त होंगे। उपयोगी सामान की खरीददारी की जायेगी।

फरवरी—सांसारिक सुखोपभोग की सुविधा मिलेगी। घर-गृहस्थी में मधुरता का वातावरण बनायें। नव-निर्माण व देवदर्शन की इच्छा बलवती होगी। इच्छित लाभ का सुयोग है। बढ़ते उत्तरदायित्व को निभायें।

मार्च—कानूनी कार्यवाही के चक्कर में ना पड़ें। चौपाया वाहन व सामाजिक उपद्रवों से दूर रहें। नित्य प्रति के कामों में आलस्य नहीं करें। धर्म के कामों में समय लगावें। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

कर्क-ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

अप्रैल—ग्रह चाल प्रगति में सहायक है। व्यापार का विस्तार होगा। स्वजनों से सहयोग मिलेगा। विरोधी झुकेंगे। खर्च की अधिकता बनी रहेगी। न चाहते हुए भी यात्रा करनी पड़ेगी। यश भी मिलेगा।

मई—मान-सम्मान बढ़ने से मन में प्रसन्नता रहेगी। दाम्पत्य जीवन, बाल-बच्चों में हास्यरस चलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। वाहन से दुर्घटना हो सकती है। अतीत के संदर्भ में नई खोज का लाभ प्राप्त होगा। मासान्त में थोड़ा अपव्यय होगा।

जून—गोचर ग्रह मध्यम फलदायक हैं। कानूनी विवादों से बचने का प्रयास करें। शारीरिक भाग दौड़ की अधिकता रहेगी। आय का संतुलन बना रहेगा। स्त्री सुख सामान्य रहेगा। देश-विदेश से सुखद समाचार मिलेगा। स्थान परिवर्तन सुखद रहेगा।

जुलाई—नवनिर्माण व लम्बी यात्रा का विचार बनेगा। शारीरिक भागदौड़ से नेत्र व सिर में पीड़ा होगी। मानसिक तनाव रहेगा। सामाजिक काम का यश मिलेगा। पुरातन अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। पुरानी निराशा का समापन होगा।

अगस्त—स्वजनों का सहयोग मिलने से नवीन कार्य शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं की शक्ति का ह्रास होगा। खर्च की अधिकता से धन संचय कम होगा। व्यापारिक क्षेत्र का विस्तार होने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

सितम्बर—अपने उच्चाधिकारियों से मेलजोल बढ़ेगा। कानूनी विवाद ले देकर सुलझ जायेगा। नवीन कार्यों की रूपरेखा तैयार होगी। देव दर्शन की इच्छा व धार्मिक रुचि बढ़ेगी। लाभ खर्च का समान योग है।

अक्टूबर—समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में लाभ अच्छा मिलने से दिल उत्साहित रहेगा। बन्धुजनों से मेलजोल बढ़ेगा। घर-गृहस्थी की योजना सफल होगी। स्त्री-पुत्रादि सुख ठीक मिलेगा। पास-पड़ौस में मधुरता का व्यवहार बनाये रखें।

नवम्बर—व्यापार में लाभ होगा किन्तु खर्च की भी अधिकता रहेगी। उपयोगी इच्छित वस्तु खरीदी जायेगी। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने से मनोबल बढ़ेगा। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। नये मेहमान के आने से परिवार में प्रसन्नता का वातावरण बना रहेगा।

दिसम्बर—अनावश्यक भागदौड़ का चक्र चलेगा। शत्रु प्रबल होने से मन अशान्त रहेगा। कानूनी विवाद का भय बना रहेगा। स्त्री सुख सामान्य प्राप्त होगा। शारीरिक कमजोरी महसूस की जायेगी।

जनवरी २००२—मन अनावश्यक उलझनों से विचलित रहेगा। अपने नित्यप्रति के कार्य सुचारु रूप से करें। सेहत के प्रति सचेत रहें। खरीद फरोख्त के धन्धे से लाभ होगा।

फरवरी—मास की ग्रहचाल अनुकूल रहेगी। घर-परिवार की समस्या का समाधान हो जायेगा। शत्रुजनित लोकोपवाद की आशंका से बचे रहें। पुराने दोस्तों से और अधिक घनिष्ठता बढ़ेगी। किसी अच्छी खबर से मन प्रसन्न रहेगा।

मार्च—गोचर ग्रह भाग्य विकास में सहायक हैं। राजनीति में आपसी तालमेल बनाकर लाभ उठावें। लोकोपवाद का संयोग भी बनेगा। प्रत्येक कार्य पूर्ण सोच विचार कर ही प्रारम्भ करें। बढ़ते जन सम्पर्क से धन प्राप्ति का रास्ता भी खुलेगा।

सिंह-मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

अप्रैल—मास में अधिक काम होने से शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। यात्राजन्य पीड़ा से मन खिन्न रहेगा। धर्म में आस्था बढ़ने से तीर्थाटन व देवदर्शन में खर्चा लगेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा व यश का विस्तार होगा।

मई—नवीन योजना असफल होने से विवेक में कमी आयेगी। बुद्धि भ्रमित होने का भय रहेगा। धार्मिक आयोजनों में धन व्यय अधिक होगा। स्वजनों में सहयोग की भावना में कमी होगी। कुछ समय तक परिवार की चिन्ता सतायेगी।

जून—कानूनी मामलों में सुधार होने से मानसिक तनाव कम होगा। मान-सम्मान अच्छा मिलेगा। अचल सम्पत्तियों से लाभ प्राप्त होगा। मास में नये मेहमान का घर में आगमन होगा। यात्रा छोटी मगर लाभदायक होगी। बच्चो का खेलकूद में समय बीतेगा।

जुलाई—पारिवारिक उत्तरदायित्व बढ़ेंगे। सेहत ठीक रहेगी। सत्पुरुषों के मार्गदर्शन से ज्ञान में बढ़ोत्तरी होगी। दफ्तर आदि के कामकाज की भी जिम्मेदारी बढ़ेगी। कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा। आय व व्यय का संतुलन बना रहेगा।

अगस्त—बुद्धिमत्ता भाग्य विकास में गतिरोध पैदा करेगी। शुभ कार्यों में खर्चा होगा। भाग्य सहारा से रुके अधूरे काम पूरे होंगे। व्यापार यथावत चलता रहेगा। शारीरिक व्याधियों का सामना करना पड़ेगा।

सितम्बर—सुखोपभोग की सामग्री खरीदी जायेगी। सन्तान पक्ष द्वारा विशेष खर्चा करने से आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। शरीर ठीक रहेगा। नये काम की इच्छा अधूरी रह जायेगी।

अक्टूबर—मास आर्थिक कार्यों के लिए अच्छा रहेगा। धार्मिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ेगी। मन उत्साहित रहेगा। धन लाभ श्रेष्ठ होगा। धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। सेहत में गिरावट होगी।

नवम्बर—विरोधी परास्त होंगे। पुराने रोग, ऋण, झंझट का समापन होगा। आर्थिक योजनाओं का विस्तार होगा। परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। सेहत में गिरावट होगी।

दिसम्बर—गोचर ग्रह मध्यम फलदायक हैं। इस महीने सिंह राशि वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। मानसिक तनाव बना रहेगा। गुप्त शत्रु हानि पहुंचायेंगे। लाभ व्यय का संतुलन बना रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

जनवरी २००२—मास में पदोन्नति की खुशी मिलेगी। अच्छी खबर से इच्छा पूरी होगी। आमोद-प्रमोद व मनोरंजन में समय व्यतीत होगा। आवश्यक सामग्री खरीदी जायेगी। नये लोगों से मेल-जोल कामयाब होगा। घर में प्रसन्नता का वातावरण बना रहेगा।

फरवरी—किसी व्यक्ति द्वारा आपको गुमराह करने का प्रयास किया जायेगा। आगम धन प्राप्ति का रास्ता खुलेगा। पूर्व निर्धारित काम कठिनाई से पूर्ण होगा। शुभ-अशुभ समाचार मिलेंगे।

मार्च—मास कुछ नवीन विशेषतायें लिए आ रहा है। बढ़ती उच्चाकांक्षाओं पर नियंत्रण रखें। आलस्य प्रमाद से हानि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। दिनचर्या को व्यवस्थित बनाये रखें।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

अप्रैल—कोध्र की अधिकता से शत्रु वृद्धि होगी। बनते कामों में परेशानी उत्पन्न होंगी। बड़े अधिकारी से अनबन हो सकती है। व्यापार में लाभ मध्यम प्राप्त होगा। परिवार जनों से आपसी मनमुटाव रहेगा।

मई—भाग्यावरोध से बनते कार्य रुकें। पारिवारिक क्लेश से मन बेचैन रहेगा। कानूनी विवाद में नहीं उलझें। रोजगार में स्थिरता बनी रहेगी। घर-गृहस्थी की समस्या नहीं सुलझेगी।

जून—मास में भौतिक सुविधाओं की वृद्धि होगी। प्रबुद्धजनों से सम्पर्क बढ़ेगा। आगम धन प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। यात्राओं में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

जुलाई—विचारों में स्थिरता आने से अधूरे कार्य पूरे होंगे, लेनदेन के मामले का निपटारा हो जायेगा। यश, कीर्ति का विस्तार होगा। बढ़ते जन सम्पर्क का फायदा उठावें। सेहत का ध्यान रखें।

अगस्त—पारिवारिक क्लेश से अशांति का वातावरण बनेगा। व्यापार में लाभ यथावत मिलता रहेगा। स्वजनों व इष्ट मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा। कोई तुम्हें गुमराह करने का प्रयास करेगा। मनोबल में गिरावट नहीं आयेगी।

सितम्बर—सिर व नेत्र पीड़ा से स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। व्यापार में लाभ होकर खर्च भी होगा। पारिवारिक क्लेश से मन में खिन्नता रहेगी। सत्पुरुषों के समागम से कुछ राहत महसूस होगी। बड़ा अधिकारी बेवजह परेशान करेगा। पड़ौसी से विवाद संभव है।

अक्टूबर—स्वास्थ्य में सुधार होगा। साहस व उत्साह बढ़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। भाईयों से सहयोग की प्रवृत्ति पनपेगी। पुराने रोग व ऋण का समापन होगा। धार्मिक कर्मों में रुचि बढ़ेगी। देवदर्शन व नवनिर्माण की इच्छाशक्ति बढ़ेगी।

नवम्बर—यशोपलब्धि व श्रीवृद्धि से पड़ौसी ईर्ष्या करेंगे। स्वजनों व मित्रों के सहयोग से रुके काम पूर्ण होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र का विस्तार होगा। स्वास्थ्य पर मौसम का प्रभाव पड़ेगा। घर पर नये मेहमान का आगमन होगा।

दिसम्बर—कार्य कुशलता में निखार आयेगा। भाईयों में भ्रातृत्व की भावना का विकास होगा। धार्मिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ेगी। इस मास लाभदायक योजना की क्रियान्विती होगी। आपका समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

जनवरी २००२—नव निर्माण, लम्बी यात्रा का सुयोग बनेगा। पदोन्नति का समापन होगा। कोई तुम्हें दिग्भ्रमित करने की कुचेष्टा करेगा। राजनैतिक, सामाजिक जनसम्पर्क बढ़ेगा।

फरवरी—मर्यादारहित व्यवहार से हानि होगी। शुभ अशुभ दोनों तरह के समाचार प्राप्त होंगे। आर्थिक लाभ अधिक होगा। राजनैतिक क्षेत्र में साख जमेगी। पुरानी निराशा समाप्त होगी। घर का वातावरण सरसतापूर्ण बना रहेगा।

मार्च—पुराने रोग, ऋण व मुकदमादि से राहत मिलेगी। समय का सदुपयोग करें लाभ होगा। नये काम तथा घूमने फिरने की इच्छा प्रबल होगी। गृहस्थ जीवन के प्रति रुझान होगा।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

अप्रैल—आरोग्य सुख में कमी आयेगी। किसी अप्रिय समाचार मिलने से दुःख होगा। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशान होंगे। व्यवसाय में प्रगति होगी। ऐश्वर्य व प्रसिद्धि बनी रहेगी। मनोबल में कमी नहीं आयेगी।

मई—मास में स्थानान्तरण का योग बना है। यात्रा प्रवास से अर्थ व्यय की अधिकता व सेहत में गिरावट आयेगी। संतानादि से वैचारिक तालमेल होगा। आत्मबल से कार्य की जिज्ञासा बनी रहेगी।

जून—मास में अच्छे व खराब दोनों तरह के समाचार प्राप्त होंगे। वाणी के प्रभाव से काम बनाने में सफल होंगे। आलस्य व प्रमाद से बचें। लम्बी यात्रा से थकावट बनी रहेगी। अर्थ पक्ष यथावत बना रहेगा।

जुलाई—भाग्य के सहारे लाभ की स्थिति बनी रहेगी। सेहत में गिरावट आयेगी। क्रोध की अधिकता से परिवार में कलह होगा। मित्रों से भी मनमुटाव होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा। किसी व्यक्ति द्वारा उद्देश्य से भ्रमित करने की कुचेष्टा की जायेगी।

अगस्त—संतान पक्ष से कहा सुनी होगी। मानसिक तनाव बढ़ेगा। स्वास्थ्य कुछ ढीला चलेगा। अधिक परिश्रम से चल रहे कार्यों से अर्थलाभ होता रहेगा। उच्चाधिकारी अनावश्यक परेशान करेगा। आत्मबल व संयम बनाये रखने की जरूरत रहेगी।

सितम्बर—कार्य का विस्तार होने से मानसिक थकावट होगी। भाग्य साथ देने से अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक काम का यश प्राप्त होगा। बढ़ती उच्चाकांक्षा पर नियंत्रण रखें। कर्म क्षेत्र में साथी लोगों से व्यवहार मधुर रहेगा। मान सम्मान बना रहेगा।

अक्टूबर—आर्थिक झगड़ों से मन में खिन्नता रहेगी। स्थान परिवर्तन के योग बने हैं। अन्तर्विरोध सहना पड़ेगा। यात्रा प्रवास में कठिनाईयां आयेंगी। फिजूल खर्च भी बढ़ेगा। घर गृहस्थी की समस्याओं का निपटारा नहीं होगा। शारीरिक व्याधि बनी रहेगी।

नवम्बर—पारिवारिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। विचाराधीन काम सफल होंगे। भूमि, वाहनादि क्रय की जायेंगी। व्यापार में उत्तरोत्तर लाभ मिलेगा। मन में प्रसन्नता होगी। भाग्य साथ देने से नवीन लाभदायक योजनाओं की क्रियान्वित होगी।

दिसम्बर—मानसिक उत्साह से लोक में नये आयाम मिलेंगे। स्त्री सुख मिलेगा। साथ ही संतान पक्ष द्वारा खर्च की अधिकता रहेगी। व्यवसाय में मेहनत अधिक करनी होगी। शत्रु पक्ष का मनोबल टूट जायेगा।

जनवरी २००२—मास में भाग्य सितारा चमकेगा। मनोवांछित कार्य पूरे होंगे। बढ़ते जन सम्पर्क से लाभ उठावें। इष्ट मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। पुरानी बीमारी से मुक्ति प्राप्त होगी। सुखद समाचार से मन प्रसन्न रहेगा।

फरवरी—चौपाये वाहनों से दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। नवीन कार्य पूर्ण सोच विचारकर करें। आशातीत लाभ होगा। चल अचल सम्पत्ति से लाभ प्राप्त होगा। एक दो प्रतिकूल नुकसान भी हो सकते हैं। यात्रा से बचें।

मार्च—अनावश्यक राजनैतिक प्रपंचों से बचें। यथेष्ट आराधना से लाभ होगा। अपव्यय अधिक होगा। सोची समझी योजना कारगर सिद्ध होगी। घर गृहस्थी का विचार पूर्ण होगा। तीव्र लाभ की जिज्ञासा फलीभूत होगी।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

अप्रैल—आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धार्मिक भावना का उद्भव होगा। स्वजनों के सहयोग से आशातीत सफलता मिलेगी। संतान सुख मध्यम रहेगा। यात्रा व स्थान परिवर्तन से शारीरिक व मानसिक पीड़ा होगी।

मई—सद्विचारों से निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। धन खर्चा में बढ़ोत्तरी होगी। मासान्त में उच्चाधिकारी के सहयोग से कार्य बनें। व्यापारिक सुख मध्यम रहेगा। दोस्तों से इच्छित सहयोग मिलेगा।

जून—मानसिक तनाव के बावजूद मनोबल बना रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। घर परिवार में तालमेल बना रहेगा। बदले की भावना त्याग दें। अज्ञात कारणवश नुकसान होने की संभावना है।

जुलाई—आरोग्य सुख में कमी आयेगी। कार्य क्षेत्र में अनावश्यक विरोध का सामना करना पड़ेगा। व्यवसाय में नुकसान होगा। बनते कार्यों में रुकावटें आयेंगी। स्त्री सुख मध्यम बना रहेगा। मन में अशांति बनी रहेगी। संयम से काम लेवें।

अगस्त—आर्थिक संकट दूर करने वास्ते ऋण लेने की योजना बनायें। राजकीय कार्यों के हल होने के आसार बनेंगे। अचानक चोट लगने का भय बना रहेगा। इष्ट आराधना में समय लगावें। मान हानि होने का भय रहेगा। मानसिक तनाव में कमी आयेगी।

सितम्बर—अनियमित दिनचर्या से शारीरिक कष्ट बढ़ेगा। मन में चिन्ताओं का जंजाल रहेगा। व्यापार में लाभ साधारण प्राप्त होगा। स्वजनों से मेलजोल कम होगा। परिवार में नई उलझनों का सामना करना पड़ेगा।

अक्टूबर—मास में लाभ खर्च का समान योग है। स्त्री द्वारा विशेष व्यय किया जायेगा। मान सम्मान में यथेष्ठ वृद्धि होगी। भाईयों से कहा-सुनी होगी। सेहत ठीक रहेगी।

नवम्बर—मास के प्रारम्भ में क्रोध की अधिकता रहेगी। स्त्री को शारीरिक, मानसिक पीड़ा होगी। मास के उत्तरार्ध में नये कार्यों में प्रगति होगी। व्यवसाय में लाभ होगा। यश और कीर्ति में बढ़ोत्तरी होगी। खरीद फरोख्त में भी लाभ होगा। यात्रा छोटी मगर फायदेमंद रहेगी।

दिसम्बर—स्वास्थ्य सुख में कमी होगी। मानसिक उद्वेग बना रहेगा। लाभ कम तथा खर्चा अधिक होने से पारिवारिक अशांति बढ़ेगी। किसी की कहीं सुनी बातों में ना आवें। इच्छित कार्य पूर्ति के लिए भारी संघर्ष करना पड़ेगा। किसी से अनावश्यक मनमुटाव हो सकता है।

जनवरी २००२—स्थानान्तरण से परेशानियां बढ़ेंगी। यथेष्ठ लाभ होगा किन्तु अधिक श्रम व समय लगेगा। उच्च अधिकारी से तालमेल बनाकर चलें। मास विशेष उलझनपूर्ण रहेगा। राजनीतिक परिचर्चा में कम भाग लें। विरोधियों का ईर्ष्या भाव बढ़ेगा।

फरवरी—घर गृहस्थ की समस्या उलझने के बाद ही सुलझेगी। आमोद-प्रमोद व पर्यटन में समय बीतेगा। नैतिकता व सच्चरित्रता का महत्व समझें। सेहत ठीक रहेगी।

मार्च—अच्छी खबर से मन प्रसन्न होगा। जीवनोपयोगी सामग्री खरीदी जायेगी। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। भ्रातृवर्ग व साथीजनों से प्रेम व्यवहार प्रगाढ़ होगा। पड़ौसियों से सहानुभूति मिलेगी। पुराना विवाद समाप्त हो जायेगा।

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

अप्रैल —वाणी पर नियंत्रण नहीं रहेगा। मन अशांत रहेगा। धार्मिक खर्चे में वृद्धि होगी। घर गृहस्थी का वातावरण ठीक रहेगा। मान-सम्मान बना रहेगा। खरीददारी से लाभ मिलेगा।

मई—व्यर्थ विवादों से बचें। गुप्त शत्रु परेशान करेंगे। चलते व्यवसाय में नई योजना की क्रियान्विती होगी। व्यापारी वर्ग को कड़ी मेहनत करनी होगी। दैनिक कामों में आलस्य छोड़ें। अनावश्यक उच्चाकांक्षायें नियन्त्रित करें।

जून—स्वास्थ्य में गड़बड़ी होगी। मानसिक चिन्ता बनी रहेगी। आय से अधिक खर्चा होगा। नये मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। पारिवारिक सुख शांति बनाने का प्रयास करें। न चाहते हुए भी यात्रा प्रवास पर जाना पड़ेगा।

जुलाई—अव्यवस्थित दिनचर्या को सुधारें। पारिवारिक उत्तरदायित्व बढ़ेंगे। समाज में यश व कीर्ति बढ़ेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक भाग लेंगे। अर्थ पक्ष मध्यम रहेगा। कार्य शैथिल्यता नुकसान पहुंचायेगी।

अगस्त—रक्त विकार से सेहत बिगड़ेगी। दुर्घटना का भय बना रहेगा। मन में अस्थिरता रहेगी। विरोधी परास्त होंगे। धर्म के प्रति निष्ठा बढ़ेगी। व्यापार में नई योजना बनेगी। सत्पुरुषों से समागम होगा।

सितम्बर—सामाजिक विरोध से मन में असन्तोष रहेगा। निजि जनों से धोखा खा सकते हैं। लक्ष्य प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। व्यापार में लाभ ठीक मिलेगा। अपने बाहुबल पर भरोसा रखें। सेहत पूर्ववत रहेगी।

अक्टूबर—मासफल में सुधार होगा, स्वजनों व मित्रों के सहयोग का लाभ मिलेगा। अधूरे कार्य पूरे होंगे। शत्रु हानि पहुंचाने की कुचेष्टा में असफल होंगे। लाभ की योजना बनेंगी। घर गृहस्थी में सरसता का संयोग बनेगा।

नवम्बर—व्यय की अधिकता रहेगी। ऋण लेने की योजना बनेगी। पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। स्त्री सहयोग से मनोबल बना रहेगा। मित्र परेशानी उत्पन्न करेंगे। बड़े अधिकारी से कहा सुनी संभव है।

दिसम्बर—पुरानी समस्याएं हल हो जायेंगी। मान प्रतिष्ठा पूर्ववत प्राप्त होगी। शत्रु आपका लोहा मानेंगे। आत्मबल बढ़ेगा। सहपाठी व साथियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर प्रगति होगी। सुखद समाचार प्राप्त होगा।

जनवरी २००२—मनोरथ सिद्धि की प्राप्ति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पदोन्नति में रुकावट आयेगी। धन चोरी व दुर्घटना से सतर्क रहें। मनोरंजन का सुखद समाचार मिलेगा। मौसम के कारण स्वास्थ्य नरम रहेगा।

फरवरी—पारिवारिक समस्या का निवारण स्वविवेक से करें। दैनिक कार्य के प्रति सजग रहें। अकर्मण्यता से शुभ फलों में कमी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। बनते बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे।

मार्च—लाटरी से धन लाभ हो सकता है। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। सृजनशक्ति का उपयोग होगा। यात्रा व देवदर्शन का विचार बनेगा। प्रतियोगिता में विजय प्राप्त होगी। बदले की भावना का परित्याग करें।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

अप्रैल—व्यापार में लाभ अच्छा होगा किन्तु खर्चे की भी अधिकता रहेगी। मित्रों से वैचारिक सामंजस्य बनेगा। शत्रु हानि पहुंचाने में कामयाब नहीं होंगे। इच्छित सहयोग प्राप्त होगा। रुका हुआ धन मिलेगा। लम्बी यात्रा का योग बनेगा।

मई—भाई बन्धुओं से सहयोग प्राप्त होगा। मान, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी से धन व्यय अधिक होगा। स्त्री सहयोग से आत्मविश्वास बना रहेगा। सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। सोचने समझने की शक्ति बढ़ेगी। आरोग्य सुख प्राप्त होगा।

जून—सरकारी कार्य पूर्ण होंगे। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शत्रु उत्पन्न होकर परास्त होंगे। शरीर में नई स्फूर्ति का संचार होगा। पारिवारिक सुख शांति से मन में उत्साह रहेगा। धनोपार्जन के साधनों का विस्तार होगा।

जुलाई—व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्रगति से धन लाभ अधिक प्राप्त होगा। स्वजनों का सहयोग मिलेगा। बुद्धि की चातुर्यता व स्वविवेक से हर क्षेत्र में कामयाब होंगे। स्त्री सुख ठीक रहेगा। ऐश्वर्य व साहस से शत्रु परास्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी।

अगस्त—मानसिक चिन्ता बढ़ने से स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। लाभ कम होगा लेकिन खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी। स्त्री सहयोग से कुछ कार्य अवश्य बनेंगे। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरदायित्व बढ़ेगा। अधिक परिश्रम करने पर भी कम लाभ प्राप्त होगा।

सितम्बर—आगन्तुक मेहमानों पर अधिक खर्च होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा ठीक रहेगी। किसी सुखद समाचार प्राप्ति से मन हर्षित रहेगा। सेहत में सुधार होगा। पुरानी निराशा का समापन होगा।

अक्टूबर—भाग्य फल उत्तम रहने से मनोबल ऊंचा रहेगा। नये मित्रों का सहयोग प्राप्त होने से साहस बढ़ेगा। पुत्र से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। व्यापार में लाभ ठीक मिलेगा। आरोग्य सुख यथावत मिलता रहेगा। यात्रा छोटी किन्तु लाभदायक होगी।

नवम्बर—धार्मिक कार्यक्रमों पर अधिक खर्चा होगा। निर्णय लेने की क्षमता में कमी आयेगी। भ्रातृवर्ग व घनिष्ठ मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा। गुप्त शत्रु हानि पहुंचाने की कुचेष्टा करेंगे। सतर्क रहना ठीक रहेगा। अधिक दौड़ धूप से स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी।

दिसम्बर—आकस्मिक यात्रा से शारीरिक, मानसिक पीड़ा बढ़ेगी। संतान व स्त्री सुख मध्यम प्राप्त होगा। धन लाभ होगा लेकिन मास के अंत में अधिक व्यय होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी।

जनवरी २००२—सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आत्मबल बना रहेगा। संतान द्वारा असहयोग किया जायेगा। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। साझे के काम व लेनदेन के मामले में सावधानी बरतें। लगन व निष्ठा से कार्य पूर्ण होंगे।

फरवरी—धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। धार्मिक आयोजनों में धन व्यय होगा। सत्संगति का लाभ प्राप्त होगा। नई कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। स्त्री व संतानपक्ष द्वारा सहयोग मिलेगा। घर गृहस्थी, इष्ट मित्रों में सरसतापूर्ण वातावरण बना रहेगा।

मार्च—व्यवसाय में रुचि व निष्ठा से कार्य करेंगे। अच्छे लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। आरोग्य सुख प्राप्त होगा। सद्विचारों का उद्भव होगा। घर गृहस्थी में प्यार, प्रीति की प्रतिक्रिया होगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें, लाभ होगा।

कुंभ–गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

अप्रैल—अप्रैल मास में लाभार्जन का मौका मिलेगा। बुद्धि की चातुर्यता से श्रेष्ठ लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। सेहत ठीक रहेगी। पुत्रादि से वैचारिक मिलान होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सोचा समझा काम पूर्ण होगा।

मई—नवीन कार्य योजना का निर्माण होगा। उच्चाधिकारियों से मेलजोल होगा। घर में मांगलिक उत्सवों से मन प्रसन्न रहेगा। सूझबूझ से काम करने पर सफलता मिलेगी। सृजन शक्ति बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति के भी योग बने हैं।

जून—रोजगार धन्धों से लाभ मध्यम मिलेगा। सुखद समाचार से मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के प्रपंचों से बचें। घूमने फिरने का अवसर मिलेगा। स्त्री संतान सहयोग श्रेष्ठ रहेगा। इष्ट आराधना में समय लगावें। शत्रु की कुचाल से बचें।

जुलाई—रचनात्मक कार्यों की रुचि से सृजन शक्ति बढ़ेगी। जीवन सुख व संतोष से बीतेगा। मन में आत्मविश्वास बढ़ेगा। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। यश व कीर्ति विस्तार से दुश्मन ईर्ष्या करेंगे। चौपाया वाहन से बचें।

अगस्त—व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अधिक परिश्रम करने पर रुके कार्य सम्पन्न होंगे। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। लम्बी लाभप्रद योजना में धन खर्च होगा। जमीन, जायदाद, वाहन आदि वस्तु खरीदने का विचार बनेगा।

सितम्बर—वायुरोग व पित्त विकार से स्वास्थ्य डांवाडोल होगा। मानसिक अशांति बनी रहेगी। घर परिवार की समस्या को सुलझाने का प्रयास करें। लाभ यथावत मिलता रहेगा। स्वजनों से मेलजोल में प्रगाढ़ता आयेगी। पड़ौसियों से सहानुभूति मिलेगी।

अक्टूबर—वृथा वाद-विवाद होने का भय बना रहेगा। मन में घबराहट व उच्चाटन रहेगा। भाग्यफल कमजोर होने से कृषि क्षेत्र में परिश्रम अधिक होगा व लाभ कम मिलेगा। खर्चा की अधिकता रहेगी। पुराने दोस्त के साथ मनोरंजन का समय व्यतीत होगा।

नवम्बर—परिवारजनों से सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों से मतभेद होगा। बनते कार्यों में रुकावटें आयेंगी। व्यय अधिक होने से आर्थिक स्थिति में गिरावट आयेगी। मंगल काम का समाचार प्राप्त होगा।

दिसम्बर—मानसिक चिन्ताओं से स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी। मित्रों व स्वजनों द्वारा बनते कार्यों में रुकावटें पैदा की जायेंगी। धार्मिक आस्था में कमी आयेगी। कार्य शैथिल्यता नुकसान पहुंचायेगी।

जनवरी २००२—मानसिक तनाव से उचित निर्णय नहीं ले पायेंगे। बन्धुजनों से मनमुटाव होगा। व्यापारिक लेनदेन में समय पालन नहीं हो पायेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। विरोधी नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करेंगे। पुराना दोस्त मदद करेगा।

फरवरी—मास में स्थानान्तरण का योग बना है। स्थान परिवर्तन से धन संचय में कमी आयेगी। भाग्यफल मध्यम रहने से मान सम्मान बना रहेगा। अपने कार्य के प्रति निष्ठावान व्यक्ति लाभ कमायेंगे। मेहनत के चलते स्वास्थ्य डांवाडोल होगा।

मार्च—धार्मिक जनों से मेलजोल बढ़ेगा। नये खर्चे की योजना बनने से धन संचय में कमी आयेगी। प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी। साथी ईर्ष्याभाव रखेगा। राजनैतिक गठजोड़ फायदे में रहेगा। अपने कर्त्तव्य के प्रति सचेत रहें।

मीन–दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, च, ची

मीन

अप्रैल—भौतिक सुख साधनों में बढ़ोत्तरी होगी। रोजगार धंधों में मन कम लगेगा। समाज व परिवार के लोग सम्मान करेंगे। पत्नी संतान पक्ष से संतुष्टि मिलेगी। उत्साहजनक समाचार प्राप्त हो सकते हैं। पुराने मित्र से मिलने के आसार बनेंगे।

मई—नवीन योजना सफल होगी। उत्साह व पराक्रम में वृद्धि होगी। व्यापार धंधे में लाभ अधिक होगा। चल अचल सम्पत्ति का सुख मिलेगा। सुख संतानादि का पूर्ण सहयोग मिलेगा। मास के अंत में यात्रा से कष्ट होगा।

जून—विद्वान लोगों से सम्पर्क होगा। बुद्धि में प्रखरता आयेगी। सोची समझी योजना कारगर सिद्ध होगी। परिवार में सुख शांति के कारण मन में उत्साह बना रहेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होने की योजना बनेगी। सेहत अनुकूल रहेगी।

जुलाई—आरोग्य सुख उत्तम रहेगा। स्वजनों से मेलजोल बढ़ेगा। विद्यार्थी वर्ग की शैक्षणिक अरुचि बढ़ेगी। कारोबार में अनुकूल स्थिति बनी रहेगी। संतान पक्ष की चिन्ता मिटेगी। पदोन्नति व स्थानान्तरण के आसार बनेंगे।

अगस्त—सत्पुरुषों से समागम होगा। दूरगामी सोच का विकास होगा। विवेक व ज्ञान बढ़ेगा। सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना पड़ेगा। शत्रुओं में कमी होगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनती जायेगी। उत्साह व उमंग में वृद्धि होगी।

सितम्बर—अधूरे काम बनते दिखाई देंगे। कारोबारी यात्रा का अच्छा लाभ मिलेगा। पराक्रम व उत्साह बना रहेगा। रचनात्मक कार्य में प्रवृत्ति बनेगी। कार्य क्षेत्र की वृद्धि से आय का नवीन स्रोत बनेगा। आपकी रीति नीति की प्रशंसा होगी।

अक्टूबर—अधिक परिश्रम से सेहत में गिरावट आयेगी। बकाया धन की वसूली सुगमता से होगी। पत्नी संतानादि से संतुष्ट रहेंगे। भौतिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। यश व प्रतिष्ठा बनी रहेगी। लाभ की कार्य योजना बनेंगी।

नवम्बर—घर में मांगलिक उत्सव सम्पन्न होने से चित्त में खुशी रहेगी। देश विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। चल अचल सम्पत्ति के विवादों का निपटारा होगा। धार्मिक अभिरुचि बढ़ेगी। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा।

दिसम्बर—व्यवसाय में निरन्तर उन्नति होगी। शारीरिक स्फूर्ति बढ़ेगी। पारिवारिक चिन्ता उभरेगी लेकिन उनका समाधान शीघ्र हो जायेगा। सत्पुरुषों से सत्परामर्श प्राप्त होगा। मिथ्याभियोग से बचे रहें। व्यय में वृद्धि होगी।

जनवरी २००२—हितैषी व मित्रों के सहयोग से कार्य शीघ्र सम्पन्न होंगे। सामाजिक इज्जत व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा. नए उत्साह व उमंग में वृद्धि होगी। विरोधी पस्त होंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

फरवरी—आरोग्य सुख पूर्ण रहेगा। आपका मान सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में निरन्तर उन्नति होगी। धन लाभ होगा किन्तु व्यय अधिक होने से संचय कम होगा। सामयिक सामाजिक विकास के मार्ग प्रशस्त होंगे। नवीन योजना हाथ में आ सकती है। सद्विचारों का उद्भव होगा।

मार्च—भाईयों से मनमुटाव होने से शांति भंग होगी। व्यसन व दुष्ट लोगों से दूरी बनाये रखें। बुद्धिभ्रम से विचारों में अस्थिरता आयेगी। निरर्थक दौड़धूप की अधिकता से धन व्यय होगा। मन में उद्विग्नता रहेगी।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सम्वत्सर फल श्रवण

अचिन्त्या व्यक्त रूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः॥ १॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवी वाग्देवतां गुरुम्। संवत्सर फलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया॥ २॥

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नूतन सम्वत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वज लगावें। तोरणादि से गृह सुशोभित करें, मंगल स्नान कर देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करें। स्त्रियां, शिशु आदि वस्त्र-आभूषण आदि धारण करके उत्सव मनावें, ज्योतिषी जी का सत्कार कर उनसे सम्वत्सर का फल श्रवण करें।

प्रातःकाल में कटु नीम के कोमल पत्ते और पुष्प लेकर उसमें काली मिर्च, हींग, नमक (सेंधा), आजवायन, जीरा और खांड मिलाकर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह भक्षण करें, इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है।

सम्वत्सर के फल श्रवण का माहात्म्य—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव सम्वत् का वर्षफल किसी ब्राह्मण या ज्योतिषी द्वारा सुनें एवं गायत्री मंत्र "**ॐ भूर्भुवः स्वः सम्वत्सर अधिपति आवाहयामि पूजयामि च**" मंत्र का जप कर पूजन करें तथा पंचांगस्थ गणेश जी और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर याचकों को दान मिष्ठान्नादि युक्त भोजन करवा कर उन्हें नव वर्ष पंचांग, वस्त्र, फल, मिठाई आदि दक्षिणा सहित यथाशक्ति दान देकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करें, तदुपरान्त सम्वत्सर फल श्रवण कर सम्पूर्ण दिन आनन्द पूर्वक व्यतीत करें, जैसे कहा है—

"यश्चैव शुक्ल प्रतिपदे धीमान् शृंणोति वार्षीय फल पवित्रं भवेद् धनाढ्यों बहुसस्य भोगो जह्याश्च पीड़ां तनुजां च वार्षिकीम्।"

अर्थात् जो व्यक्ति चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इस पवित्र वर्ष फल का श्रवण करता है, वह बहुत धन धान्य से युक्त होता है और उसके अनेक दुःखों की निवृत्ति होती है। इस दिन से श्रीराम नवमी तक श्री दुर्गा पूजन एवं पाठादि का भी विशेष माहात्म्य होता है।

अथ युग व्यवस्था—(काल गणना) चारों युग एक हजार बार बीत जाने पर ब्रह्मा जी का एक दिन पूरा होता है। चतुर्युगी का मान ४३,२०,००० सौर वर्ष है। इस प्रकार १००० चतुर्युगी बीत जाने पर ब्रह्मा जी का एक दिन होता है। ब्रह्माजी के एक दिन में १४ मन्वन्तर होते हैं। एक मन्वन्तर में ७१ महायुग (चतुर्युगी) होती है। अब तक ६ मन्वन्तर के २६ महायुग बीत गये हैं और २७वाँ महायुग चल रहा है। इस महायुग में सतयुग, त्रेता, द्वापर बीत गये हैं। कलियुग की आयु ४३२०० वर्ष है। इसमें ५१०२ वर्ष बीत गये हैं। ब्रह्माजी की आयु का ५३वां वर्ष चल रहा है, प्रथम दिन का उदय होकर १३ घड़ी ४२ पल ३ विपल ४३ प्रतिपल बीत गये हैं।

चतुर्युगानां व्यवस्था

सतयुग—इसकी उत्पत्ति कार्तिक शुक्ल नवमी को हुई। इसकी आयु १७,२८,००० वर्ष की है। इसमें मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह यह चार अवतार हुए, मत्स्य जी ने वेदों का उद्धार किया, नृसिंह जी ने हिरण्यकश्यप का वध किया। इस युग में हर जाति अपने-अपने धर्म पर स्थिर थी, ब्राह्मण लोग वेदों के ज्ञाता और सत्य बोलने वाले तथा त्यागी होते थे। शाप और वरदान देने में समर्थ होते थे। क्षत्रिय अपने बाहुबल से संसार की मर्यादा को बांधे हुए थे। वैश्य व्यापार में तत्पर, सत्यवक्ता थे। शूद्र सेवा करते हुए अपने धर्म में तत्पर थे। समय पर वर्षा होती थी। फसलें अच्छी होती थीं। स्त्रियाँ पतिव्रता होती थीं। गौएं दूध अधिक देती थीं। मनुष्य की परमायुः १,००,००० वर्ष बाल्यावस्था १०,००० वर्ष, देह की लम्बाई २१ हाथ थी। पुण्य २० विश्वे, पाप का नाम तक भी न था। सुवर्ण और रत्नादि का व्यवहार था और पुष्कर तीर्थ प्रधान था। सूर्य ग्रहण २०,००० और चन्द्र ग्रहण २,००० थे।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया को त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२,९६,००० वर्ष थी। इस युग में तीन अवतार—वामन, परशुराम, रामचन्द्र हुए। श्री वामन जी ने राजा बलि से तीन पैर पृथ्वी दान लेकर बाद में समस्त पृथ्वी को तीन पैर में नाप कर राजा बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों को २१ बार बध करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्रजी ने रावणादि राक्षसों का वध किया। मनुष्य की परमायुः १०,००० वर्ष और बाल्यावस्था १,००० वर्ष थी। पुण्य १५ विश्वे, पाप ५ विश्वे था। पुरुष का देहमान १४ हाथ था, ब्राह्मण वेदों के ज्ञाता थे और किंचिन्नचून तपोनिष्ट त्यागी थी। वे शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियां पतिव्रता थीं। सुवर्ण का सिक्का चलता था। सूर्य ग्रहण २०,००० और चन्द्र ग्रहण ३०,००० थे। तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था।

द्वापर युग—माघ कृष्ण ३० को द्वापर युग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ८,६४,०० वर्ष थी। इसमें २ अवतार श्री कृष्ण जी ने कंस, शिशुपालादि का वध किया और बलराम ने धर्म का उद्धार किया। पुरुष की परमायु १,००० वर्ष थी। बाल्यावस्था १०० वर्ष थी। पुरुष का देहमान ७ हाथ था। ब्राह्मण कुछ धर्म में तत्पर कुछ सत्यवक्ता, कुछ झूठ भी बोलते थे। अपने धर्म-कर्म पर स्थित परन्तु लोभयुक्त थे। चांदी के सिक्के का व्यवहार अधिक था। कुरुक्षेत्र तीर्थ प्रधान था। पुण्य १० विश्वे था। सूर्यग्रहण २४,००० और चन्द्र ग्रहण ३६,००० थे।

कलियुग—भाद्र कृष्ण १३ को कलियुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु ४,३२,००० वर्ष है। इसमें बुद्ध व कल्कि अवतार हैं। उनका काम धर्म का उद्धार करना है। मनुष्य की परमायु १२० वर्ष और बाल्यावस्था १० वर्ष है। पुरुष का देहमान साढ़े तीन हाथ है। पुण्य ५ विश्वे, पाप १५ विश्वे है। गंगा तीर्थ प्रधान है। इस युग में मिट्टी के पात्र और पत्र व ताम्र का सिक्का व्यवहार में लाया जाएगा। सब जाति के लोग अपने धर्म से गिर जायेंगे। ब्राह्मण लोग वेदों से विमुख तप, यज्ञादि धर्म-कर्म से विमुख शाप देने में असमर्थ होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को छोड़ देंगे। वैश्य लोग व्यवहार में खोटे होंगे। धूर्त विद्या की पूजा होगी। सूर्य और चन्द्र ग्रहण ४६,००० होंगे। सं. २०५८ में कलियुग ५१०२ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं और शेष कलियुग के ४,२६,८९८ वर्ष रह रहे हैं। कलियुग के अंत में सम्भल ग्राम में विष्युयश नामक ब्राह्मण के घर में कल्कि अवतार होगा। कलियुग में नीच लोगों की पूजा होगी। अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। व्यभिचारी स्त्रियाँ अपने को सती कहेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में चलेंगे। पिता कन्या को बेचेंगे। स्त्रियों को छोटी आयु में गर्भ होने लगेंगे। लोग गौ, ब्राह्मण की हत्या से भय नहीं करेंगे। संतान का माता-पिता के साथ धन के कारण ही प्रेम रहेगा। धर्म गौण व अर्थ प्रधान रहेगा। मुख्य तीर्थ श्रीगंगा होंगी।

सम्वत् २०५८ वि. मध्ये सम्वत्सर राजादि फलम्

अथास्मिन् सम्वत्सर २०५८ वर्षे सृष्टितोगताब्दा सौर वर्ष संख्या १९५५८८५१०२, तत्र कृतयुग प्रमाणम् १७२८०००, त्रेतायुग प्रमाणम् १२९६०००, द्वापर युग प्रमाणम् ८६४०००, कलियुग प्रमाणम् ४३२०००, तन्मध्ये गतकलि: ५१०२, भौग्यकलि: सौर वर्ष संख्या ४२६८९८, श्रीकृष्ण जन्मतोगताब्दा: ५२३७, श्रीमन्नृपति वीर विक्रमादित्य राज्यात् गताब्दा: २०५८, शकाब्दा: १९२३, बार्हस्पत्यमानेन वर्षनाम कार्तिक:, ईस्वीय सन् २००१-२००२, हिजरी सन् १४२१-२२, श्रीमहावीर निर्वाण जैन संवत् २५२७-२८, भारतीय गणराज्य सम्वत् ५२-५३ प्रवर्तते।

समय विश्वा २०, समय वाहन मृग:, स्तम्भ दो जल तृणयो:, सोमवती अमावस्या २, सोमवती पंचमी १, अंगार की चतुर्थी २, बुधाष्टमी ३, भानुसप्तमी १, रवि दशमी ३, समय मुहूर्त्ता: ४२०, समय दिनानि ३८२, तिथि क्षय: १८, तिथि वृद्धि: ११, उत्पत्ति विश्वा ९३, खपति विश्वा ८४, वर्षा विश्वा ७, धान्यम् ७, तृण ९, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, ऐक्यम् १०३, सत्य आधा, धर्म ड्योढ़ा, पाप १८, शनि दृष्टि पूर्वे नेष्टं, अस्मिन् वर्षे भारते ग्रहण १ चन्द्रमस:। वर्षनाम कार्तिक:, मेघनाम संवर्त:, रोहिणी निवासो तटे, समय निवासो रजक गृहे। शुभं नास्ति दैवज्ञ शुभाशुभ चिन्तनीयम्।

वर्षारम्भ में गुरुमान से विष्णुविंशति का "जय" नाम का सम्वत्सर है। जिसका फल प्राचीन आचार्यों ने इस प्रकार लिखा है:—**जय मंगल घोषाद्यैर्धरणी भाति सर्वदा। जयाब्दे धरणी नाथा: संग्रामे जय कांक्षिण:॥**

जय नाम का सम्वत्सर होने से पृथ्वी पर आनन्द उत्सवादि की अधिकता रहेगी। जनता सुख साधनों की ओर अधिक लालायत रहेगी। अनेक देशों के शासक एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए असंयमित भाषा का प्रयोग करेंगे। कहीं युद्धादि की ज्वाला में प्रजा व सैनिकों का नाश होगा।

अखिलेश्वर काल के कर्त्ता, अभियन्ता, लोकनायक, परमपिता परमात्मा की आज्ञा से चुने गये वर्ष के दशाधिकारी राजा-मन्त्री आदि का फल न्यूनाधिक मात्रा में सर्वत्र होता है। लेकिन राजा का प्रभाव सर्वाधिक वसुन्धरा का स्वर्ग, भारत का ताज काश्मीर व अफगानिस्तान में होता है। ऐसे ही मन्त्री का पूर्व के देश कलिंग में, सस्येश का ईशान पूर्वोत्तर के मध्य विदर्भ देश में, धान्येश का नर्मदा तट मध्यप्रदेश में, मेघेश का मगध देश में, रसेश का कौंकण व गोआ में, नीरसेश का उज्जैन, इन्दौर व मालवा देश में, फलेश का पश्चिमी भूभाग के साथ कश्मीरादि प्रदेशों में विशेष शुभाशुभ प्रभाव पड़ता है। धान्येश तथा दुर्गेश का फल सर्वत्र एक समान होता है।

राजा चन्द्रस्तत्फलम्

चन्द्रे नृपे मंगल शोभनानि प्रभूत वृष्टि: प्रचुरं च धान्यम्।
सौख्यं जनाना मुदयो नृपाणां प्रशाम्यति व्यधिजरा नराणाम्॥

राजा चन्द्र का फल—वर्ष का राजा चन्द्रमा होने से प्रजा में सुख शांति व मंगल कार्य, उत्सवादि की अधिकता रहेगी। वर्षा अच्छी होगी जिससे धान्यादि का उत्पादन बढ़ेगा। राजाओं का अभ्युदय होगा। पेड़ पौधों के फल फूल अधिक मात्रा में लगेंगे। रस कस पदार्थ में तेजी रहेगी।

मंत्री शुक्रस्तत्फलम्

भृगुसुते ननु मन्त्रीपदं गते शलभ मूषक-मूषक रौहिष:।
भवति धान्यं समर्घतया भयं जनपदेषु जलं सरितोऽधिकम्॥

मंत्री शुक्र का फल—मंत्री का पद शुक्र को मिलने से कृषि में टिड्डी, चूहे, कातरा आदि से नुकसान होगा। वर्षा की श्रेष्ठता धान्यादि में मन्दी की धारणा बनायेगी। नारियल, छुआरा, मेवा आदि का उत्पादन अच्छा होगा। कहीं वर्षा की अधिकता से लोग भयभीत होंगे।

सस्येशश्चन्द्रस्तत्फलम्

सस्याधिपे शीतकरे प्रजा सुखं मेघ: पयोमुञ्चति गोप गोधुक्।
देव द्विजाराधनतत्परा नृपा धरा भवेद्धान्यधनौघपूर्णा॥

सस्येश चन्द्र का फल—प्रजा में सुख शांति का वातावरण बने तथा बादलों से श्रेष्ठ वर्षा होने से अनाजादि की पैदावार बढ़ेगी। गाय, भैंस आदि दूध अधिक मात्रा में देंगी। धार्मिक आस्था के लोग देव आराधना में अधिक लगेंगे। पृथ्वी धन-धान्य से परिपूर्ण होगी।

धान्येश: शनिस्तत्फलम्

निर्धना: क्षिति भुजो रणादरा:
सस्यमल्पमति रोगिणो नरा:।
नैव वर्षति जलं सुरेश्वर:
स्याद्यदान्त्यकणप: शनैश्चर:॥

धान्येश शनि का फल—शासकों में अशान्ति का वातावरण बने। कहीं युद्धादि भय से आणविक अस्त्र शस्त्रों का प्रयोग हो। वर्षा की कमी अनेक क्षेत्रों में बनने से अकाल की आशंका बढ़ेगी। प्रजा में रोग पीड़ा की वृद्धि हो।

मेघेशो गुरुस्तत्फलम्

गुरुरपि प्रियवृष्टिकर: सदाऽखिल
विलासवती धरणी तदा।
श्रुति विचार परा नरपालका:
रस समृद्धि युताखिल मानवा॥

मेघेश गुरु का फल—वर्षा पर्याप्त व समयानुसार होने से प्रजा में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। पृथ्वी पर विलासिता मय वातावरण अधिक बढ़ेगा। शासकों में धर्मपरायणता अधिक बढ़ेगी। सभी लोग गोरस व गोधन से समृद्ध होंगे।

रसेशो बुधस्तत्फलम्

रसपतौ द्विजराज सुते मही सुलभ
धान्य घृतादि युता जना:।
प्रमुदिता वर नायक-पालिता बहु
जलाखिल देश सुरक्षिता:॥

रसेश बुध का फल—वर्षा अच्छी होने से धान्य की पैदावार बढ़ेगी। प्रजा को धन धान्य एवं घृतादि की सुलभता रहेगी। श्रेष्ठ जनों से सत्परामर्श प्राप्त होगा। शासक वर्ग शासन व्यवस्था को सुचारु रूप से देखेंगे।

नीरसेशश्चन्द्रस्तत्फलम्

शुक्ल वर्णादि वस्तूनां मुक्ता-रजत-वाससाम्।
अर्घवृद्धि: प्रजायेत शशांके नीरसाधिपे॥

नीरसेश चन्द्र का फल—सफेद रंग की वस्तुएं, मोती, चांदी, चावल तथा वस्त्रादि के मूल्यों में तेजी होगी। शासकों में सद्भावना बढ़ने के साथ-साथ प्रजा के हित में नवीन कार्यक्रमों की घोषणा करनी पड़ेगी।

फलेशो गुरुस्तत्फलम्

सुरगुरु: फल नायकतां गतो गतभया वन राशि महाद्रुमा:।
यजन-याजन कोत्सव मन्दिरा: श्रुति विचारपरा: द्विज पूर्वका:॥

फलेश गुरु का फल—फलेश गुरु होने से कृषि क्षेत्र में नवीन अनुसंधान में सफलता प्राप्त होगी। वृक्ष और बेलों के फल फूल अधिक मात्रा में लगेंगे। प्रजा में सुख-शांति बढ़ेगी। विप्र और विद्वान लोग वेद या शास्त्रोक्त मर्यादा में काम करेंगे।

धनेश: सूर्यस्तत्फलम्

द्रविणपो यदि वासरपो तदा वणिजतो बहु द्रव्य समागम:।
[illegible] विक्रयात्॥

धनेश सूर्य का फल—व्यापारियों को क्रय-विक्रय में लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। ऊंट, घोड़ा, हाथी, भेड़ आदि पशुओं के लेन-देन करने वालों को भी लाभ प्राप्त होगा। विश्व के अनेक देशों में आयात निर्यात के व्यापारिक समझौते होंगे।

दुर्गेशो गुरुस्तत्फलम्

सुरगुरौ गढ़पे नय शोभिता नरवरा: नरपा: कर पालिता:।
गिरिषु वै नगरेषु समं सुखं सुखमति द्विज शास्त्रवतोऽनिशम्॥

दुर्गेश गुरु का फल—दुर्गेश गुरु होने से प्रजा जनों को सभी प्रकार सुख प्राप्त होगा। शासकों में न्याय भावना बढ़ेगी। जिससे वे लोकप्रिय बनेंगे। आत्म रक्षार्थ प्रजा में शस्त्रों की संकलन भावना बढ़ेगी। जनता में बाग बगीचे व अयारण्य देखने की रुचि बढ़ेगी।

वर्षनाम कार्तिक फलम्

पाप बुद्धि:रता लोका भवंति कार्तिके सदा।
देवता नैव मन्यन्ते राज्यं च तस्करैर्हतम्॥

वर्षनाम कार्तिक का फल—कार्तिक नाम का वर्ष होने से लोगों का पाप कर्मों में अधिक मन लगेगा। जूआ, लाटरी, तस्करी, चोरी, डाका व लूटपाट की घटनाएं अधिक होंगी। धार्मिक आस्था कम होने से विप्र व संतजनों का सम्मान कम होगा।

मेघनाम संवर्त: फलम्—"संवर्ते जल पूरिता।" इस वर्ष संवर्त नाम का (चतुर्मेघों में) मेघ होने से सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में वर्षा होगी। नदी-नाले जल से परिपूर्ण होते दिखाई देंगे। कृषि में पैदावार भी अच्छी होगी।

रोहिणी निवासस्तटे फलम्—इस वर्ष भी रोहिणी का निवास "तट" पर है। जिसका फल—**"तटे वृष्टि: सुशोभना॥"** वर्षा उत्तम होने से आर्थिक एवं औद्योगिक विकास अनुकूल गति से बढ़ेगा। प्रजा में सुख शांति बढ़ेगी तथा धान्यादि में मंदी का संचार होगा।

समय निवासो रजक गृहे फलम्—समय का निवास धोबी के घर रहने से वर्षा की श्रेष्ठता, नदी, तालाब को जल से पूर्ण करेगी। कहीं-कहीं वायु प्रकोप भी रहे। **समय वाहन—"मृग" बना है।** अत: वर्षा कहीं कम, कहीं अधिक होगी। राजनैयकों में असन्तोष तथा कहीं-कहीं मंत्रिमण्डलों में परिवर्तन होगा। धान्यों में तेजी होगी।

अथ (विन्ध्य से दक्षिणवासियों के लिए) अष्टोत्तरी मत से आय-व्यय चक्रम्॥

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
व्यय	२	११	८	८	२	८	११	२	११	५	५	११

अथ (विन्ध्य से उत्तरवासियों के लिए) विंशोत्तरी मत से आय-व्यय चक्रम्॥

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

आय-व्यय देखने की विधि— अपनी राशि के आय-व्यय अंकों को जोड़कर उसमें १ घटा दें, शेष में ८ का भाग देने पर यदि अंक १।२।६।७ शेष बचें तो उस वर्ष में लाभ उत्तम रहेगा। व्यापार धन्धों में बढ़ोत्तरी होगी। यदि अंक ३।४।५ या ८ (०) शेष रहे तो वर्ष नेष्ट फलप्रद रहेगा। लाभ कम खर्चा अधिक होगा। व्यापार में मन्दी का दौर चलेगा। दौड़धूप की अधिकता एवं अनावश्यक चिन्ताओं में बढ़ोत्तरी होगी।

शनि की साढ़ेसाती ढैय्या और लघु कल्याणी ढैय्या विचार

इस वर्ष के प्रारम्भ से अन्त तक शनि वक्री-मार्गी गति से वृष राशि में विचरण करता रहेगा। जिससे मेष, वृष एवं मिथुन राशि वालों को क्रमशः उतरती, मध्यकालीन एवं प्रारम्भिक साढ़ेसाती रहेगी। तुला एवं कुंभ राशि वालों को लघु कल्याणी ढैय्या शनि रहेगा। वृष राशि के शनि का गोचर फल आगे दिया जा रहा है।

मेष-शनि की पैरों पर उतरती साढ़ेसाती लोहे के पाये के शारीरिक पीड़ा के साथ धन खर्चा की बढ़ोत्तरी करेगी। शत्रु वृद्धि होने से बनते कार्यों में रुकावटें तथा लाभ मध्यम होगा। पारिवारिक अशांति से मन बेचैन रहेगा।

वृष-आपको शनि की मध्यकालीन साढ़ेसाती हृदय पर चालू होगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव के साथ पारिवारिक सुख में कमी की अनुभूति होगी। किन्तु तांबे के पाये से प्रवेश धर्म और धैर्यावलम्बन से रुका कार्य पूरा होने में सहायक होगा। श्रम व प्रयत्न से अनेक कार्यों में सफलता भी प्राप्त होगी।

मिथुन-राशिवालों को आरम्भिक शनि की साढ़ेसाती शिर पर रजत पाद से प्रारम्भ होगी। आर्थिक संकट के साथ शारीरिक रोग पीड़ा की वृद्धि होगी। स्वजनों से मनमुटाव तथा शत्रु वृद्धि होने से मन विचलित रहेगा। पुराने व्यवसाय में लाभ यथावत् किन्तु नये कार्यों में बाधाएं उत्पन्न होंगी।

कर्क-आपको एकादश भाव में शनि श्रेष्ठ किन्तु स्वर्णपाद से श्रम-संघर्ष कारक रहेगा। धर्म व अध्यात्म में रुचि बढ़ने के साथ परिवार में आदर सम्मान बढ़ेगा। भाई बहिनों व स्वजनों का सुख सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद, मुकदमा व परीक्षा प्रतियोगिताओं में सफलता मिलने के योग हैं।

सिंह-शनि सिंह राशिवालों को दशमभाव में लोहे के पाये से आने के कारण भौतिक सुख-सुविधाओं की वृद्धि मानसिक चिन्ता का कारण बनेगी। उच्चाधिकारियों से मेलजोल तथा यात्रा से लाभ के चांस बढ़ेंगे किन्तु धन व्यय की अधिकता से ऋण लेने के अवसर बढ़ेंगे।

कन्या-आपको स्वर्ण पाद से नवम भाव का शनि साधारण फलदायक रहेगा। शारीरिक निर्बलता किसी भी काम में मन नहीं लगने देगी। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी। परिश्रम प्रयत्न करने पर भी लाभ के चांस कम प्राप्त होंगे। धार्मिक भावना भी कम होती दिखाई देगी।

तुला-तुला राशिवालों को अष्टमभाव में लघु कल्याणी ढैय्या ताम्रपद से रहेगा। क्रोध व जोश बनते कार्यों में बाधक बनेंगे। गृह क्लेश, अनियमित दिनचर्या स्वास्थ्य को कमजोर बनायेगी। धन लाभ कम, खर्चा अधिक होगा। स्वजनों का सहयोग नाममात्र का प्राप्त होगा।

वृश्चिक-शनि आपको सप्तम भाव में रजत पाद से मध्यम फलप्रद रहेगा। लगन मेहनत से कार्य करने पर लाभ तथा मनोबल बना रहेगा। खर्चा की अधिकता, शरीर में कमजोरी के बावजूद सभी कार्य व्यवस्थित रूप से चलेंगे। नौकरी-व्यापार में साधारण सफलता के योग हैं।

धनु-आपको शनि छठे भाव में रचनात्मक कार्यों में सफलता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ायेगा। पारिवारिक झंझटों को बुद्धि की चातुर्यता से निपटायेंगे। सहयोगियों के निर्णय को पूर्ण विचार कर अन्तिम निर्णय दें अन्यथा चिन्ता व अशान्ति तथा धन हानि के योग बन सकते हैं।

मकर-राशि वालों को तांबे के पाये से पंचम भाव में शनि विचरण करेगा। बुद्धि में न्यूनता धन का सदुपयोग कम करेगी। भाई बहिनों से सहयोग सामान्य तथा दौड़धूप की अधिकता रहेगी। घर गृहस्थी के निर्वाह में सफल होने से मनोबल अच्छा बना रहेगा।

कुंभ-आपको शनि का लघु कल्याणी ढैय्या स्वर्णपाद से अशांतिप्रद रहेगा। अधिक परिश्रम प्रयत्न करने से स्वल्प लाभ, पारिवारिक संघर्ष तथा पेट के रोग से कष्ट संभव है। व्यापार में लगे व्यक्तियों को दौड़धूप की अधिकता एवं चलते कामों में बाधा उपस्थित हो सकती है।

मीन-शनि पराक्रम स्थान में चांदी के पाये से भौतिक सुख साधनों के साथ मान-सम्मान में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारियों से मेलजोल तथा अधूर पड़े कार्यों में पुनः चालू करने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में प्रगति होने से धन लाभ तथा घर में मांगलिक उत्सवादि में मन प्रसन्न रहेगा।

गुरु संचार का फल

सम्वत् २०५८ वि. के प्रारंभ में गुरु वृष राशि में विचरण करते हुए दिनांक १६ जून २००१ को प्रातः मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। गतवर्ष गुरुदेव ने २ जून २००० ई. को सायं ६.५५ बजे वृष राशि में प्रवेश किया था। प्रवेश के समय तात्कालिक चन्द्रमा भी वृष राशि में ही रहा तदनुसार मेष, कन्या, मकर राशिवालों को वर्षारम्भ में रजतपाद से गुरु श्रेष्ठ, वृष, कर्क व धनु राशिवालें को स्वर्णपाद से परिश्रम प्रयत्न से सफलता देगा। मिथुन, तुला, कुंभ राशिवालों को वर्षारम्भ में गुरु लोहे के पाये से अच्छा नहीं है। जबकि सिंह, वृश्चिक व मीन राशिवालों को गुरु ताम्बे के पाये से सुख समृद्धि कारक रहेगा।

दिनांक १६ जून २००१ को गुरु मिथुन राशि में प्रातः ७ बजकर २६ मिनट पर प्रवेश करेगा। जो वर्षान्त तक वक्र मार्ग गति से इसी राशि में विचरण करता रहेगा। मिथुन राशि में प्रवेश करते समय तात्कालिक चन्द्रमा मीन राशि व रेवती नक्षत्र में रहेगा। अतः जून मध्य से वर्षान्त तक गुरु का आगमन मिथुन, कन्या व मकर राशिवालों को ताम्रपाद से सुख सौभाग्यवर्धक, वृष, तुला, मीन राशि वालों को स्वर्णपाद से परिश्रम प्रयत्न से सफलता प्रदान करायेगा। मेष, सिंह व धनु राशि वालों को गुरु का आगमन लोहे के पाये से कष्टप्रद रहेगा तथा कर्क, वृश्चिक व कुंभ राशि वालों को रजतपाद से उन्नतिशील और लाभ के अवसर प्रदान करेगा। वृष व मिथुन राशि के गुरु का गोचर फल आगे दिया जा रहा है।

दिनांक २ जून २००० ई. से वृष राशि के गुरु का गोचर फल

मेष— द्वितीय स्थान का गुरु रजतपाद से आर्थिक लाभ व भौतिक सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि व मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृष— प्रथम भाव का गुरु स्वर्णपाद से श्रम संघर्ष से सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा। दौड़-धूप की अधिकता स्वास्थ्य में कमजोरी प्रदान करेगी। राजकीय कार्यों में आंशिक सफलता मिले। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

मिथुन— गुरु खर्च स्थान में लोहे के पाये से मानसिक उच्चाटन, भाग्य अवरोधक स्थिति से बनते कार्यों में रुकावटें तथा धन खर्च की अधिकता रहेगी।

कर्क— एकादश भाव का गुरु स्वर्णपाद से होने के कारण चलते कार्यों में लाभ किन्तु नवीन कार्यों की सफलता के लिए विशेष दौड़-धूप करनी पड़ेगी। विद्या, बुद्धि के क्षेत्र में सफलता, सत्कर्मों में रुचि बढ़ेगी।

सिंह— आपको दशमस्थ गुरु सामान्य किन्तु ताम्बे के पाये से श्रेष्ठफल है। प्रभावी लोगों से मेलजोल बढ़ने का मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख समृद्धि और आर्थिक लाभ के चांस मिलेंगे। वक्रत्व गुरु में प्रियजनों से मनमुटाव होगा।

कन्या— भाग्यस्थ गुरु चांदी के पाये से पारिवारिक सुख की वृद्धि तथा अभीष्ट कार्यों में सफलता कारक रहेगा। व्यापार धन्धों में प्रगति तथा नवीन सम्पर्कों से जमीन जायदाद संबंधी काम बनते दिखाई देंगे।

तुला— गुरु आठवें भाव में लौहपाद से श्रम संघर्ष, परेशानियों व उलझन बढ़ाने वाला रहेगा। मानसिक चिन्ता व गृह क्लेश के साथ व्यय की अधिकता रहे।

वृश्चिक— राशिवालों को सप्तम भाव में ताम्बे के पाये से सहयोगियों से अधूरे काम बनाने में सहायक होगा। मांगलिक कार्यों में धन खर्चा बढ़ेगा। नौकरी वालों का अनुकूल जगह पर स्थानान्तरण होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु—आपको गुरु छठे भाव में स्वर्णपाद से अच्छा नहीं है। पुराने विवाद तथा रोग की समस्यायें सामने आयेंगी। मन में अशांति तथा धन खर्चा बढ़ेगा।

मकर—पंचम भाव में गुरु रजत पाद से बुद्धि की चातुर्यता से सभी कार्य पूर्ण करने में सक्षम बनायेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत तथा निजी साहस में बढ़ोत्तरी करेगा। विद्यार्थियों को परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होगा।

कुम्भ—गुरु चतुर्थ भाव के साथ-साथ लोहे के पाये से भी अच्छा नहीं है। रोग, शत्रु वृद्धि, मनोबल कमजोर तथा व्यय की अधिकता से मन खिन्न रहेगा।

मीन—आपको गुरु ताम्रपाद से तृतीय स्थान में मिश्रित फलप्रद है। परिश्रम व परेशानियों के बावजूद आर्थिक काम बनते रहेंगे। व्यक्तित्व व स्वास्थ्य में श्रेष्ठता मनोबल को ऊंचा रखेगी। व्यापार धन्धों में लाभ के चांस यथावत् मिलेंगे।

दिनांक १६ जून २००१ ई. से वर्षान्त तक मिथुन के गुरु का गोचर फल

मेष—आपको गुरु लोहे के पाये से तृतीय भाव में अनावश्यक पीड़ा व चिन्ता के साथ आलस्य को बढ़ावा देगा। लोकापवाद से बचें वरना मानहानि संभव है।

वृष—वृष राशि वालों को द्वितीय भाव का गुरु स्वर्णपाद से श्रम व संघर्ष के साथ अधूरे काम बनते दिखाई देंगे। यात्रा में कष्ट तथा ऋण लेने की योजना बनेगी।

मिथुन—गुरु ताम्रपाद से लग्नस्थ आने से अनावश्यक चिन्ताओं का निवारण होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी तथा भाग्य फल से अधूरे काम बनते दिखाई देंगे।

कर्क—व्यय भाव में स्थिति गुरु रजतपाद से आने से घर परिवार में मांगलिक उत्सवादि में खर्चा बढ़ायेगा। स्वजनों व मित्रों से सहयोग मिलेगा।

सिंह—राशिवालों को लाभ भाव में श्रेष्ठ किन्तु लोहे के पाये से नेष्ट है। अनावश्यक झगड़ों से बचें तथा श्रेष्ठ भाव रखते हुए कार्य में लगे रहें, लाभ होगा।

कन्या—गुरु दशमभाव में पूज्य किन्तु ताम्रपाद से श्रेष्ठ फलप्रद हैं। मित्रों से मेलजोल, मकान, जमीन जायदाद सम्बन्धी कार्य बनने से मन प्रसन्न बना रहेगा।

तुला—आपको गुरु भाग्य स्थान में स्वर्ण पाद से आने के कारण चलते कामों में आंशिक रुकावटें महसूस होंगी। स्वजनों से मनमुटाव तथा दौड़धूप की अधिकता बनेगी। राजकीय कार्य किसी उच्चाधिकारी के सहयोग से बनेंगे।

वृश्चिक—अष्टमस्थ गुरु वाद विवाद, कुटुम्ब पीड़ा तथा शारीरिक कष्ट को बढ़ावा देगा किन्तु रजतपाद से आने के कारण व्यापार में लाभ व मनोबल ऊंचा करेगा।

धनु—मिथुन राशिस्थ गुरु आपको सप्तमभाव में लोहे के पाये से विचरण करेगा। पारिवारिक सुख में गतिरोध, अनावश्यक पीड़ा व खर्चे में वृद्धि करेगा।

मकर—आपको छठे भाव में गुरु ताम्रपाद से लम्बी दूरी की यात्रा से लाभ करायेगा। शत्रु उत्पन्न होकर कमजोर होंगे। व्यापार में लाभ की योजना बनेगी।

कुम्भ—कुंभ राशि वालों को पंचम भाव में रजतपाद श्रेष्ठ बुद्धि व संगति से सुख साधनों में वृद्धि करेगा। नये कार्य की योजना सफल होती दिखाई देगी।

मीन—राशिवालों को गुरु चतुर्थ भाव में स्वर्णपाद से पारिवारिक अशांति कारक रहेगा. पैतृक सम्पत्ति विवाद, दौड़-धूप की अधिकता, मन में अशांति रहेगी। लाभ कम खर्चा अधिक होगा। व्यापार में रुकावटें आने से प्रगति कम होगी।

राहु-केतु का गोचर फल

इस वर्ष सं. २०५८ वि. में वर्षारम्भ से १६ फरवरी २००२ ई. तक राहु मिथुन राशि में तथा केतु धनु राशि में विचरण करेगा। दिनांक १६-१७ फरवरी २००२ ई. की मध्य रात्रि से वर्षान्त तक राहु वृष राशि में तथा केतु वृश्चिक राशि में रहेंगे। जिसका गोचर फल इस प्रकार है।

वर्ष प्रारम्भ से १६ फरवरी २००२ ई. तक राहु-मेष, सिंह, कन्या व मकर राशि वालों को श्रेष्ठ, मिथुन, कर्क, वृश्चिक व मीन राशि वालों को नेष्ट फलप्रद रहेगा। शेष राशियों के लिए मिश्रित फलप्रद रहेगा। यहां केतु-कर्क, तुला, कुंभ व मीन राशि वालों को उत्तम व वृष, कन्या, धनु व मकर राशि वालों को अशुभ फलप्रद तथा शेष राशि वालों को मिले-जुले फलदायक रहेगा।

दिनांक १७ फरवरी २००२ ई. से वर्ष अन्त तक राहु कर्क, सिंह, धनु व मीन राशि वालों को उत्तम तथा वृष, मिथुन, तुला व कुंभ राशि वालों को अशुभ फलप्रद है। शेष राशिवालों को मिले-जुले फल प्राप्त होंगे। यहां केतु मिथुन, कन्या, मकर व कुंभ राशिवालों को श्रेष्ठ फलप्रद तथा मेष, सिंह, वृश्चिक व धनु राशिवालों को नेष्ट फलप्रद रहेगा। शेष राशि वालों को साधारण...

चैत्र शुक्ल पक्ष सं. २०५८ (२६ मार्च से ८ अप्रैल)

मार्च	तिथि	वार	घंटा	मिनट	नक्षत्र	घंटा	मिनट	योग	घंटा	मिनट	चन्द्र संचार स्टैं.टा.	भद्रा एवं ग्रहों का राशि नक्षत्र प्र.
26	१	चं	७	४८	रे	१९	५२	ऐं	२७	४७	मे. १९।५२	कृतिका ३ में शनि प्र. ९।२६, नूतन संवत्सरारम्भ, A
27	२	मं	८	१७	अ	२०	४५	वै	२६	४८	मेष	पू.भा. में बुध प्र. १४।०५, मुहर्रम मु. मास १ हिजरी B
28	३	बु	८	२५	भ	२१	१९	वि	२५	३३	वृ. २७।२४	भद्रा २०।१९ से, वक्री उ.भा. में शुक्र प्र. १९।१७, शुक्र C
29	४	गु	८	०९	कृ	२१	३०	प्री	२४	००	वृष	भद्रा ८।०९ तक, रोहिणी २ में गुरु २२।२३, श्री लक्ष्मी D
30	५	शु	७	३०	रो	२१	२०	आ	२२	१३	वृष	कल्पादि ५, हयव्रत ५, स्कन्द षष्ठी D पूजनारम्भ E ओली प्रा.
31	६	श	६	३१	मृ	२०	५०	सौ	२०	०६	मि. ९।०८	भद्रा २९।१० से, रेवती में सूर्य १०।१६, जैन आयंबिल E
बालक का रोदन ज्ञान— जन्म समय मेष, मिथुन, सिंह, धनु लग्न हों तो बालक ने पैदा होते ही जल्दी रोना आरम्भ कर दिया ऐसा जानना। कन्या, तुला, कुम्भ लग्न हो तो बालक धीरे मन्द स्वर में रोया, अन्य लग्नों में बालक देर से रोया हो ऐसा जानना चाहिये। आप जानते हैं कि जन्म कुंडली में दो कुंडली बनती हैं, एक लग्न कुंडली दूसरी राशि कुंडली। इन में जो ज्यादा बलवान हो उसी का फल कहना चाहिये। लग्न बलवान हो तो लग्न के अनुसार और राशि बलवान हो तो राशि के अनुसार फल कहना चाहिये। लग्नेश लग्न को देखता हो लग्नेश स्वग्रही उच्च मित्र क्षेत्री हो, लग्न को शुभ ग्रह देखता हो तो लग्न बलवान होती है इसी प्रकार राशि भी बलवान होती है।

उपसूतिका ज्ञान— प्रसव के समय मुख्य डाक्टर या डाक्टरनी के अतिरिक्त कितनी नर्स या अन्य स्त्रियाँ उस समय उपस्थित थीं इसका ज्ञान करने के लिए यह देखना चाहिए कि लग्न में या लग्नेश के साथ और इनके यानी लग्न के व लग्नेश के दूसरे व १२वें स्थान में जितने ग्रह हों उतनी ही उप-सूतिकायें जाननी चाहिए। अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य जितने ग्रह हों उतनी संख्या जानना चाहिए। लग्न से सप्तम स्थान तक अदृश्य और सप्तम से लग्न तक दृश्य होता है। अतएव सप्तम से लग्न तक जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिकायें प्रसूतिका माता के पास और लग्न से सप्तम तक जितने ग्रह हों उतनी घर के बाहर होती हैं। अस्पताल में जिस कमरे में प्रसव हो उसे मुख्य घर समझना चाहिए। उस कमरे में प्रसव समय पर उपस्थित नर्सें आदि प्रथम कोटि में और जो बाहर आ जा रही हों वह दूसरी कोटि में समझनी चाहिए। गावों में जहां प्रसव घर हों वहां आस-पड़ोस की स्त्रियों की गिनती भी साथ ही की जाती है। उपसूतिकाओं के वर्ण, जाति, आयु का विचार ग्रहों के अनुसार ही करना। उच्च तथा वक्री ग्रहों की संख्या को ३ से गुणा कर के तथा स्वराशि स्ववनवांश स्वद्रेष्काण के ग्रहों को दुगना करके और नीच तथा अस्त ग्रहों की संख्या को आधा करके संख्या ज्ञात करनी होती है।

सिर पाद प्रसव ज्ञान— बच्चे का जन्म सिर से हुआ है या पैर से इसको जानने के लिये देखो कि यदि ३।५।६।७।८।११ राशियों में या इन राशियों के नवांश में जन्म हुआ है तो सिर से प्रसव जानना। यह शीर्षोदय राशियां हैं। इनके अतिरिक्त अन्य १।२।४।९।१०।१२ पृष्ठोदय राशियां हैं। इनमें या इनके नवांश में जन्म हो तो पैरों से प्रसव जानना। मीन राशि में या मीन के नवांश में जन्म हाथों से होता है। यानी पहले हाथ बाहर आते हैं। पैर पहले बाहर आयें तो पैरों से प्रसव और सिर पहले आये तो सिर से प्रसव कहा जाता है।

सूतिका गृह द्वार ज्ञान— सूतिका गृह या अस्पताल, नर्सिंग होम आदि के उस कमरे का जिसमें प्रसव हुआ हो द्वार किस दिशा की ओर है इसके ज्ञान के लिए देखो कि केन्द्र में स्थित ग्रह की दिशा कौन सी है। यदि केन्द्र में कई ग्रह हों तो सबसे बलवान ग्रह की दिशा के अनुसार और कोई ग्रह केन्द्र में नहीं हो तो लग्न की राशि की दिशा बताना चाहिए।

पुरुष शरीर में सूर्यादि ग्रहों का अधिकार— सिर व मुख प्रदेश में सूर्य का, छाती गले में चन्द्रमा का, पीठ, पेट में मंगल का, हाथ व पैरों में बुध का, कमर व जांघ में गुरु (वृहस्पति) का, जननेन्द्रिय व वृष्णों में शुक्र का, घुटने (जानु), पेट (ऊरु) में शनि का अधिकार होता है। जन्म समय, प्रश्न समय गोचर में जब-जब यह ग्रह अनिष्ट कारक होते हैं। तब-तब अपने अधिकार प्रदेश के अंगों को ही कष्ट पहुंचाते हैं।

मेषादि राशियों का अंग विभाग— मेष राशि का स्थान सिर में, वृष का मुख, मिथुन दोनों भुजायें, कर्क हृदय प्रदेश, सिंह उदर, कन्या कमर, तुला वस्ति (मूत्राशय), वृश्चिक जननेन्द्रियां, धनु दोनों जंघायें, मकर दोनों घुटने, कुम्भ दोनों पिंडलियां और मीन राशि से दोनों पैरों (पादों) का विचार किया जाता है। इसी प्रकार प्रथम भाव लग्न से सिर, दूसरे भाव से सुख, तीसरे से भुजा, चौथे से हृदय, पाँचवें से पेट, छंठे से कमर, सातवें वे वस्ति, आठवें से गुह्येन्द्रियों, नवम से ऊरु, दशम से जानु, ग्यारहवें से जंघा और बारहवें भाव से पैरों का विचार करते हैं। उपरोक्त बारह राशियों अथवा बारह भावों में शुभ अशुभ ग्रहों की स्थिति दृष्टि आदि से तत्सम्बन्धी अंगों के स्वस्थ या पीड़ित रहने का विचार किया जाता है।

लग्नों के अनुसार प्रत्येक लग्न के अलग-अलग लक्षण इस प्रकार होते हैं।

अथ प्रसूति लग्न विचार

मेष— सूतिका गृह—(वह स्थान जहाँ बच्चा पैदा होता है, अस्पताल, नर्सिंग होम, घर आदि)। इमारत पुरानी, मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर, चारपाई, बैड, पलंग जिस पर प्रसविनी माता को लिटाया गया उसका सिर पूर्व दिशा की ओर, माता ने लाल रंग के वस्त्र पहने हुए थे, प्रसव से पहले मीठा भोजन किया था। प्रसव में कष्ट अधिक हुआ, जन्म भूमि पर हुआ (यदि इमारत में कई मंजिलें हों तो सबसे नीचे की मंजिल भूमि की सतह पर समझें) प्रसव के बाद बालक अधिक रोया। उपसूतिका १ या ३, बालक के मुख का रंग श्यामता पर, नेत्र भूरे, प्रकृति वात श्लेष्म, कद छोटा, शरीर मजबूत, वाणी चंचल, कष्ट वर्ष ४।११।१६।४४।५८, उपाय गौदान, तुलादान, मृत्युंजय जप आदि, आयु १०० वर्ष।

नोट— कष्ट वर्षों में शरीर कष्ट की आशंका होती है उपाय करने से कष्ट टल जाता है। चन्द्रमा पर बृहस्पति या शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आयु पूर्ण होती है। बैद्यक शास्त्र के अनुसार प्रकृति तीन प्रकार की होती है वात, पित्त, कफ। श्लेष्म कफ को ही कहते हैं।

वृष— माता का सिर दक्षिण में, सूतिक घर नया, द्वार दक्षिण में, माता ने सफेद वस्त्र पहने हुए हों और प्रसव से पहले सूखा साग आदि खाया हो, अधोमुख होकर पैरों से प्रसव, बालक ऊँचे स्वर से रोया, उपसूतिका ३ या ४, दीपक (या बत्ती लाइट) उत्तर में, बालक का रंग गोरा, स्वरूप सुन्दर, प्रकृति रक्त, पित्तकष्ट वर्ष १।२।८।३३।४४।६१, कष्ट निवारण के लिए उपाय अन्नदान, ब्राह्मण भोजन, मृत्युंजय जप आदि। उपरान्त आयु ९० वर्ष आजकल बच्चा पेट में उल्टा या टेढ़ा हो जाता है तो आपरेशन से प्रसव करते हैं। वह इसी श्रेणी में समझना चाहिए।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, मकान नया, द्वार पश्चिम में, माता के कपड़े पीले रंग के, प्रसव से पहले नमकीन भोजन किया हो, माता के दाहिने अंग में कोई चिह्न, जन्म अन्तरिक्ष (छत पर) या ऊपर की मंजिलों में, सिर से प्रसव, रोना उच्च लम्बे स्वर में, उपसूतिका ३ या ५, स्तनों में दूध कम, देर से उत्तरे, बालक के नेत्र रोग युक्त, प्रकृति बल्गमी, स्वभाव चंचल, अग्निमंद (हाजमा मन्दा), बुद्धि विलक्षण, प्रसव से पहले माता को कुछ ज्वर आदि हुआ हो। कष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५८, उपाय शिवार्चन, मृत्युंजय जप होम आदि। उपरान्त आयु ८६ वर्ष।

कर्क— प्रसव के समय माता का सिर उत्तर में, मकान नया, मकान का या उस कमरे का जिस में प्रसव हुआ हो द्वार उत्तर में, माता ने पुराने सफेद या लाल रंग के वस्त्र पहने हुये हों, पिता क्लेश में परेशानी में हो, प्रसव कष्ट अधिक, माता ने मधुर, शीतल (मीठा ठंडा) भोजन किया हो, भूमि पर जन्म, पैर से प्रसव, रोदन शब्द दीर्घ, बालक जोर से रोया, उपसूतिका ४ या ५, बालक के वामांग में चिह्न, बालक का सिर मोटा, आखें चंचल, प्रकृति, वात, कफ, रंग गोरा, कद लम्बा, शरीर कोमल, कष्ट वर्ष ५।२५।४०।४८।६२ उपाय छायापात्र, तुलादान, मृतसंजीवनी मंत्र का जप। उपरान्त आयु १०० वर्ष।

सिंह— माता का सिर पूर्व में, मकान नया, द्वार पूर्व को, माता के वस्त्र लाल या चित्र-विचित्र भोजन के साथ शाक-भाजी व खट्टी चींज खाई हो, भूमि पर जन्म, रोदन स्वर दीर्घ, उपसूतिका ३ या ५, बालक की पीठ पर चिह्न, केश घने, नाक लम्बी, कद छोटा, शरीर कोमल, रंग गोरा, हठीला,

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम्

चंचल, क्रूर स्वभाव, प्रकृति कफ, पित्त। कष्ट कारक वर्ष ५।१३।२८।३६।४८, उपाय सूर्य पूजन, आदित्य हृदय का पाठ, अपूपान्न दान (मीठे माल पूये आदि) उपरान्त आयु ८३ वर्ष।

कन्या—माता का सिर उत्तर, प्रसव स्थान घर के दक्षिण भाग में, पिता घर से बाहर गया हो, छत पर ऊँची जगह पर जन्म, बालक कम रोया, उपसूतिका ४ या ५, भुजा में साधारण भूषण, बालक का रंग गोरा, गले व जांघ में चिन्ह, कष्टकारक वर्ष ४।१६।२३।३६।५५, उपाय मुदगान्न दान, गोदान, मृत्युंजय जप, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

तुला—माता का सिर पश्चिम में, मकान कुछ नया, प्रसूतिका गृह पश्चिम भाग में, माता के बाल साधारण सफेद, प्रसव कष्ट ज्यादा, पिता क्लेश-परेशानी में, माता ने प्रसव से पहले कुछ काम कर ठंडा पानी पिया हो, घर में कुछ लड़ाई-झगड़ा हुआ हो, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज धीमी, उपसूतिका ३ या ५, वहां एक कन्या भी हो, दीपक हाथ में उठाया हो या लाइट बल्ब ऊंचा लटका हो, बालक का रंग जरदी पर, बदन में फोड़े-फुंसी, शरीर दुबला, कष्ट वर्ष ८।१५।३१।३५।६२।६४,, उपाय गोदान, तन्दुल दान, नवग्रह पूजन, होम से शान्ति तदुपरान्त आयु ८५ वर्ष।

वृश्चिक—माता का सिर दक्षिण या उत्तर में, मकान पुराना, द्वार उत्तर में, माता के बाल लाल या जला हुआ, प्रसव कष्ट अधिक, साधारण भोजन, माता कुछ क्रोध में, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज आधी दबी हुई, उपसूतिका ४ या ५, पिता क्लेश परेशानी में, बालक के केश लम्बे काले, पीठ पर चिन्ह, गले में पीड़ा, रंग गौर श्याम बीच का, प्रकृति रक्त-पित्त, कष्ट वर्ष ११।२८।३८।५२।६२ उपाय तुलादान, मृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

धनु—माता का सिर पूर्व दिशा की ओर, प्रसूति स्थान घर के दक्षिण भाग में, द्वार पूर्व में, मकान नया, माता के वस्त्र लाल या वसन्ती, माता ने पका हुआ भोजन करके जल पिया हो, जन्म ऊँचे स्थान पर या छत पर, रोने का स्वर काफी ऊँचा, उपसूतिका १ या ५, बालक का रंग गोरा, आकृति सुन्दर, नेत्र विशाल, सिर ऊँचा, हृदय पर चिन्ह, कष्ट वर्ष २।१०।१८।३१।३८।४२, उपाय कष्ट वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, तदुपरान्त आयु ८१ वर्ष।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, मकान पुराना, दरवाजा उत्तर या दक्षिण की ओर, प्रसूति स्थान पश्चिम भाग में, वस्त्र मैले फटे पुराने, माता ने शाक-सब्जी के साथ भोजन कर के ठंडा पानी पिया हो, भूमि पर जन्म, कुछ देर बाद बालक धीरे स्वर से रोया, उपसूतिका १ या ५, बालक के केश घने, नाक मोटी, मस्तक ऊँचा, रंग श्याम, कष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७, उपाय रुद्राभिषेक, स्वर्ण दान, तैल, उड़द दान, छायापात्र दान, उपरान्त आयु ९५ वर्ष।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम में, मकान का अधिकांश भाग पुराना, प्रसूतिका घर दक्षिण-पश्चिम में, द्वार पूर्वोत्तर में, माता के वस्त्र कुछ काले मैले, पुराने, कम्बल ओढ़ा हो, मामूली कसैला चटपटा भोजन किया हो, पिता घर पर नहीं हो, भूमि पर जन्म, जन्म के काफी देर बाद बालक थोड़ा सा रोया, उपसूतिका ३ या ४, बालक के होठ मोटे; मस्तक लम्बा, प्रकृति गर्म, कद नाटा, नेत्र में रोग, कष्ट वर्ष २।२८।३३।४८।६४, उपाय तुला दान, महिषि दान, मृत्युंजय जप उपरान्त आयु ९० वर्ष।

मीन—माता का सिर उत्तर में, मकान का कुछ हिस्सा पुराना, प्रसूति गृह उत्तर में, द्वार दक्षिण को, माता के वस्त्र मैले वसन्ती रंग के, पिता घर पर, जन्म ऊँचे स्थान पर, बालक जन्म के बाद देर से रोया, माता ने प्रसव से पहले ठण्डा जल पिया हो, उपसूतिका पहले, पीछे ३ या ५, पलंग का पाया टूटा हुआ, बालक का रंग गोरा, नाक चपटी, आँख भूरी, सिर ऊँचा, बाल कपिल, प्रकृति बल्गामी, कष्ट वर्ष १।८।१३।३६।४८, उपरान्त आयु ८३ वर्ष, उपाय मोदकान्न दान, गोदान, ग्रह शान्ति, मृत्युंजय जप।

प्रत्येक लग्न के—विषय में जो सूचनायें दी गई हैं वे प्रायः सामान्य रूप से ठीक मिलती हैं। परन्तु ग्रहों के अन्य योगों से उन में अन्तर भी आ सकता है। ग्रह योगों का जो प्रभाव पड़ता है उनके विषय में संक्षेप में इससे पहले विचार किया है उस पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि जन्म समय के बारे में निश्चित रूप से ठीक सूचना नहीं मिलती और जो समय बताया होता है उस के आस-पास ही लग्न का आरम्भ या समाप्ति काल होता है तब उपरोक्त लक्षणों के आधार पर ही ठीक लग्न का निर्णय करना होता है। जिस लग्न के लक्षण, चिन्ह आदि अधिक मिलें वही लग्न ठीक समझनी चाहिए। इसको और स्पष्ट करने के लिए २-१ उदाहरण देकर समझाना ठीक होगा। मान लो किसी ने बताया कि १२ नवम्बर को रात के बारह बजे के आस-पास का जन्म है। लग्न सारणी में देखने पर ज्ञात हुआ कि १२ नवम्बर को १२ बजकर ३ मिनट तक कर्क लग्न है और उसके बाद सिंह लग्न है। अब आप कर्क और सिंह दोनों लग्नों के लक्षणों, चिन्हों का मिलान कीजिये और जिस लग्न की बातें ज्यादा मिलें वही लग्न निर्धारित कर दीजिए।

बालारिष्ट—जन्म लग्न में चन्द्रमा छठे, आठवें या बारहवें घर में हो और उस पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक के जीवन को संकट होता है। यदि इस प्रकार के चन्द्रमा को शुभ ग्रह देख रहे हों तो संकट टल जाता है। ६।८।१२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उन पर क्रूर ग्रहों या वक्री ग्रहों की दृष्टि हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह न हो, लग्न को या लग्नेश को कोई शुभ ग्रह नहीं देखता हो तो बालक को अल्पायु योग होता है। जिस कुण्डली में पंचम स्थान में सूर्य, मंगल व शनि तीनों हों उस बालक को, उसकी माता को, उसके भाई को, तीनों को ही कष्ट प्रदान करते हैं। तीनों ग्रहों का इस प्रकार का योग भी बालक तथा माता दोनों को अपार कष्ट प्रदान करता है। लग्न में शनि, आठवां चन्द्रमा, तीसरा वृहस्पति—इस प्रकार से ग्रहों का योग हो तो वह भी बालक को महान कष्ट कारक होता है। अल्पायु योग माना जाता है। बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह हो तो कष्ट ही देता है। परन्तु सूर्य, चन्द्र, शुक्र व राहु हों तो विशेष रूप से अरिष्टदायक होते हैं। लग्न के १२वें तथा दूसरे भाग में क्रूर ग्रह होने से अशुभ कर्तरी योग बनता है। अर्थात् लग्न दुष्ट ग्रहों के बीच में आ जाने से कष्ट दायक हो जाती है। लग्न में दूसरे भाव में, छठे, आठवें, बारहवें भाव में क्रूर ग्रहों का होना अरिष्ट बताता है।

अरिष्ट भंग योग—बुध, बृहस्पति, शुक्र इन शुभ ग्रहों से कोई भी एक, दो या तीनों १।४।७।१० केन्द्र स्थानों में हों या लग्न में गुरु स्वग्रही उच्च क्षेत्री बलवान होकर पड़ा हो या लग्नेश बलवान् होकर केन्द्र में हो, या शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो और लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और लग्न शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो। इन पांचों योगों में से कोई भी एक या अधिक योग हो तो वह उपरोक्त सभी अरिष्ट योगों, अल्पायु योगों को भंग कर देता है। समाप्त कर देता है।

माता-पिता को अरिष्ट योग—सूर्य से पिता का तथा चन्द्रमा से माता का विचार किया जाता है। सूर्य के साथ पाप ग्रह बैठे हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ गया हो या सूर्य पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो, अथवा सूर्य से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रह हों और शुभ ग्रह न हों तो पिता को

कष्टदायक होते हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा के साथ यह अरिष्ट योग माता को कष्टकारक होते हैं, जैसे— चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह चन्द्रमा से २।१२वें भाव में पाप ग्रह चन्द्रमा पर पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रहों की स्थिति शुभ ग्रहों की अनुपस्थिति माता को कष्ट देने वाली होती है।

प्रसव दोष— चैत्र मास में कुतिया प्रसव करे, वैशाख में ऊंटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, आषाढ़ में गधी, श्रावण में घोड़ी, भाद्रपद में गाय, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो तो प्रसूतिका को तथा उसके स्वामी को कष्टकारक होती है। सभी प्रकार के अरिष्ट योगों की शान्ति के लिये दान, जप, हवन, शान्ति पाठ, पुण्याहवाचन आदि अनुष्ठान करा देना चाहिए।

त्रिखल दोष— तीन पुत्रों के बाद कन्या अथवा तीन कन्याओं के बाद पुत्र हो तो त्रिखल दोष होता है। यह माता-पिता को कष्ट कारक, धन हानि कारक होता है। इसके लिए त्रिखल शान्ति अनुष्ठान करा देना चाहिए।

दन्तोत्पत्ति फल— बालक दांतों सहित जन्म ले तो माता-पिता को महा अरिष्ट दोष होता है। प्रथम दांत नीचे की पंक्ति में आना चाहिए, यदि ऊपर की पंक्ति में प्रथम दांत उत्पन्न हो तो मातुल पक्ष को भयदायक होता है। दांत ६ महीने से पहले आना ठीक नहीं होते। प्रथम मास में शरीर कष्ट द्वितीय में छोटे भाई को, तीसरे में बहन को, चौथे में बड़े भाई को, पांचवें में बड़े बन्धु जनों को कष्टकारक होते हैं। छठे में बहुत भाग्यशाली, ७वें में पिता को भाग्य वर्धक, ८वें में शरीर पुष्टिकारक, ९वें में धनवान, १०वें में सुखी, ११वें में महा सुखी, १२वें महाधनी बनाते हैं।

एक नक्षत्र जात फल— पिता-पुत्र, माता-पुत्र,. माता-कन्या, पिता-कन्या या दो भाई एक ही नक्षत्र में जन्में तो दोनों को ही महान् कष्ट दायक माने गये हैं। नक्षत्रों में, चरण में या राशि में भेद हो तो कुछ कम कष्टदायक होते हैं। अरिष्ट निवारण के लिए स्वर्ण दान, शान्ति पाठ, जप, हवन आदि कर्म अवश्य करा देना चाहिए।

गण्डमूल नक्षत्र चरण फल सारिणी

गण्डमूल नक्षत्र	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण
अश्विनी	पिता को कष्ट	सुख ऐश्वर्यवान	मंत्रित्व प्राप्ति	राज्य सम्मान
आश्लेषा	शांति से शुभ	धन हानि	मातृ हानि	पितृ हानि
मघा	माता को कष्ट	पिता को कष्ट	सुखी	धन-विद्या प्राप्ति
ज्येष्ठा	भाई को कष्ट	कनि. भाई को कष्ट	मातृ हानि	स्वयं को हानि.
मूल	पिता को हानि	माता को हानि	धन नाश	शांति से शुभ
रेवती	राज्य सम्मान	मंत्रित्व प्राप्ति	धन सुख	व्याधियाँ

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं। इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्टकारक होता है। इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य, वाहनादि का स्वामी भी होता है। शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक पिता को ऐसे बालक का मुख नहीं देखना चाहिए। मूल शान्ति कराने के बाद ही दान, हवन, पूजा आदि करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखे। परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्टदायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो। २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिए। जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहां है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है।

मूल निवास चक्र

चन्मामासानुसारेण	वैशा., ज्ये., मार्ग., फा.	चैत्र, श्राव., का., पौ.	आषा., आ.,माघ, भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूल निवास स्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं। बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं। जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना), उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि। मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें:

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घट्यः
मूल नाशः	वंश नाशः	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल लाभः	अल्प जीवी	फलम्

इसी प्रकार नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगों में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है। यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्ध्निफल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें। मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये।

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घट्यः
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये।

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	वाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घट्यः
पशु नाश	धन नाश	धन लाभ	कुटिला	धन लाभ	दयावः	कामिनी	मातृ नाश	भ्रातृ नाश	वैधव्यं	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्म बालक-बालिका का फल पुरुष अंगों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा चक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कंधे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थान
५	७	२	४	४	८	१०	६	७	७	घट्यः
पुत्रादि	पितृ नाश	मातृ नाश	स्त्री लाभ	गुरु भक्त	बली	आत्म हानि	भ्रमः	तपस्वी	धन हानि	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
१०	५	९	७	१३	१२	४
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानिः	मातृ हानिः	पितृ हानिः	अल्पायुः

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें। कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिए:

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१	२	३	४	५	६	विभागः
शुभम्	पितृ नाश	मातृ नाश	मातुल नाश	कुल हानिः	धन हानिः	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली कुहू जनन फल

सिनीवाली— अमावस्या की अन्तिम पांच घटियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृश्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिए। यह अंतिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु, गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल— अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जायं तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिध योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रांति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्यघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महापात योग), विश्वधस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिए शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिए। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतिपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अधि भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, वार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनकी शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री दासी गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह। सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुनः॥
एक लिंगो विनाशाय द्वि लिंगो मध्यमौ स्मृतौ। पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयो तत्र शान्तिर्विधीयते॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलावल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल,	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	बिल्ली और मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै ह्रांह्रां ह्रीं ह्रीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वत: स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली [illegible]काल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहण-२ अस्त्र ठ: ठ: चामुण्डे चण्डिके ठ: ठ: स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में घट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर रखना।	गोश्रृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐह्रीं फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ तकिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हूं २ हन २ दुष्टाना ह्रीं हूं फट् स्वाहा

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं.	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धिभ्रम	९	१, २, ३,४ ९,१०, ११, २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षु: प्राणंनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रयम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नम:॥	५ सहस्र	खण्ड यव घृत	गुडौदन तिल	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यम:)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	०,८०,४०,११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यतै पितृमते स्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्म: पित्रे॥ ॐ यमाय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र
कृत्तिका (अग्नि:)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरूशूल	९	९,११,१६,२८	ॐ अग्निमूर्धादिव: ककुत्पति: पृथिव्या अयम्। अपा रेता सिंजिन्वति॥ ॐ अग्नये नम:॥	१० सहस्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कापसि मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, वडाधीका, नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७,९,१८,३०	ॐब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमत: सुरूचोवेनआव: सुबेध्न्या उपमाअस्यविष्ठा: सतश्चयोनिमसतश्चविधव:॥ ॐ ब्रह्मणेनम:॥	५ सहस्र	तिलाज्य घृत यव	मध्वाज्यक्षी साख्यन्नक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कया भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्र:)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९,५,७,१०	ॐ इमन्देवा असपत्न सुवध्वं महतेक्षे त्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्यपुत्रमभुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोस्माक ब्राह्मणाना राजा॥ ॐ चन्द्रमसे नम:॥	१० सहस्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	०,१८,०,०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नम: बाहुभ्यामुतते नम: ॥ ॐ रुद्राय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सचंदना अश्वत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७,१४,२,२१	ॐअदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्र: विश्वे देवा अदिति: पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥ ॐअदिताय: नम:॥	१० सहस्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७,७,१०,२१	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छवत्र सऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐबृहस्पतये नम:॥	१० सहस्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य।	सूवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्प:)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	०,०,४१,०	ॐनमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्योनम:॥ ॐसर्पेभ्यो नम:॥	१० सहस्र	शर्करा घृत	हव्य दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्ठान्न, नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितर:)	शिर पीड़ा, अर्द्धमात्र पीड़ा	२०	१५,७,१७,२०	ॐ पितृभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधा नम:। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितर: पितर: शुन्धध्वम्॥ ॐ पितरम्ये नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्धान	भंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, उड़द
पू.फा. (भग:)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	०,१५,०,३०	ॐभगप्रणोतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्न: भगये प्रणोजनयगोभिरश्चैर्भयप्रनृभिनृवैन: स्याम॥ ॐभगाय नम:॥	१० सहस्र	कङ्गनी तिलघृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य।	पित्तल, यव उड़द स्वर्ण गौ दान
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	७	७,१४,७,६०	ॐदेवावध्वर्यूश्चागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वाय समंजाये तं प्रत्नकथा यं वेनश्चित्रं देवानाम्॥ ॐ अर्यम्णे नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर, गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, सुवर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरुशूल, आफरा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५,१७,१५,०	ॐ विभ्राडबृहत्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दधयज्ञपता व विहुतमम् वातूजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजा: पुपोषपुरुधा विराजति॥ ॐसवित्रे नम:॥	५ सहस्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	स्वर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११,९,९,१६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदा-छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदध:॥ ॐ विश्वकर्मणे नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखव मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	६०,१७,३०,०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणी रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये॥ ॐ वायये नम:॥	१० सहस्त्र	तिल,यव घृत	घृत पायस	जाति मूलम्	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प) अगर, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तवेणु पकवान्न
विशाखा: (इन्द्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५,०,४,१३	ॐ इन्द्राग्नी आगंत सुतं गीर्मिर्नमो वरेण्यंमू। अस्यं पातं धियेषिता॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृत दीप, धृपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछायापात्रदान
अनुराधा (मित्र:)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६०,१२,३६,३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत सपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशथ्ठसत्॥ ॐ मित्रायनम:॥	१० सहस्त्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुड उड़द	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९,९,६,४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र थ्ठ हवे हवे सुहवथ्ठशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहुतमिन्द्रथ्ठस्वस्तिनो मधवा धात्विन्द्र:॥ ॐ इन्द्राय नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्ण तिल, नील वस्त्रदान
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	७	०,९,१५,६	ॐ मातेव पुत्र पृथ्वी पुरीष्यमणि स्वेयोनाव भारुषा। तां विश्वेदेवर्ऋतुभि: संवदान: प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नम:॥	५ सहस्त्र	कन्दमूल घृत	सहवि उड़द	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णगरु धूप, माषामिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू.षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	०,१५,२४,१०	ॐ अपाधमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्ग-त्वमस्मदंनदु:स्वप्न्यथ्ठसुव॥ ॐ अदभ्यो नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठानहवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपापायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जलकुम्भ गौदान
उ.षा. (विश्वे-देवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३०,२४,२९,१६	ॐविश्वेदेवा: शृणुतेमथ्ठहव मे ये अन्तरिक्षे य उपध्यविष्ठम्। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोषभय, अतिसार	११	६०,२४,६,९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नेप्त्रेस्थो विष्णो: स्थूरत्सि विष्णोर्धुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णेव नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिलाज्य सहविपायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रश शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५,२,२७,२१	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामक्षुध:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गराज मूलम्	श्वेतचंदन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुण:)	वात-ज्वर, सन्निपात, कष्ट	११	०,४५,३,३६	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद॥ ॐवरुणाय नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगर गंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	०,१२,५१,१७	ॐउतनोऽहिर्बुध्न्य शृणोत्वजं एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋता-वृधोहुवानास्तुता मंत्रा: कविशस्ता अघन्तु॥ ॐ अजैकपदे नम:॥	१० सहस्त्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृंङ्गराज मूलम्	केसर चन्दन गंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छायापात्रदान
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१०,२०,७,१५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामालि थ्ठ सी निन नवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्या प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिल घृत भुदग् माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती (पू.षा.)	बात, पित्तमय-ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम		१८,१०,९,२०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इह स्मसि॥ ॐ पूष्णे नम:॥	५ सहस्त्र	तिलाज्य तण्डुल	सहवि दध्यन्न	अश्वत्थ मूलम्	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तवस्त्र, पैत्तलपात्रं वृषभ, छायापात्र

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हडफूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी विहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोथ, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोवान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है—समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोशृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं—वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निंद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निंद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे—तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में—श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), धृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नेवैद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य—गाय, भैंस का घी

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नेवैद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नेवैद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नेवैद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नेवैद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नेवैद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कडुवा सब प्रकार के स्वादों से युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छत्तरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिद्रव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), शाल्यन्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल), तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रान्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़ियों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ॐ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेडू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में सूर्य, मंगल हो तो बालक गूंगा होता है।

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मगंल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८) तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल छोटे भाई को कष्ट दायक होता है।

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में हो तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धुम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुष्कल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो, 'काहल योग' बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रशस्त कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है, परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन सुख योग

१. नवमेश, लाभेश और दशमेश— ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारहवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

कुण्डली में अरिष्ट योग

(१) अगर जन्म कुण्डली में नवें-पाँचवें तथा केन्द्र स्थानों में पाप ग्रह हों और छठे, आठवें, बारहवें शुभ ग्रह हों तो सूर्य उदय होते ही उसी दिन बच्चे की मृत्यु हो जावे।

(२) यदि चन्द्रमा अष्टम भाव में हो, राहु चतुर्थ भाव में हो और पाप ग्रह केन्द्र में हो तो बालक एक वर्ष तक जीवे।

(३) यदि लग्न, द्वितीय, द्वादश एवं अष्टम भाव में क्रूर ग्रह हों तो बारहवें या आठवें दिन विष्ठा का मार्ग रुक कर जातक की मृत्यु हो।

(४) यदि चन्द्रमा बारहवें भाव में हो और पाप ग्रह लग्न सप्तम और अष्टम भाव में हो और केन्द्र में शुभ ग्रह न हो तो बालक शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो।

(५) यदि जन्म लग्न से मंगल, सूर्य, शनि छठे या आठवें भाव में हो तो बालक वर्ष भर न जीवे।

(६) यदि छठे या आठवें चन्द्रमा पाप ग्रहों से दृष्ट हो और शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो बालक एक वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त हो।

(७) यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में और पाप ग्रह केन्द्र अथवा अष्टम स्थान में हो तो बालक की मृत्यु हो।

(८) यदि सप्तम स्थान में शनि, राहु, मंगल से युक्त चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो बालक की सातवें दिन अथवा सातवें मास मृत्यु हो।

(९) यदि लग्न में सूर्य, पंचम भाव में चन्द्रमा हो और अष्टम भाव में शनि हो तो बालक नहीं जीवे।

(१०) यदि लग्न में शत्रु-राशिस्थ शनि पाप ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक की एक वर्ष के अन्दर मृत्यु हो।

(११) जिसके समस्त शुभ ग्रह छठे-आठवें स्थान में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो वह बालक महीने के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

(१२) जिसके शनि के घर में सूर्य और सूर्य के घर में शनि हो तो दैव भी रक्षा करें तो भी बारहवें वर्ष में मृत्यु होती है।

अन्य अरिष्ट योग-(१) तृतीया, दशमी, षष्ठी और शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी यह तिथियां यदि मंगल या शनिवार की हों, साथ ही मूल नक्षत्र का योग हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक सम्पूर्ण कुल का नाश करता है।

(२) यदि तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का और तीन पुत्रियों के पश्चात् बालक का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है।

(३) यदि चन्द्रमा पाप ग्रहों से युक्त पाप ग्रहों के बीच में हो अथवा चन्द्रमा से सातवें पाप ग्रह हो तो बालक की माता का नाश होवे।

(४) यदि सूर्य पाप ग्रह से युक्त हो और लग्न भी पाप ग्रह से युक्त हो अथवा पाप ग्रहों के बीच में हो तो बालक के पिता का नाश होवे।

(५) यदि छठे स्थान में पाप ग्रह बारहवें चन्द्रमा और चौथे घर में मंगल हो तो उसकी माता न जीवे।

(६) यदि लग्न भाव में शनि छठे भाव में चन्द्रमा और सातवें भाव में मंगल हो तो जातक का पिता न जीवे।

(७) चतुर्थ भाव में पाप ग्रह माता को, दशम भाव में पिता को और सप्तम भाव में पिता और माता दोनों का नाश करता है।

(८) उच्च या नीच किसी के सातवें सूर्य हो तो बालक शीघ्र ही माता का नाश करे।

(९) जिसके दशम भाव में मंगल शत्रु राशिस्थ हो, उसका पिता शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो।

अरिष्ट भंग योग-(१) ऊपर दिए गए अरिष्ट योग होने पर भी यदि लग्नपति अत्यन्त बली हो, शुभ ग्रहों से युक्त व केन्द्र में स्थित हो तथा पाप ग्रह की दृष्टि से रहित हो तो जातक दीर्घायु होता है।

(२) गुरु, शुक्र और बुध में से कोई एक भी बली होकर केन्द्र में हो और उस पर पाप ग्रह की दृष्टि न हो तो अरिष्ट का नाश करता है।

(३) यदि चन्द्रमा अपनी उच्चराशि, स्वराशि अथवा मित्र राशि में हो और शुभ दृष्ट हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(४) यदि राहु तीसरे, छठे या ग्यारहवें बैठा हो और उसे शुभ ग्रह देखते हों, अथवा वृष, कर्क, मेष राशि का राहु लग्न में हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(५) यदि सभी ग्रह मित्रक्षेत्री हों तो अरिष्ट दूर होते हैं।

आयुर्दाय विचार बोधक चक्र

दीर्घ	मध्य	अल्प
चर	चर	चर
चर	स्थिर	द्विस्वभाव
स्थिर	द्विस्वभाव	स्थिर
द्विस्वभाव	द्विस्वभाव	स्थिर

उपरोक्त चक्र से आयु का विचार तीन प्रकार से करें। १. लग्नेश अष्टमेश से, २. शनि चन्द्रमा से, ३. लग्न वा होरा लग्न से—जैसे लग्न चर में है और अष्टमेश भी चर में हो तो दीर्घ, लग्न स्थिर में हो और चन्द्रमा द्विस्वभाव में हो तो दीर्घ, लग्न द्विस्वभाव में हो और होरा लग्न स्थिर में हो तो दीर्घ आयु।

यदि तीनों प्रकार से आयु भिन्न-भिन्न आये और चन्द्रमा लग्न और सप्तम में न हो तो लग्न वा होरा लग्न से जो आयु आये उसे ग्रहण करें, यदि लग्न से या सप्तम में चन्द्रमा हो तो शनि और चन्द्रमा से जो आयु आये उसे ग्रहण करें।

होरा लग्न—इष्ट घड़ी को १२ अंशों से गुणा कर जो फल अंशादि आयेगा उसको राश्यादि करके स्पष्ट सूर्य में जोड़ने से होरा लग्न होगा।

उपरोक्त तीनों प्रकार से दीर्घायु आये तो १२० वर्ष तथा तीनों प्रकार से मध्यमायु ८० वर्ष है, दो प्रकार से ७२ और एक प्रकार से ६४ वर्ष होती है एवं तीनों प्रकार से अल्पायु ३२ वर्ष, दो प्रकार से २६ और एक प्रकार से अल्पायु २० वर्ष होती है।

उपरोक्त तीनों प्रकार से आयु निर्णय करने पर जिस-जिस प्रकारों से आयु का निर्णय हो अर्थात् लग्नेश अष्टमेश से हानि चन्द्रमा, लग्न व होरा से यदि इन तीनों प्रकार से एक ही प्रकार की आयु आये तो तीनों का अर्थात् लग्नेश का अष्टमेश शनि चन्द्रमा का लग्न वा होरा लग्न से स्पष्ट की राशि को छोड़ कर मेष अंश कलादि फल को युक्त कर ६ से भाग दें जो अंश कला विकला आये ऊपर लिखी सारणी में अंश फल सारणी में अंशों के नीचे का फल, कला फल सारणी में कला का फल, विकला फल सारणी में विकला का फल लेकर तीनों को युक्त करो तो यह युक्तफल वर्ष आदि आएंगे। इन को ऊपर कहीं आयु में घटाने से स्पष्ट आयु आ जायेगी। दो प्रकार की आयु आने पर उनके अंशादि के योग में ४ का भाग देना और एक प्रकार से २ का भाग देना। **उदाहरण**—जैसे लग्न सिंह और लग्न का स्वामी चर राशि में पड़ा है और अष्टमेश गुरु भी चर राशि में है दीर्घायु। (२) शनि चन्द्रमा स्थिर में हो तो अल्पायु लग्न और होरा लग्न स्थिर में हो तो अल्पायु होती है यह दो प्रकार से अल्पायु है।

अतः शनि चन्द्रमा होरा लग्न की राशि को छोड़कर शेष अंशादि को युक्त करके ४ का भाग देने से जो अंश कला विकला आए उनका फल नीचे लिखी सारणी से लेकर उसको २६ वर्ष में से घटावें तो स्पष्ट आयु आ जायेगी।

अष्टमक्षं तृतीयं च लग्नादायुरुदाहृतम्। द्वितीयं सप्तम स्थानं मारकस्थानमुच्यते। क्वचिद् लग्नेश व्ययेश-अष्टमेश दशास्वपि मारकसम्भवः। परस्पर षष्टाष्टमेश्यो दशन्ति रज्च न शोभनम्। मारके मारकातरम शोभनम् व्यय द्वितीयेश वद्ग्रहाः फलप्रदाः लग्नेशदशाऽतिष्टे सम्बन्ध रहिता न मारककारिणी पापदशात्वदनिष्टवेति।

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु विचार सारणी

अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	१	१	३	४	४	५	६	७	८	८	९	१०	११	०	०	०	१	२	२	४	४	६	७	७	७	८	६	१	१
दिन	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन कला ज्ञान सारणी

कला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	०	०	०	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	६	६
दिन	६	११	१३	२५	२	८	१४	२१	२७	४	१०	१६	२३	२९	६	१२	१८	२६	१	८	१४	२०	२७	३	१०	१६	२	२९	५	१२
घड़ी	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
कला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
मास	६	६	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२
दिन	१९	२४	१	७	१४	२०	२३	३	५	१३	२२	२८	५	११	१८	२४	०	७	१३	२०	२६	१	३	१५	२२	१८	४	११	१७	२४
घड़ी	२४	४८	३६	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन विकला फल सारणी

विकला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
दिन	०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३
घड़ी	६	१२	१९	२५	३२	३८	४४	५१	५७	४	१०	१६	२३	२९	३६	४२	४८	५५	१	८	१४	२१	२७	३३	४०	४६	५२	५९	५	१२
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
विकला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
दिन	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६
घड़ी	१८	२४	३१	३७	४४	५०	५६	३	९	१६	२२	२८	३३	४१	४८	५४	०	७	१३	२०	२६	३२	३९	४५	५२	५९	४	११	१७	२०
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

द्वादश लग्न अथवा राशियों के प्रभाव

मेष लग्न—मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, गोल नेत्र, मुख पर चिह्न, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी, उद्यमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतंत्र विचार वाला, प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली, स्वछन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं तथा अद्भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मेकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्रायः शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२, २८, ३२, ३६वें वर्ष में होता है।

वृष लग्न—जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्ष्यालु, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरण शक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्मैटिक्स, भवननिर्माण, जवाहरात, विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कण्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६ एवं ४२वें वर्ष में होता है।

मिथुन लग्न—जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित्त, चपल, तीक्ष्ण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रुचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्टस, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ, चन्द्रमा अशुभ, मंगल, सूर्य, अरिष्टकारक होते हैं।

कर्क लग्न—जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सुगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल हृदय, कल्पनाशील, परिश्रमी, भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मंत्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर, हृदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२वें वर्ष में होता है।

सिंह लग्न—जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट, शरीर, प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रशासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते है। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ, राहु केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

कन्या लग्न—जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाजू होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी, विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवाले, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यिक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

तुला लग्न—जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रसन्नचित्त तथा तीक्ष्ण बुद्धिवाला होता है। न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र शुभ, सूर्य, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

वृश्चिक लग्न—जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ, गूढ़ विद्याओं का ज्ञात होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एवं संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप दुष्ट हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी, अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २२, २४, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

धनु लग्न—बड़े कान, लम्बी गर्दन, बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव, न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान्, उदार, गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कुलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्कपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्याक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, वकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए सूर्य, बुध, बृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२वें वर्ष में होता है।

मकर लग्न—जातक का लम्बा कद, सुन्दर नेत्र, सेवाभावी, धैर्यवान, गम्भीर, मननशील, महत्वाकांक्षी, उद्योगी, संयमी, परिश्रमी एवं कार्यशील, उदासीन, दार्शनिक, आस्तिक, गृहस्थ जीवन से असंतुष्ट, आत्मप्रशंसा में विश्वास न करने वाला होता है। यह व्यक्ति बड़े होकर अधिकारी, कृषि अथवा भूमि से उत्पन्न वस्तुओं सम्बन्धी व्यवसाय अथवा कार्यालयों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको जोड़ों का दर्द तथा अन्य वायु जनित रोग होने की संभावना रहती है। इनका भाग्योदय २५, ३३, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

कुम्भ लग्न—जातक का मध्यम कद, मांसल होंठ, आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग तीव्र बुद्धि, दयालु, मिलनसार, प्रभावशाली, अनेक मित्रों से युक्त, स्वच्छ हृदय तथा विशाल दृष्टिकोण वाले, क्रान्तिकारी, विचारक, रोचकवक्ता एवं साहित्य में रुचि रखने वाले होते हैं। अगर शनि शत्रु राशिस्थ अथवा नीच हो तो जातक दम्भी, कामी, लांछन प्राप्त करने वाला, उद्दण्ड एवं निर्लज्ज होता है। बड़े होकर यह लोग प्राध्यापक, सुधारक, इंजीनियर, मुद्रण, रेडियो, बिजली, यात्रा, वायुयान एवं तकनीकी कार्यों में सफलता प्राप्त करते हैं। इनको सिर अथवा पेट दर्द, वायुरोग, उदर पीड़ा एवं कोष्ठ बद्धता इत्यादि रोग हो सकते हैं। इनके लिए शुक्र शुभ तथा गुरु एवं चन्द्र अशुभ फलदायक है। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६, ४२वें वर्ष में होता है।

मीन लग्न—जातक का छोटा कद, स्थूल शरीर, शान्त एवं विनम्र स्वभाव होता है। यह लोग धर्मपरायण, रूढ़िवादी, आस्तिक, परोपकारी, लज्जाशील, महत्वाकांक्षी, सुनिश्चित एवं सुसंस्कृत बहुकुटुम्बी, सद्गृहस्थी होते हैं। बड़े होकर यह लोग समाज सुधारक, आध्यात्मवादी, चलचित्र व्यवसाय, पुरातत्व वस्तुओं के व्यापारी, काव्य एवं हास्य व्यंग्य लेखक, कलाकार, औषधी विषयक, जल परिवहन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। इन्हें छूतछात की बीमारियां होने का डर रहता है। इनके लिए मंगल शुभ, सूर्य, शुक्र, शनि, बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १२, १६, २८, ३३वें वर्ष में होता है।

नूतन वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारिणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	३	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१
घटी	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	३	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२६	४१	५६	१२	२७	४३	५८	१३	२९	४४	५९	१५
पल	२२	४५	८	३१	५४	१७	४०	३	२६	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३	१६	३९	१	२४	४७	१०	३३	५६	१९	४२	५	२८	५१	१४	३७	०	२३	४६	९	३२	५५	१८
विपल	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	६०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२
घटी	३०	४६	१	१६	३२	४७	२	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२६	४१	५६	१२	२७	४३	५८	१३	२९	४४	५९	१५	३०
पल	४०	३	२६	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३	१६	३९	२	२५	४८	११	३४	५७	१९	४२	५	२८	५१	१४	३७	०	२३	४६	९	३२	५५	१८	४१	४	२७	५०	१३	३६
विपल	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३२	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०	५७	५४	५१	४८	४५	४२	३९	३६	३३	३०	२७	२४	२१	१८	१५	१२	९	६	३	०

प्राचीनमान वर्ष प्रवेश सारिणी

वर्ष	०१	०२	०३	०४	०५	०६	०७	०८	०९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वार	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०२	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२
घड़ी	१५	३१	४६	०२	१७	३३	४८	०४	१९	३५	५०	०६	२१	३७	५२	०८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५
पल	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	०१	३३	०४	३६	०७	३९	१०	४२	१३	४५
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००
वर्ष	**३१**	**३२**	**३३**	**३४**	**३५**	**३६**	**३७**	**३८**	**३९**	**४०**	**४१**	**४२**	**४३**	**४४**	**४५**	**४६**	**४७**	**४८**	**४९**	**५०**	**५१**	**५२**	**५३**	**५४**	**५५**	**५६**	**५७**	**५८**	**५९**	**६०**
वार	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०३	०४	०५
घड़ी	०१	१६	३१	४७	०३	१८	३४	४९	०५	२१	३६	५२	०७	२३	३८	५४	०९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	००	१५	३१
पल	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३७	०९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००
वर्ष	**६१**	**६२**	**६३**	**६४**	**६५**	**६६**	**६७**	**६८**	**६९**	**७०**	**७१**	**७२**	**७३**	**७४**	**७५**	**७६**	**७७**	**७८**	**७९**	**८०**	**८१**	**८२**	**८३**	**८४**	**८५**	**८६**	**८७**	**८८**	**८९**	**९०**
वार	०६	०१	०२	०३	०४	०६	०७	०१	०२	०४	०५	०६	०७	०२	०३	०४	०५	०७	०१	०२	०३	०५	०६	०७	०१	०३	०४	०५	०७	०१
घड़ी	४७	०२	१८	३३	४९	०४	२०	३५	५१	०६	२२	३७	५३	०८	२४	३९	५५	१०	२६	४२	५७	१२	२८	४४	५९	१५	३०	४६	०१	१७
पल	०१	३३	०४	३६	०७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	००	३१	०३	३४	०६	३९	०९	४०	१२	४३	१५
विपल	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००

वर्ष फल साधन

जिस सम्वत् का वर्ष फल बनाना हो, उस सम्वत् से जन्म का सम्वत् घटाने से जो शेष हो वह गत वर्ष जानो। ऊपर दी गई सारिणी में गतवर्षांक के नीचे के वारादि अंकों में जन्म के वार और इष्ट के घटी पल जोड़ने से वर्ष प्रवेश का वार और इष्ट घटी पल हो जाते हैं। इस इष्ट के अनुसार लग्न सारिणी से लग्न बना लेना वह वर्ष लग्न होगा। तदन्तर वर्ष प्रवेश के इष्ट घटी पल के समय पर जो ग्रहों की इष्ट वर्ष के पंचांग में स्थिति होगी उसके अनुसार वर्ष कुण्डली में ग्रहों को स्थापित करें।

मुन्था— गत वर्षों में जन्म लग्न का अंक जोड़ो तदन्तर १२ से भाग देने पर जो शेष बचे उस राशि में मुन्था रखें।

त्रिपताका चक्र— वर्ष प्रवेश के वर्षों को ९ से भाग दें जो शेष बचे जन्म राशि से उतने घर में चन्द्रमा लगावें। शेष ग्रहों के लिए प्रवेश के वर्षों को ४ से भाग देवें जो शेष बचे वर्ष कुण्डली में (जन्म कुण्डली में जिस राशि में ग्रह स्थित हो उससे) उतने घर छोड़कर बाकी ग्रह लगावें। राहु केतु उल्टे गिनें। वर्ष लग्न को त्रिपताका के मध्य में रखकर क्रमशः अंक लिखें। माना वर्ष लग्न कर्क है। त्रिपताका चक्र निम्नवत है।

दशा— गत वर्षों में जन्म नक्षत्र संख्या जोड़ कर उसमें २ घटायें तदन्तर ९ का भाग देने से जो शेष बचे सो इस तरह दशा जानो— १ बचे तो सूर्य, २ बचे तो चन्द्रमा, ३ बचे तो मंगल, ४ बचे तो राहु, ५ बचे तो बृहस्पति, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, ९ से शुक्र की दशा होगी। दशा दिन नीचे दिए गए हैं:—

मुद्दा दशा

सूर्य	चं.	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.	ग्रह
१८	३०	२१	५४	४८	५७	५१	२१	३०	दिन

त्रिराशिपति— वर्ष लग्न की जो राशि हो उस राशि के सामने नीचे दिए गए चक्र में देखो। दिन में वर्ष प्रवेश हो तो दिनपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, रात्रि में हो तो रात्रिपति के सामने राशि के नीचे जो ग्रह लिखा है, वह त्रिराशिपति होगा:—

राशि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
दिनपति	सू.	शु.	श.	शु.	बु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	बृ.	चं.
रात्रिपति	बु.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	बृ.	चं.

दृष्टि ज्ञान— वर्ष एवं कुण्डली में जो ग्रह जिस भाव में स्थित हो वह उस भाव से पांचवें, नवें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि तथा तीसरे, ग्यारहवें, भाव को गुप्तमित्र दृष्टि से देखता है। ग्रह अपने स्थान से पहले और सातवें भाव को प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि से तथा चतुर्थ-दशम भाव को गुप्त शत्रु दृष्टि से देखता है।

वर्ष कुण्डली में शुभाशुभ योग

शुभ योगः-

वर्ष लग्न वर्ष लग्न का स्वामी तीसरे, छठे, दसवें घर में बलयुक्त हो तो सुख और मन में प्रसन्नता होती है, धन प्राप्ति, शत्रु नाश तथा अरिष्टनाश होता है।

जिस वर्ष में लग्न और दशम भाव का स्वामी एक ही हो तो उस वर्ष में सब अरिष्ट दूर होकर धन की प्राप्ति हो तथा अधिकारियों एवं मित्रों से यश और सुख मिले।

यदि गुरु, बुध, शुक्र, इनमें से कोई एक ग्रह भी केन्द्र में स्थित हो, नीच का न हो और शत्रु के साथ न हो, सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण अरिष्ट दूर होते हैं।

जो ग्रह जन्म कुण्डली में नीच का हो परन्तु वर्ष कुण्डली में वही ग्रह अष्टम वा मित्रभाव में हो तो अनेक सुख धन देने वाला होता है, मित्र का आगमन करने वाला तथा वर्ष में सम्पूर्ण अरिष्ट दूर करता है।

यदि मुंथापति १, ३, ४, ७, १०, ११ स्थान में स्थित हो तो जातक को यश-मान मिलता है।

यदि वर्षपति केन्द्र व त्रिकोण में स्थित हो और सौम्य ग्रह से युक्त हो तो सम्पूर्ण वर्ष में शुभ हो तथा शत्रु नाश, धनधान्य तथा यश का लाभ हो।

यदि जन्म लग्नेश वर्ष कुण्डली में केन्द्र अथवा त्रिकोण में स्थित हो तो सब अरिष्ट योग का नाश और धर्म-कर्म की प्राप्ति करता है।

यदि जन्म लग्न और वर्ष लग्न एक ही हो जाए तो उस वर्ष में कर्म का उदय हो और जातक का बाहुबल बढ़े तथा यश-सम्मान मिले।

यदि छठे, आठवें भाव का स्वामी बारहवें भाव में स्थित हो अथवा शनि एवं क्रूर ग्रहों से युक्त हो तो उस वर्ष का अरिष्ट दूर होता है। तथा अपने वर्ग का अरिष्ट होता है।

यदि मुंथा से सूर्य व मंगल पंचम स्थान में पड़े हों तो उस वर्ष में क्षेम, आरोग्य और सब अरिष्ट नाश होते हैं।

यदि वर्ष लग्नेश सप्तम भाव में हों और सप्तमेश लग्न में हो तो उस वर्ष अर्थ की सिद्धि होकर अरिष्ट दूर होता है।

यदि सूर्य नवम अथवा दशम भाव में शुभ ग्रहों से युक्त हो तो धन का लाभ तथा अरिष्ट दूर होता है।

सन्तान योगः-

गुरु जन्म कुण्डली में जिस राशि में हो, वर्ष में वह राशि यदि पंचम भाव में हो अथवा उस भाव में वर्षपति या बुध वा मंगल हो तो पुत्र की प्राप्ति हो।

यदि चन्द्र मुंथा सहित पंचम भाव में हो और पंचमेश भी पंचम भाव में हो अथवा पंचमेश बलवान हो तो उस वर्ष पुत्र हो।

नेत्र रोगः-

शुक्र लग्न में अथवा बारहवें सूर्य, मंगल सहित हो तो वर्ष में नेत्र रोग होता है।

यदि पाप ग्रह द्वितीय, द्वादश लग्न व सप्तम भाव में हो और इन शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो ते अंध रोग होगा।

नौकरी से निलम्बित होने का योगः-

वर्ष कुण्डली में दशम स्थान का स्वामी नीच होकर अष्टम स्थान में पड़े या कर्म स्थान में पाप ग्रह स्थित हो तो जातक नौकरी से अपदस्थ होता है और सुख का नाश होता है। वर्ष कुण्डली में अष्टम भाव का मालिक दशम स्थान में स्थित हो और दशमेश अष्टम भाव में क्रूर ग्रह युक्त अथवा वीक्षित हो तो भी नौकरी छूटने का डर रहता है तथा धन का नाश होता है।

अशुभ योगः-

यदि मुंथापति वर्ष लग्नेश के साथ अष्टम भाव में स्थित हो तो मृत्यु तुल्य कष्ट देता है, जननेन्द्रिय पीड़ा, रुधिर प्रकोप, कंठावरोध उत्पन्न करता है।

यदि राहु सप्तम भाव में मंगल, चन्द्रमा और सप्तमेश सहित स्थित हो तो वर्ष में स्त्री को मृत्यु-तुल्य कष्ट देते हैं।

चतुर्थ भाव का स्वामी यदि छठे, आठवें, बारहवें भाव में पाप ग्रह युक्त हो, लग्न और चतुर्थ भाव क्रूर ग्रह युक्त अथवा बीक्षित हो तो उस वर्ष में माता का क्षय, अनेक रोग होते हैं।

मुंथापति यदि अष्टम भाव में हो और मुंथा छठे घर में हो तो स्त्री के अगं में पीड़ा, उदर में गुल्मादि रोग तथा अरिष्ट हो।

यदि सप्तमेश, शनि के साथ बारहवें भाव में स्थित हो तो उस वर्ष में कलत्र पीड़ा करे, लोकापवाद, स्वजनों में वैर, सन्तान पीड़ा, मन में व्यग्रता हो।

यदि अष्टमेश, छठे भाव में स्थित हो और चन्द्रमा क्रूर ग्रह युक्त हो अथवा क्रूर ग्रह उसे देखते हों और उस पर बृहस्पति की दृष्टि न हो तो मनुष्य यमलोक को गमन करता है।

यदि अष्टमेश केन्द्र में हो, लग्नेश बारहवें या छठे भाव में हो, चन्द्रमा पाप युक्त अष्टम में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट होता है।

यदि सूर्य सप्तम भाव में हो और शनि उसके साथ हो, वा रन्ध्रेश शनि युक्त हो तो उस वर्ष में सम्पूर्ण धन का नाश हो।

यदि चन्द्रमा केतु युक्त होकर अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो तथा स्त्री का वियोग हो।

यदि गुरु, चन्द्रमा सहित अष्टम भाव में स्थित हो और शनि सहित मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो।

वर्ष कुण्डली में यदि शनि मेष अथवा वृश्चिक में हो और मंगल सप्तम स्थान में पाप ग्रह से युक्त हो तो कलत्र नाश और धन हानि हो।

यदि सप्तम स्थान में पाप ग्रह हो, अष्टम में शुक्र और चन्द्र हो तो वर्ष में रोग से पीड़ा हो।

छठे, आठवें लग्नेश हो और मंगल, चन्द्रमा अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष विष अथवा दुर्घटना से पीड़ा हो।

यदि लग्न में पाप ग्रह के साथ अष्टमेश स्थित हो और लग्नेश चन्द्र सहित अष्टम भाव में स्थित हो तो उस वर्ष रोग शोकादि से शरीर क्षय हो।

यदि अष्टम भाव में गुरु पापयुक्त हो, चन्द्रमा बारहवें शनि युक्त हो तो उस वर्ष राज्याधिकारियों से दंड अथवा पीड़ा हो।

यदि मुंथा अष्टम हो, अष्टमेश रवि मंगल से युक्त हो तो मनुष्य का कफ पित्त रोगों से शरीर नष्ट हो।

चतुर्थ भाव में शनि, दशम भाव में मंगल हो, द्वितीयेश नीच राशि का होकर अस्त हो गया हो तो माता-पिता का अवश्य क्षय हो।

दूसरे, बारहवें, पहले, सातवें भाव में पाप ग्रह हो और शुभ ग्रहों की उन पर दृष्टि न हो तो जातक अवश्य अन्धा हो जाता है।

अष्टमेश लग्न में हो और लग्नेश अष्टम भाव में हो तो उस वर्ष में अरिष्ट हो, धन, स्त्री, कुटुम्ब में कष्ट हो।

वर्ष लग्नपति तथा अष्टमेश चतुर्थ अथवा अष्टम भाव में हो, उसी स्थान में मुंथा हो तो उस वर्ष मृत्यु-तुल्य कष्ट हो। लग्न, सप्तम, अष्टम में यदि पाप ग्रह हो तो उस वर्ष में चोर, अग्नि, शस्त्र से भय हो।

ग्रह-शील-चक्र

ग्रह चिन्ह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
पर्याय	हेलि	ग्लौ, शीत रश्मि	आर, वक्र भू-सुत	ज्ञ, इंदु-पुत्र विद्, बोधन	जीव, अंगि सुरगुरुइज्य	भृगु, भृगुसुत सितदे, गुरु	कोण, मद सूर्य-पुत्र	तम, अगु, असुर	शिखी
शुभ, पाप	उग्र	शुभ, क्षीण चन्द्र पाप	क्रूर	शुभ, पाप युक्त पाप	शुभ	शुभ	अति पाप	पाप	पाप
देवता	अग्नि	वरुण	स्कन्द	विष्णु	इन्द्र	इन्द्राणी	ब्रह्मा	वायु	आकाश
काल-पुरुष अंग	आत्मा	मन	सत्व, शौर्य	वाणी	ज्ञान-सुख	काम-सुख	दुःख	मृति	स्थिति
पुरुषादि लिंग	पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	वैश्य, शूद्र	ब्राह्मण	ब्राह्मण	अंत्यज	शुद्र	संकर
आकार	चतुरस्र	वर्तुल	चतुष्कोण	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ
स्वभाव	स्थिर	चंचल	उग्र	मिश्र	मृदु	लघु	अतितीक्ष्ण	....	......
स्थान	पर्वत	जलचर	पर्वत, वनचर	विद्वानों से युक्तग्रा. चर	विद्वानों से युक्तग्रा. चर	जलचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर	पर्वत, वनचर
काल	अयन	क्षण मुहूर्त	दिन	ऋतु	मास	पक्ष	वर्ष	....	......
दिशा, कोण	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	अग्नि	पश्चिम	नैऋत्य	सर्वदिशा
ग्रह-शांति में दिशा	मध्य	अग्नि	दक्षिण	ईशान	उत्तर	पूर्व	पश्चिम	नैऋत्य	वायव्य
राजादि पदवी	राजा	राजरानी	सेनापति	युवराज	मंत्री	गुप्त मंत्री	प्रेष्य दूत	सेवक	परिचारक
वय-वर्ष अवस्था	प्रौढ़ (५०)	युवा	तरुण	कुमार	युवा(३०)	किशोर	वृद्ध(१००)	अतिवृद्ध	अतिवृद्ध
रंग	पाटल	गौर	रक्तगौर	दूर्वाश्याम	गौर-पीत	श्वेत-श्याम	नील	कृष्ण	धूम्र
ह्रस्वदीर्घ	ह्रस्व	ह्रस्व	ह्रस्व	ह्रस्व	दीर्घ	ह्रस्व	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ
विद्या	वैद्यक	ज्योतिष	शस्त्र	शिल्प	व्याकरण	संगीत	यावनी वि.	गारुड़ी	गुप्त-तंत्र
भाग्योदय-वर्ष	२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४८

ग्रह चिन्ह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
नशा व गोचर फल काल	प्रथम भाग	अन्त्य	प्रथम भाग	सर्वदा	मध्य	मध्य	अन्त्य	......	......
कारक	पिता	माता	बन्धु, पितृव्य	मामा, बुद्धि वाणी	पुत्र, बुद्धि ज्ञान, धर्म	स्त्री	दूत, भृत्य दारिद्रय	दादा, शत्रु	नाना
कारक भाव	१,९,१०	४	३, ६	४, १०	२,५,९,१०	७	६,८,१०	.....	......
हर्ष-स्थान	९	३	६	१	११	५	१२	......	......
तत्व	अग्नि	जल	अग्नि	पृथ्वी	आका.तेज	जल	वायु	जल-वायु	तेज
गुण	सत्व	सत्व	तामस	राजस	सत्व	राजस	तामस	अति तामस	किंचित तामस
धात्वादि	मूल	जीव	धातु	मिश्रण	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु
रस	तिक्त	क्षार	कटु	मिश्र	मधुर	अम्ल, खट्टा	कशायकसे	तीखा	नीरस फीका
धातु	सुवर्ण	रौप्य	लोहा	यशद	बंग	ताम्र	नाग	पञ्चधातु	अष्टधातु
वस्त्र	मोटा	नवीन	अग्नि-दग्ध	आर्द्र	मध्यम	दृढ़	मलिन	चित्र-विचित्र	जीर्ण-शीर्ण
काल-बल	मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रातः	प्रातः	अपराह्न	संध्या	संध्या	संध्या
पाद	चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजंगअपद	अपद	अपद
भूमि	पशुभूमि	जलभूमि	दग्ध	श्मशान	सुरालय	जलभूमि	उत्कट	ऊषर	ऊषर
स्थान	वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर
शरीर-धातु	अस्थि	रुधिर	मज्जमांस	चर्म त्वचा	मेद	वीर्य-ओज	स्नायु	......	रस
पित्तादि प्रकृति	पित्त	श्लेष्मा	पित्त	समधातु	समधातु	कफ	वात	वात	वात
रोग	नेत्र रोग	नेत्र-पीड़ा	रक्त	त्रिदोष	ज्वर	वीर्य-रोग	वातव्याधि	अस्थि-रोग	अस्थि-रोग
ऋतु	ग्रीष्म	वर्षा	ग्रीष्म	शरद	हेमन्त	वसन्त	शिशिर	शिशिर	शिशिर
दृष्टि	ऊर्ध्व	सम	ऊर्ध्व	तिर्यक्	सम	तिर्यक्	अधो.	अधो.	अधो.

अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष

जनवरी १, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के लिए १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६वें वर्ष भी महत्ववूर्ण होते हैं। इनका १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका २, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से स्नेह होता है। **जनवरी ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के ३, ८, १२, १७, २१, २६, ३०, ३५, ३९, ४४, ४८, ५३, ५७, ६२, ६६वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। **जनवरी ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होगा। **जनवरी ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ तथा १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ५, १४, २३ तिथि को जन्मे व्यक्तियों से आकर्षण होता है। **जनवरी ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ विशिष्ट होते हैं तथा ६, १५, २४ तारीख में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी ७, १६, २५** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्व के होते हैं। २, ७, १६, २०, २५, २९ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। **जनवरी ८, १७, २६** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनका ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीखों में जन्मे व्यक्तियों से लगाव होता है। **जनवरी ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के लिए ९, ८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१, ९०वें वर्ष उत्कर्ष के होते हैं तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २७, ३० तारीख में जन्मे लोगों से आकर्षण होता है।

फरवरी १, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं और १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१ तारीखों में जन्मे व्यक्तियों से इनका लगाव होता है। **फरवरी २, ११, २०, २९** में जन्मे व्यक्तियों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति आकर्षण अनुभव करते हैं। **फरवरी ३, १२, २१** को जन्मे व्यक्तियों के ३, १२, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५वें वर्ष उत्कृष्ट होते हैं। ३, १२, २१, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति इनका लगाव होता है। **फरवरी ४, १३, २२** को जन्मे लोगों के मुख्य वर्ष १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ और ७६ हैं। १, ४, ८, १०, १३, १७, १९, २२, २६, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों से गहरा आकर्षण होगा। **फरवरी ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के लिए ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिनांक ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों से गहरा लगाव होगा। **फरवरी ६, १५, २४** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६८, ८७वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ६, १५, २४, तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **फरवरी ७, १६, २५** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२,५६, ६१, ६५ तथा ७० वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। इनके लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ में उत्पन्न लोग विशेष आकर्षण का कारण होते हैं। **फरवरी ८, १७, २६** इनके लिए ४, ८, १३,१७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से इनका गहरा लगाव होता है। **फरवरी ९, १८, २७** ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ इनके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं तथा ९, १८ तारीख को जन्मे लोगों का ८, ९, १७, १८, २६, २७ तारीख वालों की ओर तथा २७ को जन्मे लोगों का ३, ९, १२, १८, २१, २७ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है।

मार्च १, १०, १९, २८ में जन्मे लोगों के जीवन के १, ३, ४, १०, १२, १३, १९, २१, २२, २८, ३०, ३१, ३७, ३९, ४०, ४८, ४९, ५०, ५७, ५८, ६४, ६६, ६७, ७३ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च २, ११, २०, २९** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५६, ६५, ७४ तथा ७, १६, २५, ३४, ४३, ५२, ६१, ७० हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ३, १२, २१, ३०** में जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ३, १२, २१, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५ होते हैं तथा तारीख ३, ६, ९, १२, १५, २१, २४, २७, ३० में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ४, १३, २२, ३१** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ४, १०, १३, १९, २३, २८, ३१, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३ हैं और १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ तारीख में पैदा हुए लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ होते हैं और ३, १२, २१, ३० तारीख में जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **मार्च ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६० तथा ७८ होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **मार्च ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीखों में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **मार्च ८, १७, २६** में जन्मे लोगों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६७, ७१, ७६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ४, ८, १२, १३, १७, २१, २२, २६, ३०, ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **मार्च ९, १८, २७** में जन्मे लोगों के जीवन के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तथा १, १०, १९, २८ मार्च में जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है।

अप्रैल १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ९, १०, १८, १९, २७, २८, ३६, ३७, ४५, ४६, ५४, ६४, ७२, ७३ होते हैं तथा १, ४, ८, ९, १०, १३, १७, १८, १९, २२, २६, २७, २८, ३१ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण लखते हैं। **अप्रैल २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ९, ११, १६, १८, २०, २५, २७, २९, ३४, ३६, ३८, ४३, ४५, ५२, ५४, ६१, ६३, ७०, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। **अप्रैल ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३०, ३३, ३६, ३९, ४२, ४५, ४८, ५१, ५४, ५७, ६०, ६३, ६६, ६९ होते हैं तथा ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ४, १३, २२** में जन्मे लोगों को जीवन के ४, ८, १३, १९, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६९ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं तथा ४, ८, १३, २२, २६ तथा ३१ तारीख में जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **अप्रैल ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ हैं। इनका ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के लिए जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८, ७२ होते हैं तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अप्रैल ७, १६, २५** जन्मदिन वाले लोगों के लिए ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ तारीख को

जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अप्रैल ८, १७, २६** जन्म तिथि वाले लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ४, ८, १३, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७६ होते हैं। ये ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ तारीख में जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **अप्रैल ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ होते हैं। १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है।

मई १, १०, १९, २८ तारीख वालों के लिए १, २, १०, ११, १५, १९, २१, २४, २८, २९, ३३, ३७, ३८, ४२, ४६, ४७, ५१, ५५, ५६, ६०, ६४, ६५, ६९ वर्ष महत्व के होते हैं। इनका १, २, ६ मूलांक वाली तारीखों को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **मई २, ११, २०, २९** जन्म तिथि वाले लोगों के भाग्यशाली वर्ष २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३३, ३८, ४२, ५१, ५२, ५६, ६०, ६१, ६५, ६९ होते हैं। तारीख १, २, ६, ७, १०, ११, १५, १६, १९, २०, २४, २५, २८, २९ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **मई ३, १२, २१, ३०** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३०, ३३, ३९, ४२, ४८, ५१, ५७, ६०, ६६, ६९ वर्ष उत्कर्ष वाले होते हैं। ये ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० तारीख को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। **मई ४, १३, २२, ३१** जन्म दिन वालों के महत्वपूर्ण वर्ष ४, ६, १३, १५, २२, २४, ३१, ४०, ४२, ४९, ५१, ५८, ६०, ६७, ६९ होते हैं। किसी भी माह को ४, ६, १३, १५, २२, २४, ३१ ता. को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **मई ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के लिए भाग्यशाली वर्ष ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६०, ६८, ६९, ७७ होते हैं। तारीख ५, ६, १४, १५, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति खास लगाव होता है। **मई ६, १५, २४** इनके भाग्यशाली वर्ष २, ६, १५, २०, २४, २९, ३३, ३८, ४२, ५१, ५६, ६०, ६५, ६९, ७८ होते हैं। २, ३, ६ मूलांक वाली तारीखों को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **मई ७, १६, २५** को जन्मे व्यक्तियों को जीवन के २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३४, ३८, ४२, ४३, ४७, ५१, ५६, ६१, ६९वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। किसी माह की १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **मई ८, १७, २६** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ४, ८, १३ १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१, ८० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं और ४, ८, १३, १७, २२, २६ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष आकर्षण होता है। **मई ९, १८, २७** को जन्मे व्यक्तियों के विशेष महत्वपूर्ण वर्ष ६, ९, १५, १८, २४, २, ३३, ३६, ४२, ४५, ५१, ५४, ६०,६ ३, ६९, ७२ होते हैं और ६, ९, १५, १८, २४, २७ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है।

जून १, १०, १९, २८ जन्मतिथि के लोगों के महत्वपूर्ण वर्ष १, ४, ५, १०, १३, १४, १९, २२, २३, २८, ३१, ३२, ३७, ४०, ४१, ४६, ५०, ५५, ५८, ५९, ६४, ६८, ७३ होते हैं तथा १, ४, ५, १०, १३, १४, १९, २२, २३, २८, ३१ तारीख को जन्मे व्यक्तियों से विशेष आकर्षण होता है। **जून २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के २, ४, ५, ११, १३, १४, २०, २२, २३, २९, ३१, ३२, ३८, ४०, ४१, ४७, ४९, ५०, ५६, ५८, ५९, ६६, ६७, ६८ वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। **जून ३, १२, २१, ३०** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ३, ५, १२, १४, २१, २३, ३०, ३२, ३९, ४१, ४८, ५०, ५७, ५९, ६६, ६८, ७५ होते हैं। ये ३, ५, १२, १४, २१, २३, ३० तारीख को जन्मे लोगों के प्रति आकर्षण रखते हैं। **जून ४, १३, २२** को जन्मे व्यक्तियों के लिए जीवन के ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३१, ३२, ४०, ४९, ५०, ५९, ६७ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। ता. ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **जून ५, १४, २३** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ६९ तथा ७७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ता. ५, १४, २३ को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **जून ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के जीवन के ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६०, ६८, ७८ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। ता. ५, ६, १४, १५, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। **जून ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ जन्मतिथि वाले लोगों से विशेष लगाव होता है। **जून ८, १७, २६** को जन्मे लोगों के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ६२, ६७ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०,२५, २९ जन्मतिथि वाले लोगों से विशेष लगाव होता है। **जून ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के ५, ९, १४, १८, २३, २७, ३२, ३६, ४१, ४५, ५०, ५४, ५९, ६३, ६८ विशेष महत्व के होते हैं। दि. ५, ९, १४, १८, २३, २७ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष आकर्षित होते हैं।

जुलाई १, १०, १९, २८ जन्म तिथि वालों को १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१, ३४, ३७, ३८, ४०, ४३, ४७, ४९, ५२, ५५, ५६, ५८, ६१, ६४ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. १, २, ४, ७, १०, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **जुलाई २, ११, २०, २९** को जन्मे लोगों के वर्ष २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० अच्छे होते हैं। दि. १, २, ७, १०, ११, १६, १९, २०, २५, २८, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **जुलाई ३, १२, २१, ३०** जन्मतिथि वालों को ३, १२, १६, २०, २१, २५, ३०, ३४, ३९, ४३, ४८, ५२, ५७, ६१ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. २, ३, ७ ११, १२, १६, २०, २१, २५, २९, ३० को जन्मे व्यक्तियों को ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **जुलाई ५, १४, २३** को जन्मे लोगों को ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७, ८६ वर्ष महत्व के होते हैं तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे लोगों से लगाव होता है। **जुलाई ६, १५, २४** के लोगों के जीवन के २, ६, ७, ११, १५, १६, २०, २४, २५, २९, ३३, ३४, ३८, ४२, ४३, ४७, ५१, ५२, ५६, ६०, ६१, ६५, ६९, ७० वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २७, ३० को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **जुलाई ७, १६, २५** वाले जन्म दिन के लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० तथा ७९वें वर्ष विशेष महत्व के होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। **जुलाई ८, १७, २६** को जन्मे लोगों के लिए ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७वें वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं. **जुलाई ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के लिए १, ९, १०, १८, १९, २७, २८, ३६, ४५, ४६, ५४, ५५, ६३, ६४, ७२वें वर्ष अति महत्वपूर्ण होते हैं तथा ८, ९, २७ तारीखों में जन्मे लोगों के प्रति विशेष अकर्षण होता है।

अगस्त १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के लिए १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३७, ४०, ४६, ४९, ५५, ५८, ६४, ६७, ७३, ७६ महत्वपूर्ण वर्ष होते हैं। ये दि. १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **अगस्त २, ११, २०, २९** को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इनके दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। **अगस्त ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के लिए १, ३, १०, १२, १९, २१, २८, ३०,३७, ३९, ४६, ४८, ५५, ५७, ६४, ६६ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। **अगस्त ४, १३, २२, ३१** को जन्मे लोगों के लिए १, ४, १०, १३, १९, २२, २८, ३१, ३८, ४०, ४९, ५५, ५८, ६४, ७३ वर्ष विशेष महत्व के होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे व्यक्तियों के प्रति विशेष रूप से आकर्षित होते हैं। **अगस्त ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के लिए ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८ वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं तथा ५, १४, २३ तारीख को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अगस्त ६, १५, २४** वाले लोगों को १, ६, १०, १५, १९, २४, २८, ३३, ३७, ४२, ४६, ५१, ५५, ६०, ६४, ६९ वर्ष महत्व के होते हैं। दि. १, ४, १०, १३, १९, २२, २८ को जन्मे व्यक्तियों से विशेष लगाव होता है। **अगस्त ७, १६, २३** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७०, ७४ वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अगस्त ८, १७, २६** को जन्मे लोगों के लिए ४, १३, २२,

३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६ विशेष महत्वपूर्ण होते हैं तथा ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ता. में जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। अगस्त ९, १८, २७ को जन्मे लोगों के लिए ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. १, ९, १०, १८, १९, २७, २८ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण का अनुभव करते हैं।

सितम्बर १, ९, १०, १९, २८ को जन्मे व्यक्तियों के जीवन के १, १०, १९, २८, ३७, ४६, ५५, ६४, ७३ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा दि. १, २, ४, ७, ११, १३, १६, १९, २०, २२, २५, २८, २९, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **सितं. २, ११, २०, २९** जन्मदिन वालों को २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५६, ६५, ७४ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा दि. २, ७, ११, १६, २०, २५ और २७ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण अनुभव करते हैं। **सितं. ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के ३, १२, २१, ३०, ४८, ५७, ६६, ७५ वर्ष महत्व के होते हैं। ३, ५, ६ मूलांक वाली तिथियों में जन्मे लोगों के प्रति आकर्षण का अनुभव करते हैं। सितं. ४, १३, २२ को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६ को जन्मे लोगों से आकर्षण रखते हैं। **सितं. ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ५, १४, २३ को जन्मे लोगों के प्रति आकर्षण का अनुभव करते हैं। **सितं. ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के जीवन के ५, ६, १४, १५, २३, २४, ३२, ३३, ४१, ४२, ५०, ५१, ५९, ६० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ५, ६, २३, २४, २५ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव रखते हैं। **सितं. ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५ विशेष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **सितं. ८, १७, २६** तिथि को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं तथा दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों से विशेष लगाव होता है। **सितं. ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के लिए ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ३, ६, ९ के क्रम में जन्मे लोगों से इनका विशेष लगाव होता है।

अक्टू. १, १०, १९, २८ को जन्मे लोगों के जीवन के १, ६, ८, १०, १५, १७, १९, २४, २६, २८, ३३, ३५, ३७, ४२, ४४, ५१, ५३, ५५, ६०, ६२, ७१ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. १, ४, ६, ८, १०, १३, १५, १७, १९, २२, २४, २६, २८, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति आकर्षित होते हैं। **अक्टू. २, ११, २०, २९** को जन्मे लोगों के लिए २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४७, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अक्टू. ३, १२, २१, ३०** को जन्मे लोगों के लिए ३, ..., १५, २१, २४, ३०, ३३, ३९, ४२, ४८, ५१, ६०, ६६, ६९ वर्ष भाग्यशाली होते हैं। दि. ३, ६, १२, १५, २१, २४, ३० को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अक्टू. ४, १३, २२, ३१** को जन्मे लोगों के जीवन के ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१, ३५, ४०, ४४, ४९, ५३, ५८, ६२, ६७, ७१, ६७, ८० वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दि. ४, ८, १३, १७, २२, २६, ३१ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अक्टू. ५, १४, २३** को जन्मे लोगों के जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ६८, ७७, ८६ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। ता. ५, ६, ८, १४, १५, १७, २३, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण होता है। **अक्टू. ६, १५, २४** को जन्मे लोगों के लिए ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९ वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। दिनांक ६, १५, २४ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष लगाव होता है। **अक्टू. ७, १६, २५** को जन्मे लोगों के जीवन के उत्कर्ष वर्ष २, ७, ११, १६, २०, २५, २९, ३४, ३८, ४३, ४, ५२, ५६, ६१, ६५, ७० होते हैं। दि. २, ७, ११, १६, २०, २५, २९ को जन्मे लोगों के प्रति विशेष आकर्षण रखते हैं। **अक्टू. ८, १७, २६** को जन्मे लोगों के उत्कर्ष के ८, १७, २६, ३५, ४४, ५३, ६२, ७१ वर्ष होते हैं। दिनांक ८, १७, २६ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है। **अक्टू. ९, १८, २७** को जन्मे लोगों के जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ होते हैं। दि. ६, १५, १८, २४, २७ को जन्मे लोगों से विशेष आकर्षण होता है।

यदि अंगुलियां गोलाई लिए हुए हों, उनके पर्व बराबर हों वे आगे से पतली कोमल त्वचा युक्त तथा गांठ रहित हों तो ऐसी स्त्री सुख भोगने वाली होती है।

यदि अंगुलियां बहुत छोटी हों तथा दोनों हाथों से अंजुलि बनाने पर उनके बीच में छेद रहें तो ऐसी स्त्री अपने पति के घर को खाली कर देती है। अर्थात् वह धन का संचय करने वाली नहीं होती, खर्चीली होती है।

स्त्रियों के हाथ में गोल, सीधा तथा गोल नाखून वाला कोमल अंगूठा शुभ होता है। जिस स्त्री के अंगूठे अथवा अंगुलियों में यव का चिह्न हो तथा उस यव (जौ) चिह्न के ऊपर तथा नीचे की रेखा बराबर हो तो ऐसी स्त्री धन-धान्य से अत्यधिक सम्पन्न तथा सुख भोगने वाली होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ का अंगूठा चौड़ा फैला हुआ हो तो वह विधवा होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ का अंगूठा लंबा हो तो वह भाग्य हीन होती है।

स्त्रियों की हस्त रेखा विचार

यदि किसी स्त्री के हाथ में बुध क्षेत्र पर छोटी-छोटी कई खड़ी रेखायें हों तो वह बहुत बातूनी होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ में बुध का पर्वत सूर्य की ओर झुका हुआ हो तो उसे वैधव्य का कष्ट भोगना पड़ता है। उसका पति दुराचारी तथा व्यसनी होता है।

यदि किसी स्त्री के दायें हाथ में भाग्य रेखा के दाईं और अथवा बायें हाथ में भाग्य रेखा के बाईं ओर चतुष्कोण में नक्षत्र चिह्न हो तथा हृदय रेखा टूटी हुई हो तो उसका किसी पुरुष अथवा अपने पति से अत्यधिक प्रेम होता है।

यदि किसी स्त्री के हाथ की तर्जनी उंगली के द्वितीय पर्व पर नक्षत्र चिह्न हो तथा उसके दोनों ओर एक-एक खड़ी रेखा भी हो तो ऐसी स्त्री पतिव्रता होती है।

यदि किसी स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा का उदय चन्द्र पर्वत से हुआ हो वह स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती हुई शनि के पर्वत पर चली गई हो तो ऐसी स्त्री विवाह के बाद अपने पति के अधीन रहती है। यदि स्त्री के दायें हाथ में भी ऐसी ही रेखा हो तो उसको उन्नति तथा भाग्योदय में सहायता प्राप्त होती है।

यदि स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा चन्द्र पर्वत से उत्पन्न होकर गुरु पर्वत पर गई हो तो वह धनी पुरुष की पत्नी होती है तथा उसे सुख, यश एवं विदेश गमन आदि से लाभ प्राप्त होते रहते हैं।

यदि विवाह रेखा में से एक शाखा हृदय-रेखा की ओर लटकी हुई हो परन्तु हृदय रेखा से मिली न हो तो ऐसी स्त्री का पति शराबी होता है और उसके नशे में अपनी पत्नी को दुःख देता है। स्त्री के हाथ और पाँव की उंगलियां यदि टेढ़ी-बांकी हों तो वैधव्य अथवा हीनता का लक्षण समझना चाहिए। हृदय-रेखा श्रृंखलाकार होकर बीच में शनि क्षेत्र की ओर छुकी हुई हो तो ऐसी रेखा वाली स्त्रियों को पुरुषों की परवाह नहीं रहती।

प्रश्न विचार

जिस भाव सम्बन्धी विषय का विचार करना हो उस भाव का स्वामी कार्येश कहलाता है, और लग्न का स्वामी लग्नेश कहलाता है। अगर प्रश्न लग्न में निम्नलिखित योग हों तो कार्यसिद्धि होती है—

१. लग्न का स्वामी कार्यभाव में हो और कार्येश लग्न में हो।
२. लग्न का स्वामी लग्न में हो और कार्यभाव का स्वामी कार्यभाव में हो।
३. यदि लग्न का स्वामी और कार्यभाव का स्वामी दोनों ही लग्न में हों।
४. लग्नेश और कार्येश दोनों कार्यभाव में हों।

इन चारों योगों में से कोई एक योग हो तथा लग्नेश और कार्येश इन दोनों पर चन्द्रमा की दृष्टि हो और चन्द्रमा को भी लग्नेश कार्येश देखे तो कार्य सिद्धि जाननी चाहिए। यदि चन्द्रमा मित्रक्षेत्री हो तो और भी अधिक शुभ जानना चाहिए।

यदि लग्नेश कार्येश के ऊपर चन्द्रमा की दृषिट न हो तथा अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो प्रश्न सम्बन्धी कार्य से भिन्न कोई नवीन शुभ प्रयोजन उत्पन्न हो।

लग्नेश लग्न को और कार्येश कार्य भाव को देखता है तो कार्यसिद्धि होगी। यह कार्यसिद्धि तब होगी जब चन्द्रमा कार्यभाव पर आएगा।

धन लाभ कब होगा

१. लग्न का स्वामी लेने वाला होता है और ग्यारहवें स्थान का स्वामी देने वाला होता है। जब लग्नेश और एकादशेश का योग होता है और चन्द्रमा लाभ भाव को देखता है तो लाभ होता है।
२. यदि लग्नेश छठे, आठवें, बारहवें घर में हो तो धन का नाश होता है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न

१. यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को न देखता हो और पाप ग्रह पंचम भाव में स्थित हो या पंचम भाव को देखता हो तो गर्भपात हो जाएगा।
२. यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को देखता हो तो प्रसव होता है।
३. यदि प्रश्नकाल में जिस किसी चार स्थानों में दो-दो ग्रह हों तो एक साथ दो सन्तानों का प्रसव होता है।
४. प्रश्न लग्न से शुक्र जितने संख्यक स्थान में स्थित हो उतने महीने पर्यन्त गर्भ की स्थिति कहना और शुक्र यदि दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भाव में हो तो पंचम भाव से लेकर शुक्र के स्थान तक गिनकर मास संख्या जानी जाती है।

यदि गर्भिणी स्त्री पिता के घर में हो तो पिता से धारित नाम और पति के घर में हो तो ससुराल का नाम ग्रहण करके जो अक्षर संख्या हो उसमें पति की नामाक्षर संख्या मिलाने फिर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर प्रश्न पूछने के दिन तक जो तिथि हो यहां तक गिनकर जोड़ दें, योगांक में तीन का भाग दें, एक शेष बचे तो पुत्र, दो बचें तो कन्या, शून्य बचे तो गर्भ नहीं है या गर्भ गिर जाएगा अथवा उत्पन्न होने पर भी उस गर्भ की सन्तति का नाश होगा, ऐसा कहना चाहिए।

सन्तान सम्बन्धी प्रश्न

- पंचम भाव में बुध या शुक्र हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति सम्भव है।
- ग्यारहवें भाव में चन्द्रमा हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
- लग्नेश की पंचम भाव में स्थिति और पंचमेश तथा बृहस्पति का बलवान् होना भी सन्तति कारक योग बनाता है।
- शुभ ग्रह दृष्ट लग्नेश और पंचमेश का केन्द्रस्थ होना सन्तान योग बनाता है।
- यदि पाँचवें भाव में सूर्य, मंगल और राहु तीनों ही हों तो सन्तान देर से होगी।
- यदि पाँचवें भाव में केतु हो तो सन्तान की प्राप्ति में देर होगी।
- यदि प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव में पाप ग्रह और पाँचवे भाव में बृहस्पति हो तो सन्तानाभाव का योग है।
- यदि तीसरे और आठवें भाव में शनि हो तो सन्तान नहीं होगी।
- यदि दूसरे, पांचवें या दशम भाव में मंगल हो तो पुत्रहीन योग बनता है।
- यदि पांचवें भाव में शनि और राहु के साथ सूर्य हो तो सन्तान उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाती है।

भूमि, मकान सम्बन्धी प्रश्न

- यदि चतुर्थ भाव में शनि द्वारा दृष्ट राहु स्थित हो तो बटवारे में भूमि मकान आदि की प्राप्ति होती है।
- यदि चतुर्थेश द्वितीय अथवा ग्यारहवें भाव में हो तो भूमि आदि का प्रचुर लाभ होता है।
- यदि चतुर्थ भाव शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो जातक को घर, भूमि की प्राप्ति होती है।
- यदि बृहस्पति और शुक्र से दृष्ट चतुर्थेश त्रिकोण अथवा केन्द्र में हो तो जातक अपने परिश्रम से भूमि, मकान, खेत आदि प्राप्त करता है।
- यदि चतुर्थेश और दशमेश में राशि परिवर्तन योग हो तो जातक को घर, भूमि, खेती, बगीचा आदि की प्राप्ति शीघ्र होती है।

मुकदमें में जीत हार

१. यदि प्रश्न समय पाप ग्रह लग्न में बैठा है तो वादी जीते और यदि वही पाप ग्रह नीच राशि में, सूर्य के सानिध्य से अस्त या शत्रुग्रह के राशि में हो तो वादी नहीं जीतेगा अर्थात् उसकी हार होगी।
२. यदि सप्तम भाव में बली पापग्रह हो तो शत्रु की विजय हो।
३. यदि लग्न और सप्तम भाव में बराबर पापग्रह हों और वह बराबर बली हों तो मुकदमा अथवा लड़ाई देर तक चले और अन्त में दोनों घरों में जो ग्रह अधिक बली होगा उस भाव वाला जीतेगा—प्रश्न लग्न वाला पापग्रह अधिक बली होगा तो वादी की जीत होगी। अगर सप्तम भाव स्थित पाप ग्रह अधिक बली होगा तो प्रतिवादी की जीत होगी।

विवाह में, शत्रु को मारने में, युद्ध में, संकट (आवश्यक विवाद यात्रादि) में भी पापग्रह लग्न में हों तो विजय होती है और प्रश्न लग्न पर पापग्रह की दृष्टि हो तो पराजय होती है।

प्रवासी सम्बन्धी प्रश्न

अगर कोई प्रश्न करे कि अमुक पुरुष विदेश गया है, घर नहीं पहुँचा, बंधा हुआ है या मर गया है?

१. यदि प्रश्न लग्न में पापग्रह हो तो वह मारा नहीं गया है और बन्धन में भी नहीं है अर्थात कुशल से है, ऐसा कहना।
२. प्रश्न लग्न से सप्तम या अष्टम भाव में यदि पापग्रह, अथवा लग्न और सप्तम इन दोनों में पापग्रह हों तो मरण व बन्धन कहना।

यदि प्रश्नकाल में चर राशि अर्थात् मेष, कर्क, तुला और मकर इनमें से कोई राशि लग्न में हो तथा चर राशि का नवांश भी लग्न में हो और लग्न से चौथे भाव में चन्द्रमा हो तो विदेशी अपने घर पहुँच गया ऐसा कहना।

प्रवासी का आगमन

१. प्रश्नकाल में केन्द्र से द्वितीय स्थानों (दूसरे, पाँचवें, आठवें, ग्यारहवें) में ग्रह प्राप्त हो तो विदेश गए व्यक्ति का आगमन कहना। अगर दूसरे, पाँचवें, आठवें और ग्यारहवें भाव में ग्रह न हों तो गोचर में जब इन भावों में ग्रह आने की सम्भावना हो तो प्रवासी तब लौट कर आएगा ऐसा कहना।
२. सातवें केन्द्र को छोड़कर अन्य केन्द्र भाव (१, ४, १०) से द्वितीय भाव (२, ५, ११) में चन्द्रमा हो तो विशेष रूप से आगमन कहना।

रोगी के जीवन मरण का विचार

१. यदि प्रश्न लग्न से सप्तम, द्वादश और दूसरे भाव में पापग्रह हों और लग्न, छठे, आठवें भाव में चन्द्रमा हो तो शीघ्र मृत्यु करने वाला योग होता है अथवा चन्द्रमा के दोनों तरफ यदि पापग्रह हों तो भी शीघ्र मृत्यु कारक योग होता है।
२. लग्न में सूर्य और सातवें भाव में चन्द्रमा हो तो भी मृत्यु योग होता है।

अगर जीवन-मरण प्रश्न का न होकर अन्य विषय सम्बन्धी हो तो मृत्यु योग नहीं कहना, खाली कठिनाईयां आएंगी ऐसा कहना।

बन्धन एवं दण्ड विषयक प्रश्न विचार

१. दूसरे-बारहवें अथवा पांचवें-नवें भाव में पाप ग्रह हो तो जातक को कारावास दण्ड भोगना पड़ेगा।
२. चौथे भाव में मंगल और दसवें भाव में शनि हो तो लम्बे कारावास या मृत्युदण्ड का सूचक है।
३. यदि नवम भाव में शुक्र, शनि और सूर्य तीनों एक साथ बैठें हों तो किसी घृणित अपराध में दण्ड भुगतना होगा।
४. यदि लग्नेश और षष्ठेश राहु, केतु से युक्त या दृष्ट होकर केन्द्र अथवा त्रिकोण में बैठे हों तो कठोर कारावास का दण्ड मिलेगा।

अमुक वस्तु खरीदने में लाभ रहेगा

प्रश्नलग्न का स्वामी खरीदने वाला और ग्यारहवें भाव का स्वामी बेचने वाला होता है। यदि लग्न का स्वामी लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो उस वस्तु को खरीदने से प्रश्नकर्त्ता को लाभ होता है। लग्न का स्वामी उदित, स्वक्षेत्री, मित्रक्षेत्री, वर्गोत्तम आदि में

स्थित होकर लग्न को जितनी दृष्टि से देखता हो, उतना ही लाभ होगा। अर्थात् एक चरण दृष्टि से देखता हो तो सवाया लाभ, दो चरण दृष्टि से देखता हो तो ड्योढ़ा लाभ, ऐसा जानना।

आमुक वस्तु बेचने में लाभ रहेगा

प्रश्नकाल में प्रश्न लग्न से एकादश भाव बलवान हो तो खरीदी हुई वस्तु बेचने में लाभ होगा, अर्थात् एकादश भाव का स्वामी एकादश भाव में हो या एकादश भाव को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो लाभ होगा, ऐसा कहना।

अमुक वस्तु सस्ती रहेगी या महंगी

१. ऐसे प्रश्न में जिस ग्रह से लग्न बलयुक्त होता है वह ग्रह जितने मास तक उस प्रश्न लग्न से अशुभदायक नहीं होता तब तक वह वस्तु सस्ती रहती है।

२. यदि लग्न में पापग्रह हो अथवा लग्न पर एवं लग्नेश पापग्रहों से युक्त एवं दुष्ट हो तो वस्तु महंगी होती है। परन्तु कब तक महंगी रहेगी? इतने दिन में वह प्रश्न लग्न गोचर में शुभत्व को प्राप्त हो तब तक महंगी उसके बाद सस्ती होगी जब लग्न शुभयुक्त और शुभदृष्ट होगा।

३. क्रय-विक्रय के प्रश्न लग्न बलवान हों तो वस्तु सस्ती और लग्न निर्बल हो तो वस्तु महंगी होती है। लग्न शुभ ग्रह और स्वामी से देखा जाता हो तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में शुभ ग्रह स्थित हो तो लग्न बलवान होती है। इसके विपरीत अर्थात् पाप ग्रह से दृष्ट, केन्द्र में पाप ग्रह हों तो निर्बल कहलाता है।

अमुक स्थान में गढ़ा धन है या नहीं

१. प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव का स्वामी चौथे भाव को देखता हो तो धन है ऐसा कहना। यदि चतुर्थ स्थान पर पापग्रह की भी दृष्टि हो तो धन है परन्तु प्राप्ति नहीं होगी।

२. चौथे भाव में कोई भी ग्रह हो तो धन उत्तम पात्र में है ऐसा जानना। यदि चौथा यानि चतुर्थ भाव पर चतुर्थेश की दृष्टि न हो तो भी यदि चन्द्रमा चतुर्थ स्थान में हो तो धन है, ऐसा कहना।

नष्ट वस्तु प्रश्न

प्रश्न, तिथि, वार, नक्षत्र, लग्न तीनों एकत्र कर उनको पांच से भाग देने से शेष १ रहे तो वस्तु पृथ्वी में है। २ बचे तो जल में है मिलेगी नहीं। ३ बचे तो आकाश में है मिलेगी नहीं। ४ बचे तो राजा ले गया। ५ बचे तो वायुगत हुई शीक जानो।

मन्दी तेजी जानने का सुलभ प्रकार

तिथि, वार, नक्षत्र, योग, सूर्य संक्रांति, राशि और धान्य इनके ध्रुवांकों की संख्या को जोड़कर ७ से गुणा कर ३ का भाग देने से एक शेष बचे तो भाव उस पदार्थ का समान रहेगा। २ शेष रहे तो सस्ता और ३ अर्थात् ० शेष रहे तो महंगा रहेगा।

नक्षत्र	ध्रुवा	योग	ध्रुवा
अश्विनी	१७	विष्कुम्भ	१३
भरणी	५	प्रीति	१२
कृत्तिका	३२	आयुष्मान	४७
रोहिणी	१४	सौभाग्य	५९
मृगशिर	४	शोभन	३६
आर्द्रा	१३	अतिगंड	४७
पुनर्वसु	२८	सुकर्मा	१८
पुष्य	३६	धृति	४४
अश्लेषा	३६	शूल	१३
मघा	१५	गंड	२५
पूर्वाफाल्गुनी	३	वृद्धि	१७
उत्तराफाल्गुनी	३१	ध्रुव	२२
हस्त	१८	व्याघात	२५
चित्रा	२५	हर्षण	२५
स्वाति	१४	वज्र	१४
विशाखा	२४	सिद्धि	२२
अनुराधा	२९	व्यतीपात	१३
ज्येष्ठा	३७	वरीयान	३९
मूल	१८	परिधि	१५
पूर्वाषाढ़	७३	शिव	१३
उत्तराषाढ़	३०	सिद्धि	१९
श्रवण	२५	साध्य	१२
धनिष्ठा	२३	शुभ	२५
शतभिषा	२४	शुक्ल	२२
पूर्वाभाद्रपद	९	ब्रह्महू	१३
उत्तराभाद्रपद	४१	ऐन्द्र	२७
रेवती	२८	वैधृति	२६

वस्तु	ध्रुवा
धान्य	७७
कनक	१००
ज्वार	१३३
मूंग	४१
चणा	३५
झोना	७५
तोरी	७७
तेल	३९
घृत	९९
खाण्ड	९९
गुड़	४७
शक्कर	१०१
कपास	१२९
रुई	४४
कांस्य	३७
वस्त्र	१०९
स्वर्ण	९६
हल्दी	७३
चंदन	१८७
चांदी	८१
मिर्च	६८
पित्तल	९९
जौ	५०७
कस्तू.	१३४

वार	ध्रुवा
रविवार	२१
सोमवार	१५
मंगलवार	१२
बुधवार	१२
गुरुवार	१३
शुक्रवार	१४
शनिवार	००
राशि	**ध्रुवा**
मेष	३
वृष	२२
मिथुन	२२
कर्क	२५
सिंह	१९
कन्या	१७
तुला	२०
वृश्चिक	१३
धन	१६
मकर	१९
कुम्भ	२३
मीन	१४
तिथि	**ध्रुवा**
१	१
२	२
३	३
४	४
५	५
६	६
७	७
८	८
९	९
१०	१०
११	११
१२	१२
१३	१३
१४	१४
१५	१५

मेष—सोना, दालें, कंबल, गेहूं, जौ, मसूर।
वृष—वस्त्र, पुष्प, सरसों, गेहूं, यव, चावल, महिष, बेल
मिथुन—रुई, कपास, कमलकंद, बाजरा, जुवार, मुनक्का
कर्क—केला, धान, जायफल, तमालपत्र, दालचीनी, चाय, चीनी
सिंह—शाली, षटरस, मृगछाल, गुड़, खांड
कन्या—ज्वार, बाजरा, कुलथी, मूंग, गेहूं, अलसी
तुला—उड़द, गेहूं, नारियल, सरसों, मटर, हरड़
वृश्चिक—गुड़, खांड, नागरपान, लोहा, शक्कर
धनु—रस, घोड़ा, लवण, चित्र, वस्त्र, शस्त्र, कंदफल
मकर—कनीर, सकुट, मजीठ, जर्मीकन्द
कुंभ—रस, पोस्त, रत्न, रंगदार वस्तुएं
मीन—सीप, मोती, समुद्र झाग, हीरा, पंसारियों की दवाएं

षट् सप्तमगो हानि वृद्धशुक्रः करोति शेषेषु उपचयसंस्थाः क्रूराः शुभदाः शेषेषु हानिकराः इति। जिस वस्तु की तेजी या मंदा देखना हो उस वस्तु की चत्र में राशि कौन सी ऐसा प्रथम देखना। फिर उस राशि में कनसा ग्रह कहां है ऐसा देखना। जिस वस्तु की राशि से बृहस्पति ४।१०।२।११।७।९।५ इतनी राशि पर हो तो वस्तु को मंदा करता है और १।३।६।८।१२ इतनी पर गुरु हो तो तेजी करता है। ऐसा हो २।११।१०।५।८ पर बुध हो तो मंदा करता है और १।३।४।६।७।९।१२ इन स्थानों पर होवे तो तेजी करता है। शुक्र ६।७ पर सर्वदा तेजी करता है और १।२।३।४।५।८।९।१०।११।१२ पर शुक्र सर्वदा मंदा करता है। मंगल, शनि, केतु, सूर्य, क्षीण चन्द्रग्रह ३।६।१०।११ मंदा करते हैं और १।२।४।५।७।८।९ पर तेजी करता है। पूर्ण चन्द्रमा का फल गुरु सदृश देखना। ऐसा मंदा तेजी का फल जानना चाहिए।

नक्षत्रों के पदार्थ—चांदी आदि धातुओं के कारक मंगल, सूर्य हैं। पुनर्वसु, पुष्य, उ.फा., चित्रा, ज्ये., श्रवण, धनि., पू.भा. उ.भा. नक्षत्र हैं। रुई—पुनर्वसु, मूला, रोहि., उ.भा., तेल पदार्थ—आर्द्रा, पुष्य, स्वाति, कृत्तिका, शत., मघा। धान्य—(मक्की, गुवार), उ.भा. पू.षा. श्ले, रोहिणी, कृत्तिका, स्वा., भर। गुड़—मघा, ज्ये., उ.भा.। गुवार—पुष्य, पू.भा.। मटर—श्ले., उ.फा.। सिल्क—पुन., म.। बिनौला—मूल। खिल—उ.भा.। ऊपर के नक्षत्रों में शुभ ग्रह के गमन से नक्षत्र पदार्थों में मंदा का असर रहेगा और अशुभ ग्रहों के गमन से तेजी का असर पड़ेगा।

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली को सिद्ध यंत्र ३२(बत्तीसा) के आधार पर तैयार किया गया है। निम्नांकित किसी भी इच्छित प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने के लिए इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। इस प्रश्नावली में मुख्य-मुख्य बत्तीस प्रश्न दिये गये हैं। कोई भी पाठक साधारण (धन अथवा ऋण) गणित द्वारा अपने प्रश्न का उत्तर पा सकता है। व्यर्थ में किंवा सत्यता की परख करने में प्रश्नावली का उत्तर सही नहीं आयेगा। तीन प्रश्न (एक बार में) से अधिक प्रश्नों के उत्तर भी संदेह पूर्ण होंगे, अत: उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना आवश्यक ही नहीं परमावश्यक है।

प्रश्नावली में उत्तर जानने की विधि यह है कि दिये बत्तीसा यंत्र के किसी भी कोष्ठक में प्रच्छक (प्रश्न पूछने वाला) अपने दाहिने (दक्षिण) हाथ की मध्यमा अंगुली रखने से पूर्व "ॐ नमो भैरवाय" मन्त्र को तीन बार जप लें। आगे प्रश्न क्रम संख्या और जिस अंक पर अंगुली रखी है दोनों का योग कर लें तथा इस योग में से १ घटा दें, शेष जो संख्या बचे उसे संख्या वाले प्रश्न के सामने देवता का नाम देख लें। जिस देवता का नाम लिखा है उसके नीचे यन्त्र कोष्ठक संख्या के आगे उत्तर देख लें-

मान लो कोई प्रश्न पूछना चाहता है कि मेरा विवाह होगा या नहीं तो यह प्रश्न संख्या हुई १२ (बारह) और प्रश्न कर्ता ने यंत्र में १५ के अंक पर अंगुली रखी। अत: यन्त्र के कोष्ठक की संख्या है १५ (पन्द्रह) दोनों का योग आया २७ (सत्ताईस)। इसमें से १ (एक) घटाया तो शेष रहे २६ (छब्बीस) २६वीं संख्या का देवता है केतु, अत: केतु के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर आया अर्थात् विवाह उपाय से होगा।

जब प्रश्न संख्या और यंत्र संख्या कोष्ठक संख्या का योग एक घटाने से भी ३२ से अधिक आये तो इसमें से ३२ घटा कर तब उपर्युक्त विधि से उत्तर देखना चाहिये जैसे प्रच्छक का प्रश्न है मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी। प्रश्न संख्या है २९ यन्त्र के कोष्ठक (जिसमें अंगुली रखी है) की संख्या है १५ इनका योग किया तो आया ४४ इसमें १ ऋण किया शेष रहा ४३ वह बत्तीस की संख्या से अधिक है अत: इसमें से ३२ की संख्या घटाई शेष रहे ११ अब पूर्व विधि से ११ की संख्या का देवता देखा तो ज्ञात हुआ "इन्द्र" और देवता इन्द्र के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर मिला "पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी" इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर ज्ञात कर लें।

३२ बत्तीसा यंत्र

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

प्र. सं.	प्रश्न	अधिपति देवता
१.	मुझे सन्तान सुख मिलेगा या नहीं?	श्री भैरव
२.	मेरी मुकद्मे में हार होगी अथवा जीत?	शिव
३.	मेरा भाग्योदय कब होगा?	कृष्ण
४.	मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं?	राम
५.	मुझे उन्नति के अवसर मिलेंगे या नहीं?	सीता
६.	खेती से मुझे लाभ मिलेगा या हानि?	राधा
७.	मैं अपना मकान बना सकूँगा या नहीं?	लक्ष्मी
८.	क्या मुझे परीक्षा में सफलता मिलेगी?	विष्णु
९.	मेरे लिए विद्या प्राप्ति के योग हैं अथवा नहीं?	नारायण
१०.	मैं इस जीवन में सफलता पा सकूंगा या नहीं?	दामोदर
११.	क्या मुझे भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव है?	इन्द्र
१२.	मेरा विवाह होगा अथवा नहीं?	गणेश
१३.	अमुक रोगी रोग मुक्त होगा या नहीं?	अग्नि
१४.	मेरे स्वप्न का फल कैसा?	वायु
१५.	क्या मेरा स्थानान्तरण हो जायेगा?	वरुण
१६.	मुझे व्यापार में लाभ मिलेगा अथवा हानि?	यम
१७.	क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी?	कुबेर
१८.	मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी?	सूर्य
१९.	मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं?	चन्द्र
२०.	मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं?	मंगल
२१.	प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा?	बुध
२२.	क्या मुझे यात्रा से लाभ मिलेगा?	बृहस्पति
२३.	मेरे भाईयों से कैसे निभेगी?	शुक्र
२४.	क्या मैं कुंआ बनवा सकूंगा?	शनि
२५.	मेरे लिए यह वर्ष कैसा है?	राहु
२६.	मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा?	केतु
२७.	अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री?	मित्र
२८.	क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी?	पृथ्वी
२९.	मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी?	काल
३०.	क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा?	शेष
३१.	प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं?	यक्ष
३२.	मैं तीर्थ यात्रा करुंगा अथवा नहीं?	तक्षक

१. श्री भैरव

१. सन्तान सुख मिलेगा।
२. तीर्थ यात्रा में विघ्न पड़ेगा।
३. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
४. सम्बन्धी धोखा दे सकता है। होशियार।
५. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
६. इच्छा पूरी होने में अभी देर है।
७. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
८. यह दिन शुभ नहीं है।
९. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
१०. कुआं बनना अभी सम्भव नहीं है।
११. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
१२. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
१३. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
१४. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
१५. कर्ज मिलने में कठिनाई झेलनी पड़ेगी।

२. शिव

१. मुकद्मे में जीत होगी
२. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
३. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
४. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।
५. संबन्धी धोखा देगा, सावधान।
६. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
७. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
८. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
९. आज का दिन शुभ रहेगा।
१०. यह साल उत्तम नहीं है।
११. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
१२. भाईयों में अनबन रहेगी।
१३ यात्रा लाभकारी रहेगी।
१४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
१५. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

3. कृष्ण

१. आपका भाग्योदय शीघ्र होगा।
२. आप मुकद्मे मे जीतें इसमें संदेह है।
३. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
४. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
६. संबंधी धोखा नहीं देगा।

७. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
८. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
९. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१०. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
११. वर्ष अत्याधिक लाभप्रद रहेगा।
१२. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
१३. भाईयों से तकरार होने का भय है।
१४. यात्रा से लाभ मिलना कठिन है।
१५. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

४. राम

१. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
२. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
३. आप मुकद्दमा हार जायेंगे।
४. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
५. तीर्थ यात्रा होने में संदेह है।
६. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
७. संबंधी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
८. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
९. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
१०. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
११. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
१२. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
१३. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
१४. भाईयों से अनबन रहेगी।
१५. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

५. सीता

१. उन्नति मिलने का समय आ गया है।
२. नौकरी मिलेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
३. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
४. चिन्ता न करें मुकद्दमा जीत जाओगे।
५. सन्तान सुख के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
६. तीर्थ यात्रा पर अवश्य जाओगे।
७. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
८. संबंधी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।
९. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
१०. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
११. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१२. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
१३. यह वर्ष आप के लिए चुनौतियों से भरा होगा।
१४. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होने में देरी होगी।
१५. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

६. राधा

१. खेती से लाभ मिलेगा।
२. उन्नति में अभी देरी है धैर्य रखें।
३. नौकरी नहीं मिलेगी।
४. भाग्योदय शीघ्र होगा।
५. मुकद्दमा जीत लो ऐसी सम्भावना कम ही है।
६. सन्तान सुख अभी देर में मिलेगा।
७. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
८. प्रेमी/प्रेमिका मात्र दिखावा करता/करती है।
९. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१०. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
११. इच्छा पूरी होने में सन्देह है।
१२. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
१३. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
१४. यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
१५. कुंआ बन जायेगा।

७. लक्ष्मी

१. मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
२. खेती से लाभ कम मिलेगा।
३. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
४. नौकरी अथक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
५. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
६. मुकद्दमे में जीतना कठिन है।
७. सन्तान सुख मिल जायेगा।
८. तीर्थ यात्रा पर जाने में विघ्न-बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
९. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध नहीं है।
१०. संबंधी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
११. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
१२. इच्छा पूरी हो जायेगी।
१३. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
१४. आज का दिन अच्छा नहीं है।
१५. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

८. विष्णु

१. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
२. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
३. खेती मत करो लाभ की आशा कम है।
४. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
५. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
६. भाग्योदय होगा किन्तु थोड़ा समय धैर्य रखें।
७. मुकद्दमे में जीत जाओगे।
८. संतान सुख के लिए संतान गोपाल का अनुष्ठान करें।
९. तीर्थ यात्रा सकुशल होगी।
१०. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
११. संबंधी धोखा दे ऐसा नहीं दिख रहा।
१२. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
१३. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१४. पुत्र सन्तानन जन्म ले ऐसे योग हैं।
१५. यह दिन शुभ रहेगा।

९. नारायण

१. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
२. परीक्षा में पास हो जाओ इसमें संदेह है।
३. मकान नहीं बन सकेगा।
४. खेती करने से लाभ मिलेगा।
५. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
६. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
७. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
८. मुकद्दमा जीतने में संदेह है।
९. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा धैर्य रखें।
१०. तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर नहीं मिलेगा।
११. प्रेम का चक्कर हानिकारक है। सावधान रहें।
१२. संबंधी धोखा अवश्य देगा सावधान।
१३. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
१४. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१५. कन्या सन्तान का जन्म होगा।

१०. दामोदर

१. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
२. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
३. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
४. मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
६. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
७. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
८. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
९. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।
१०. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
११. तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
१२. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
१३. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१४. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
१५. इच्छा पूर्ण हो जावेगी।

११. इन्द्र

१. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।
२. जीवन में सफलता प्राप्त कर लो ऐसे योग हैं।
३. विद्या पूर्णतया प्राप्त कर लो इसमें संदेह है।
४. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
५. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
६. खेती से लाभ नहीं होगा।
७. प्रमोशन हो इसमें संदेह है।
८. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
९. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
१०. मुकद्दमे में जीत जाने का अवसर क्षीण है।
११. सन्तान सुख मिलेगा। लेकिन उपाय से।
१२. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
१३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
१४. संबंधी धोखा देने की योजना बना रहा है।
१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

१२. गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं हैं।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. संतान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. संबंधी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

१३. अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।

३. गड़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं हैं।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।
१५. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम है।

१४. वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह संबंध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकद्दमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

१५. वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गड़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. विद्या प्राप्ति में विघ्न आयेंगे।
८. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१५. संतान सुख भाग्य में नहीं है।

१६. यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा, परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गड़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।
१०. मकान बनाने में देर लगेगी।
११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकदमे में जीत निश्चित है।

१७. कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गड़े धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसा योग नहीं है।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

१८. सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गड़ा धन भाग्य में नहीं है।
९. जीवन में सफलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगाकर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

१९. चन्द्र

१. कर्ज मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जाएगी, ईश्वराधना करें।
४. व्यापार से लाभ रहेगा।
५. तबादला होकर रुक जायेगा।
६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विश्वासु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गड़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

२०. मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नही लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गड़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

२१. बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ मिलेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गड़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति का योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमत मन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

२२. बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।
२. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा बिलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गड़ा धन मिलना सम्भव नहीं हैं।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
१५. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

२३. शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट जायेगा।
४. खोई हुई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करो।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

२४. शनि

१. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाईयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ लाभ लेना असम्भव ही है।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१४. गड़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

२५. राहु

१ यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुंआ बन जाएगा।
३. भाईयों से नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गड़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

२६. केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआ नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

२७. मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआ बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
८. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

२८. पृथ्वी

१. इच्छा पूरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआं बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

२९. काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अधम रहेगा।
६. कुंआं बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

30. शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।
४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाईयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

31. यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. कूआं निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

32. तक्षक

१. तीर्थ यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
३. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
४. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
५. इच्छा पूरी होने में देरी है।
६. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
७. दिन शुभ रहेगा।
८. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
९. कुंआ देर से बनेगा।
१०. भाईयों से मेल कम रहेगा।
११. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
१२. प्रवासी नहीं लौटेगा।
१३. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
१४. कर्ज मिलने में सन्देह है।
१५. मित्र का साथ कम रहेगा।

रमल प्रश्नावली

इस प्रश्नावली का यह तरीका है कि चंदन की लकड़ी का चौकोर पासा बना कर उस पर १, २, ३, ४ और खुदवा लें, फिर अपने कार्य का चिंतन करते हुए तीन बार पासा छोड़ें उसका जो नम्बर बने, उसी नम्बर पर फल देखें यदि किसी के पास पासा नहीं हो, तो अगले पृष्ठ के कोष्ठों में अनामिका अंगुली रखवा कर उसका फल देखें।

१११	१३१	२११	२३१	३११	३३१	४११	४३१
११२	१३२	२१२	२३२	३१२	३३२	४१२	४३२
११३	१३३	२१३	२३३	३१३	३३३	४१३	४३३
११४	१३४	२१४	२३४	३१४	३३४	४१४	४३४
१२१	१४१	२२१	२४१	३२१	३४१	४२१	४४१
१२२	१४२	२२२	२४२	३२२	३४२	४२२	४४२
१२३	१४३	२२३	२४३	३२३	३४३	४२३	४४३
१२४	१४४	२२४	२४४	३२४	३४४	४२४	४४४

१११ मंगल भवन अमंगल हारी, होगी मनोकामना तुम्हारी।
११२ इष्ट देव का ध्यान धरोगे, मन इच्छा सब काम करोगे।
११३ होत काम में हुआ अंधेरा, बैरी पहुंच गया है तेरा।
११४ झटपट करो देर नहीं लाओ, यह अवसर फेर नहिं पाओ।
१२१ जो तुम मन में नहीं उपाई, होगा काम ढील से भाई।
१२२ आगे विघन है बड़ा भारी, ईश्वर राखे लाज तुम्हारी।
१२३ संकट हटे सवं सुख आया, दिन-दिन दुगुनी बढ़े माया।
१२४ वा शुभकाम करो दिन राती, पांच जिमादे गोती नाती।
१३१ कपट भेद है मन में उसके, करि विश्वास जाय तू जिसके।
१३२ होगी फतेह देर नहि लाओ, सूरज से तुम विनय सुनाओ।
१३३ दुविधा हटे सर्व सुख पाओ, गुरू गोविंद से ध्यान लगाओ।
१३४ बार-बार समझाऊं थाने, आज भला दीखे नहिं म्हाने।
१४१ विपत्तियां बीत गयीं सब पाछे, अब तो दिन आवेंगे आछे।
१४२ अब सुनता ना कोई तेरी, घर में पैठि रहा है बैरी।
१४३ धन परिवार सदा सुखदाई, कर्म विपाक देख ले जाई।
१४४ रात दिना की चिंता भारी, कुछ दिन में मिट जाये धारी।
२११ जर जमीन होवे फिर होवे, चिंता करि तन को क्यों खोवै।
२१२ यह तो काम बड़ा दुखदाई, कर्म-विपाक देख लो भाई।
२१३ सत्य बात तुम सुन लो म्हारी, तिगरी लाग रही है धारी।
२१४ हिम्मत बड़ी भरोसा खोटा, कर्म विपाक देख दुख मोटा।
२२१ कितना ही गुणकर मनमाही, यश तुमको मिलने का नाहीं।
२२२ होगी फतह देर नहि लाओ, रविवार को व्रत बनाओ।
२२३ संकट देखि डरे क्यों भाई, ईश्वर धारी करे सहाई।
२२४ धर्म हार धन कोई खाओ, मन अपने में क्यों घबराओ।
२३१ सोच समझ के करना भाई, बिन सोचे होता दुखदाई।
२३२ रस्ते में जो भूखा टोहवो, भोजन के देके सोवो।
२३३ भली बुरी उसके ही हाथ, निर्धन धनी बना वही नाथ।
२३४ यह अवसर करने का नाहीं, चुप बैठि रहो घर माहीं।
२४१ वह तुमसे लेने को डोले, इस कारण मुख मीठा बोले।
२४२ धीरज धरि रहो उर माही, गई वस्तु घर आवे नाहीं।
२४३ किया कबूल भूलि गया भाई, वो ही धारी करे सहाई।
२४४ उदय पाप हो गये अब सारे, कर्म विपाक देखिल्यो धारे।
३११ तीन बार ऊकी है तेरी, पीछे लाग रही है वैरी।
३१२ करि कुछ यतन देर नहीं करना, कर ले जाप नहीं दुख भरना।
३१३ जो तुम मन में नई उपाई, होगा काम ढील से भाई।
३१४ करि कुछ दान वचन सुन मेरा, संकट दूर हो गया तेरा।
३२१ यो तो बात नयी बनि आई, कर्म विपाक देख ले जाई।
३२२ करि विश्वास सत्य सुनि भाई, संकट मिटै होय सुखदाई।
३२३ करना हो सो जल्दी करिए, ध्यान गुरु का हृदय धरिए।
३२४ तुम तो सबकी करो भलाई, ईश्वर राखै लाज सदाई।
३३१ जस तुमको मिलना नहिं भाई, चाहे जितनी करो भलाई।
३३२ कर ले काम देर नहीं करना, ईश्वर ध्यान हिये में धरना।
३३३ देखि चंद्रमा काम करोगे, नित नये मंगल मोद भरोगे।
३३४ जिस नर की तुम करते आशा, उसका कौन करे विश्वासा।
३४१ तुम जानो अपना सा मन की, बुद्धि बदलि रही उस तन की।
३४२ अब तो समझि देखि मनमाहीं, घात ग्रह बिन होता नाहीं।
३४३ करिले यतन काम है तीका, अब तो फिक्र मिटेगा जीका।
३४४ दुर्गा पठित कराना भाई, तो यह संकट वेग नशाई।
४११ चुपका बैठि रहो घर माहीं, यह अवसर करने का नाहीं।
४१२ करि विश्वास जाय जो कोई, उसकी हानि कबे नहीं होई।
४१३ यह सब दोष कर्म का भाई, कर्म विपाक देख लो जाई।
४१४ मन अपने को डाटो भाई, मन के डटे सर्व सुखदाई।
४२१ शुभ आचरण बने रहे भाई, तो सुख संपत्ति रहे सदाई।
४२२ अपना मन में तुम्हीं विचारो, भूलि गये सो बेगि संभारो।
४२३ ये है दोष कर्म के भाई, करि कुछ जाय लेय छुटवाई।
४२४ मनि अपने को राखि जचाया, अब तो दिन अच्छे अनआया।
४३१ करिले यतन देर नहीं करना, इष्ट देव का ले ले सरना।
४३२ वो तेरी सब भली करेगा, उस ही से सब काम सरेगा।
४३३ अब तो फिकर तजो तुम भाई, कुछ दिन गये होते सुखदाई।
४३४ धीरज धरो फिक्र तजि डारो, है ईश्वर को बड़ो सहारो।
४४१ नीच निचाई नहीं तजेंगे, फिर भी सज्जन राम भजेंगे।
४४२ मन अपने करो विचारा, इस तन को देखो रखवारा।
४४३ रोस देव का तुम पर भारी, पहिले उसकी करो मनुहारी।
४४४ ठहर-ठहर कर जागें जोती, कुछ दिन गये सिद्ध सब होती।

अथ केरल प्रश्न चक्रम्

प्रातः काले वदेत्पुष्पं मध्यान्हे तु फलं वदेत्॥ सायंकाले वदेन्द्यः रात्रौतु देवतां वदेत्॥१॥

ध्वज	धूम्र	सिंह	श्वान	वृष	खग	गज	ध्वांग	ध्वजादि अष्टकवर्गाः
अइउएओ	कखगघङ	चछजझञ	टठडढण	तथदधन	पफबभम	यरलव	शषसह	उच्चारित प्रश्नाक्षराणि
अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	अस्ति	नास्ति	सत्यासत्य प्रश्न निर्णयः
धातु	धातु	मूल	जीव	जीव	जीव	मूल	जीव	धातुमूल जीव ज्ञान
कुशल	रोग	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	प्रवासी सुख दुःख
स्थिर	महाकष्ट	चंचल	चंचल	महाकष्ट	कष्ट	सुख	कष्ट	प्रवासी चर स्थिरादिज्ञानम्
समीप	समीप	दूरस्थ	पुनर्गत	मार्गस्थ	मार्गस्थ	दूरस्थ	पुनर्गत	प्रवासी रदनावधि ज्ञानम्
पत्र	अस्ति	फल	काष्ठ	धान्य	तृण	जीव	पुष्प	मुष्टि प्रश्ने द्रव्यं ज्ञानम्
गोधूम	तिल	पीतान्न	दाल	तण्डुल	चणक	गुड़	यव	साधमादि धान्य ज्ञानम्
कुसुम्भ	श्वेतांग	लोहित	पांडु	पीत	आकाश	श्याम	मिश्र	मुष्टि प्रश्ने वर्ण ज्ञानम्
सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	सुख	कष्ट	रोगी प्रश्ने सुखदि ज्ञानम्
४५ दिन	दो मास	४५ दिन	१ मास	१५ दिन	१ मास	७ दिन	२ मास	कष्ट दिनादि ज्ञानम्
लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	लाभ	हानि	नष्ट लाभालाभ ज्ञानम्
पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	नष्ट वस्तुदिक ज्ञानम्
ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	धनिक	नौकर	नीच	नाई	चोर जाति प्रश्न ज्ञानम्
उखल	अग्निगृहे	अरण्य	अन्तरिक्ष	भांडगते	काष्टगते	गृहे	भूमिस्थे	चोरित द्रव्य स्थानम्
भैरव	दुर्गा	सूर्य	हनुमन्त	रुद्रगण	सरस्वती	गणेश	पितर	देव पूजा उपासनादि
आगम	न आगम	आगम	न आगम	आगम	न आगम	आगम	न आगम	शत्रु गमागम प्रश्न ज्ञानम्
जय	हानि	जय	हानि	जय	हानि	जय	हानि	जय गति प्रश्न ज्ञानम्
न मोक्ष	मोक्षण	न मोक्ष	मोक्षण	न मोक्ष	मोक्षण	न मोक्ष	मोक्षण	बन्दी मोक्ष मोक्ष ज्ञानम्
७ दिन	१ वर्ष	१५ दिन	६ मास	१ मास	६ मास	३ मास	१ वर्ष	बन्दी मोक्ष अवधि
स्थिर	न सिद्धि	कलह	दीर्घकाल	त्वरित	दीर्घकाल	स्थिर	न सिद्धि	कार्य सिद्धि भविष्यति नवा
शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	शुभ	कलह	विवाह प्रश्ने शुभाशुभम्
पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र	कन्या	पुत्र व कन्या प्राप्ति ज्ञानम्
१००वर्ष	१ वर्ष	१०० वर्ष	२० वर्ष	६० वर्ष	१२ वर्ष	४५ वर्ष	६ वर्ष	आयु प्रश्न आयु ज्ञानम्
लाभ	न लाभ	लाभ	न लाभ	लाभ	न लाभ	लाभ	न लाभ	धन-लाभ प्रश्न लाभ
विलम्ब	उत्तम	विलम्ब	उत्तम	विलम्ब	उत्तम	विलम्ब	उत्तम	वर्षा प्रश्न भविष्यति नवा
७ दिन	७ दिन	३० दिन	२० दिन	१० मास	२ मास	२ मास	२ मास	वर्षा वर्षण दिनादि

।मेषादि लग्नोपरि प्रश्न, फल चक्रम्।

लग्न	मनश्चिन्तित प्रश्नः	रोगिणां प्रश्नः
मेष	मानवीय जीव की चिन्ता	दैवीय कुल दोषः
वृषभ	चौपाये जीव पशु की चिन्ता	पितृ अतृप्ति दोषः
मिथुन	गर्भस्थ संतान की चिन्ता	शाकिनी-डाकिनी दोषः
कर्क	व्यवसाय की चिन्ता	भूत पिशाचादि दोषः
सिंह	नभचर, थलचर जीव	स्वकुलीय मात्र दोषः
कन्या	दाम्पत्य सुखोपयोग चिन्ता	स्वकुलीय देव दोषः
तुला	गुप्त दिये गये धन की चिन्ता	कुपित चण्डिका दोषः
वृश्चिक	दैहिक और भौतिक क्लेश	मृत्वत्सा नारि दोषः
धनु	धनोपार्जन की चिन्ता	यक्षिणी व पिशाचिनी दोषः
मकर	शत्रु पर जय-पराजय चिन्ता	स्थान व ग्राम देव दोषः
कुम्भ	स्वकीय जायदाद की चिन्ता	अपुत्री कुलटा स्त्री दोषः
मीन	देव, भूतपिशाचादि की चिन्ता	आकाश गामी वायु प्रकोप

श्रीरामशलाका प्रश्नावली

मानसानुरागी महानुभावों को श्रीरामशलाका प्रश्नावली का विशेष परिचय देने की कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती। उसकी महत्ता एवं उपयोगिता से प्राय: सभी मानसप्रेमी परिचित होंगे। अत: नीचे उसका स्वरूपमात्र अंकित करके उससे प्रश्नोत्तर निकालने की विधि तथा उसके उत्तर-फलों का उल्लेख कर दिया जाता है। श्रीरामशलाका प्रश्नावली का स्वरूप इस प्रकार है—

सु	प्र	उ	बि	हो*	मु	ग	व	सु	नु	बि	घ	धि	इ	द
र	रु	फ	सि	सि	रें	बस	है	मं	ल	न	ल	य	न	अं
सुज	सो	ग	सु	कु	म	स	ग	त	न	इ	ल	धा	बे	नो
त्य	र	न	कु	जो	म	रि	र	र	अ	की	हो	सं	रा	य
पु	सु	थ	सी	जे	इ	ग	म*	सं	क	रे	हो	स	स	नि
त	र	त	र	स	इ	ह	ब	ब	प	चि	स	य	स	तु
म	का	ा	र	र	मा	मि	मी	म्हा	ा	जा	हू	हीं	ा	जू
ता	रा	रे	री	ह	का	फ	खा	जी	ई	र	रा	पू	द	ल
नि	के	मि	गो	न	म	ज	य	ने	मनि	क	ज	प	स	ल
हि	रा	म	स	रि	ग	द	न	ष	म	खि	जि	मनि	त	जं
सिं	मु	न	न	को	मि	ज	र	ग	धु	ख	सु	का	स	र
गु	क	म	अ	ध	नि	म	ल	:	न	ब	ती	न	रि	भ
ना	पु	व	अ	ढा	र	ल	का	ए	तु	र	न	नु	व	थ
सि	ह	सु	म्ह	रा	र	स	हिं	र	त	न	ष	ा	ज	ा
र	सा	ा	ला	धीं	ा	री	जा	हू	हीं	पा	जू	ई	रा	रे

इस रामशलाका प्रश्नावली के द्वारा जिस किसी को जब कभी अपने अभीष्ट प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने की इच्छा हो तो सर्वप्रथम उस व्यक्ति को भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान करना चाहिये। तदनन्तर श्रद्धा-विश्वासपूर्वक मन से अभीष्ट प्रश्न का चिन्तन करते हुए प्रश्नावली के मनचाहे कोष्ठक में अँगुली या कोई शलाका रख देना चाहिये और उस कोष्ठक में जो अक्षर हो उसे अलग किसी कोरे कागज या स्लेट पर लिख लेना चाहिये। प्रश्नावली के कोष्ठक पर भी ऐसा कोई निशान लगा देना चाहिये जिससे न तो प्रश्नावली गंदी हो और न प्रश्नोत्तर प्राप्त होने तक वह कोष्ठक भूल जाय। अब जिस कोष्ठक का अक्षर लिख लिया गया है उससे आगे बढ़ना चाहिये तथा उसके नवें कोष्ठक में जो अक्षर पड़े उसे भी लिख लेना चाहिए। इस प्रकार प्रति नवें अक्षर क्रम से लिखते जाना चाहिए और तब तक लिखते जाना चाहिए, जब तक उसी पहले कोष्ठक के अक्षर तक अँगुली अथवा शलाका न पहुँच जाय। पहले कोष्ठक का अक्षर जिस कोष्ठक के अक्षर से नवाँ पड़ेगा, वहाँ तक पहुँचते-पहुँचते एक चौपाई पूरी हो जायगी, जो प्रश्नकर्त्ता के अभीष्ट प्रश्न का उत्तर होगी। यहाँ इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी-किसी कोष्ठक में केवल 'आ' की मात्रा (ा) और किसी-किसी कोष्ठक में दो-दो अक्षर हैं। अत: गिनते समय न तो मात्रा वाले कोष्ठक को छोड़ देना चाहिए और न दो अक्षरों वाले कोष्ठक को दो बार गिनना चाहिए। जहाँ मात्रा का कोष्ठक आवे वहाँ पूर्वलिखित अक्षर के आगे मात्रा लिख लेना चाहिए और जहाँ दो अक्षरों वाला कोष्ठक आवे वहाँ दोनों अक्षर एक साथ लिख लेना चाहिए।

अब उदाहरण के तौर पर इस रामशलाका प्रश्नावली से किसी प्रश्न के उत्तर में एक चौपाई प्रदर्शित कर दी है। पाठक ध्यान से देखें। किसी ने भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का ध्यान और अपने प्रश्न का चिन्तन करते हुए यदि प्रश्नावली के * इस चिह्न से संयुक्त 'हो' वाले कोष्ठक में अँगुली या शलाका रखी और वह ऊपर बताये क्रम के अनुसार अक्षरों को गिन-गिनकर लिखता गया तो उत्तरस्वरूप यह चौपाई बन जायेगी—

हो इ हैं सो इ जो रा म र चि रा खा। को क रि त र क ब ढ़ा व हिं सा खा॥

यह चौपाई बालकाण्डान्तर्गत शिव और पार्वती के संवाद में है। प्रश्नकर्त्ता को इस उत्तरस्वरूप चौपाई से यह आशय निकालना चाहिए कि कार्य होने में सन्देह है, अत: उसे भगवान् पर छोड़ देना श्रेयस्कर है। इस चौपाई के अतिरिक्त श्रीरामशलाका प्रश्नावली से आठ चौपाइयाँ और बनती हैं, उन सबका स्थान और फल सहित उल्लेख नीचे किया जाता है। कुल नौ चौपाइयाँ हैं—

- **सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजहि मन कामना तुम्हारी॥**
  स्थान—यह चौपाई बालकाण्ड में श्रीसीताजी के गौरीपूजन के प्रसंग में है। गौरीजी ने श्रीसीताजी को आशीर्वाद दिया है।
  फल—प्रश्नकर्त्ता का प्रश्न उत्तम है, कार्य सिद्ध होगा।
- **प्रबिसि नगर कीजे सब काजा। हृदय राखि कोसलपुर राजा॥**
  स्थान—यह चौपाई सुन्दरकाण्ड में हनुमान्‌जी के लङ्का में प्रवेश करने के समय की है।
  फल—भगवान् का स्मरण करके कार्यारम्भ करो, सफलता मिलेगी।
- **उघरहिं अंत न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावन राहू॥**
  स्थान—यह चौपाई बालकाण्ड के आरम्भ में श्री सीताजी के सत्संग-वर्णन के प्रसंग में है।
  फल—इस कार्य में भलाई नहीं है। कार्य की सफलता में सन्देह है।
- **बिधि बस सुजन कुसंगत परहीं। फनि मनि सम निज गुन अनुसरहीं॥**
  स्थान—यह चौपाई भी बालकाण्ड के आरम्भ में ही सत्संग-वर्णन के प्रसंग की है।
  फल—खोटे मनुष्यों का संग छोड़ दो। कार्य पूर्ण होने में सन्देह है।
- **मुद मंगलमय संत समाजू। जो जग जंगम तीरथराजू॥**
  स्थान—यह चौपाई बालकाण्ड में संत-समाज रूपी तीर्थ के वर्णन में है।
  फल—प्रश्न उत्तम है। कार्य सिद्ध होगा।
- **गरल सुधा रिपु करहिं मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥**
  स्थान—यह चौपाई श्रीहनुमानजी के लङ्का में प्रवेश करने के समय की है।
  फल—प्रश्न बहुत श्रेष्ठ है, कार्य सफल होगा।
- **बरुन कुबेर सुरेस समीरा। रन सनमुख धरि काहुँ न धीरा॥**
  स्थान—यह चौपाई लंकाकाण्ड में रावण की मृत्यु के पश्चात् मन्दोदरी के विलाप के प्रसंग में है।
  फल—कार्य पूर्ण होने में संदेह है।
- **सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे। रामु लखनु सुनि भए सुखारे॥**
  स्थान—यह चौपाई बालकाण्ड में पुष्पवाटिका से पुष्प लाने पर विश्वामित्रजी का आशीर्वाद है।
  फल—प्रश्न बहुत उत्तम है। कार्य सिद्ध होगा।

इस प्रकार रामशलाका प्रश्नावली से कुल नौ चौपाइयाँ बनती हैं, जिनमें सभी प्रकार के प्रश्नों के उत्तराशय सन्निहित हैं।

अंक क्या है

भारत संसार को ब्रह्मा की कृति मानता है। ब्रह्मा क्या है? इस प्रश्न का समाधान करने के लिए वेद पुराण, उपनिषद् और दर्शन अस्तित्व में आए, फिर भी हम आज तक उस ब्रह्मा की केवल आभासिक सत्ता या कार्य को देखकर कारणगत अनुमान तक ही पहुंच सके। इसका अर्थ यह नहीं है कि ब्रह्म हमारे लिए अज्ञात रहा, अगर अज्ञात रहता तो इतना विवेचन किसका होता? किन्तु समस्या यह रही कि ब्रह्म को जान लेने के बाद ब्रह्मज्ञ व्यक्ति स्वयं ब्रह्मरूप हो गया और उसने ब्रह्म को वाणी या ज्ञान का विषय मानने से मना कर दिया, अर्थात् ब्रह्म शून्य है। शून्य अपने आप में अपरिभाषित है, किन्तु वह इस दृश्य जगत के विस्तार का कारण बनता है यह भी सुविदित सत्य है।

हमारी यह दार्शनिक सूक्ति विज्ञान की परिभाषा पर कसने से भी कोई व्यतिक्रम या असंगति नहीं होती। हमने ब्रह्म को अगोचर, निष्क्रिय और रूप-आकार रहित माना। यह बात आज भी हमारे आस-पास है और विज्ञान भी इसे स्वीकार किए बिना नहीं चलता। संसार में ऐसा कोई पदार्थ है ही नहीं जिसमें शून्य न हो, दैत्याकार पहिये में भी शून्य है, उसका केन्द्र भाग शून्य है, निष्क्रिय भी और रूपाकार रहित भी। इस बिन्दु के बिना गति संभव नहीं और यह बिन्दु (केन्द्रस्थ शून्य) न देखा जा सकता है, न जाना जा सकता है। हां परिणामों को देखकर इसकी कल्पना ही की जा सकती है और वही हम लोग करते आयें हैं, वही विज्ञान करता है, विज्ञान का अनन्त ब्रह्म के विराट किंवा अपरिमेय स्वरूप को बताता है तो चक्र के केन्द्र में स्थित बिन्दु इसको सूक्ष्मतम अवस्था में जानने की बात कहता है। इसी सत्य को हमने अणोरणीयान् और महतो महीयान् के रूप में कहा है।

ब्रह्म के यों तो अनन्त स्तर और व्यवहार (कारण रूप) हैं, किन्तु हम यहां उसके कुछेक आयामों को विचार का विषय बनाते हैं जिससे हमारे विषय का दार्शनिक अतएव मूल विश्लेषण समझ में आ सके। ब्रह्म का अर्थ होता है ब्रह्मणशील अर्थात फैलता अथवा विस्तार पाता हुआ। ब्रह्म का निष्क्रिय स्वरूप किंवा शून्य का गुणाकार रहित अस्तित्व जब प्रेरक रूप में अपनी ही शक्ति को विस्तृत करता है तो वह सत्, चित, अतएव आनन्दमय शून्य विविध प्रकार के पदार्थों का जन्मदाता बन जाता है। इस सत्य को हम इस प्रकार भी कह देते हैं — ब्रह्म स्वयं विस्तृत होने लगता है। विष्णु की नाभि से निकले कमलनाल पर विराजमान ब्रह्मा का प्रतीक चित्र क्या इस तथ्य का प्रतिपादन नहीं करता कि गति के केन्द्र में स्थित शून्य ही गति का कारक है, वह निष्क्रिय होकर भी गति को प्राणवान् बनाता है।

इस शून्य और गुणातीत के ज्ञानगम्य विस्तार को व्यक्त करने का माध्यम क्या हो? या क्या रहा होगा? यह दूसरा प्रश्न है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस विस्तार को ब्रह्म की ब्रह्मणशीलता को सम्प्रेषणीय बनाने के लिए शब्द के अलावा कोई माध्यम नहीं दिया जा सकता था। इसका भी कारण था — शून्य में जो विक्षोभ होता है या ब्रह्म की क्रियाशीलता की जो पद्धति है उसमें नाद प्रारम्भिक स्तर है और वही नाद आगे चलकर शब्दों के रूप में विकीर्ण-प्रसृत होता चला जाता है। यही एक कारण है कि संसार के समस्त दार्शनिकों ने शब्द को ब्रह्म का स्वरूप मानकर मुक्ति का प्रतीक कहा है।

यों शब्द या भाषा का इतना विस्तृत क्षेत्र है कि हम संख्या को भी शब्दों में लिख सकते हैं तथा अंकों के लिपिगत स्वरूप के अलावा उच्चारणगत रूप में वे शब्दों को ही अपना माध्यम बना सकते हैं, अर्थात् जिस प्रकार संकेतों में संख्या का अपना एक स्वतंत्र संसार है, उस तरह का स्वतंत्र व्यक्तित्व उनके बोलने में नहीं है। इस तथ्य को हम ऐसे कह सकते हैं कि जिस तरह लिखने में संख्याएं भाषा में एकरूप न होकर भिन्न दिखाई देती है उस तरह बोलने में इनके विशिष्ट संकेत नहीं हैं।

एक विचित्रता और है कि प्रकृति ने ब्रह्म के इस विस्तार को शब्दों के जितने स्तर और स्वरूप दिये हैं वे सारे अक्षर (शब्द) संसार के विभिन्न प्राणियों को दे दिए, जैसे कोयल को 'कू', कुत्ते को 'हू', या गाय को 'मां', किन्तु विश्व के किसी भी प्राणी को उसने संख्या नहीं दी। यह भी समानान्तर तथ्य है कि मनुष्येत्तर प्राणी संख्या के महत्त्व और क्षेत्र से अपरिचित है। क्या हम इसे मनुष्य जाति का सौभाग्य और अति विकसित स्तर नहीं मान सकते कि वह संख्या को जानती भी है, और समझती भी है?

प्रकृति ने प्राणिवर्ग को शब्दावली देते समय दूसरे प्राणियों को संख्या-बोध न देकर मनुष्य के साथ पक्षपात क्यों किया अथवा हम आज तक संख्या के लिए भाषागत शब्दों से भिन्न ध्वनियां क्यों नहीं खोज सके? इन दोनों प्रश्नों के उत्तर में भारतीयों के गहन चिन्तन के निष्कर्षों को और आस्तिक बनकर प्रकृति के लीला-विलास को समझना व मानना होगा।

वस्तुत: शब्दावली एक परिणाम है और संख्या एक क्रिया है। व्यवहार में हम एक या दो या पांच जैसी संख्याएं बोलते हैं। वे किसी घटक या आवृत्ति की पूर्णता की सूचक हैं, क्योंकि संख्या में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया जैसा भेद नहीं है। शब्दशास्त्रियों द्वारा विभाजित नाम और आख्यात जैसे भेद नहीं है, अत: हम संख्या-सूचक अंकों को ही क्रिया और परिणाम मानने के लिए विवश हैं।

हमारे घर में जल रहा बिजली का बल्ब या चल रहा पंखा असल में परिणाम है, क्रिया तो तरंगों में हो रही है। यह दूसरी बात है कि क्रिया की परिणति भी क्रिया में ही हो रही है। संसार का अर्थ शरणशीलता है, एक ब्रह्म के सिवा सभी कुछ तो चंचल है, गतिशील है, क्रियावान् है। ऐसी स्थिति में यदि क्रिया का विपाक भी क्रिया ही हो तो क्या आश्चर्य है?

मनुष्य की प्रखर विचारशीलता ने उस पर गणित के रहस्य प्रकट किए या उसकी अतृप्त जिज्ञासा शब्द से भिन्न अंक के क्षेत्र और दिगन्तों तक जा पहुंची। यह उसका पुरुषार्थ और भाग्य दोनों का समन्वित फल है। मूलत: प्रकृति संख्या के स्तर पर कार्य करती है किन्तु संख्या भी एक, दो या चार-पाँच के रूप में नहीं बल्कि वृत्त और कोण के रूप में याने ज्यामितीय स्तर पर वृत्त बिन्दु का प्रतीक है जो संख्या में शून्य का बोध कराता है और कोण संख्याओं का। हम जानते हैं कि बिन्दु का विस्तार त्रिकोण में होता है, बिन्दु या वृत्त या प्रतीक के रूप में शून्य का अपने आपमें कोई अर्थ नहीं हुआ करता। वह संख्याओं के साथ जुड़कर ही अपनी शक्ति एवं व्यक्तित्व को प्रकट कर पाता है, इसलिए शून्य संख्या ही नहीं बिन्दु के रूप में ध्वनि का भी मूल रूप है। माना शून्य का स्वयं में कोई अर्थ या महत्व नहीं, पर उसमें संख्याओं को सृजन करने की अद्भुत क्षमता है, इस तथ्य को अस्वीकारा नहीं जा सकता।

ऊपर हम कह आए हैं कि जिस तरह बल्ब और पंखे विद्युत की क्रिया के परिणाम हैं, उसी तरह भाषा प्रकृति के परिणामों को सहेजती है, उसकी क्रिया के कार्यों को अभिव्यक्ति देती है, प्रकृति की क्रियामयता को वह अभिव्यंजना नहीं दिया करती। यह बात प्रथम दृष्टि में हमें विरोधाभास कराती है किन्तु थोड़ा गहराई से चिन्तन करने पर हम इससे सहमत हो सकते हैं।

आशय यह कि प्रकृति ज्यामितिय आकृतियों में काम करती है यानी प्रकृति का क्रियापरक रूप कोण और वृत्तमय होता है। ज्यामितिय संख्या से भिन्न नहीं है भले ही हम ज्यामितिय को सम्पूर्ण रूप से अंकगणितीय रूप न दे सकें पर ज्यामितिय को अपनी स्पष्ट अभिव्यंजना के लिए अंक का सहारा लेना ही पड़ता है। त्रिकोण में त्रि के रूप में जो संकेत है वह संख्या ही है।

अंक क्या है?

अंक का शाब्दिक अर्थ है-चिह्न। अमरकोशकार द्वारा 'कलंकांकौ लाञ्छनं च चिह्नं लक्ष्म च लक्ष्मणम्' अंक, लाञ्छन, चिह्न, लक्ष्म, लक्ष्मण, कलंक ये एक दूसरे के पर्याय हैं। यह भिन्न बात है कि परमार्थत: एवं व्यवहार में हम इन सारे शब्दों को अलग-अलग परिस्थितियों में प्रयोग करते हैं। अंकों के लिए दूसरा शब्द संख्या है

जिसका व्याकरण की व्युत्पत्ति से सिद्ध अर्थ होता है — सम्यक् आख्यान। ये दोनों शब्द गणित या गणना से स्पष्ट होते हैं अन्यथा अंक शब्द को तो हम संख्या के पर्यायवाचक के बिना भी प्रयोग में लाते हैं। गणित की आधारभूमि देने से ये शब्द अपना वास्तविक परिप्रेक्ष्य प्रकट कर देते हैं, क्योंकि गणना एक समग्र क्रिया की, आवृत्ति के सम्पूर्ण क्षेत्र की, किंवा एक पूरे घटक की होती है। गणना शब्द ही इस अवस्था को सूचित करता है।

संख्या के रूप में ये एक, दो, दस, हजार जैसे अंक वास्तव में संकेत है और यह संकेतात्मकता ही इनकी शक्ति है। भाषा एवं शब्द प्रतीक बोध पर चलते हैं और अंक संकेत विधि से कार्य करते हैं। शब्दों में कोई भी शब्द ऐसा नहीं जो संख्या के संकेत जितने बड़े क्षेत्र को व्यक्त कर सके। 'राम' जैसे संज्ञा शब्द, 'वह' जैसे सर्वनाम 'अथवा' जैसे अव्यय और 'जाता' है, जैसे क्रिया पद अपनी विशेष सूचकता के कारण हमारे व्यवहार और सम्प्रेषण को पूर्ण बनाते हैं, फिर भी संकेतों की विश्वजनीनता ज्यामितीय सत्य है। प्रेयसी से रमण करने की इच्छा करने से प्रेरित प्रेमी का संकेत सारे संसार में एक है तो क्रोधाविष्ट का आक्रामक स्वरूप भी सार्वजनीन संकेत है। इस दृष्टि से संकेत का क्षेत्र सीमित रहकर भी अपनी व्यापकता की दृष्टि से अधिक विस्तृत और समर्थ रहेगा।

यों तो भाषा भी एक अभिव्यक्ति के रूप में निर्दोष है। किन्तु तदपि वह अपनी प्रतीकात्मकता के कारण गाली बन जाती है या किसी को रुष्ट करने का कारण बन जाती है। इसी का दूसरा पक्ष यह भी है कि भाषा की शब्दावली से कोई व्यक्ति प्रसन्न भी हो सकता है और अपने को मोहग्रस्त भी कर सकता है, जबकि संख्या अपनी संकेत शक्ति के कारण तटस्थ रहा करती है। जब तक संख्या हमारे प्रसंग को ग्रहण नहीं करती तब तक वह निःसंग रहती है। सड़क पर एक छपा हुआ पन्ना पड़ा है, उसके एक तरफ संयोजित अतएव प्रसंगवद्ध कोई वक्तव्य छपा हुआ है और दूसरी तरफ कोई संख्याओं का जाल मुद्रित है। इस पृष्ठ के दो भागों भाषा एवं संख्यामय भागों को पढ़कर हम यह स्वीकार करेंगे कि एक पृष्ठ के प्रसंग से हम अनजान होकर भी जुड़ सकते हैं, यानी वह प्रतीक बोध हम तक सरलता से आ जाया करता है, जबकि संख्याए हमारे तक नहीं आतीं, उनके प्रसंग से हम सहसा परिचित नहीं हुआ करते। यह विचित्रता तब और बढ़ जाती है जब भाषा की रचना यानी एक वाक्य का संयोजन निरर्थक हो सकता है या एक शब्द भी केवल अक्षरों का संयोजन मात्र हो सकता है। जैसे आकाश के लिए हाथियों की खुर मात्र उपयोगिता नहीं है, ऐसे वाक्य अथवा 'तुखो' जैसे शब्द निरर्थक हो सकते हैं पर संख्या का कोई भी संयोजन निरर्थक नहीं हुआ करता। उसकी क्रमिकता और निःसंगता अपने में सार्थक है।

अपने व्यवहार में हम संख्या के चमत्कार से प्रतिदिन आमने-समाने हुआ करते हैं। उच्च गणित के विद्यार्थी जानते हैं कि गणित की अनन्तगामिता ही उसका रहस्य है और शक्ति भी है।

परिवार नियोजन की आवश्यकता आज भी हमारे लिए राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में प्रस्तुत है, क्यों? क्योंकि हम गणित के रहस्य एवं शक्ति से परिचित हैं, अन्यथा समुद्र में रहने वाली मछलियाँ, जंगल में उगने वाली वनस्पति, शहरों में फैलने वाली कुत्तों की वंशावली, ये सब अपने अनर्गल विस्तार से भय नहीं करते, वे पूर्णतया प्रकृति के खिलौने हैं, दास हैं।उनके क्रिया-व्यवहार में कहीं भी, किंचित् भी स्वामित्व का भाव नहीं है। इसके विपरीत मनुष्य अपनी सतत साधना, विकसित चेतना और उर्वर कल्पना-शक्ति के कारण अपवाद के रूप में ही दासवत् व्यवहार किया करता है। मनुष्य का यह ज्ञान-विज्ञान कभी-कभी उसे अस्वाभाविक भी बना दिया करता है।दो, ढाई, तीन, चार फुट के बच्चों का औसत लेकर नदी के जल का औसत निकालकर नदी पार करने वाले अपने बच्चों के डूब जाने पर अपने सवाल को जाँचने या उसमें कोई गलती न रहने पर बच्चों के डूबने पर आश्चर्य करने लगें तो यह उनका व्यावहारिक दोष है — अंक और उनकी पद्धति अपने आप में निरपेक्ष है, उसे किसी भी तरह का दोष नहीं दिया जा सकता, अथवा भारत में पनप रहे प्रजातंत्र में बीस या तीस प्रतिशत भी बहुमत हो जाय तो इसमें गणित को छलिया कैसे कहा जा सकता है, या आज की जनसंख्या और उसकी वृद्धि की गति को (-) जिसमें किसी भी प्रकार का संदेह या दोष नहीं है — गणितीय आधार देने पर इस धरती पर किसी समय मनुष्य के सिवा कोई नहीं मिलेगा-इस तरह की कल्पना को गणित का ठोस आधार देने पर इसके भविष्यत् की भयावहता से स्तब्ध होना सहज है। किन्तु यह सब अंकों का तटस्थ व्यापार है, वे किसी को प्रसन्न या विषण्ण करने जैसा रूप धारण नहीं करते। यदि ऐसा ही होता तो एक व्यक्ति चक्रवृद्धि ब्याज का हिसाब करके एक दो पीढ़ियों में (एक लाख रुपये के मूलधन से) सारे देश की मुद्रा का स्वामित्व प्राप्त कर लेने के हर्ष से पागल भी हो सकता है।

आशय यह है कि भाषा के शब्दों या वर्णों का अपना क्षेत्र व प्रभाव अवश्य रहता है और वे भी एक सीमा तक अपने आपमें निरपेक्ष है, किन्तु उन शब्दों में या शब्द-समूहों में एक स्वाभाविक लय रहा करती है और वह लय ही एक सम्पूर्ण आर्केस्ट्रा के रूप में हमें प्रभावित किया करती है, जबकि संख्या के संकेतों में लय नहीं होती, वेलय की आवृत्ति को गिनते हैं। यही इनका मौलिक स्वरूप और परिचय होता है।

इस दृष्टि से संख्या का स्वतंत्र अस्तित्व सिद्ध नहीं होता। वह किसी भी वाचक या संकेतक बनकर ही अपनी अर्थवत्ता प्रकट करती है अर्थात् वह परोपजीवी है। इसके बावजूद भी यह निश्चित है कि संख्या प्रकृति की कार्य-पद्धति की सूचक होकर भी प्रकृति के व्यवहार के वर्गीकृत स्वभाव का परिचय एवं गणना कराती है। मोटे तौर पर हम सम और विषम संख्या के रूप में किये गये विभाजन को देखें तो हमें उनमें गणितीय संयोजन एवं समरूपता दृष्टिगत होती है। सम संख्या के चतुष्कोण या चतुर्भुजों में परस्पर संयोजन सरलता एवं सहज रूप से हो जाया करता है। उसमें विषम संख्या के ज्यामितीय रूपों को हम परस्पर आसानी से जोड़ नहीं सकते हैं। संख्याओं के माध्यम से प्रकृति की कार्य-विधि को समझने तथा उसके संभावित-सुनिश्चित परिणामों को खोज निकालना ही अंक विद्या है और अंक ज्योतिष के रूप में हम संख्याओं की संकेत शक्ति व उन संकेतों के परिणामों का विश्लेषण-मूल्यांकन करते हैं।

भारत ने शब्दशास्त्र का जितना सूक्ष्म अध्ययन किया हैउतना ही संख्याओं का भी, अर्थात् जिस तरह किसी रंगीन चित्र में रेखाओं और रंगों का संयोजन संयुक्त रूप से एक अनुभूति देता है, किन्तु रेखाओं और रंगों के स्वभाव, प्रभाव एवं गुणों का स्वतंत्र रूप से अध्ययन करना भी महत्वपूर्ण रहता है, क्योंकि रंगों की दुनिया और रेखा की दुनिया का भी अपना व्यक्तित्व है।

अंक का माध्यम या संकेत के रूप में हमने निर्बध उपयोग किया, किन्तु उनको स्वतंत्र रूप से, उनकी सहज गति व प्रकृति को निरपेक्ष भाव से समझने की भी चेष्टा की गई। अंकों से बनने वाले यंत्र निर्विवाद रूप से अंकों की शक्ति व प्रकृति को सिद्ध करते हैं तो केरलीय ज्योतिष में या अन्य प्रसंगों का केवल संख्या के आधार पर समाधान ढूंढने की पद्धति भी अंकों के महत्व को प्रतिपादित करती है, रमल शास्त्र तो अपने आप में अंकों की ही दुनियां है।

ज्योतिष का काम अंकों के बिना नहीं चल सकता, सूर्य का पिण्डीय गोल रूप इन ग्रहों का अयन पथ, ये सब अपने प्राकृतिक रूप में वृत्ताकार है किन्तु उस वृत्त से हमारा काम नहीं चलता जिस तरह अकेले शून्य से कोई सार्थक उपयोगिता सिद्ध नहीं होती जहाँ वृत्त के विभाजन का प्रश्न आया वहीं वह 'शून्य' विभिन्न इकाइयों, कोणिक आकृतियों में विभक्त हो गया और इस विभाजन के लिए अन्य संख्याओं की आधारभूमि बन गई।

ज्योतिष में षडष्टक सम्बन्ध, त्रिक स्थान और त्रिषडाय स्थानों को स्वभावत: अहितकर माना जाता है, क्योंकि लग्न से इन स्थानों से लेकर बनने वाले कोण विषम स्थिति के सूचक होते है। इन कोणिक आवृत्तियों को संख्या का संकेत देना ही फलित की विशेषता बन जाती है। इसी विचार-परंपरा और अंकों की कार्य- शैली को समझने से अंको द्वारा हमारे जीवन के विभिन्न रहस्यपूर्ण-सम्पूर्ण उद्घाटी लेते हैं। अतएव अज्ञात भविष्य को जानने का उपक्रम अंक ज्योतिष का विषय है।

जिस प्रकार कोई व्यक्ति गंगा की धार में बहकर उसके यात्रा-पथ व विविध भौगोलिक प्रभावों को भोगने के लिए बाध्य है, उसी प्रकार हम अपने नाम जन्मदिन, स्थान के नाम आदि के स्वयं-सिद्ध प्रभावों को भोगने के लिए बाध्य है। इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करके सुरक्षित व सुविधाजनक रूप से गन्तव्य तक पहुंचना हमारी बुद्धिमता और दूरदर्शिता है तथा इसके लिये अंक ज्योतिष सशक्त आधार है।

संख्या का दार्शनिक पक्ष

संख्या का व्यवहारगत अर्थ है — यूनिट, वर्ग या समूह। संख्या का व्याकरण-सिद्ध अर्थ होता है — सम्यक् प्रकार से कथन-ज्ञापन। संस्कृत में संख्यान और आख्यान शब्द इस अर्थ में प्रयुक्त हुए है, किन्तु कालान्तर में यह शब्द केवल गिनती के अर्थ में रूढ़ हो गया।

अंक ज्योतिष या न्यूमरोलाजी के रूप में हम आजकल जिस विवेचन या विधा को देख रहे हैं वह भी मूलत: संख्या का, गणित का ही विशेष प्रकार का फलित है। किन्तु संख्या शब्द ज्योतिष के परिप्रेक्ष्य को प्रकट नहीं कर पाता, इसलिए इस अंक ज्योतिष या अंक विद्या के नाम से हम जानते हैं। अंक शब्द का अर्थ है चिन्ह अमर कोश के 'कलंकांको लाञ्छनं च चिन्हं लक्ष्म च लक्षणम्' अनुसार अंक एक चिह्न है। यह चिह्न गणितीय भी हो सकता है। बीजीय भी और रेखीय भी। अंक ज्योतिष में या वैसे भी ज्योतिष में संकेत अधिक चलते हैं। कुण्डलियों में राशि का नाम न लिखकर केवल उसकी संकेतक संख्या लिखी जाती है।

अंक और भाषा एक ही वस्तु के दो पहलू हैं। प्रत्येक वस्तु संख्या की सीमा में आती है। संख्या की बोधकता एक स्थान पर भाषा की शक्ति का भी अतिक्रमण कर जाती है और वह है शून्य का संकेतन। भाषा में या हमारे व्यवहार में उपस्थित विषमता को संख्या ने हल कर दिया — यह संख्या का अपना अधिकार सम्पन्न क्षेत्र रहा है अन्यथा भाषा का बहुवचन अस्पष्ट रहता है — वह केवल एकाधिक की सूचना देता है, मात्रागत या परिमाणगत स्थिति केवल संख्या से ही सूचित हो सकती है।

भाषा प्रतीक बोध पर चलती है और संख्या संकेत पर जिसे हम सिम्बलिज्म और सिग्नल सिस्टम कहा करते हैं। संकेत अपनी सीमा में स्वतंत्र है। प्रतीक वर्गीकृत है। जहां हमने चार कहा, वहां यह संकेत चार यूनिट का संकेत करता है। इसके अलावा कुछ नहीं करता। इसके विपरीत जहाँ हमने राम, चन्द्रमा, मैं या वह कहा, वहां ये शब्द प्रतीक रूप में इन नामधारियों का ज्ञान कराते हैं।

संख्या आवृत्ति किंवा फ्रीक्वैंसी की सूचना देती है। यह आवर्तनशीलता संख्या का आधार है। किन्तु इस आवर्तनशीलता का भी एक रूप और प्रभाव है जिसे भौतिकशास्त्री अच्छी तरह जानते हैं। फ्रीक्वैंसी में यत्किंचित् परिवर्तन होने पर तरंगों की प्रकृति और स्वरूप में अन्तर आ जाता है। यही स्थिति रसायन शास्त्र में आती है, जहाँ घटकों की संख्या नियत रहती है तथा उसमें परिवर्तन होते ही पदार्थ के अन्तर एवं तदधारित ग्राह्य में भी परिवर्तन हो जाता है।

विश्व में अनेक घटक इस प्रकार हैं जिनकी संख्या नियत रहती है, इसलिए उन सभी पदार्थों या व्यक्तियों का उन स्थायी वर्ग वाले पदार्थों से संख्यागत संबंध जुड़ जाता है और उनका प्रभाव परोक्ष रूप से उन व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर पड़ता ही है।

माना किसी का नाम पुनीत या विपुल है। ये शब्द दो स्तरों पर नामी को प्रभावित करते हैं-पहला भाषा और दूसरा संख्या। संख्या के रूप में पुनीत या विपुल एक-एक व्यक्ति हैं। किन्तु इन नामों के अक्षरों के ध्रुवांक और उन ध्रुवांकों के चरित्र के अनुसार इन व्यक्तियों का जीवन एक अर्थ में प्रभावित होगा। ज्योतिष में जैसे जातक और गोचर दो पद्धतियां होती हैं और मनुष्य दोनों ही प्रभावों से प्रभावित होता है, उसी तरह व्यक्ति नाम के संख्यांक और भाषागत अर्थ से प्रभावित हुआ करता है। भारतीय अपने बालकों का नामकरण करने के लिए प्रत्येक नक्षत्र के चरण पर आने वाले अक्षर से प्रारंभ होने वाले नाम रखा करते हैं। नाम रखने में किस प्रकार के शब्द ग्रहण करने चाहिए और किस प्रकार के छोड़ देने चाहिए, इस प्रकार की व्यवस्था का निर्देश करने वाले ऋषियों ने उनके नामों के ध्रुवांक और संख्यापरक तथ्य पर भले ही ध्यान न दिया हो, (क्योंकि इस प्रकार का विश्लेषण किसी ग्रन्थ में स्वतंत्र रूप में देखने को नहीं मिलता, संकेत के रूप में मिलता हो तो कोई बात नहीं।

चित्रकला के विद्यार्थी या यंत्र रचना के ज्ञाता लोग यह जानते है कि रेखा और रंगों का भी अपना व्यक्तित्व होता है, उसी तरह प्रत्येक नाम या संज्ञा शब्द का गणित भी हुआ करता है।

जहां तक भाषागत महत्व का प्रश्न है, उससे असहमत हुआ जा सकता है क्योंकि सत्यनारायणजी असत्य के भण्डार हो सकते हैं और पुनीत बिल्कुल अपवित्र हो सकते हैं, तो भी इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि जिस नाम से उसे पुकारा जाता है उस नाम के जप का प्रभाव उस व्यक्ति पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यून या अधिक रूप में पड़ता ही है।

व्यक्ति अपने नाम से विपरीत चरित्र एवं प्रकृति का होता है — यह अनुसंधान का विषय है। यद्यपि इस प्रभाव के पीछे संकरता, वातावरण का प्रभाव और हमारे लोगों का काम संबन्धों में उच्छृंखलता का होना भी है तदपि यही एकमात्र कारण नहीं है।

अंक और ऐतिहासिक घटनाएं

पूर्व जन्म में सम्पूर्ण प्राणियों ने शुभाशुभ जैसे जो भी कर्म किये हैं, उन कर्मों के फलों को प्राणी इस जन्म में या अगले जन्म में किस प्रकार भोगकर समाप्त करेगा यही ज्योतिष शास्त्र बतलाता है। जैसे अन्धकार में पड़ी हुई वस्तु को दीपक का प्रकाश बतला देता है।

यह पुस्तक ज्योतिष की एक शाखा अंक विधा के ज्ञान को हम अपने जीवन में किस प्रकार उपयोगी बनाकर अपनी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं तथा आने वाले भविष्य को अपने अनुकूल बना सकते हैं, का मार्ग प्रशस्त करेगी। अंक चिन्ह को भी कहते हैं, इसे संख्या भी कहा जाता है। आज के युग में क्या प्राचीन युग में भी अंक की महत्ता रही है।

पाश्चात्य ज्योतिषी कीरो ने अपनी पुस्तक 'बुक आफ नम्बर' में यह उल्लेख किया है कि जब मैं भारत का भ्रमण कर रहा था तो मुझे कुछ ऐसे ब्राह्मणों के सान्निध्य में रहने का सौभाग्य मिला जो प्रकृति के बहुत से गूढ़ रहस्यों को अपने हृदय में छिपाये थे और कृपा करके कुछ का ज्ञान मुझे भी कराया था। वे सभ्य होने से पहले से इस अंक विद्या के ज्ञान से परिचित थे।

जिस तरह शब्द को ब्रह्म की संज्ञा देकर महत्वपूर्ण माना है, इसी तरह अंक भी महत्वपूर्ण है। शून्य (०) एक अंकीय चिन्ह है और यह भी ब्रह्म की विराट सत्ता का प्रतीत है। वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण से अंक सर्वाधिक महत्वपूर्ण, प्राचीनतम कटु सत्य है। हमारे आर्ष पुरुषों, ऋषि-मुनियों ने, दैवज्ञों तथा वैज्ञानिकों ने परखा है, सोचा समझा एवं मनन किया है, तभी इसे इतना महत्वपूर्ण माना है।

अंक हमारे जीवन में भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अंक द्वारा हम अपने मन्तव्य को भली भाँति समझा सकते हैं। जैसे किसी ने कहा कि इस पेड़ पर कुछ कबूतर बैठे हैं, लेकिन ठीक उत्तर के लिए उनके कितने हैं बतलाने के लिए किसी प्रतीक का सहारा लेना पड़ेगा और वह प्रतीक है अंक। ऊपर लिखे वाक्य को हम अगर स्पष्ट रूप से समझाने का प्रयास करें तो वाक्य इस पेड़ पर बारह कबूतर बैठे हैं इस प्रकार हो गया। इसी प्रकार अंक हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना हमारी बात अधूरी है, अस्पष्ट है।

राम देहली ७ बजे जायेगा। देहली २३ मील दूर है। वहां का किराया ३१ रुपये है। मेरी आयु ४१ वर्ष है इत्यादि। इन वाक्यों में आपने देखा कि अंक किस तरह हमारे दैनिक उपयोग में आता है, इसके बिना हमारी बात अधूरी रहेगी। अंक भूत, भविष्य, वर्तमान बतलाता है। हमारे दुख-दर्द का सच्चा साथी है। अंक द्वारा ही हम अपनी उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। हमारे पूर्वजों ने अंक के महत्व को समझा, इसका गहन अध्ययन किया और इसे जन उपयोगी पाकर सर्वसाधारण को इसकी महत्ता एवं शक्ति से परिचित कराया।

सहधर्मी वस्तुएं आकर्षण करती हैं और विधर्मी विकर्षण, यह विज्ञान-सम्मत बात है। कबूतर कबूतरों में ही रहेगा,बाज अथवा कौओं में नहीं। इसी प्रकार प्रत्येक अंक अथवा संख्या अपने जैसे संख्या अथवा अंक को आकर्षित करेगी और इनमें आपस में मैत्री एवं सौहार्द रहेगा। इसी प्रकार विरोधी अंक संख्या में विकर्षण, शत्रुता एवं विरोध रहेगा। यूं कोई भी अंक अपने आप में बुरा प्रभाव नहीं रखता, परन्तु स्थान तथा परिस्थितिवश शुभ या अशुभ हो जाता है।

कई लोग जो ज्योतिष से परिचित नहीं होते, मात्र उन्होंने कहीं से सुन रखा होता है कि राहु और शनि बुरे ग्रह हैं और इनकी दशा भुक्ति कष्टकर होती है। ये जब किसी अन्य को अथवा स्वयं को कठिन परिस्थिति में दुःख तकलीफ में देखते हैं तो राहु-शनि को इसका कारण मानकर कह देते हैं कि बुरे दिन चल रहे हैं, शनि राहु की दशा के कारण। शनि-राहु पापी ग्रह हैं यह माना, परन्तु ये हर एक को बुरा फल देते हों मैं यह मानने को तैयार नहीं। जिनकी कुण्डली में शनि या राहु कारक होकर शुभ स्थानस्थ हों तो अपनी भुक्ति में मान-सम्मान, धन और राज्य भी देते हैं। मैंने कई ऐसी कुण्डली देखी हैं, जिनमें मात्र शनि ने उच्च पद तथा राहु ने आकस्मिक धन दिया है।

कहने का तात्पर्य यह है कि पाठक स्वयं अपने जीवन को रिश्तेदारों, प्रियजनों, जानकारों के जीवन को टटोलकर देखें तो पायेंगे अंक की आश्चर्यजनक समानता — चमत्कारिक रूप। यह सत्य है कि ज्योतिष कठिन विषय है। इसे समझना हर एक के बूते की बात नहीं, क्योंकि जन्म पत्रिका बनाना आसान काम नहीं, न ही बनाकर देखना और समझना। गणित की जटिल प्रक्रिया से निकलकर मनुष्य फलित के जाल में फंस जाता है। किन्तु अंक विद्या (ज्योतिष) सरल विधि है। इसे थोड़ा ज्ञान रखने वाला व्यक्ति भी समझकर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान कर सकता है।

अंकों में गति है, क्रम-बद्धता है, अगले पृष्ठों में कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं जिससे आप समझ सकेंगे कि घटनाओं के घटने का क्रम अंकों की किस सुनिश्चित योजना द्वारा क्रमबद्धता द्वारा घटित होता है। नीचे वाले उदाहरण में आप देखेंगे कि चमत्कारिक रूप से ५३९ साल के अन्तर से सेंटलूई तथा लूई सोलहवें के जीवन की घटनाएं समान रूप से घटित हुई।

सेंट लूई का जन्म	२३ अप्रैल	१२१५
		+ ५३९
लूई सोलहवें का जन्म	२३ अगस्त	१७५४
सेंट लूई की बहन ईसाबेला का जन्म		१२२५
		+ ५३९
लूई सोलहवें की बहन अलजावेथ		१७६४
का जन्म सेंट लूई के पिता आठवें की मृत्यु १२२६		
		+ ५३९
लूई सोलहवें के पिता डाफिन की मृत्यु		१७६५
सेंट लूई की बादशाहत की शुरुआत		१२२६
		+ ५३९
लूई सोलहवें की बादशाहत की शुरुआत		१७६५
सेंट लूई का विवाह		१२३१
		+ ५३९
लूई सोलहवें का विवाह		१७७०
सेंट लूई को वयस्काधिकार मिला		१२३५
		+ ५३९
लूई सोलहवें को वयस्काधिकार मिला		१७७४
सेंट लूई और इंग्लैंड के बादशाह हेनरी		१२४३
तृतीय में युद्ध के बाद सन्धि हुई		+ ५३९
लूई सोलहवें और इंग्लैंड के बादशाह जार्ज		१७८२
तृतीय में युद्ध के बाद सन्धि हुई		
एक पूर्वदेशीय राजकुमार ईसाई बनने के लिए		१२४९
सेंट लूई से मिला		+ ५३९
एक अन्य राजकुमार ने अपना दूत इसी		१७८८
आशय के लिए लूई सोलहवें के पास भेजा		
युद्ध में सेंट लूई की हार, साथियों द्वारा		१२५०
छोड़ा जाना तथा बन्दी होना		+ ५३९
लूई सोलहवें का उसके दल द्वारा छोड़ा जाना		१७८९
तथा बन्दी होना		
सेंट लूई की मां का स्वर्गवास हुआ		१२५३
		+ ५३९
लूई सोलहवें की मां की मृत्यु हुई		१७९२
सेंट लूई ने जैकोबियन धर्म अपनाना चाहा		१२५४
		+ ५३९
जैकोबियनों द्वारा लूई सोलहवें का अन्त		१७९३

एक अन्य उदाहरण देखिए-

पूज्य गाँधीजी के जीवन में अंक २ व ४ का वर्चस्व रहा था

जन्म -२ अक्टूबर	२
विवाह हुआ १८८३ में	२
पिता का स्वर्गवास हुआ १८८५ में	४
वकालत की १८९२ में	२
भारत आए १९०१	२
ट्रांसवेल ब्रिटिश इंडिया बनी १९०३	४
स्वराज्य फण्ड कमेटी बनी २ अक्टूबर	२
पत्नी की मृत्यु २२ फरवरी	४
स्वयं का स्वर्गवास १९४८	४

एक और उदाहरण अंक १३ का। यूं पश्चिम में इस अंक को लोग अशुभ समझते हैं और प्राय: इस अंक का प्रयोग वे जीवन के किसी भी क्षेत्र में नहीं करते। परन्तु ज्योतिर्विदों की दृष्टि में यह अंक नवीनता का प्रतीक माना गया है। अमेरिका में १३ की अंक संख्या का काफी महत्व रहा है। वैसे भी अमेरिका नई दुनिया के नाम से जाना जाता है।

अमेरिका में जार्ज वार्शिगटन का सत्कार किया
१३ तोपों की सलामी देकर

अमेरिका के राष्ट्रीय झण्डे में कुल पत्तियां	१३
" " " " बाण	१३
" " " " ईगल पर कुल सितारे	१३
" " " " ईगल के हर डेने में कुल पंख	१३
" " " " सर्वप्रथम अमेरिका के कुल राज्य	१३

अमेरिका की स्वतन्त्रता की घोषणा पर हस्ताक्षर १३ व्यक्तियों ने किये।

एक अन्य उदाहरण भारतीय अकाली दल (गुरनाम सिंह ग्रुप) का यू.एन.आई. से साभार-

गुरनामसिंह ग्रुप अकाली दल के सचिव श्री राजिन्दरसिंह ने अपने एक बयान में बतलाया कि पार्टी को १३ का अंक सर्वाधिक अशुभ रहा।

इस दल का जन्म	१३ जून १९७१
दल समाप्त हुआ	१३ फरवरी १९७२
कार्यकारिणी के २० सदस्यों ने दल छोड़ा	
	१३ सदस्यों ने १३ फरवरी को
दल के कार्यवाही रजिस्टर में अंकित कार्यवाही	१३ पेज तक
दल के चपरासी ने दफ्तर आना बन्द कर दिया	१३ फरवरी
दल के सचिव का अपने साथियों सहित	
दल से इस्तीफा	१३ फरवरी
दल के चार प्रत्याशी हारे हुए घोषित हुए	१३ मार्च

एक अन्य उदाहरण जब भी सन् के आखिर में ७ की संख्या आई है वह भारत के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहा है, यथा-

महाराणा प्रताप की मृत्यु	१५९७
शाहजहां की हुकूमत	१६२७ से १६५७
शिवाजी की पैदाइश	१६२७
औरंगजेब की मृत्यु	१७०७
हिन्द की पहली जंगे आजादी	१८५७
दक्षिण का कहत	१८७७
मिण्टो रिफार्म एक्ट बना	१९०७
इसे लागू किया गया	१९१७

साइमन कमीशन आया, शारदा एक्ट बना	१९२७
प्रथम बार कांग्रेस वजारतें बनीं	१९३७
भारत आजाद हुआ	१९४७
प्रथम बार केरल में कम्युनिस्ट वजारत बनी	१९५७
सभी दलों ने किसी न किसी प्रान्त में मिली-जुली सरकार बना ली (कांग्रेस के खिलाफ)	१९६७
जनता पार्टी का राज्य काल तथा कांग्रेस की उत्तरी भारत में हार	१९७७

विदेशों में इस प्रकार की घटनाओं का वृहद् संकलन किया गया है। भारत में इस विधा पर कोई खास गौर नहीं किया गया वर्ना यहाँ भी ऐसे अनेक उदाहरण होंगे। ऊपर पाठकों ने अंक का घटना-क्रम से सम्बन्ध देखा, अगर वे अपना अथवा अपने सम्बन्धियों का जीवन टटोलें तो ऐसी ही आश्चर्यजनक समता मिलेगी।

मूलांक कैसे निश्चित किए जाएं

हर व्यक्ति का जन्म अंग्रेजी महीने की किसी भी तारीख को हो सकता है। एक महीने में १ से लेकर ३१ दिन तक हो सकते हैं। इस अध्याय में हम जन्म की तारीख से मूलांक बनाने की विधि का अवलोकन करेंगे। जन्म की तारीख से मूलांक (जन्मांक) लिखे अनुसार होंगे, यथा—

जन्म तिथि	मूलांक (जन्मांक)	जन्म तिथि	मूलांक (जन्मांक)
१	१	६	६
२	२	७	७
३	३	८	८
४	४	९	९
५	५		

एक से लेकर ९ तक की अंक संख्या ईकाई में है। आगे १० से लेकर ३१ तक की संख्या दहाई में है, इस दहाई की संख्या को इकाई में बदलना पड़ता है जैसे—

१०	१+ ०= १	१
११	१+ १= २	२
१२	१+ २= ३	३
१३	१+ ३= ४	४
१४	१+ ४= ५	५
१५	१+ ५= ६	६
१६	१+ ६= ७	७
१७	१+ ७= ८	८
१८	१+ ८= ९	९
१९	१+ ९= १० = १+ ०= १	१
२०	२+ ०= २	२
२१	२+ १= ३	३
२२	२+ २= ४	४
२३	२+ ३= ५	५
२४	२+ ४= ६	६
२५	२+ ५= ७	७
२६	२+ ६= ८	८
२७	२+ ७= ९	९
२८	२+ ८= १० = १+०= १	१
२९	२+ ९= ११ = १+१= २	२
३०	३+ ०= ३	३
३१	३+ १= ४	४

ऊपर आपने मूलांक बनाने की विधि देखी नीचे मूलांक एक नजर में—

दि.	१, १० १९, २८	का मूलांक	१
दि.	२, ११, २०, २९	का मूलांक	२
दि.	३, १२, २१, ३०	का मूलांक	३
दि.	४, १३, २२, ३१	का मूलांक	४
दि.	५, १४, २३	का मूलांक	५
दि.	६, १५, २४	का मूलांक	६
दि.	७, १६, २५	का मूलांक	७
दि.	८, १७, २६	का मूलांक	८
दि.	९, १८, २७	का मूलांक	९

मूलांक और उनके अधिपति ग्रह

मूलांक	स्वामी ग्रह	मूलांक	स्वामी ग्रह
१	सूर्य	६	शुक्र
२	चन्द्रमा	७	नेपच्यून
३	बृहस्पति	८	शनि
४	हर्षल	९	मंगल
५	बुध		

नीचे मूलांक और उनके वार लिखे जाते हैं।

मूलांक	वार
१	रविवार
२	सोमवार (चन्द्रवार)
३	बृहस्पतिवार (गुरु.)
४	रविवार
५	बुधवार
६	शुक्रवार
७	सोमवार
८	शनिवार
९	मंगलवार

भारतीय ज्योतिष के अनुसार निम्नलिखित १२ राशियां हैं—

राशि	स्वामी ग्रह
१. मेष	मंगल
२. वृष	शुक्र
३. मिथुन	बुध
४. कर्क	चन्द्र
५. सिंह	सूर्य
६. कन्या	बुध
७. तुला	शुक्र
८. वृश्चिक	मंगल
९. धनु	वृहस्पति
१०. मकर	शनि
११. कुम्भ	शनि
१२. मीन	वृहस्पति

नीचे २७ नक्षत्र एवं उनके चरण तथा चरणाक्षर दिये जा रहे हैं ताकि आसानी से अपनी राशि, राशिपति, नक्षत्र तथा चरण एवं चरणाक्षर जाना जा सके। एक राशि का मान ९ चरण का माना गया है।

नाम नक्षत्र	चरणाक्षर राशि	राशि	स्वामी
१. अश्विनी	चू, चे, चो, ला	मेष	मंगल
२. भरणी	ली, लू, ले, लो,	मेष	मंगल
३. कृतिका	अ, इ, उ, ए	मेष/वृष	मंगल/शुक्र
४. रोहिणी	ओ, वा, वी, वू	वृष	शुक्र
५. मृगशिरा	वे, वो, का, की	वृष/मिथुन	शुक्र/बुध
६. आर्द्रा	कू, घ, ङ, छ	मिथुन	बुध
७. पुनर्वसु	के, को, ह, ही	मिथुन/कर्क	बुध/चन्द्र
८. पुष्य	हू, हे, हो, डा	कर्क	चन्द्र
९. आश्लेषा	डी, डू, डे, डो	कर्क	चन्द्र
१०. मघा	मा, मी, मु, मे	सिंह	सूर्य
११. पू.फा.	मो, टा, टी, टू	सिंह	सूर्य
१२. उ. फा.	टे, टो, पा, पी	सिंह/कन्या	सूर्य/बुध
१३. हस्त	पू, ष, ण, ठ	कन्या	बुध
१४. चित्रा	पे, पो, रा, री	कन्या/तुला	बुध/शुक्र
१५. स्वाति	रू, रे, रो, ता	तुला	शुक्र
१६. विशाखा	ती, तु, ते, तो	तुला/वृश्चि.	शुक्र/मंगल
१७. अनुराधा	ना, नी, नू, ने	वृश्चिक	मंगल
१८. ज्येष्ठा	नो, या, यी, यू	वृश्चिक	मंगल

महाविद्या ध्यान

साधक को ध्यान करते समय मूल श्लोक का ही प्रयोग करना चाहिए।

चतुर्भुजां महादेवीं नागयज्ञोपवीतिनीम्।
महाभीमां करालस्यां सिद्धविद्याधरैर्युताम्॥
मुण्डमालालिकीर्णां मुक्तकेशीं स्मिताननाम्।
एवं ध्योन्महादेवीं सर्वकामार्थसिद्धये॥

महाविद्या देवी चार भुजाओं वाली, सर्प का यज्ञोपवीत धारण करने वाली, महाभीमा, करालवदना, सिद्ध और विद्याधरों से युक्त, मुण्डमाला से अलंकृत, बिखरे हुए केशों वाली और हास्यमुखी हैं। सर्वकाम अर्थ की सिद्ध देने वाली देवी का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए।

महाविद्या स्तोत्र

श्रीशिव उवाच— दुर्लभं तारिणीमार्गं दुर्लभं तारिणीपदम्।
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं दुर्लभं शवसाधनम्॥
श्मशानसाधनं योनिसाधनं ब्रह्मसाधनम्
क्रियासाधनकं भक्तिसाधनं मुक्तसाधनम्।
तव प्रसादाद्देविशि सर्वाः सिध्यन्ति सिद्धयः॥

श्रीशिवजी ने कहा- तारिणी की उपासना का मार्ग अत्यन्त ही दुर्लभ है, इसी प्रकार उनके पद की प्राप्ति भी दुर्लभ है। मन्त्रार्थ ज्ञान, मंत्र चैतन्य, शव साधन, श्मशानसाधन, योनिसाधन, ब्रह्मसाधन, क्रियासाधन, भक्तिसाधन और मुक्तसाधन यह सब भी दुर्लभ हैं। किन्तु हे देवेशि! तुम जिसके ऊपर प्रसन्न होती हो, उसको सब विषय में सिद्धि प्राप्त होती है।

नमस्ते चण्डिके चण्डमुण्डविनाशिनि।
नमस्ते कालिके कालमहाभयविनाशिनी॥

हे चण्डिके! तुम प्रचण्डस्वरूपिणी हो। तुमने ही चण्ड-मुण्ड का वध किया था। तुम्हीं काल के भय से त्राण दिलाने वाली हो। हे कालिके ! तुमको नमस्कार है।

शिवे रक्ष जगद्धात्रि प्रसीद हरवल्लभे।
प्रणमामि जगद्धात्रि जगत्पालनकारिणीम्॥
जगत्क्षोभकरीं विद्यां जगत्सृष्टिविधायिनीम्।
करालां विकटां घोरां मुण्डमाला विभूषिताम्॥
हरार्चितां हराराध्यां गौरवर्णालंकारभूषिताम्।
हरिप्रियां महामायां नमामि ब्रह्मपूजिताम्॥

हे शिवे! जगद्धात्रि हरवल्लभे! मेरी संसार के भय से रक्षा करो, तुम्हीं जगत् की माता और तुम्हीं अनन्त जगत् की रक्षा करती हो। तुम्हीं जगत् का संहार करने वाली और तुम्हीं उत्पन्न करने वाली हो। तुम्हारी मूर्ति महाभयंकर है, तुम मुण्डमाला से अलंकृत हो, कराल और विकटाकार हो। तुम्हीं हर से सेवित, हर से पूजित और हरप्रिया हो। तुम्हारा गौर वर्ण है, तुम्हीं गुरुप्रिया और श्वेत विभूषणों से अलंकृत हो, तुम्हीं विष्णु प्रिया और महामाया हो, ब्रह्माजी तुम्हारी ही पूजा करते हैं तुमको नमस्कार है।

सिद्धां सिद्धेश्वरीं सिद्धविद्याधरगणैर्युताम्।
मन्त्रसिद्धिप्रदायोनिसिद्धिदां लिंगशोभिताम्॥
प्रणमामि महामायीं दुर्गां दुर्गतिनाशिनीम्।

तुम्हीं सिद्धा और सिद्धेश्वरी हो। तुम्हीं सिद्ध तथा विद्याधरों से वेष्टित, मंत्रसिद्धि-दायिनी, योनिसिद्धि देने वाली, लिंग शोभित, महामाया, दुर्गा और दुर्गति नाशिनी हो। तुम्हें नमस्कार है।

उग्रामुग्रमयीमुग्रतारामुग्रगणैर्युताम्।
नीलां नीलघनश्यामां नमामि नीलसुन्दरीम्॥

तुम्हीं उग्रमूर्ति, उग्रगणों से युक्त, उग्रतारा, नीलमूर्ति, नील मेघ के समान श्यामवर्ण तथा नीलसुन्दरी हो तुमको नमस्कार है।

श्यामांगी श्यामघटितां श्यामवर्णविभूषिताम्।
प्रणमामि जगद्धात्री गौरीं सर्वार्थसाधिनीम्॥

तुम्हीं श्यामलांगी, श्यामवर्ण से विभूषित, जगद्धात्री सब कार्यों की साधन करने वाली और गौरी हो, तुमको नमस्कार है।

विश्वेश्वरीं महाघोरां विकटां घोरनादिनीम्।
श्रीदुर्गां धनदामन्नपूर्णां पद्मां सुरेश्वरीम्॥
प्रणमामि जगद्धात्रीं चन्द्रशेखरवल्लभाम्॥

तुम्हीं विश्वेश्वरी, महाभीमाकार विकटमूर्ति हो, तुम्हारा शब्द महाभयंकर है, तुम्हीं सबकी आद्या, आदिगुरु महेश्वर की भी आदि मां हो आद्यना महादेव सदा तुम्हारी पूजा करते हैं, तुम्हीं धन देने वाली अन्नपूर्णा और पद्मास्वरूपिणी हो, तुम्हीं देवताओं की ईश्वरी (स्वामिनी) जगत् की माता, हरवल्लभा हो। तुमको नमस्कार है।

त्रिपुरासुन्दरीं बालामबलागणभूषिताम्।
शिवदूतीं शिवाराध्यां शिवध्येयां सनातनीम्॥
सुन्दरीं तारिणीं सर्वशिवागणविभूषिताम्।
नारायणीं विष्णुपूज्यां ब्रह्माविष्णुहरप्रियाम्॥

हे देवि! तुम्हीं त्रिपुरसुन्दरी, बाला, अबला गणों से विभूषित, शिवदूती, शिव की आराध्य, शिव से ध्यान की हुई, सनातनी, सुन्दरी, तारिणी, शिव गणों से अलंकृत, नारायणी, विष्णु की आराया और ब्रह्मा, विष्णु तथा हर की प्रिया हो।

सर्वसिद्धप्रदां नित्यामनित्यगुणवर्जिताम्।
सगुणां निर्गुणां ध्येयमर्चिता सर्व्वसिद्धदाम्॥
दिव्यां सिद्धिप्रदां विद्यां महाविद्यां महेश्वरीम्।
महेश भक्तां माहेशीं. महाकालप्रपूजिताम॥
प्रणमामि जगद्धात्रीं शुम्भासुरविमर्द्दिनीम्॥

तुम्हीं सब सिद्धियों की दात्री, नित्या, अनित्य गुणों से रहित सगुणा, निर्गुणा, ध्यान के योग्य, अर्चिता (पूजिता), सर्व सिद्धि की देने वाली, दिव्या, सिद्धिदाता, विद्या, महाविद्या, महेश्वरी, महेश की भक्तिवाली, माहेशी, महाकाल से पूजित, जगद्धात्री और शुंभासुर का मर्दन करने वाली हो। तुमको नमस्कार है।

रक्तप्रियां रक्तवर्णां रक्तबीजविमर्द्दिनीम्।
भैरवीं भुवनां देवीं लोलजिह्वां सुरेश्वरीम्॥
चतुर्भुजां दशभुजामष्टादशभुजां शुभाम्।
त्रिपुरेशीं विश्वनाथप्रियां विश्वेश्वरीं शिवाम्॥
अट्टहासामट्टहासप्रियां धूम्रविनाशिनीम्।
कमलां छिन्नभालाञ्च मातंगीं सुरसुन्दरीम्॥
षोडशीं विजयां भीमां धूमाञ्च बगलामुखीम्।
सर्वसिद्धिप्रदां सर्व्वविद्यामन्त्रविशोधिनीम्।
प्रणमामि जगत्तारां साराञ्च मन्त्रसिद्धये॥

तुम रक्त से प्रेम करने वाली, रक्तवर्णा, रक्तबीज का विनाश करने वाली, भैरवी, भुवना देवी, चलायममान जीभवाली, सुरेश्वरी, चतुर्भुजा कभी दशभुजा, कभी अठारह भुजा वाली देवी हो। तुम्हीं विश्वनाथ की प्रिया, ब्रह्मांड की ईश्वरी, कल्याणमयी, अट्टाहास से युक्त ऊंचे हास्य से प्रीति करने वाली, धूम्रासुर विनाशिनी, कमला, छिन्नमस्तां, मातंगी, सुर-सुन्दरी, षोडशी, विजया, भीमा, धूम्रा, बगलामुखी, सर्वसिद्धिदायिनी, तारिणी हो, मैं मन्त्रसिद्धि के लिए तुमको नमस्कार करता हूँ।

इत्येवञ्च वरारोहे स्तोत्रं सिद्धिकरं परम्।
पठित्वा मोक्षमाप्नोति सत्यं वै गिरिनन्दिनी॥

हे वरारोहे! यह स्तव परम सिद्धि देने वाला है, इसका पाठ करने से अवश्य ही मोक्ष प्राप्त होता है।

कुजवारे चतुर्दश्याममायां जीववासरे।
शुक्रे निशिगते स्तोत्रं पठित्वा मोक्षमाप्नुयात्।
त्रिपक्षो मन्त्रसिद्धिः स्यात्स्तोत्रपाठाद्धि शंकरि॥

मंगलवार चतुर्दशी तिथि में बृहस्पतिवार अमावस्या तिथि में तथा शुक्रवार को रात्रि काल में यह स्तुति पढ़ने से मोक्ष प्राप्त होता है। हे शंकरि! तीन पक्ष तक इस स्तव के पढ़ने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है, इसमें सन्देह नहीं।

चतुर्दश्यां निशाभागे शनिभौमदिने तथा।
निशामुखे पठेत्सतोत्रं मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्॥

कृष्ण चतुर्दशी की रात हो तथा शनि और मंगलवार हो तब इस स्तव का विधिपूर्वक पाठ करने से मंत्रसिद्धि होती है।

केवलं स्तोत्रपाठाद्धि मन्त्रसिद्धिरनुत्तमा।
जागर्ति सततं चण्डी स्तोत्रपाठाद्भुजंगिनी॥

जो पुरुष केवल इस स्तोत्र मात्र को पढ़ता है, वह अनुत्तमा मंत्र सिद्धि प्राप्त होता है। इस स्तवपाठ के फूल से चण्डिका कुलकुण्डलिनी नाड़ी जाग्रित होती है।

॥श्रीमुण्डमालातंत्रान्तर्गत महाविद्यास्तोत्रं सम्पूर्णम्॥

शाबर मन्त्र

शाबर मन्त्र-तन्त्र की ग्राम्य शाखा के मन्त्र हैं। तन्त्र मार्ग के प्रवर्तक भगवान् शंकर माने गये हैं किन्तु शाबर मन्त्रों के प्रवर्तक भगवान शंकर प्रत्यक्ष रूप में नहीं हैं, लेकिन जिन सिद्ध पुरुषों ने इनको आविर्भूत किया वे सभी तन्त्र मार्ग के साधक और शिवानुरागी अवश्य थे। इन मन्त्रों का भले ही कोई शास्त्रीय आधार नहीं है किन्तु लाभकारिता की दृष्टि से या उपयोगिता में ये अशास्त्रीय प्रयोग भी किसी प्रकार कम नहीं हैं।

कुछ विद्वानों का मत है कि साबरमती के तटीय क्षेत्रों पर बसी जाति के सिद्धों ने ये मन्त्र प्रचारित किये इसलिए इन्हें साबर या शाबर मन्त्र कहा जाता है। शाबर मंत्र की शुरूआत कब से हुई और कौन इनके प्रवर्तक थे इस बारे में कई मत हैं, किन्तु यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि इस मार्ग को प्रामाणिक स्वरूप प्रदान किया नाथ सम्प्रदाय के आदि गुरु मत्स्येन्द्र नाथ और गोरखनाथ ने। नाथ सम्प्रदाय के इन सिद्धों का यह समाज पर बहुत बड़ा अहसान है कि उन्होंने मन्त्र विज्ञान जैसे जटिल विषय के गूढ़ रहस्यों को साधारण जनों के लिए उपयोगी बना दिया सर्व सुलभ कर दिया। साबर का अर्थ होता है अपरिष्कृत, यह तो माना जा सकता है कि साबर तन्त्र से न तो हमें अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है। न ही इनके द्वारा हम मुक्ति मार्ग को पा सकते हैं, किन्तु इस विद्या में जितने भी प्रयोग हैं वे सब काम्य प्रयोग हैं। आज हमें यह विदित नहीं है कि इनमें कुछ तथ्य हैं या हम प्रमादवश इनको उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं, किन्तु इस विद्या में अचूक मन्त्र और तन्त्र प्रयोग हैं जो हमारे जीवन में आये विघ्न-बाधाओं को समूल नष्ट करने, सामान्य आकांक्षाओं को पूर्ण करने और एक सीमा तक रोगों से छुटकारा दिलाने के लिए ग्राम्य अंचलों में आज भी प्रयोग किये जा रहे हैं। जहां इस विद्या के जानकार सर्वसाधारण को लाभ पहुंचाते हैं वहीं उनमें से कुछ अल्पज्ञानी अपने अहं और लोभ से प्रेरित होकर जनता को हानि भी पहुंचाते हैं। कई बार ऐसे लोग प्राकृत रोग-दोषों को भी झाड़-फूंक से दूर करने का ढोंग रचा कर रोगी का अहित कर डालते हैं। इसमें मुख्य कारण है ऐसे लोगों का विद्याव्यसनी न होना और निरक्षर व्यक्ति अहं और भ्रान्ति का शिकार हो जाये तो क्या आश्चर्य, दूसरे इनका जीवन जिस विश्वास और वातावरण में चलता है वहां सुविधा और सम्पर्क की बात थोड़ी रहती है। शाबर मंत्रों में आम बोल चाल की भाषा रहती है। इसमें न्यास, ध्यान, तर्पण, हवन-मार्जन आदि शास्त्रीय मर्यादाओं को पालने का बन्धन नहीं है। जहां शास्त्रीय मन्त्र तुरन्त कोई विश्वस्त कार्य नहीं कर सकते वहां साबर मन्त्र पूर्णतया लाभप्रद रहते हैं। रोग, भूत बाधा से मुक्ति दिलाने एवं चौकी बैठाने (अभिचार कर्म) में इनसे चमत्कारिक रूप में कार्य सम्पन्न हो जाते हैं। शाबर मंत्रों में आन, शाप, श्रद्धा और धमकी का प्रयोग ही किाय जाता है और साधक का कार्य सम्पन्न हो जाता है। साबर मन्त्रों का रूप विचित्रता और विविधता लिए हुए मिलता है। शुद्ध बीज मंत्रों को लेकर ग्रामीण भाषा की शब्दावली को वाक्य रूप दे दिया जाता है। जिससे इन मन्त्रों में विचित्रता का आभास होता है, एक ही मंत्र में कई शैलियों के समिश्रण के कारण इनमें विविधता आ जाती है। साबर मंत्रों में कुछ मंत्र तो ऐसे है जिन्हें देखकर आश्चर्य होता है क्योंकि उनका वाक्यगत कोई अर्थ नहीं निकलता जैसे सिर दर्द दूर करने का मन्त्र है:-

"हजार घर घाले एक घर खाय, आगे चले तो पीछे जाय, फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा॥"

प्रत्यक्ष में इस शब्दावली को निरर्थक कहा जा सकता है किन्तु इसका प्रभाव असाधारण रूप से पड़ता ही है। शाबर मन्त्र प्रायः संस्कृत, प्राकृत और क्षेत्रीय भाषाओं में रचे गये हैं। कुछ एक मंत्रों में कई भाषाओं का समावेश कर दिया गया है। तो कई-एक मत्रों में ठेठ क्षेत्रीय भाषा तथा ग्राम्य लहजा, शैली और कल्पना भी। अधिक मन्त्र हिन्दी भाषा में मिलते हैं चूंकि हिन्दी एक बड़े भू-भाग की बोलचाल की भाषा प्राचीन काल से रही है। एक बात और भी है कि जहां शास्त्रीय मन्त्रों में षड़ंग (ऋषि, देवता, बीज, शक्ति, छन्द-कीलक) की आवश्यकता रहती है वहां शाबर मंत्रों में इनकी कोई आवश्यकता नहीं है मन्त्र ही अपने आप में पूर्ण हैं। शाबर मन्त्रों में श्रद्धा ही प्राण हैं, इसी के दृढ़ और विस्तार हो जाने पर शाबर मन्त्र अपना प्रभाव और फल दे देते हैं। साबर मन्त्रों में दूसरा प्रभाव सौगन्ध के रूप में देखने को मिलता है। यह सौगन्ध आन के रूप में दिखाई जाती है जिसमें गाली, शाप जैसी स्थितियों का उल्लेख होता है जैसे:—**"हे अमुक देव! तू मेरा कार्य कर अगर मेरा कहा नहीं करेगा तो अपनी माता की शैय्या पर पग धरे, चमार के कुंड में गिरे, धोबी की नांद में कंकर बनकर पड़े इत्यादि।"**

इस प्रकार का व्यवहार समाज के दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता, किन्तु शाबर मन्त्र के साधक का व्यवहार वैसे ही क्षम्य है जैसे किसी अबोध बच्चे की की गई अभद्रता को माता-पिता अपने वात्सल्य और बच्चे की अवस्था के कारण क्षमा कर देते हैं। बच्चा चूंकि छल-कपट से दूर होता है उसे अपनी जिद के आगे कुछ सूझता नहीं और वह कहनी-अनकहनी कह जाता है, ठीक यही हाल शाबर मन्त्र साधक का होता है, वह भी बाल-सुलभ सरलता के कारण, श्रद्धा और विश्वास के बल पर मन्त्र साधना का अधिकार और सिद्धि प्राप्त कर लेता है।

शाबर मन्त्रों में सबसे बड़ी खूबी यह है कि इनमें अधिक झंझट नहीं है ये सरलता से सिद्ध हो जाते हैं। साबर मंत्रों में गुरु की भी इतनी आवश्यकता इसलिए नहीं रहती क्योंकि इस विद्या के प्रवर्तक स्वयं सिद्ध गुरु गोरखनाथ हैं। इतने पर भी किसी निष्ठावान साधक को गुरु बना लेना लाभ देगा, क्योंकि साधना में आने वाले विघ्नों से वह बचा लेगा, शाबर मन्त्रों की साधना करते समय ब्रह्मचर्य और व्रतोपवास का पालन किया जा सके तो अधिक अच्छा रहे अन्यथा साधन करते समय शुद्ध होकर बैठना चाहिये। परोपकार पुण्य है और परपीड़न पाप। यदि हम इस दृष्टिकोण से सोचें तो दैहिक, मानसिक रोगों का शमन करने वाले मन्त्रों को सिद्ध करना चाहिये। इससे हमें दोहरा लभा मिलेगा, एक तो हम परोपकार का पुण्य अर्जित करेंगे दूसरे अपने पूर्वजों की धरोहर को सहेजेंगे भी।

नीचे कुछ शाबर मन्त्र दिये जा रहे हैं। मन्त्र व्यवहारिक विषय है। धैर्य और विश्वास से अपना लेने पर सिद्धि मिलेगी ही। असफलताएं और विघ्न हर क्षेत्र में आते हैं, परन्तु इनसे घबड़ाने से काम नहीं चलेगा। साधना करते समय गुठली को प्रतिपल उखाड़ कर देखने की (कि उगी या नहीं) बाल सुलभ चंचलता मत रखिये, आतुर मत होईये। एकनिष्ठ होकर करते रहिये।

प्रेत बाधा निवारण के लिए:-"ॐ नमो दीप मोहे दीप जागे पवन चले पानी चले, शाकिनी चले डाकिनी चले, भूत चले, प्रेत चले, नौ सौ निन्यानवे नदी चले हनुमान वीर की शक्ति, मेरी भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।" किसी मंगलवार से किसी हनुमान मन्दिर में तेल का दीपक जलाकर इस मन्त्र का एक लाख पच्चीस हजार जप करें तो यह सिद्ध हो जाता है। सिद्ध मन्त्र से रोगी को सामने बिठाकर मोर पंख से १०८ बार मन्त्र बोलकर झाड़ा देना चाहिये।

पीलिया निवारण के लिए:-"ॐ नमो वीर वेताल असराल, नार करे तू देव खादी तू बादी, पीलिया कूं भिदाती कारे झारे पीलिया रहे न एक निशान, जो कहीं रह जाय तो हनुमन्त की आन, मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।" ग्रहण काल में इस मन्त्र को जप कर सिद्ध करलें। पीलिया के रोगी को सामने बिठा कर उसके सिर पर कांसे के बरतन में तिल्ली का तेल डालकर रखें और मन्त्र का जप करते हुए उसे कुशा (डांभ) से चलाते रहें ऐसा तीन दिन करें तो तेल पीला पड़ जायेगा और रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।

घर की रक्षा के लिए:-"या अल्लाह पाक इस आंगन को मैं करता हूँ आज बन्द, हजरत सुलेमान की बरकत से बन्द, हजरत मूसा के हुकुम से बन्द, हजरत अली की शमशीर से बन्द, हज़रत अहमद के कलाम से बन्द, या रहमान की रहमत से बन्द, या करीम के करम से बन्द या खालिक की बरकत से बन्द या मालिक की रहमत से बन्द या अल्लाह पाक मालिक रब्बुलगफूर, हमारी इस दुआ को तू करले कबूल, ला इलाहाइल्लल्लाह मुहम्मदुर्र सूलल्लाह।" नौचन्दी की जुमेरात को इस मन्त्र को जाप कर सिद्ध कर लेने के पश्चात् सोते समय वजु कर के मन्त्र का उच्चारण कर लोटे के पानी में फूंक मारें यह क्रिया पांच बार करें, पानी को घर में छिड़क दें और ताली बजा कर सो रहें।

गणपति सिद्धि मन्त्र:-ॐ गणपति गणपति बसे मसान, जो फल मांगूं देते आन। पंजे लड्डू सेर सन्दूर भर आन आन आनन्दपुर। न द्वैतीभान फूल फलन्त जागे भरल्यावे तो एक फूले हाथी जो तू मोहन रहे मूवा बाल साथ करी जाऊं तो मुट्ठी करो।

भाद्रपद की गणेश चतुर्थी से इस मन्त्र को नित्य १०८ बार जपें यह क्रम १०८ दिन तक चलना चाहिये। इस से गणपति प्रसन्न होकर मन की इच्छा पूर्ण करते हैं।

मृत्यु सूचक चिह्न

पुष्पं यथापूर्व रूपं फलस्येह भविष्यतः।
तथालिंगमरिष्टाख्यं पूर्व रूपमरिष्यतः॥
नत्वरिष्टरस्य जातस्य नाशोस्ति मरणादृते।
मरणं चापि तन्नास्ति यत्रारिष्ट पुरःसरम्॥

अर्थात जिस तरह फल लगने वाले वृक्ष पर पहले फूल आता है, पश्चात् फल। इसी प्रकार मरण से पूर्व अरिष्टों द्वारा मरण काल, मृत्युकाल का परिचय मिलता है। शास्त्रों में वर्णित बहुशः मरण चिह्नों में से कुछ अरिष्टों का उल्लेख नीचे सप्रमाण दिया जाता है।

१. निजस्य प्रतिविम्बस्य निश्चलेपृदकादिषु।
उत्तमांगं न पश्येत् यःषण्मासेन विनश्यति॥

अर्थात् स्थिर जल में जो व्यक्ति अपनी छाया मस्तक हीन देखे, वह छः महीने में मृत्यु को प्राप्त होगा।

२. करावरुद्ध श्रवणः संशृणोति न च ध्वनिम्।
स्थूलः कृशः कृशः स्थूलस्तदामासान्नवर्त्तते॥

हाथों के द्वारा दोनों कान बन्द कर लेने से बाहर का शब्द सुनाई नहीं पड़ता है, किन्तु कानों में वायु का एक प्रकार अस्पष्ट अव्यक्त शब्द सुनाई पड़ता है। यही स्वाभाविक नियम है, पर यदि यह स्वाभाविक शब्द भी जिसे न सुनाई पड़े, और यदि मोटा आदमी अकस्मात् दुबला और दुबला मोटा हो जाए। को एक महीने में वह मृत्यु को प्राप्त होगा।

३. विधाय कर्णनिर्घोषं न शृणोत्यात्मसम्भवम्।
चक्षु र्योर्नश्यतिर्ज्योतिर्यस्य सोऽपि न जीवति॥

ऊपर कहे दूसरे नियमानुसार हाथों से कानों के बन्द करने पर बाहर का कोई शब्द स्पष्ट नहीं सुन पड़ता पर अपने मुख से कहा हुआ शब्द स्पष्ट सुनाई देता है। यदि किसी को कान बन्द करने पर अपने मुख से कहा हुआ शब्द भी सुनाई नहीं देता हो और नेत्रों की ज्योतिः अक्समात् नष्ट हो जाए तो वह मनुष्य भी न बचेगा।

४. नासिका वक्रतामेति कर्णोयातोनतिंपुनः।
नेत्रं वाष्पं क्षरेद्र यस्य सगच्छेद् यममन्दिरम्॥

नाक टेढ़ी हो गई हो, कान नीचे की ओर ढल पड़े हों और नेत्रों से जल बहता हो, चाहे एक से और चाहे दोनों से, ऐसा मनुष्य शीघ्र मृत्यु को प्राप्त होगा।

५. सुस्नातस्या पियस्याशु हृदयं परिशुष्यति।
चरणौ च करौचापि त्रिमासं तस्य जीवितम्॥

स्नान करते ही जिसकी छाती का जल और हाथ पैर तुरन्त सूख जायें वह तीन महीने जीवित रहेगा।

६. भाद्रेऽह्निवासरे सूर्येछाया सूर्यस्यनिर्मलाम्।
निश्चलाप्सुन पश्येत् यःषण्मासेन समृत्युभाक्॥

भाद्रपद महीने के रविवार को दिन में जो मनुष्य जल में सूर्य की छाया न देख पावे, तो छः महीने में उसकी मृत्यु हो।

७. घृतेतैले तथादर्शे तोयेच तनुमात्मनः।
अशिरस्कञ्चयः पश्येद् मासादूर्ध्व न जीवित॥

जिस मनुष्य को तये घी, तेल, दर्पण और जल में अपनी देह मस्तक रहित दिखाई पड़े, वह एक महीने से अधिक जीवित नहीं रहेगा।

८. यस्य वीर्य मलं मूत्रं क्षुत्त नूनंनिरन्तरं।
इहैकदा भवेद्वापि अब्दं तस्ययुरुच्यते॥

जिस मनुष्य का वीर्य, मल, मूत्र और क्षुत एक साथ निकले तो समझ लो उसकी आयु एक वर्ष शेष है।

९. मूत्रं पुरीषं वायुश्च समकालं प्रजायते।
तदासौचलितो ज्ञेयो दशाहे भ्रियते ध्रुवम्॥

जिस मनुष्य का मूत्र, मल, वायु (पाद) एक साथ चलते हों तो उसकी दस दिन में निश्चय ही मृत्यु होगी।

१०. मैथुने संप्रवृत्ते यो मध्येवान्ते क्षछिक्कति।
निश्चितं पञ्चमेमासि धर्मराजातिथिर्भवेत्॥

जिस मनुष्य को स्त्री संसर्ग में प्रवृत होकर, बीच में और अंत में छींक आये तो वह पांचवें महीने अवश्य धर्मराज का अतिथि होगा, अर्थात् उसकी पांचवें महीने मृत्यु होना निश्चय समझना चाहिए।

११. यस्यावैस्नातगात्रस्य कपोलमाशु शुष्यति।
पीतञ्चापि जलं पश्येत् दशाहं तस्य जीवनम्॥

जिस मनुष्य के स्नान करते ही गाल तुरन्त सूख जायें और जो जल को पीले रंग का देखे, वह दस दिन मात्र ही जीवित रहेगा।

१२. यस्य वक्तेशवगन्धो गात्रे दसनयोरपि।
तस्यायु मासमेकं स्यात् योगिनामपिनोऽधिकम्॥

जिस मनुष्य के मुख, शरीर और वस्त्रों में मुरदे की सी गंध आती हो, वह चाहे योगी भी क्यों न हो, तो भी वह एक महीने भर ही जी सकेगा, अर्थात् एक महीने पश्चात् मर जाएगा।

१३. यस्यवै भुक्तमात्रस्य हृदयं वाध्यते क्षुधा।
जायते दन्तहर्षश्च सगतायुर्न संशय॥

जिस मनुष्य को भरपेट खा लेने के बाद भी भूख मालूम पड़े और दन्त हर्ष उत्पन्न हो तो उसकी आयु समाप्त हुई समझे।

१४. अहोरात्रं यदैकत्र बहते यस्य मारुतः।
तदातस्य भवेदायुः सम्पूर्ण वत्सरत्रयं॥

जिसके दोनों नासिका छिद्रों से एक साथ एक रात-दिन श्वास वायु प्रवाहित हो उसकी आयु तीन वर्ष में पूर्ण होगी।

१५. अहोरात्रं द्वयं यस्य पिङ्गलायां सदागतिः।
तस्य वर्षद्वयं ज्ञेयं जीवितं तत्ववेदिभिः॥

जिस मनुष्य के दक्षिण नासिका छिद्र से ही दो दिन-रात लगातार श्वास चलता रहे, उसको दो वर्ष तक जीवित समझो अर्थात् दो वर्ष के बाद मर जाएगा।

१६. त्रिरात्रं बहते यस्य वायु रेकपुरे स्थितः।
सम्वत्सरं यावदायुः स्यात् वदन्ति मनीषिणः॥

यदि किसी मनुष्य के किसी* एक नासिका छिद्र से तीन दिन-रात श्वास वायु बहती रहे तो उसकी आयु एक वर्ष मनीषियों ने बताई है।

१७. एकादिषोडशाहेषु यदि भानुर्निरन्तरम्।
वहेत् यस्य च व मृत्युः शेषाहेन च मासिकैः॥

यदि किसी मनुष्य का एकादि क्रम से १६ दिन दक्षिण नासिका छिद्र से श्वास वायु प्रवाहित हो तो उसकी मृत्यु एक महीने में होगी।

१८. सम्पूर्ण बहते सूर्यचन्द्रमानैव दृश्यते।
पक्षेण जायते मृत्युः कालज्ञानेन भाषितम्॥

यदि किसी के दक्षिण नासिका छिद्र से पूरे दिन श्वास वायु बहती रहे और एक बार भी वाम नासिका से न बहे तो पक्ष वा १५ दिन में उसकी मृत्यु होगी, ऐसा कालज्ञानी महात्मा कहते हैं।

१९. सम्पूर्ण बहते चन्द्रः सूर्य्यो नैव च दृश्यते।
मासेन दृश्यते मृत्युः कालज्ञानेन भाषितम्॥

यदि किसी मनुष्य के वाम नासिका छिद्र से पूरे दिन श्वास वायु बहता रहे और एक बार भी दक्षिण नासिका से बहता न दीखे तो एक महाने में उसकी मृत्यु होगी, ऐसा कालज्ञानी महात्मा कहते हैं।

२०. रात्रौचन्द्रोदिवासूर्यो बहेत् यस्यनिरन्तरम्।
विजानीयास्तस्य मृत्युः षण्मासाभ्यन्तरेध्रुवम्॥

जिस मनुष्य के वाम नासिका से रात्रि में और दक्षिण नासिका से दिन में बराबर श्वास चलता रहे, उसकी मृत्यु छः महीने के भीतर निश्चय जानो।

* सब लोग यही जानते हैं कि दोनों नासिका छिद्रों से एक साथ ही समान श्वास वायु चला करती है, पर यह लोगों का भ्रम है। एक-एक घण्टे एक नासिका छिद्र से प्रबल रूप से और दूसरे एक छिद्र से बहुत ही निर्बल अथवा नहीं के समान श्वास वायु बहता है। पर दोनों से समान वायु कभी-कभी ही बहा करती है, जो भी परमायुनाशक और विपद् आदि का पूर्व रूप होता है। इस विषय को विस्तार रूप से जिन्हें देखना हो वह हमारी ''मनोकामना सिद्धि'' और ''वनौषधि चिकित्सा'' नामक ग्रन्थ में देखें।

२१. अरुन्धतीं ध्रुवञ्चैव विष्णोस्त्रीणिपैदानिच।
आयुर्हीना न पश्यन्ति चतुर्थ मातृमण्डलम्॥

जिस मनुष्य की आयु हीन अर्थात् समाप्त हो जाती है, उसे अरुन्धती, ध्रुव तारा, विष्णु के तीन पद और चौथा मातृमण्डल दिखाई नहीं पड़ते।

सूचना—यह तारागण आकाश में सदैव उदय होते हैं, पुराने आदमी बहुधा इन्हें जानते हैं, जो न जानते हों वे किसी से पूछकर जान सकते हैं।

दूसरी बात इन सबको मनुष्य देह में भी स्थित बताया है, यथाहि—

२२. अरुन्धती भवेज्जिह्वा ध्रुवो नासाग्रमुच्यते।
ध्रुवोर्मध्ये विष्णु पदं तारके मातृमण्डलम्॥

अर्थात् जीभ की अरुन्धती, नासिका का अग्रभाग ध्रुव, दोनों भोहों के बीच का भाग विष्णु पद और आंखों का तारा मातृमण्डल कहलाते हैं।

जो मनुष्य इन सबको अपनी आंखों से बिना दर्पण आदि के नहीं देख सकता उसकी मृत्यु समीप अर्थात् आयु समाप्त समझनी चाहिए।

आवश्यक वक्तव्य

ऊपर कहे हुए पदार्थों में से आँख का तारा बिना बताये अपने नेत्रों से नहीं देखा जा सकता। अतः इसके लिये महापुरुषों ने एक सहज उपाय बताया है और वह यह कि नेत्र बन्द करके नेत्र के कोने व कोरों को किसी भी अंगुली से किञ्चित् दबाओ, तो जिस कोने को दबाओगे उसके सम्मुख विपरित दिशा में आँखों के मध्यवर्ती तारा की आकृति एक गोल ज्योति मण्डल दीख पड़ेगा। इसे मातृ-मण्डल कहते हैं, यद्यपि यह सदैव ऐसा करने पर दिखाई दिया करता है, पर जिसकी मृत्यु सन्निकट होती है उसे नहीं दिखाई देता।

२३. दन्ताश्चदूषणौ यस्य न किञ्चिदपि षोड्यते।
तृतीये मासिचावश्यं कालग्रासो भवेन्नर॥

जिस मनुष्य के दाँत और अण्डकोष को जोर से दबाने पर कुछ भी वेदना नहीं होती वह ३ महीने में अवश्य मृत्यु को प्राप्त होगा।

२४. मध्यमांगुलिनां त्रितयं वक्रयातिरुजम्बिना।
षण्मासेतस्यमृत्युः स्याद्यस्यकण्ठोऽपिशुष्यति॥

जिस मनुष्य के हाथ की बीच की तीन अंगुलियां तर्जनी, मध्यमा और अनामिका बिना किसी कारण के टेढ़ी हो जायें और बिना किसी रोग के जिसका गला सूखता हो तो उसकी छः महीने में निश्चय मृत्यु होगी।

२५. वाष्पं पुरीष मूत्राणिपश्येद्रूप्यसुवर्णवत्।
प्रत्यक्षमथवा स्वप्ने दशमासोऽत्र जीवति॥

जो मनुष्य जाग्रत वा निद्रितावस्था वा स्वप्न में मलमूत्र, सुवर्ण तथा चाँदी के समान देखें, वह १० महीने में मरेगा।

२६. मर्त्यैर्लक्षितलक्षणैर्हिंसलिले भानुर्यदादृश्यते।
क्षीणोदक्षिणपश्चिमोत्तरपुर षट्त्रिद्विमासकतः॥
मध्यं छिद्रमिदंभवेत् दशदिनं धूमाकुलंतद्दिने।
सर्वज्ञैरपि भाषितं मुनिवरैरायुः प्रमाणं स्फुटम्॥

सर्वज्ञ मुनिवर कहते हैं कि जिस मनुष्य को जल में सूर्य की छाया दक्षिण की ओर कटी दीखे तो वह छः महीने, पश्चिम की ओर कटी दीखे तो तीन महीने और उत्तर की ओर कटी दीखे तो दो महीने में और पूर्व की ओर कटी दीखे तो एक महीने में, छाया के बीच में छिद्र दीखे तो दस दिन में और छाया को धुंए के रंग देखे तो उसी दिन मृत्यु होगी।

२७. जो मनुष्य दीप बुझने पर उसकी गंध अनुभव नहीं करता और रात्रि में अग्नि को देखकर भय मानता है वह छः महीने से अधिक जीवित नहीं रह सकता।

२८. जिसके शरीर से अग्नि की गन्ध आती हो तो वह एक महीने के बाद मर जायेगा।

२९. दक्षिण की मुट्ठी बन्द करके नाक की सीध में और भौंहों के बीच में नेत्र के सम्मुख रखकर हाथ की

कलाई को देखा जाता है तो वह बहुत ही पतली दिखाई पड़ती है यही स्वाभाविक नियम है। परन्तु मृत्यु के छः महीने पहले से कलाई पतली मिली हुई नहीं दिखाई देती किन्तु अलग सी दिखाई देने लगती है।

३०. जिस मनुष्य के स्तन का चर्म असाद हो वह पांच महीने में यमालय में पहुँच जायेगा अर्थात् पांच महीने में मर जायेगा।

३१. जिस मनुष्य की छाती स्नान करते ही तुरन्त सूख जाय उसकी मृत्यु छः महीने में अवश्य होगी।

स्वप्न फल विचार

मृत्यु से पूर्व जिस प्रकार शारीरिक विकार से पीछे कहे हुए लक्षण प्रकट होते हैं, उसी प्रकार अरिष्टजनक स्वप्न भी दिखाई पड़ते हैं। स्वप्नों का वर्णन वेद तक में पाया जाता है। मनुष्य जागृत अवस्था में जिन-जिन विषयों का चिन्तन करता और जिन वस्तुओं को इस जन्म में देखता व सुनता है अथवा पूर्व किसी जन्म में देखा वा सुना वा चिन्तन किया हो उन्हीं विषयों के सम्बन्धी अविकल अथवा भिन्न-भिन्न संयोग जनित अनेक प्रकार स्वप्न में देखता है अतः कैसा भी असम्बन्ध असामञ्जस्य भिन्न-भिन्न स्थान, भिन्न-भिन्न लोक आदि असम्भव से अमस्भव स्वप्न भी क्यों न देखे जायें सब ठीक हैं। यद्यपि सम्पूर्ण स्वप्न सफल नहीं होते हैं। अतः यह भलीभाँति स्मरण रखने योग्य है कि कौन-कौन से स्वप्न ठीक नहीं होते और कौन-कौन से ठीक होते हैं। इनका संक्षिप्त वर्णन शास्त्रों से यहां उद्धृत कर देते हैं।

चिन्ताव्याधिसमायुक्तोनरः स्वप्नञ्चपश्यति।
तत्सर्वं निष्फलं तात प्रयात्यवे न संशयः॥
जड़ोमूत्र पुरीषण पीड़ितश्च भयाकुलः।
दिगम्बरो मुक्तकेशो न लभते स्वप्नजं फलं॥

अर्थात् चिन्ता और व्याधि (रोग) रामायुत मनुष्य जो स्वप्न देखता है वह सब हे तात! निष्फल हैं इसमें संशय न करो।

मुत्र, पुरीष दुःखित, भयाकुल चित्त, बाल खुले और सोते में पहने हुए वस्त्र खुल जाने से अथवा नंगे होकर सोने वाले को जो स्वप्न दिखाई पड़ते हैं उनका फल कुछ नहीं होता।

दृष्ट्वास्वप्नञ्च निद्रःलुर्यदि निद्रां प्रयातिच।
.... नलभेत स्वप्नजं फलं॥
उक्त्वाकाश्यपगोत्राय विपत्तिं लभते ध्रुवं।
प्रकाशयेन्न सुस्वप्नः पण्डिते कश्यपान्वये॥

अर्थात् स्वप्न देखने के बाद फिर सो जाने से तथा काश्यपगोत्रज मनुष्य से स्वप्न का वर्णन कर देने से फिर उसका फल नहीं मिलता।

धातु विकार की दशा में कभी भी देखा स्वप्न दिखाई पड़े तो वह ठीक नहीं होता।

मृत्यु सूचक स्वप्न

१. जो मनुष्य लाल, श्वेत रस अथवा विष्ठा मूत्र को वमन होते देखे, उसकी केवल १० महीने आयु समझनी चाहिए।

२. जो कोई आदमी स्त्री को काले अथवा लाल वस्त्र पहने हुए हंसते, अपनी दाहिनी ओर जाते हुए देखे तो उसकी मृत्यु निकट समझनी चाहिए।

३. जो आदमी भयानक काले रंग के आदमी को हथियार लिये वा पत्थर से मारने को देखे तो उसकी उसी दिन मृत्यु होगी।

४. जो आदमी नंग धड़ंगा फकीर को नाचते, हंसते और क्रूर दृष्टि से अपनी ओर देखते देखे तो समझ लो कि शीघ्र ही मृत्यु होगी।

इनमें किया गया गृह आरम्भ धन और शांतिदायक रहता है। उसके बाद तीन नक्षत्र वृष की पीठ पर स्थित होते हैं इनमें यदि गृह आरम्भ किया जाये तो गृह स्वामी के व्यवसाय में उन्नति होती है। उसके बाद के चार नक्षत्र वृष के दाहिनी कुक्षि में स्थित होते हैं उसमें गृह आरम्भ हो तो लाभ रहता है। इसके बाद के तीन नक्षत्र वृष की पूंछ में स्थित होते हैं। इनमें गृह आरंभ हो तो गृह स्वामी नाश को प्राप्त होता है। इसके बाद के चार नक्षत्र वृष की बायीं कुक्षि में स्थित होते हैं इनमें गृह आरम्भ करना दरिद्रपना देता है। इसके बाद के तीन नक्षत्र वृष के मुख में स्थित होते हैं इनमें गृह आरम्भ किया जाये तो गृह स्वामी को अनेक पीड़ाएं भोगनी पड़ती हैं। सारांश यह है कि जिस नक्षत्र में सूर्य हो उसके सात नक्षत्र अशुभ, उसके बाद ग्यारह नक्षत्र शुभ और पीछे के दस नक्षत्र अशुभ होते हैं। गृह निर्माण करने के लिए सूर्य किस राशि पर स्थित है इस पर विचार कर लेना भी श्रेष्ठकर रहता है। मेष के सूर्य में घर बनाना शुभ फलदायक होता है। वृष के सूर्य में घर बनाना धन-धान्य की वृद्धि करता है। मिथुन के सूर्य में घर बनाने वाले को मृत्यु सम कष्ट पहुंचाता है। कर्क के सूर्य में घर बनाना शुभ फलदाता रहता है। सिंह के सूर्य में घर बनाना दास-दासियों की वृद्धि करता है। कन्या के सूर्य में घर बनाना रोग उत्पन्न करता है। तुला के सूर्य में गृह निर्माण शुभकारी होता है। वृष के सूर्य में घर बनाना धन की वृद्धि करता है। धनु के सूर्य में घर बनाना हानिकारक रहता है। मकर के सूर्य में घर बनाना व्यवसाय में वृद्धि करता है। कुंभ के सूर्य में घर बनाना रत्नों का लाभ पहुंचाता है। मीन के सूर्य में घर बनाना भय उत्पन्न करता है। चैत्र मास में घर बनाने से गृहकर्त्ता को व्याधि का भय। वैशाख मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को धन-रत्न आदि का लाभ। जेठ मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को मरण तुल्य कष्ट। आषाढ़ मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को श्रेष्ठ एवं अधिक भद्र की प्राप्ति लेकिन पशुओं को हानि। इसलिए आषाढ़ मास में पशुओं के लिए घर न बनाना। सावन मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को मित्र से लाभ। भाद्रपद मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को हानि का भय। आश्विन मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता की स्त्री की मृत्यु। कार्तिक मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को धन-धान्य का लाभ। अगहन मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को धन का लाभ। पौष मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को चोरों से भय। माघ मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को विविध भोगों की प्राप्ति परन्तु अग्नि का भय। फाल्गुन मास में गृह निर्माण करने से गृहकर्ता को रत्न आदि की प्राप्ति। मुहूर्त मार्तण्ड में, पौष में (मकर के सूर्य में) गृह निर्माण करना विशेष फलदायी रहता है। पत्थर, ईंट आदि का घर निन्द मास में निर्माण नहीं करना चाहिए। तृण, काष्ठ आदि के गृह निर्माण के आरम्भ में मास दोष नहीं देखा जाता। यदि सूर्य कर्क, सिंह, मकर अथवा कुंभ राशि का है तो पूर्व या पश्चिम मुख के द्वार का गृह निर्माण करना शुभ रहता है। तुला, वृश्चिक और मेष में का सूर्य हो तो दक्षिण या उत्तर मुख का गृह बनाना। यदि मिथुन, कन्या, धनु और मीन का सूर्य हो तो गृह निर्माण नहीं करना चाहिए। शुक्ल पक्ष का गृह निर्माण करने से सुख मिलता है और कृष्ण पक्ष में गृह निर्माण करने से चोरों का भय रहता है। नारद आदि ऋषियों का मत है कि फाल्गुन, वैशाख, माघ, सावन, कार्तिक इन पाचों मासों में गृह निर्माण करना विशेष फलदायी रहता है। श्रीपति का मत है कि ब्राह्मण आदि वर्णों को क्रमशः पश्चिम, उत्तर, पूर्व, दक्षिण मुख का द्वार बनाना शुभ है। जैसे—ब्राह्मण को पश्चिम मुख, क्षत्रिय को उत्तर मुख, वैश्य को पूर्व मुख और शूद्र को दक्षिण मुख बनाना शुभ है। गृह निर्माण करते समय रवि, चन्द्रमा, वृहस्पति और शुक्र इन चारों ग्रहों में से कोई भी ग्रह निर्बल हो, अस्तगत हो अथवा नीचगस्त हो तो क्रमशः गृह स्वामी की स्त्री सुख और धन का नाश होता है। चन्द्रमा और ग्रह का नक्षत्र ये दोनों यदि आगे बढ़े तो उस ग्रह में गृह स्वामी की स्थिति नहीं होती। अगर उपरोक्त दोनों नक्षत्र पीछे पड़े तो चोरों का भय रहता है। जिस समय गृह बनाना प्रारम्भ करना हो उस समय की कुण्डली बनानी चाहिए। यदि उस कुण्डली के लग्न में सूर्य पड़े तो वज्रपात, चन्द्रमा पड़े तो कोष की हानि, मंगल पड़े तो मृत्यु का भय, शनि पड़े तो दरिद्रता, वृहस्पति पड़े तो धर्म अर्थ और काम की प्राप्ति, शुक्र पड़े तो सुत की उत्पत्ति, बुध पड़े तो बाहुबल और आयु की वृद्धि होती है। द्वितीय भाव में सूर्य पड़े तो हानि का भय, चन्द्रमा हो तो शत्रु का नाश, मंगल हो तो अनेक प्रकार के विघ्न, बुध हो तो अतुल संपत्ति, वृहस्पति हो तो धर्म का समागम, शुक्र हो तो काम सुख की प्राप्ति होती है। तीसरे भाव में शुभ ग्रह पड़े तो थोड़ा शुभ फल करते हैं, पाप ग्रह पड़े तो विशेष शुभफल करते हैं। चतुर्थ स्थान में वृहस्पति हो तो राजा को पूजित, बुध हो तो सर्वथा लाभ प्राप्ति करने वाला, शुक्र हो तो भूमि का लाभ, सूर्य हो तो मित्र से वियोग, मंगल हो तो मित्र से भेद, चन्द्रमा हो तो वृद्धि का नाश, शनि हो तो महा लाभ मिलता है। पंचम भाव में वृहस्पति हो तो वस्त्र और धन का लाभ, मित्र से समागम, शुक्र हो तो पुत्र और धन की प्राप्ति, बुध हो तो स्वर्ण आभूषण की प्राप्ति, सूर्य हो तो पुत्र को कष्ट, चंद्रमा हो तो कलह का आगमन, मंगल हो तो काम सुख में वृद्धि, शनि हो तो काम सुख का नाश करता है। छठे स्थान में सूर्य हो तो राजा को सम्मान, चंद्रमा हो तो पुष्टि, मंगल हो तो शत्रु का नाश, वृहस्पति हो तो धनागम, शुक्र हो तो विद्या का लाभ, बुध हो तो मान का ज्ञान प्राप्त होता है। सप्तम स्थान में वृहस्पति हो तो उच्च वाहन की प्राप्ति, बुध हो तो मध्यम वाहन की प्राप्ति, शुक्र हो तो भूमि और काम सुख की प्राप्ति, रवि हो तो यश का नाश, मंगल हो तो लड़ाई-झगड़े का भय, चंद्रमा हो तो मूर्खता से हानि और शनि हो तो शत्रु से भय रहता है। अष्टम भाव में सूर्य हो तो शत्रु से भय, अनेक विपत्तियों का आगमन, चंद्रमा हो तो सर्वस्व की हानि, मंगल-शनि हो तो महान भय की प्राप्ति, बुध हो तो महान धन की प्राप्ति, वृहस्पति हो तो शत्रु पर विजय का लाभ और शुक्र हो तो परिजनों से सुख मिलता है। नवम भाव में वृहस्पति हो तो बुद्धि और भाग्य की वृद्धि, बुध हो तो नाना प्रकार के भाग की प्राप्ति, शुक्र हो तो थोड़ा भाग उदय, चन्द्रमा हो तो धातु का श्रय, सूर्य हो तो धर्म की हानि, मंगल हो तो सामर्थ्य का नाश, शनि हो तो इच्छा पूर्ति में बाधा उत्पन्न करते हैं। दसम भाव में शुक्र हो तो उत्कृष्ट शयान, वृहस्पति हो तो बहुत सुख, बुध हो तो विजय की प्राप्ति, सूर्य हो तो धन की वृद्धि, चन्द्रमा हो तो कोष की वृद्धि, मंगल हो तो बाहुबल की वृद्धि, शनि हो तो यश का नाश होता है। एकादश स्थान में सभी ग्रह शुभ फलदायी होते हैं। बारहवें स्थान में बैठे हुए सभी ग्रह उदासी उत्पन्न करते हैं।

अगर वृहस्पति, सूर्य, बुध, शुक्र और शनि क्रमशः लग्न षष्ट, सप्तम, चतुर्थ और तृतीय भाव में हो तो ऐसे समय में घर बनाने से वह घर सौ वर्ष तक रहता है। यदि शुक्र, शनि, सूर्य, मंगल और बृहस्पति क्रमशः लग्न तृतीय, षष्ट और पंचम भाव में हो तो उस घर की आयु 200 वर्ष होती है। लग्न में शुक्र, दशम में बुध, एकादश में सूर्य और लग्न को छोड़कर बाकी किसी केन्द्र स्थान में बृहस्पति हो

प्रकाशक: धर्मसन प्रकाशन

उस घर की आयु सौ वर्ष होती है। यदि चौथे स्थान में बृहस्पति, दशवें में चन्द्रमा, मंगल और एकादश स्थान में शनि हो तो उस घर की आयु 80 वर्ष होती है। यदि उच्च में शुक्र लग्न का हो अथवा उच्च का बृहस्पति चतुर्थ में हो अथवा उच्च का शनि एकादश में हो तो ऐसे घर में सदैव लक्ष्मी का निवास रहता है। एक भी गृह शत्रु के नवांश में स्थित होकर सातवें या दशवें स्थान में हो तो उस समय बना हुआ घर एक वर्ष के भीतर ही दूसरे के हाथ में चला जाता है। ध्यान रहे ब्राह्मण आदि वर्ण स्वामी यदि दुर्बल हो तो ऐसा होता है यदि बलि हो तो उपरोक्त फल नहीं मिलता। पुष्य, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़, रोहिणी, उत्तरा भाद्रपद, मृगशिरा, श्रवण, आश्लेषा, पूर्वाषाढ़ इन नक्षत्रों में से किसी एक पर बृहस्पति बैठा हो और उस समय में बृहस्पतिवार हो तो उस समय घर का प्रारम्भ करने से पुत्र-पौत्र आदि की प्राप्ति और राज्य के तुल्य सुख मिलता है। विशाखा, अश्विनी, चित्रा, धनिष्ठा, शतभिषा, आर्द्रा इन नक्षत्रों में से किसी एक में शुक्र बैठा हो और उस दिन शुक्रवार ही हो तो घर आरम्भ करने से धन-धान्य की वृद्धि होती है। रामदेवाज्ञ के मत से विशाखा, अश्विनी, चित्रा, धनिष्ठा, शतभिषा और आर्द्रा, नारद के मत से अश्विनी, शतभिषा, विशाखा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, चित्रा, धनिष्ठा और पुनर्वसु वशिष्ट के मत से आर्द्रा विशेष रूप से, दूसरे के मत से पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और पुनर्वसु नक्षत्रों में घर आरंभ विशेष शुभ फलदायी होता है। मूल, रेवती, कृतिका, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त और मघा इन सात नक्षत्रों में से किसी एक में मंगल स्थित हो और उस दिन मंगलवार हो उस दिन घर आरंभ करने से वह घर अग्नि से जल जाता है और पुत्र-पौत्र आदि का नाश होता है। ये नारद का मत है। हस्त, उत्तराफाल्गुनी, चित्रा, अश्विनी और रोहिणी इनमें से किसी एक नक्षत्र में बुध स्थित हो और उस दिन बुधवार हो तो घर आरंभ करने से गृह स्वामी को धन, पुत्र और सुख मिलता है ये वशिष्ट का मत है। यदि पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, भरणी, अनुराधा, ज्येष्ठा, स्वाती इन नक्षत्रों में से किसी एक में शनि बैठा हो और उस दिन शनिवार ही हो तो उस घर में उस दिन घर आरम्भ करने से भूत-प्रेत का वास होता है और गृह में निवास करने वालों को भूत और राक्षस प्रताड़ित करते हैं। यह भी वशिष्ट का मत है। हस्त, पुष्य, रेवती, मघा, पूर्वाषाढ़ और मूल इनमें से किसी एक नक्षत्र में मंगल बैठा हो और उस दिन मंगलवार ही हो तो उस दिन घर आरम्भ करने से गृह स्वामी को अग्नि से पीड़ा और पुत्र शोक भोगना पड़ता है। ये रामदेवाज्ञ का मत है। रोहिणी, अश्विनी, उत्तराफाल्गुनी, चित्रा, हस्त इन नक्षत्रों में से किसी एक नक्षत्र में स्थित बुध बैठा हो और उस दिन बुधवार ही हो तो उस दिन गृह आरम्भ करने से गृह स्वामी को पुत्र सुख और धन सुख मिलता है। यह भी देवा रामदेवाज्ञ का मत है। सूर्य, चन्द्र, गुरु, शुक्र इनमें से कोई भी ग्रह यदि निर्बल हो तो, नीच स्थागत अथवा हस्तगत हो तो क्रमशः गृहपति, उसकी पत्नी, धन और सुख का नाश होता है। भृगु के मत से सप्त शलाका का चक्र बनाकर और उस पर कृतिका से सात-सात नक्षत्र पूर्व आदि दिशाओं में स्थापित करें यदि वास्तु चंद्रमा का नक्षत्र आगे या पीछे हो तो शुभ नहीं होता। कृतिका से अश्लेषा तक पूर्व दिशा की, मघा से विशाखा तक दक्षिण दिशा की, अनुराधा से श्रवण तक तथा पश्चिम दिशा और धनिष्ठा से भरणी तक उत्तर दिशा के नक्षत्र होते हैं। यदि वास्तु का नक्षत्र पूर्व दिशा के नक्षत्रों में हो तो पश्चिम दिशा के नक्षत्रों में गृहारम्भ अशुभ होता है। यदि पश्चिम दिशा के किसी नक्षत्र में वास्तु नक्षत्र है तो पूर्व दिशा के नक्षत्रों में गृह आरम्भ अशुभ होता है। इसके विपरीत पूर्व में हो तो उत्तर में और पश्चिम में हो तो दक्षिण में गृह आरम्भ शुभ होता है। वज्र, व्याघ्रात, शूल, व्यतिपात, अतिगंड, विश्वकुंभ, गदय, परिघ इन योगों में गृह आरम्भ का निषेध किया गया। यदि गृह निर्माण के समय कर्क लग्न हो उसमें चंद्रमा स्थित हो, केन्द्र में वृहस्पति शेष ग्रह अपने मित्र अथवा उच्च अंश में हो तो ऐसे समय में बना हुआ गृह धन-धान्य से पूर्ण रहता है। यदि गृह आरम्भ के समय उपरोक्त ग्रह अन्य राशि में स्थित हो तो गृह स्वामी दिवालिया हो जाता है। यदि गृह निर्माण के समय एक भी ग्रह दशम या सप्तम में होकर शत्रु के भाव में हो तो वह ग्रह वर्ष भर में दूसरे के अधिकार में चला जाता है। वास्तु चक्र में सूर्य को यदि नक्षत्र तक गिनें पहले सात नक्षत्र अशुभ, अगले ग्यारह नक्षत्र शुभ और अंतिम दस नक्षत्र अशुभ होते हैं। सूर्य के नक्षत्र को चंद्रमा तक गिनें यदि पहले तीन नक्षत्रों में गृह आरम्भ का नक्षत्र हो तो अग्नि का भय, अगले चार नक्षत्रों में घर का विनाश, अगले चार नक्षत्रों में स्थिरता, अगले तीन नक्षत्रों में धन लाभ, अगले चार नक्षत्रों में लक्ष्मी की प्राप्ति, अगले तीन नक्षत्रों में शून्यता, अगले चार नक्षत्रों में गरीबी और अगले तीन नक्षत्रों में मृत्यु सम कष्ट मिलता है। यह रामदेवाज्ञ का मत है और वह वृष वास्तु चक्र के नाम से प्रसिद्ध है।

सम्पूर्ण अंगों वाले वृषभ के शरीर में सूर्य नक्षत्र से तीन नक्षत्र शीर्ष में रखें उनमें किया गया गृह आरम्भ अग्निकाण्ड में समाप्त हो जाता है। उसके अगले चार नक्षत्रों में गृह आरम्भ करने से शून्यता प्राप्त होती है। उसके अगले चार नक्षत्रों में गृह आरम्भ करने से स्थिरता, अगले तीन नक्षत्रों में लक्ष्मी प्राप्ति, अगले चार नक्षत्रों में लाभ, अगले तीन नक्षत्रों में गृह स्वामी का विनाश, अगले चार नक्षत्रों में निर्धनता और अगले चार नक्षत्रों में मृत्यु समय कष्ट मिलता है।

महाऋषि पराशर के मत से गृह आरम्भ करने वाली तिथि में चार मिलाकर उस संख्या को दुगुना कर उसमें गृहपति के नाम की अक्षरों की संख्या को जोड़कर तीन का भाग दें अतः एक शेष बचने पर स्वर्ग, दूसरे शेष में पाताल और शून्य शेष में मृत्यु लेकिन उस वास्तु पुरुष का वास समझें। वास्तु पुरुष के शरीर, पूंछ, दक्षिण, कुकक्षी और पृष्ठ भाग में लंबी आयु चाहने वाले पुरुष को गड्ढा नहीं खोदना चाहिए। वास्तु पुरुष को 28 भागों में बचे दस भाग शरीर की ओर और 17 भाग पूंछ की ओर छोड़ दें बाकी भाग में गड्ढा खोदें। ज्योति प्रकाश के मत से तिथि संख्या को पांच से गुणा करें और कृतिका आदि (शब्द शलाका चक्र के अनुसार) नक्षत्र संख्या को जोड़कर उनमें 12 और जोड़ें और इस योग को नौ से भाग दें यदि शेष 1, 4, 7 बचे तो जल में, 2, 5, 8 शेष बचे तो स्थल में, 3, 6, 0 शेष बचे तो आकाश में कुर्म का निवास होता है। इसका फल है जल में लाभ, स्थल में हानि और आकाश में मरण होता है। प्रसाद और गृह का आरम्भ और समाप्ति हरिप्रबोदनी एकादशी के बाद और हरिशयनि एकादशी से पूर्व ही कर लेना चाहिए। चैत्र मास में गृह आरम्भ करने से शोक, वैशाख में धन लाभ, ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में पशु हानि, सावन में पशु वृद्धि, भाद्रपद में शून्यता, आश्विन में कलह, कार्तिक में भ्रातृ नाश, मार्गशीर्ष और पौष में अन्य लाभ, माघ में अग्नि भय तथा फाल्गुन में श्री लाभ होता है।

जिस भूमि पर कठिनता से जाया जाये ऐसी भूमि गृह निर्माण के लिये त्याज्य होती है। मनोरम भूमि पुत्रों को देने वाली, दृढ़हा भूमि धन को देने वाली, उत्तर-पूर्व की ओर नीच भूमि पुत्र और धन दोनों को देती है। अपने वर्ण की भूमि अपने वर्ण को शुभद होती है,

अन्य वर्ण को अधोगति देती है। जिस भूमि पर पुष्प और कुशकासा उगती है उस भूमि पर ब्रह्म तेजस्वी पुत्र उत्पन्न होते हैं। दुग्ध युक्त भूमि पर धीर पुत्र और फल युक्त भूमि पर घाती पुत्र उत्पन्न होते हैं। नदी के कटाव की भूमि पर गृह निर्माण करने से मूर्ख संतान को जन्म देते हैं। जिस भूमि पर पत्थर अधिक हों वह दरिद्री संतान को उत्पन्न करते हैं। गड्ढे युक्त भूमि पर गृह निर्माण करना झूठे और मलीनवेशी पुत्रों को उत्पन्न करते हैं। जो भूमि छिद्र युक्त हो वे पशुओं की और सुख का नाश करती है तथा संपत्ति को दुःखदायी होती है। जो भूमि रेतीली और टेढ़ी हो वह विद्याहीन पुत्रों को जन्म देती है। सर्प, बिल्ली, लाकूट के समान भूमि भय को देने वाली और संतान को कष्टदायक होती है। मूसल के समान भूमि कुल घातक पुत्रों को जन्म देती है। रूखी भूमि दुर्गवैशनी पुत्रों को जन्म देती है। चैत्य भूमि गृह स्वामी को भय उत्पन्न करती है। जिस भूमि पर वामी हो वह विपत्ति को देती है। धूर्त के गृह के समीप गृह निर्माण करने से पुत्र-सुख नहीं मिलता। चौराहे पर गृह निर्माण करने से कीर्ति का नाश, देव मंदिर पर घर बनाने से उद्वेग, राजा के स्थान पर गृह बनाने से धन हानि, गड्ढे पर गृह बनाने से निकट अनेक विपत्ति और जिस भूमि पर अधिक गड्ढे हों उसमें गृह निर्माण करने से पिपासा और कछुए के सादृश्य भूमि पर गृह-निर्माण करने से धन का नाश होता है।

भूमि का परीक्षण

जिस भूमि पर गृह निर्माण करना हो उसमें कहीं पर भी एक हाथ लंबा, एक हाथ चौड़ा और एक हाथ गहरा गड्ढा खोदकर उसे पुनः उसी खोदी हुई मिट्टी से भरना चाहिए। यदि मिट्टी अधिक है तो श्रेष्ठ फल, पूरी हो जाये तो मध्यम फल और कम पड़ जाये तो अदम फल मिलता है। दूसरी विधि है कि उस गड्ढे को जल से भरकर सौ कदम आगे जाकर पुनः लौटकर देखना चाहिए कि गड्ढे का जल कम तो नहीं हो गया यदि जल कम हो गया हो तो भूमि शुभ फलदायक नहीं होती अथवा जिस भूमि पर गृह बनाना हो उसमें हल जुतवाकर उसमें सभी आनाजों को बो दें। यदि वे भी 3, 5, 7 नग में न उगे तो उस भूमि पर गृह निर्माण नहीं करना। यदि बोये हुए बीजों में 2-3 दिनों में अंकुर फूट आयें तो भूमि श्रेष्ठ होती है। पांच रात्रि में उगे तो मध्यम और सात दिन में उगे तो अधम होती है। विरीह, साटी, मूंग, गोदूम, सरसों, तिल, जौ ये सात औषधियां हैं और यही सर्प बीज कहे जाते हैं। उपयुक्त सर्प बीजों को बोने के बाद उनके फूलों को देखना चाहिए। इस भूमि के किसी गड्ढे पर स्वर्ण अथवा तांबे के रंग के पुष्प दिखाई दें तो उस भूमि पर गृह निर्माण करना गृह स्वामी के लिये लाभप्रद रहता है। उस भूमि के धूल के कण को लेकर आकाश में फेंकें और देखें कि धूल अदम, मध्यम अथवा उद्धव इन तीनों में कहां जाती है। जहां जाये वही मति को भूमि पर गृह निर्माण कार्यकर्त्ता की होती है। भूमि में प्रवेश करते समय पुण्यावाचान, शंख और अध्ययन के शब्द, जल पूर्ण घड़ा, ब्राह्मण समुदाय, वीणाक शब्द, पुत्री युक्त स्त्री, माता-पिता अथवा गुरुजन आ जाये वह भूमि शुभ फल को देने वाली होती है। यदि प्रवेश करते समय स्वच्छ वस्त्र धारण किये हुए कन्या मिले, सुस्वादु और सुगंधित पुष्प, फल, सोना, चांदी, मृग, मोती अथवा अच्छे भोजन पदार्थों का दर्शन शुभ फलदायक रहता है। भूमि या गृह प्रवेश के समय मृग, सोरमा, चंदन बंधा हुआ पशु, पगड़ी अथवा भोज्य पदार्थों का दर्शन भी कल्याणप्रद होता है। भूमि या गृह प्रवेश करते समय मांस, दूध, दही, पालकी, छतर, मछलियां, स्त्री-पुरुष का जोड़ा दिखाई पड़े तो आयु और आरोग्यता बढ़ती है। भूमि अथवा गृह प्रवेश करते समय कमल का फूल, सफेद बैल, ब्राह्मण, मृग दिखलाई पड़े अथवा गीत गाने का शब्द सुनाई पड़े और हाथी, घोड़ा और सौभाग्यवती स्त्री दिखलाई पड़े तो धन सुख और अरोग्यता बढ़ती है। गृह आरम्भ अथवा प्रवेश के समय वेश्या, अंकुश, दीपक, पुष्प पाला, आभूषण धारण किये कन्या दिखाई पड़े अथवा वर्षा हो तो उत्तम फल मिलता है।

यदि गृह आरम्भ अथवा गृह प्रवेश के समय श्रेष्ठ, वाणी, शत्रु, मदिरा, चमड़ा, हड्डी, तृण, भूसी, सर्प अथवा कोयला दिखाई दे तो अशुभ फल मिलता है। यदि गृह आरम्भ अथवा गृह प्रवेश के समय नमक, कीचड़, कपास, नापुंसक, तेल, औषधि, विष्टा, काले तिल, रोगी अथवा उपटन लगाये कोई व्यक्ति मिले तो अशुभ फल मिलता है। भूमि अथवा गृह प्रवेश के समय पापी, जटाधारी, पागल, मुण्डन कराया व्यक्ति, ईंधन, काला पक्षी दिखाई पड़े तो कल्याणप्रद नहीं होता। जलती हुई लकड़ी, धुएं से युक्त अथवा अधजली लकड़ी गृह आरम्भ अथवा प्रवेश के समय यदि मनुष्य देखे तो उसे मृत्यु सम कष्ट मिलता है। यदि उपयुक्त अपशकुन गृह आरम्भ के समय हो अथवा गृह प्रवेश के समय हो तो उस भूमि पर गृह कल्याण का विचार अथवा गृह प्रवेश का विचार त्याग देना चाहिए।

'नींव खोदने की विधि'

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अच्छा लग्न व अच्छा मुहूर्त में स्नान आदि नित्य क्रिया से निवृत्त होकर पूर्वा अभियुक्त होकर क्लश की स्थापना करें, कलश के ऊपर गणेश जी की और नव ग्रहों का पूजन करें, उस परिक्षित भूमि को गाय के गोबर से लीपें और उस भूमि पर ब्राह्मण और देवता का पूजन करे और उस भूमि की शुद्धि के लिये पांच गव्य सर्प औषधि पांचामृत और जल से उस भूमि के ऊपर छिड़काव कर उसे शुद्ध करें। स्थापित क्लश में वरूण का आह्वान करें उसी में पर्वत, वन, नदी, नाग से युक्त आन्दद से युक्त कमलों से विभूषित, सागरों से युक्त भूमि की पूजा करें, प्रार्थना करें। दिगपालों और कुलदेवी तथा देवता और नागों का पूजन करें, उनकी बलि देकर सद् अष्ट अध्यायी का विधिप्रद पाठ करें और वास्तु पुरूष का पूजन करें। ऊं नमो भगवते वास्तु पुरुषये कपिलये चे, पृथ्वी धरये देवेय प्रधान पुरूषये चे, सकल गृह प्रसाद पुष्पकरोधान कर्मणि गृह आरम्भ प्रथमकाले सर्वासिद्धि प्रदायक सिद्ध देव मनुष्यैश्चे पूज्य नमो दिवा निशिय गृह स्थाने प्रजापति क्षेत्रे अस्मीन तिष्ठ साम प्रतम इहा गच्छ इमां पूजां गृहेण वर दो भव मंत्र से प्रार्थना करें, वास्तु पुरुष नमस्ते अस्तु------- हे वास्तु पुरुष भू शय्यागत् हे प्रभु मुझे घर से सर्वथा धन-धान्य से पूर्ण रखना यह कहकर पुष्प चढ़ावें और प्रार्थना करने के पश्चात् चावल की पीढ़ी की नग के आकार का वास्तु पुरुष बनावें। वास्तु मंत्रो का आह्वान करें, अपनी शक्ति के अनुसार पूजन करें। आह्वान करते समय विशेष ध्यान रखें और मन में विचार करके उस भूमि पर अधोमुख लेटे हुये वास्तु पुरुष का आह्वान कर रहे हैं। विश्नोरण इत्यादि मंत्र से वास्तु के स्वर्ण वास्तु के प्राण और पूर्व दिशा में प्रथम स्थित सर्प के स्वर्ण का पूजन करें अथवा अपने सामर्थ्य के अनुसार नमोअस्तु सर्पेभ्यो----आदि मंत्र से वास्तु का पूजन करें, कुकशी प्रदेश में नाग मंत्र को पढ़ता हुआ पृथ्वी को खोदें। गृह कुपतहाग आदि आरंम्भ में वास्तु पुरुष की स्थिति '' भाद्रपद से तीन मासों में क्रम से पूर्व आदि दिशाओं में वास्तु पुरुष का मुख होता है। दूसरी दिशा के मुख वाले गृह को आरंभ करने से दुःख, शोक और भय उत्पन्न होते हैं। वृष से तीन-तीन राशि के क्रम को वेणी बनाने से तीन -तीन राशि के सूर्य गृह में और मीन को तीन-तीन राशि सूर्य देवालय और मकर आदि तीन-तीन राशि सूर्य तड़ाग लेना उत्तम है। युक्त तान-तीन राशियों के सूर्य में वास्तु पुरुष पूर्व आदि दिशाओ में शरीर करके सोता है।

''वास्तु पुरुष मुख ज्ञानार्थ चक्रमीदम''

प्रकाशकः धर्मसन प्रकाशन, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

लक्ष्मी प्रवेश कैसे हो?

लक्ष्मी प्रवेश कैसे हो?

लेखक: दैवज्ञ शिरोमणि, वास्तु इंजीयिर पंडित गोपाल शर्मा, मियांवाली नगर, रोहतक रोड, दिल्ली-41, दूरभाष : 5687077, 5688060 फैक्स : 5670033

हर आदमी को एक सफल जीवन जीने के लिए निरोगी काया, सरल और तनावरहित दिनचर्या, घर में सुख-सुविधा के सभी साधन उपलब्ध, निष्कंटक कारोबार या नौकरी की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त प्रकृति, विधाता,. पितृपक्ष, मातृपक्ष व बन्धुपक्ष का सहयोग या किसी प्रकार की आपदा, विपदा, अस्वस्थता आदि का न होना परमेश्वर का वरदान माना जाता है। यह सुखी और सफल जीवन महालक्ष्मी की कृपा के बिना संभव नहीं है।

लक्ष्मी, धन, दौलत किसी की बपौती या अधिकार की वस्तु नहीं है। देखने में आता है कि कुछ लोग जीवन भर परिश्रम करते रहते हैं, परन्तु उनकी बुनियादी जरूरतें भी भली भांति पूरी नहीं हो पातीं, दूसरी तरफ कुछ लोग ऐसे भी हैं जो धन दौलत देखना भी पसंद नहीं करते, परन्तु लक्ष्मी उनका पीछा ही नहीं छोड़तीं। इसके पीछे भाग्य, पुरुषार्थ के अतिरिक्त भी एक बड़ा कारण होता है -- **वह मकान जिसमें वे रहते हैं।**

लक्ष्मी, धन-दौलत, कारोबार व्यक्ति के अलावा घर, दुकान, फैक्ट्री, गोदाम आदि की बनावट तथा उसके आस-पास के वातावरण पर भी निर्भर करता है। मकान तो हर व्यक्ति की आवश्यकता होती है जिसमें रहकर मनुष्य सारा सोच-विचार करता है। वहां आराम करके वह दिन भर की थकान मिटाता है तथा आगे के लिए योजनाएं बनाता है। जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में दैवी शक्ति और हृदय में खुद विष्णु भगवान् निवास करते हैं उसी तरह हर घर में लक्ष्मी, कुबेर, ब्रह्मा, यमराज, इन्द्र, वरुण, वायु, गंगा तथा अग्नि आदि सभी कुछ रहता है। प्राचीन ग्रन्थों के अतिरिक्त तीस वर्षों के आध्यात्मिक जीवन का निचोड़ भी इसमें शामिल है। पुराने या किसी भी नये मकान में किया गया एक उचित परिवर्तन भी आपका सम्पूर्ण जीवन बदल सकता है। खुले प्लाट या मकान, दुकान व कारखाने का कोई एक सिस्टम जैसे द्वार, पानी का निवास आदि। केवल एक सिस्टम ठीक होने से जीवन रूपी पूरी मशीनरी वर्किंग हालत में आ सकती है।

ईश्वर ने मानव को अपार प्राकृतिक सम्पदा प्रदान की है। हमारी पृथ्वी धन-दौलत से भरी हुई है। यदि मनुष्य ईश्वर प्रदत्त प्राकृतिक सम्पदा का प्रयोग करे तो निश्चय ही सुखी, निरोग एवं सम्पन्न हो सकता है। सूर्य, वायु, जल, पृथ्वी, अग्नि, पेड़-पौधे आदि मनुष्य को दीर्घजीवी और निरोग बनाने के लिए हैं। सूर्य जीवनदाता है। सूर्य के अभाव में मानव जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। सूर्य के प्रकाश में रोगाणुओं को नष्ट करने की अपार क्षमता होती है। वह हमें प्रकाश एवं ऊष्मा प्रदान करता है। हमारा शरीर भी पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश नामक पंचतत्वों से बना है। अत: यह आवश्यक है कि पंच तत्वों से समन्वय बना रहे। जब तक यह समन्वय रहता है, हम निरोग एवं शक्ति सम्पन्न बने रहते हैं। जब इनमें संतुलन का अभाव हो जाता है, तब शारीरिक क्रियाओं में बाधा आ जाती है और हम बीमार हो जाते हैं। वास्तुशास्त्र हमें पांच भौतिक तत्वों में संतुलन बनाये रखने की शिक्षा देता है। वास्तुशास्त्र प्रकृति अनुसंधान पर आधारित उच्च कोटि का विज्ञान है।

वास्तुशास्त्र प्राकृतिक नियमों का पालन करता है। गुरुत्वाकर्षण बल चुम्बकीय बल, विद्युत तरंगों का प्रवाह वायु प्रवाह, जल प्रवाह, पर्यावरण का प्रभाव, सूर्य रश्मियों का प्रवाह, दिशाओं के महत्व आदि पर ही वास्तुशास्त्र के नियम आधारित हैं।

उगते सूर्य की किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। इसके पीछे पूर्व, ईशान कोण को अधिक खुला रखने का नियम कार्य करता है। जिससे सौर ऊर्जा अधिकतम रूप में भवन और उसके निवासी को मिल सके। मकान के पूर्वी भाग को अपेक्षाकृत नीचा रखने के पीछे रहस्य भी यही है, ताकि पूर्व दिशा में ज्यादा खिड़कियों और दरवाजों के लिए स्थान रह सके। ढलते हुए सूर्य से इन्फ्रा रेड किरणें निकलती हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। इसलिए मकान के पश्चिम में खुली जगह कम छोड़ी जाती है।

विश्व का आधार स्रोत ऊर्जा है। यह ऊर्जा उत्तरी ध्रुव से दक्षिण ध्रुव की ओर चुम्बकीय लहरों के रूप में लगातार प्रवाहित होती रहती है। इस ऊर्जा को विद्युत-चुम्बकीय प्रवाह कहते हैं। यदि भवन का उत्तरी भाग नीचा और दक्षिणी भाग ऊंचा होगा तो यह ऊर्जा सहज ही भवन में प्रवेश कर निवासियों को शुभ लाभ देगी। यदि भवन का उत्तरी भाग अधिक ऊंचा होगा तो ऊर्जा का प्रवाह रुक जायेगा।

मानव शरीर में भी विद्युत तरंगें उसी रूप में प्रवाहित होती हैं, जिस रूप में भूमि पर प्रवाहित होती हैं। लेकिन यदि दोनों तरंगों का समन्वय नहीं होगा तो हमारा मस्तिष्क सही रूप से कार्य नहीं कर पायेगा। यही कारण है कि उत्तर की ओर सिर करके सोना वर्जित है। क्योंकि सिर की तरफ सकारात्मक और पैरों की तरफ नकारात्मक विद्युत तरंगें होती हैं। सिर के उत्तरी दिशा में होने से उत्तर की तरफ से आने वाली तरंगें मानव शरीर की सकारात्मक तरंगों से टकराती रहेंगी, जिससे मानव मस्तिष्क विचलित हो जाता है।

लक्ष्मी प्रवेश के लिए निम्नलिखित अहम बातों में से कोई एक ही काफी है।

१. उत्तर-पूर्व में या उत्तर में अन्डरग्राउंड टैंक, नल और पानी की व्यवस्था करें।

२. पूर्वमुखी मकान में हो सके तो द्वारा उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पूर्व में बनाएं, द्वार न हो सके तो खिड़की या ऊपर का जाल या दर्पण लगवाना जरूरी है।

३. उत्तर व पूर्व का ज्यादा से ज्यादा भाग खुला रखें।

४. रसोई दक्षिण-पूर्व में हो।

५. छत व फर्श की ढलान उत्तर-पूर्व में हो।

६. मूर्तियां, फोटो आदि जितना हो सके पूर्व व पश्चिम की दीवार पर लगाएं। उत्तर की दीवार पर तो भूल कर भी कुछ न लटकायें।

७. हमेशा दक्षिण की ओर सिर करके सोयें। इससे स्वास्थ्य और आयु बढ़ेगी। अधिक कार्य के बाद थकान होने पर पूर्व की ओर सिर करके सोयें। इससे विरोधी पक्ष भी साथ देने लगता है। भारी से भारी संकट या समस्या का तुरन्त समाधान होता नजर आयेगा।

जब हमारी घड़ियां १२ बजाती हैं

भिन्न-भिन्न देशों का समय

संसार के हर एक देश में दिन तो २४ घण्टे का माना जाता है परन्तु हर देश का स्टैंडर्ड टाईम अर्थात् समय भिन्न है। उदाहरण के रूप में जब भारत में दिन के १२ बजते हैं तो लन्दन में प्रात: के साढ़े छ: बजे होते हैं। भिन्न-भिन्न देशों की राजधानियों के समय और भारत के समय में अन्तर स्पष्ट किये जाते हैं:-

नगर	देश	समय
लन्दन	ब्रिटेन	६.३० प्रात:
बैंकाक	थाइलैंड	९.३० रात
मक्का	सऊदी अरब	९.३० प्रात:
कुआलाम्पुर	मलेशिया	२.०० प्रात:
पेरिस	फ्रांस	७.३० प्रात:
नेरोबी	कीनिया	१०.०० प्रात:
तेहरान	ईरान	१०.०० प्रात:
काबुल	अफगान	११.०० प्रात:
बुडापेस्ट	हंगरी	७.३० प्रात:
कराची	पाकिस्तान	११.३० दोपहर
मास्को	रूस	९.३० प्रात:
पेइचिंग	चीन	२.३० दोपहर
बगदाद	इराक	९.३० प्रात:
न्यूयार्क	अमेरिका	२.३० प्रात:
टोकियो	जापान	३.३० सायं
बर्लिन	पू. जर्मनी	७.३० प्रात:
काहिरा	मिश्र	८.३० प्रात:
जेनेवा	स्वि. लैण्ड	७.३० प्रात:
कनाडा	कैनेडा	११.०० रात्रि

मन्त्रों को सिद्ध करने की विधि

कर्म छ: प्रकार के होते हैं। १. शान्ति कर्म। २. वशीकरण। ३. स्तम्भन। ४. वैर। ५. उच्चाटन। ६. मारण।

कर्मों के लक्षण

१. रोग और ग्रहादि के निवारण को शंत कर्म कहते हैं।
२. सब वस्तुओं को वश में करने को वशीकरण कहते हैं।
३. चलते हुओं को रोकने को स्तम्भन कहते हैं।
४. दो मित्रों में वैर कहते हैं।
५. स्वदेश से निकल कर दूसरे देश में चले जाने को उच्चाटन कहते हैं।
६. जीव को मार देना मारण कहते हैं।

कर्मों की दिशा

शान्ति कर्म ईशान दिशा में करना चाहिए, वशीकरण उत्तर दिशा में करना चाहिए, स्तम्भन पूर्व दिशा में करना चाहिए, विदेश नेॠत्य दिशा में, उच्चाटन वायव्य दिशा में और मारण अग्नि दिशा में करना चाहिए।

खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में खोई हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा को जाती है और उसकी पुन: प्राप्ति शीघ्र हो जाती है। **२. सुलोचन नक्षत्रों** में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है। **३. मध्याक्ष नक्षत्र** में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। इस बात का पता भी चल जाता है परन्तु प्राप्त (हस्तगत) नहीं होती। **४. मन्दाक्ष नक्षत्र** में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है।

अन्धादि नक्षत्र निम्नलिखित है:-

नक्षत्र संख्या	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
१. अन्धाक्ष	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	पू.फा.	विशा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
२. सुलोचन	कृकि.	पुन.	पू.फा.	स्वा.	मूला.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
३. मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा	मघा	पू.भा.	चित्रा	ज्ये.	अभि.	पता लगने पर भी नहीं मिलेगी।
४. मन्दाक्ष	अश्वि.	मृग.	आश्ले	हस्त	अनु.	उ.षा.	शत.	बहुत यत्न करने पर मिलेगी।

कैलेण्डर १८०१-१९९९

(अ) वर्ष

१८०१-१९००				१९०१-१९९९			
०१	२९	५७	८५		२५	५३	८१
०२	३०	५८	८६		२६	५४	८२
०३	३१	५९	८७		२७	५५	८३
०४	३२	६०	८८		२८	५६	८४
०५	३३	६१	८९	०१	२९	५७	८५
०६	३४	६२	९०	०२	३०	५८	८६
०७	३५	६३	९१	०३	३१	५९	८७
०८	३६	६४	९२	०४	३२	६०	८८
०९	३७	६५	९३	०५	३३	६१	८९
१०	३८	६६	९४	०६	३४	६२	९०
११	३९	६७	९५	०७	३५	६३	९१
१२	४०	६८	९६	०८	३६	६४	९२
१३	४१	६९	९७	०९	३७	६५	९३
१४	४२	७०	९८	१०	३८	६६	९४
१५	४३	७१	९९	११	३९	६७	९५
१६	४४	७२		१२	४०	६८	९६
१७	४५	७३		१३	४१	६९	९७
१८	४६	७४		१४	४२	७०	९८
१९	४७	७५		१५	४३	७१	९९
२०	४८	७६		१६	४४	७२	
२१	४९	७७	००	१७	४५	७३	
२२	५०	७८		१८	४६	७४	
२३	५१	७९		१९	४७	७५	
२४	५२	८०		२०	४८	७६	
२५	५३	८१		२१	४९	७७	
२६	५४	८२		२२	५०	७८	
२७	५५	८३		२३	५१	७९	
२८	५६	८४		२४	५२	८०	

(ब) महीने

जन.	फर.	मार्च	अप्रै.	मई	जून	जुला.	अग.	सितं.	अक्टू.	नवं.	दिसं.
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
५	१	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	२	६	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	०	३	५	१	३	६	२	४	०	२
६	२	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	५	१	३	६	१	४	०	२	५	०
३	६	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१
४	०	१	४	६	२	४	०	३	५	१	३
६	२	२	५	०	३	५	१	४	६	२	४
०	३	३	६	१	४	६	२	५	०	३	५
१	४	४	०	२	५	०	३	६	१	४	६
२	५	६	२	४	०	२	५	१	३	६	१

(स) साप्ताहिक दिन

रवि	१	८	१५	२२	२९	३६
सोम	२	९	१६	२३	३०	३७
मंगल	३	१०	१७	२४	३१	
बुध	४	११	१८	२५	३२	
गुरु	५	१२	१९	२६	३३	
शुक्र	६	१३	२०	२७	३४	
शनि	७	१४	२१	२८	३५	

कलैण्डर को प्रयोग में लाने की विधि

अगर हमें मालूम करना है कि किस तारीख को कौन सा दिन पड़ता है। जैसे १ मई १८८६ को कौन सा दिन था।? पहले वर्ष वाले कॉलम (अ) में (१८०१ से १९०० तक) सन् १८८६ पर अंगुली रखें उसकी सीध में अंगुली महीने वाले कॉलम (ब) में मई मास पर लें जाएं। जो अंक प्राप्त हो (६) उसे उस तारीख में जोड़ दें (१) जिस तारीख का हमें वार मालूम करना है। (६+१=७) अब आप कॉलम (स) में ७ के सामने शनिवार पाएंगे तो पहली मई १८८६ को शनिवार था।

प्रकाशक: **धर्मसन प्रकाशन**, २५९६, नई सड़क, दिल्ली-११०००६ ☎ ३२६४९८६, ३२८५२३४

ग्रह-राशियों की तेजी मंदी-विचार

राशियों के पदार्थ

मेष—सोना, गेहूं, जौ, कम्बल, पशमीना, दालें, मसूर और चावल। **वृष**—कपड़ा, सरसों, पुष्प, जौ, चावल, महिष, बैल, गेहूं और लघु धान्य। **मिथुन**—रुई, कपास, बिनौला, ज्वार, मकई, तोरिया, अलसी, मूंग और माष। **कर्क**—केला, घास, जायफल, दाल-चीनी, तम्बाकू, चाय, सोना,चांदी, जवाहरात। **सिंह**—गुड़, खांड, साठी चावल, तैल, घी, मृगछाल, षटरस। **कन्या**—ज्वार, बाजरा, कुल्थी,रत्न, गेहूं, अलसी, मूंग और माष। **तुला**—उड़द, गेहूं, सरसों, नारियल,हरड़, मटर, तोरिया, जौ। **वृश्चिक**—गुड़, खांड, नागर, पान, लोहा, चना, चौपाए, पीतल, तांबा आदि धातुएं। **धनु**—रस, घोड़ा, लवण, चित्र-वस्त्र, गुड़, रुई। **मकर**—कनीर, मजीठ, जिमीकन्द, सोना,चांदी,पीतल,तांबा, लोहा। **कुम्भ**—तैल, घी, पोस्त, जवाहरात, रंगदार, वस्तुएं, सोना,चांदी,ज्वार। **मीन**—सीप, मोती, पंसारियों की वस्तुएं।

ग्रहों के पदार्थ

सूर्य—तुष्य धान्य, बीज, गेहूं, गुड़, शक्कर, खांड, ऊनी वस्त्र, सोना, तांबा, सुगन्धिक वस्तुएं, घी, तैल, नमक, रस। **चन्द्रमा**—चावल, मीठे रस, फल, फूल, जलोदर वस्तुएं, नमक, मोती, औषधियां, गेहूं, कांसी, दूध, दही। **मंगल**—गेहूं, चना, मूंग, गुड़, शक्कर, लघु धान्य, सोना, तांबा, पीतल, चौपाए। **बुध**—सरसों, तोरिया, घी, बिनौला, मक्की, ज्वार, बाजरा, दाल, लघुधान्य, सब्ज, रंग की वस्तुएं, रुई। **गुरु**—मीठे रस, सुगन्धित पदार्थ, पारा, नमक, चाय, कपड़ा, पीले रंग की वस्तुएं, घी, गेहूं, चावल, घोड़ा। **शुक्र**—रुई, कपास, कपड़ा, चांदी, लघु धान्य और भोग सामग्री, खांड, चावल और सफेद रंग की वस्तुएं। **शनि**—कटु वस्तुएं, मिर्च काली, माष, चना, मटर, लोहा, रंग सीमा, तोरिया, अलसी, कंगनी, कोयला, काले रंग की वस्तुएं, तिल, तैल मूगंफली और नशीली वस्तुएं आदि।

ग्रहों-राशियों से मंदा-तेजी जानने का प्रकार

जब कोई राशि क्रूर ग्रहों से पीड़ित हो दूषित हो या उसको क्रूर ग्रह देखते हों अथवा वहां पड़े हों या वह राशि क्रूर ग्रहों की कर्तरी में हो तो उस राशि जन्य पदार्थों की तेजी होती है और राशि शुभ ग्रहों से युक्त, दृष्ट हो उसके पदार्थों का मन्दा होता है। इसी प्रकार जो ग्रह अशुभ ग्रहों से पीड़ित अथवा दृष्ट या युक्त हो तो उन ग्रहों के पदार्थों की तेजी होती है और जो ग्रह शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हों उनके पदार्थों का मंदा होता है। जिस वस्तु की राशि से गुरु ४, १०, २, ११, ७, ९, ५ इतनी राशि पर हों तो उस वस्तु की मंदी करता है और १, ३, ४, ६, ७, ९, १२ इन स्थानों पर बुध हो तो इस वस्तु की तेजी करता है। ऐसे ही २, ११, १०, ५, ८ स्थानों पर शुक्र सर्वदा मंदा करता है। मंगल, शनि, राहु, केतु, सूर्य और क्षीण चन्द्र यह ग्रह ३, ६, १०, ११ स्थानों पर मंदा और १, २, ४, ५, ७, ८, ९ स्थानों पर होने से तेजी हो।

तेजी-मंदी जानने के सिद्धान्त

(१) यदि रविवार को तेजी या मंदी हो तो सोमवार को मंदी अथवा तेजी आ जाती है। (२) सोमवार को एकदम मन्दी के आने पर मंगलवार को विचार से सौदा करना चाहिए। (३) सोमवार की मन्दी के बाद मंगलवार को तेजी अवश्य होती है अथवा सोमवार को तेजी हो तो मंगलवार को मन्दी अवश्य होगी। (४) मंगलवार की आई मन्दी बुधवार को १२ बजे तक चलती है इसी प्रकार मंगलवार को तेजी बुधवार १२ बजे हो।

व्यापार भविष्य वैज्ञानिक अनुसंधान पर

(जन. २००१ से मार्च २००२ तक)

परिलेखकर्ता व संग्रहकर्ता—अखिलेश कुमार जैन पोरसा वाले सुपुत्र पी.सी. जैन पोरसा वाले
द्वारा लाइट मशीनरी, चम्बल कॉलोनी, ठाटीपुर, ग्वालियर (म.प्र.)-४७४०११
एस.टी.डी.-०७५१ फोन : पी.पी. ३४३२८३, ३४०७२२ शर्मा एस.टी.डी. ५४०३८९, ३६६५१८ सायं ७ बजे

जनवरी (JANUARY) 2001

(A) 27 दिसम्बर २००० से १४ जनवरी २००१ तक मोंठ १७३, राजमा १७७, गुड़ ७७ की तेजी। सोयाबीन-४५, जावित्री ३६, चांदी ३०६, उड़द ४५, सुपारी में २०५ की तेजी तो सौंठ ७०२, किशमिश ९९९, बादाम २५०, प्पिरमेन्ट ६५, देशी घी में जोरदार मन्दी तो लहसुन, बारदाना, हैसियन, लाल मिर्च २०५, गेहूं में १५-१७ की तेजी आवेगी। २ से २९ जनवरी २००१ तक पोस्तादाना ९९९, अजवाइन, चावल में तेजी आवेगी। सोना-चांदी में तेजी आवेगी। धनियाँ, जीरा, सौंठ में मन्दी आवेगी। १५ से ३० जनवरी २००१ ई. तक गेहूं २५ की तेजी। जौ, मोंठ, तिल, मूंग ९९, मक्का, ज्वार, जैल, अरण्डी ७०, मोम, कावली चना आदि में अच्छी तेजी। तेलों में जोरदार मन्दी इसके अलावा किशमिश, खोपरा, गोला, गुवार में तेजी आ सकती है।

(B) २१ जनवरी २००१ से ३ फरवरी के मध्य मूंगफली तेल ३६०, सरसों तैल २५०, बिनौला तैल ४६१ की धमाकेदार मन्दी बन सकती है।

फरवरी (FEBRUARY)

(A) ५ फरवरी से २३ फरवरी २००१ के बीच २५० धनिया, १५० चना, उड़द ६३, मूंग ४५, मसूर ३६, अरहर १५ की तेजी आ सकती है। इसके अलावा पोस्तादाना ५०२, चिलगोजा, चांदी २८७, कलौंजी ३०६ की तेजी व देशी घी, इमली में तेजी—तो मैंथी, धनियाँ में मन्दी का धमाका होगा। ५ से १५ फरवरी २००१ तक गुड़-चीनी में तेजी, सोना (Gold) में मंदी आ सकती है। ९ से २७ फरवरी तक, तिल तैल २५० की तेजी, अजवाइन, उड़द २५, बड़ी इलाइची २०५, चावल, मोम, स्लेक वैवस, बिनौला तैल में भारी तेजी आ सकती है। २५ फरवरी से ११ मार्च २००१ तक चना,उड़द, खाद्य तैलों में २५०-३६० की जोरदार मंदी आ सकती है।

मार्च (MARCH)

(A) २५ फरवरी से १५ मार्च २००१ तक, चांदी २५०-७७७, सोना १५०-२५० की तेजी तथा गुड़ ९९, गेहूं १५, उड़द ७७, मूंग ६५, राजमा ९९, लाल मिर्च ५०४, जीरा २५० की तेजी आ सकती है। ५ से २५ मार्च २००१ तक मोम, सूत, पिपरमेन्ट, कलौंजी, चावल में तेजी आ सकती है। पोस्तादाना में मन्दी का झटका लग सकता है। १५ मार्च से ५ अप्रैल २००१ तक मसूर ५६, महुआ तैल ५६, सोना १४५, राजमा २५० की जोरदार तेजी आ सकती है। ७ से २० मार्च तक अरहर, इमली, अमचूर में मन्दी मगर कालीमिर्च में ७०२, जीरा ३०६ की तेजी आ सकती है। २५ फरवरी से ११ अप्रैल २००१ तक गुड़ १५०, चीनी १६५ की खतरनाक तेजी आ सकती है। २८ मार्च से १ अप्रैल तक शुक्रास्त चांदी, लाल मिर्च में अच्छी तेजी आ सकती है।

अप्रैल (APRIL)

(A) ११ अप्रैल २००१ के मध्य चांदी २५०-९९९ की तेजी आवे तो ११ अप्रैल से १५ मई २००१ के मध्य चांदी में २५०-५५५ को जोरदार मन्दी आ जावेगी। २५ मार्च से १५ अप्रैल तक मई २००१ के मध्य चांदी में २५०-५५५ की जोरदार मन्दी आवेगी। २५ मार्च से १५ अप्रैल तक लाल मिर्च ७०२, पोस्तादाना ९९९, रुई १५०, तिल ३६०, जीरा ५०२, हल्दी २५२ की तेजी जोरदार आ सकती है। मगर चना में घटबढ़ से जोरदार मन्दी बन सकती है। १५ मार्च से २५ अप्रैल २००१ तक देशी घी २५२ प्रति टीन की भारी तेजी। जावित्री ५४, मोम, गुड़ ७२, कालीमिर्च ९९९ की भड़कती तेजी आ सकती है।

(B) (D-M-7Y) १५ अप्रैल २००१ या २७ अप्रैल से मूंगफली तेल, सोयाबीन तैल में जोरदार मन्दी का धमाका हो सकता है।

मई (MAY)

(A) २७ अप्रैल से १५ मई २००१ तक चना ११५, सोयाबीन तैल ३६०, तिल तेल ४६१, रुई १५४, लहसुन १५०, कालीमिर्च, पोस्तादाना, मूंग, सौंठ ७०२, मसूर ९९, धनियाँ २०५, मटर ९९ की भड़कती तेजी आ सकती है। १ मई से ५ जून तक सरसों ७०-१९९ की भड़कती तेजी, सोयाबीन, अरहर, चना, मटर आदि में जोरदार तेजी आ सकती है। डालडा मूल्य में भारी वृद्धि हो सकती है। ७ मई से १२ जून तक, शनि अस्त एक महीने पूर्व सरसों, अरहर, चना में भयंकर तेजी में Top भाव बने हैं। तो यहां तक भयंकर मंदी-मगर शेयर्स मार्केट में अच्छी तेजी आ सकती है।

(B) ११ से १८ मई तक तेलों में जोरदार मन्दी बन सकती है।

जून (JUNE)

(A) २५ मई से ११ जून २००१ तक चीनी ६५, काबली चना २९९, खोपरा गोला ९९, देशी घी ५४, पोस्तादाना ७०२ की तेजी। फली तेल ३६०, अरण्डी तैल, लाल मिर्च ५०४, हल्दी २५०, तिल ९९ की तेजी आ सकती है। इसके अलावा अरहर ११८, काली मिर्च ७०२ की तेजी। गेहूं, उड़द में तेजी आ सकती है। १५ से २७ जून के मध्य अरहर ९० की मन्दी। जीरा ४०५, सरसों में १५० मन्दी का झटका लग सकता है। २ से ३० जून तक जावित्री, काली मिर्च, जौ ३६, मसूर २६ की तेजी आ सकती है। २० जून से ३ जुलाई तक किशमिश ५०२, खण्डसारी ९०, गुड़ ७७ की जालिम झड़पी तेजी आ सकती है। १५ जून से २ जुलाई के मध्य कभी काली मिर्च ९९९ व लाल मिर्च ७०२ की मन्दी आ सकती है। बाजार रुख देखकर व्यापार करें। १६ मई से २७ जून के मध्य चांदी ५५५, सोना १९९ की जोरदार मन्दी आ सकती है।

५ जून से २७ जून २००१ तक बुध ग्रह वक्री रहेगा। देशी घी में अच्छी तेजी। पोस्तदाना, गुवार में डेढ़, २ महीने में अच्छी तेजी तो शेयर्स मार्केट में २७ अप्रैल से १५ मई तक अच्छी तेजी, १५ मई से ११ जून तक शेयर्स मंदी, १ जून अच्छी तेजी आ सकती है। ४ जून २००१ से २१ जून तक गुरु ग्रह अस्त २५ दिन पूर्व से चांदी, सोना, शेयर्स A.C.C., Infosys Tech., L &T, Tisco, रिलाइन्स आदि भयंकर मंदी में नीचे Lowest भाव टच हो तो आगे २५-४१ दिन में जोरदार तेजी, मगर तेलों में एक महीने से जोरदार मन्दी का दौर चल सकता है। बाजार रुख देखकर व्यापार करें।

(B) ११ जून से तेलों में मन्दी आ सकती है।

जुलाई (JULY)

२७ जून से १२ जुलाई २००१ के बीच सरसों ७२-१५० की भड़कती तेजी व तिल तैल ३६०, अरण्डी तेल १५०, अरहर १९९, मसूर ६५, चना ३६, रुई ९९ की तेजी आ सकती है। हवा-तूफान-चक्रवात भी इस क्षेत्र में हो सकते हैं। १२ से २१ जुलाई के मध्य खोपरा गोला ४०५ की जोरदार मन्दी, बड़ी इलाइची, पिपरमेन्ट में मन्दी मगर राजमा २५० तेजी, अमचूर ९९९, उड़द १५०, अरहर ९९, किशमिश ९९९, पोस्तादाना ७९९, चाय २५ की जोरदार तेजी आ सकती है। डालडा की कीमतों में भारी कटौती हो सकती है। देशी-घी व चांदी-सोना में अच्छी तेजी आ सकती है।

१ से १२ जुलाई २००१ तक, सरसों ९९, मूंगफली तैल २५० की तेजी आवे तो २० जुलाई तक सरसों में जोरदार मंदी तो पुनः २९ जुलाई तक घटे भाव बढ़ जावेंगे। २७ जून से २५ जुलाई तक अरहर १५०, चना २०५, मसूर में अच्छी तेजी बन सकती है। ४ जुलाई से १५ जुलाई तक उड़द में मंदी, १५ से २० तक तेजी, २० से ३० जुलाई तक, उड़द, मूंग में जोरदार मंदी आवेगी। ९ मई २००१ से १२ जुलाई तक, मंगल वक्री होने से गुड़, चीनी, लहसुन, पोस्तादाना, चना-मसूर में भयंकर तेजी आ सकती है।

अगस्त (AUGUST)

३ अगस्त २००१ से २९ अगस्त तक, सरसों १५०, मूंगफली तैल में ४५०, बिनौला तैल में २७० की जोरदार तेजी आ सकती है। ८ से २९ अगस्त तक, अरहर-चना में अच्छी तेजी बन सकती है। १ से ९ अगस्त तक चांदी में ४०५ की तेजी तो १२ अगस्त तक मंदी तो १२ से ३० अगस्त तक चांदी में अच्छी तेजी आवेगी। २७ जुलाई से १५ अगस्त तक उड़द १५० की तेजी तो और में तेजी घटबढ़ से १५ सितम्बर तक चलने के बाद मंदी आवेगी।

(११-३MY) शेयर्स मार्केट—११ अगस्त २००१ से ८ सितम्बर तक B.S.E. इण्डेक्स में ५००-९०० Point की मंदी फिर भी बाजार तेजी पकड़ी तो ५००-११०० पोइन्ट की तेजी आ जावेगी। ८ सितम्बर २००१ से १८-११-२००१ तक A.C.C. रिलाइंस आदि में भयंकर तेजी आवेगी। बाजार रुख Trend देखकर ही व्यापार करें।

सितम्बर (SEPTEMBER)

२७ अगस्त २००१ से ९ सितम्बर तक अरहर १५० की मंदी तो ९ से १४ सितम्बर तक अरहर में १५० की तेजी आवे तो १६ सितम्बर तक बढ़े हुए भाव गिर जावेंगे तो १८-९-२००१ से ३० तक चना, अरहर में अच्छी तेजी आवेगी। २ सितम्बर २००१ से १५ मंदी तो १६-९-२००१ से ३० सितम्बर तक चांदी में २५०-३६० की जोरदार तेजी आवेगी। १४ से २५ सितं. तक सरसों, मूंगफली तैल में मंदी तो २६-९-२००१ से ३० तक सरसों-बिनौला तेल में जोरदार तेजी आवे तो ३०-९-२००१ से ११-१०-२००१ तक मूंगफली तेल ५६० की, सोयाबीन आदि में जोरदार मंदी आवेगी। १५-९-२००१ से २३-१०-२००१ तक उड़द में २५०-५०० की खतरनाक मंदी बन सकती है।

(B) २ से २२ अक्टूबर २००१ तक बुध ग्रह वक्री होने से २-९-२००१ से ११-१०-२००१ के बीच A.C.C., Tisco, SBI रिलाइंस, सत्यम कम्प्यूटर, Infosys Tech आदि में एक बार अच्छी तेजी तो मूंगफली तैल, सोयाबीन तैल आदि १०-१५ दिन एक बार मंदी आकर फिर बाद में २५-३५ दिन में तैल-दालवाना आदि में भयंकर तेजी आ सकती है। देशी घी में

१५-१०-२००१ तक तेजी आकर फिर मंदी आवेगी।

२८ सितम्बर २००१ से ७ फरवरी २००२ तक शनि वक्री रहने से १५-२५ दिन में चना, सरसों, अरहर, मसूर में अच्छी तेजी आ सकती है। इसके अलावा गुड़, पिपरमेन्ट, लौंग, दालचीनी जोरदार तेजी का उछाला आ सकता है। शेयर्स मार्केट में १५ दिन पूर्व से ११ दिन बाद तक Reliance, A.C.C., टिस्को, L&T, Infosys Tech जोरदार तेजी बन सकती है।

अक्टूबर (OCTOBER)

२ से १५ अक्टूबर तेलों में जोरदार मंदी का धमाका हो सकता है। १८-१०-२००१ से ३१-१०-२००१ तक सरसों, बिनौला में २५० की अच्छी मंदी आवेगी। १८ सितम्बर या २० अक्टूबर २००१ से ७-१५ दिन में चांदी में ५६० की खतरनाक मंदी का धमाका हो सकता है। २७ सितम्बर से १५ अक्टूबर तक अरहर, मसूर, चना ७० तेजी तो राजमा में २५०-५६० की जोरादर तेजी आ सकती है। २५ सितम्बर या २४ अक्टूबर से सरसों १५०-२५० की जोरदार मंदी का धमाका हो सकता है। १५-१०-२००१ से ३१-१०-२००१ तक चना, अरहर में जोरदार मंदी का धमाका हो सकता है।

नवम्बर (NOVEMBER)

३ से २५ नवम्बर २००१ तक सरसों २५०, तिल ३६०, अरहर, मसूर आदि में अच्छी तेजी आ सकती है। २५ अक्टूबर से १५ नवम्बर तक लौंग, राजमा २५० की जोरदार मंदी आवेगी। २३-९-२००१ से ११ दिसम्बर तक चना,अरहर २५०, सरसों ९९ की, तिल ५६० की खतरनाक तेजी बन सकती है। ५ नवम्बर २००१ से २५ दिसम्बर २००१ तक मूंग, उड़द में २५०-४५७ खतरनाक तेजी आ सकती है। ३ नवम्बर २००१ से १ मार्च २००२ तक गुरु ग्रह वक्री Retrograde २५ दिन पूर्व से ११ दिन बाद तक कभी चांदी ५००-७९९ की भयंकर तेजी, १०-१५ दिन तेलों में मंदी रहकर आगे सरसों, चनी, चना, गुड़ में अच्छी तेजी तो शेयर्स मार्केट में मन्दी का दौर चल सकता है। कालीमिर्च, पोस्तादाना Poppy Seed, हल्दी Turmeric २-३ महीने में एक तेजी आ सकती है।

दिसम्बर (DECEMBER)

१ से २७ दिसम्बर २००१ तक चना १५०, अरहर ३६०, सरसों १५०-२९९ की भड़कती तेजी आ सकती है। २५ नवम्बर २००१ से ७ जनवरी २००२ तक लौंग २०-७० की खतरनाक तेजी आ सकती है। २७ दिसम्बर २००१ से २० जनवरी २००२ तक सरसों में ३६० की जोरदार मंदी। फली तैल ३९९ की खतरनाक मंदी बन सकती है। २५ दिसम्बर २००१ से २५ जनवरी २००२ तक उड़द में २५०, मूंग ३६० की जोरदार मंदी आवेगी। २५-१२-२००१ से १५ जनवरी २००२ तक, A.C.C., रिलाइंस शेयर्स में भयंकर मंदी आवे तो १५-१-२००२ से २७-१-२००२ तक शेयर्स मार्केट में भयंकर तेजी आकर बाद में १५-२० दिन जोरदार मंदी का धमाका होगा।

जनवरी (JANUARY) 2002

१ से ३० जनवरी २००२ तक अरहर ४६०, चना १५०, मसूर ३९९, सरसों ५६१ की खतरनाक मंदी बन सकती है। २७ जनवरी २००२ से ११ फरवरी २००२ तक मूंग-उड़द में जोरदार मंदी आ सकती है। १९ जनवरी २००२ से ८ फरवरी २००२ तक बुध ग्रह वक्री रहने से ११ जनवरी से १ फरवरी २००१ के तैलों २५०-५०६ की जोरदार मंदी के बाद २ फरवरी से ७-१० दिन फली तैल, बिनौला तैल में तेजी। २५ फरवरी से ७ अप्रैल तक जीरा, गुड़ में तेजी। अरहर, मसूर में तूफानी तेजी आ सकती है।

फरवरी (FEBRUARY)

२ फरवरी २००२ से ५ फरवरी तक तेलों में जोरदार मंदी तो ५-२-२००२ से ११ फरवरी तक तैल, तिलहन OIL & Oil Seeds में अस्थाई तेजी आ सकती है। १५ से २५ फरवरी तक अरहर १५०, चना २५० जोरदार मंदी आवेगी। १८ से २७ फरवरी तक सरसों तैल ३६०, बिनौला तैल २५० की जोरदार मंदी बन सकती है। ११ फरवरी २००२ से २५ मार्च तक उड़द, मूंग, मोंठ में अच्छी तेजी आ सकती है। ५ मार्च २००२ से २ मई २००२ के बीच हल्दी ५०० की जोरदार तेजी। चना २५०, अरहर ३६९, मसूर ३६०, सरसों २९९ की एक बार तूफानी तेजी बन सकती है।

मार्च (MARCH)

१५ मार्च २००२ से ७ अप्रैल तक चना ६१, मसूर २९९, सरसों १५० की जोरदार तेजी आ सकती है। २७ फरवरी से १५ मार्च २००२ तक लौंग मेंजोरदार मंदी आ सकती है। २९ मार्च २००० से १५ अप्रैल २००२ तक सरसों में अच्छी तेजी आ सकती है। १५ अप्रैल से ५ मई २००२ तक सरसों में २५० की मंदी। अरहर २५०, चना १५०, मसूर में २०५ की झड़पी मंदी आ सकती है।

शेयर्स मार्केट

शेयर्स मार्केट ऐसा बाजार है—जहां घटाबढ़ी बहुत ही तीव्र रूप से होती देखी गयी है। जहां १०० रुपये २००-३६० भी हो सकते हैं तो किसी शेयर में ५ गुणे से ४१ गुणे तक भी हो सकते हैं। २०-२५ बड़े लम्बे घाटों को जल्दी भरपाई की जा सकती है। यदि लाइन सही मिल जावे। २३-१०-१९९८ को ए.सी.सी. शेयर भाव ८२-५० था तो २७-१२-१९९९ को ३०३ हो गया। यानी, १४ महीने में साढ़े ती गुणा भाव होना-ताज्जुब की बात है। रिलाइंस शेयर्स १०२-१०४ के करीब भाव था वो भी फरवरी २००० तक, ३८६ के आसपास भाव टच हुए। जी. टेलीफिल्म शेयर मार्च १९९८ में २७३ था वो १४ फरवरी २००० को १६००० के आसपास भाव हुए। १०० शेयर २७ हजार ३०० के खरीदते—तो, करीब १५-१६ लाख हो जाते। शेयर मारकेट में कैसी कितने समय में खतरनाक तेजी मंदी चलती है। २३-१०-१९९८ बम्बई शेयर सूचकांक इन्डेक्स २७५०-२८५० के करीब था वो साढ़े १४ महीने-१५ महीने में, ६१५० नया रिर्काड इन्डेक्स बना। ग्राफीकल सदस्य बन कर—व्यापार की घटबढ़ जानें। किस वस्तु Item में डेढ़ गुने, २ गुने किस वस्तु में ३ से ७ गुने होने जा रहे हैं। शेयर्स मारकेट जैसी तेजी या मंदी सरसों, अरहर, चना में नहीं आ सकती है। व्यापार में जिम्मेदारी भी नहीं होगी नहीं। १४ फरवरी २००० को जो ZEE TELIFILM शेयर १६३० था वो २६ मई २००० को साढ़े तीन महीने में ही ४१० रह गया। यानी रुपये के चार आने रह गये। इस मार्च २००१ से पौने २ वर्ष में सरसों-मिर्च, अरहर, मसूर, लहसुन GARLIC, प्याज ONION, रुई Cotton, पोस्तादाना, खसखस POPPY SEED, हल्दी Turmeric आदि में घटाबढ़ी से तूफानी तेजी चलने की आशा है। बाजार रुख देखकर व्यापार करें। शेयर सत्यम कम्प्यूटर भी १४-२-२००० से २६ मई २००० की बीच ७२०० सेघटकर २१००-२२०१ के बीच भाव रह गये थे।

शेयर्स मार्केट के चांस (१४ फरवरी २००० को शेयर Index ६१५० था वो २६ मई २००० को ३८३१ नीचे में होकर ९ जून २००० को ४७२९.६३ रह गया। १३ जुलाई २००० को ५०५८-९० होकर २२ सितम्बर २००० को

४०३२-३७ हो गया है। एक बार ५७९० होकर सन् २००१-२००२ में घर शेयर INDEX घटकर २९००-२५०० रह सकता है। सावधानी से व्यापार करें। शेयर्स मार्केट के चांस ५ नवं. २००० से १५ जनवरी २००१ तक, रिलाइंस ७०, A.C.C. ५५, Infosys Technology में ११००-२५०० की भीषण तेजी आ सकती है। बीच-बीच में मंदी रियेक्शन भी भारी मंदी के झटके लगेंगे। १६ जनवरी २००१ से, १५ फरवरी तक शेयर्स INDEX में ७००-९००, Point की प्रचण्ड मंदी का झटका लग सकता है। १६ फरवरी से ५ अप्रैल २००१ तक, ए.सी.सी. रिलाइंस, इनफोसिस टेकनोलोजी, विप्रो, सत्यं कम्प्यूटर शेयर्स में जोरदार मंदी आवे तो ५ अप्रैल से २७ अप्रैल २००१ तक, शेयर INDEX में ५००-७०० की बढ़ोत्तरी हो सकती है। २७ अप्रैल २००१ से ५ जून २००१ के बीच, शेयर मार्केट में ७००-१८०० पोइन्ट की तूफानी मंदी-गिरावट आ सकती है। ७ जून से २५ जुलाई २००१ तक, ७००-९०० Point की तेजी आ सकती है। २५ जुलाई से १६ अगस्त २००१ के बीच शेयर्स में मंदी का आंधी चल सकती है। १८ अगस्त से ३ सितम्बर तक तेजी, आवे तो ११ सितम्बर २००१ से १८ अक्टूबर २००१ के बीच, ७००-११०० POINT की खतरनाक मंदी बन सकती है। २५ अक्टूबर २००१ से २१ जनवरी २००२ के बीच, शेर्यस में अच्छी तेजी आ सकती है। २५ जनवरी २००२ से ५ मार्च या २ अप्रैल २००२ तक, भयंकर मंदी में नीचे भाव बन सकते हैं। ५ अप्रैल २००२ से २३ मई २००२ तक, Shares शेयर्स मारकेट में, ९००-११९७ POINT की भयंकर तेजी आ सकती है। बाजार रुख देखकर व्यापार करें। गुड़ नीचे में ७००, ऊंचे में १५७७, चीनी नीचे में १६५०, ऊंचे २०११ नए टॉप भाव डेढ़ वर्ष के अन्दर भाव होने का आनुमान है।

रुई कपास के चांस

२५-१०-२००० से १५-११-२००० तक, रुई COTTON में अच्छी मंदी आवे तो १५-११-२००० से १५-१२-२००० तक, रुई अच्छी तेजी, तो १८-१२-२००० से १४-१-२००१ तक, रुई में खतरनाक मंदी, तो १६ जनवरी २००१ से २९ जनवरी २००१ तक रुई में घटे भाव बढ़ जावेंगे। २९ से ७ फरवरी तक, रुई में मंदी आवेगी। व्यापार में लाभ हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।

७ फरवरी २००१ से १९ फरवरी २००१ तक, रुई में अच्छी तेजी तो २१ फरवरी २००१ से ५ मार्च २००१ तक, रुई के बढ़े हुए भाव एकदम गिर जावेंगे। १५ मार्च २००१ से ७ अप्रैल २००१ तक झड़पी तेजी, रुई, सूत में आ सकती है। आगे तेजी बढ़ी तो, १६ अप्रैल तक तेजी चल सकती है। १६ अप्रैल से ९ मई तक, रुई में अच्छी मंदी, तो ११ मई २००१ से ५ जून २००१ तक रुई में भीषण तेजी आ सकती है। ५ जून से २१ जून तक रुई में मंदी। ५ जुलाई २००१ से ५ अगस्त के मध्य रुई में जोरदार मंदी आ सकती है। ७ अगस्त २००१ से २७ अगस्त तक, रुई में अच्छी तेजी, तो २० सितम्बर २००१ तक, रुई में मंदी, २१ सितम्बर २००१ से ११ अक्टूबर तक, रुई में जोरदार तेजी आवे-तो, १५-१०-२००१ से ५-११-२००० तक रुई में भारी मंदी, तो १८-११-२००१ से ११-१२-२००१ तक रुई में जोरदार जबरदस्त तेजी आ सकती है। ता. ११-१२-२००१ से ७-१-२००२ तक, रुई मंदी का झटका, तो ७-१-२००२ से ३० जनवरी २००२ तक, रुई में तूफानी तेजी, १ फर. से २७ फर. २००२ तक रुई में छोटी मंदी आ सकती है। व्यापार में लाभ हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी। हर तेजी के १५-२० दिन की उबलती तेजी में माल बेचना।

सार सन् 2001

२८-१०-१९९८ को सरसों २७९९ के भाव बिकने वाली ३० मई २००० को १०२५-१०५० के भाव रह गई है। १५-१२-२००१ तक २१०० या २९०० के भाव हो सकते हैं। अरहर २८-१०-१९९८ को २८०१ वाली अभी अगस्त २००० को १५०० के आसपास भाव चल रहे हैं। तो १५ जनवरी २००२ या ९ नवम्बर २००२ तक अरहर २७०० या फिर ३२०९ भाव काटे तो ४१९९ के भाव हो सकते हैं। उड़द, जौ १५०० था वो जून २००० को २९१५ के नये टॉप भाव बने। अब वे घटकर २ वर्ष में ९९९-१२९९ के भाव रह सकते हैं। हल्दी TURMERIC एक दो वर्ष में ३८००-४२०० के भाव बिकने वाली अगस्त २००० में १६०० के भाव रह गए हैं। उम्मीद है हल्दी नीचे में १२००-१४०० के होकर आगे ढाई वर्ष में २७००-३३०० के भाव हो सकते हैं। पोस्तदाना POPPY SEED, ६५-५९ रुपए किलो वाला २ वर्ष में ११०-१४० के भाव हो सकते हैं। ६ वर्ष पूर्व गोला, खोपरा तैल COCONUT OIL १२०० रुपए टीन था। अब ६१० रह गया है। वो नीचे में ५६० होकर बाद में २ वर्ष में ९००-११०१ के भाव प्रति टीन हो सकते हैं। चांदी ८००१ वाली—एक बार ९००० या ९६९९ के भाव होकर ७-२-२००१ को ७२०० के भाव रह सकते हैं। गुवार CLUSTER SEEDS १५ जनवरी १९९९ को २९००-३२०० बिकने वाली आगे अगस्त २००० में १०५०-११०० के भाव रह गए हैं। अब नीचे में ७५० होकर आगे १९९९ या २५०७ के भाव हो सकते हैं। गुड़ नीचे ५५०, ऊपर १२०१-१४९९ के भाव हो सकते हैं। शेयर्स इन्डेक्स B.S.E. Index ६ अगस्त १९९७ को ४६०४ होकर २३-१०-१९९८ को २७४१ के करीब हो गया। फिर वहां से शेयर्स Shares Market में तेज़ी चालू हुई। १४-०२-२००० को ६१५० टाप शेयर्स सूचकांक टच हुआ। फिर बाजार वापिस घर २३ मई २००० को ३८३१ होकर १४ जुलाई के पास ५०५८ होकर एक बार फिर ४१५० हुआ। २३ अगस्त २००० को ४४०५ के आसपास इन्डेक्स घूम रहा है। एक बार यदि ६३०० के काटें तो ७००० होकर वापिस २ वर्ष में ३२०० रह सकता है।

व्यापार दिग्दर्शिका, वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यापार भविष्य

जनवरी २००१ से जून २००२ तक, १८ महीने की तेजी-मंदी

पुस्तक मूल्य १५१, मगर रियायती चार्ज १३५.००

परिलेखकर्ता श्रीमती चम्पादेवी जैन ध.प. प्रेम चन्द्र जैन पोरसा वाले

इस पुस्तक में सरसों, चांदी, गुड़, रुई, चना, अरहर, मसूर, जीरा, गुवार चांस ग्राफीकल पद्धति से लिखे गये हैं। ग्राफीकल पद्धति से सन् १९९९-२००० के मध्य, शेयर्स मार्केट में तूफानी तेजी आ सकती है। सो आपने देखा ही होगा, २३-१०-१९९८ को, बम्बई शेयर्स सूचकांक इन्डेक्स, २७५० के आसरे करीब था, वो साढ़े १४ महीने में १४-०२-२००० इन्डेक्स ६१५० टच हो गया। ग्राफीकल पद्धति, से चमत्कारी-अनुमान, ज्ञात किए जा सकते हैं। सन् २००१ से २००२ के बीच, २ ढाई साल में सरसों, ग्वार, जीरा, लहशुन, प्याज, अरहर आदि में घटाबढ़ी से अच्छी रिकार्ड तोड़ तेजी आ सकती है। लहशुन ५-७ रुपये किलो वाला, ढाई वर्ष में ४५ से ७० के भाव, सरसों तैल २५ वाला ४५-६५ के भाव, अरहर १४ रुपये वाली ३२.४२ रुपए किलो के भाव, होने का अनुमान है। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी कभी भी, किसी हालत नहीं होगी नहीं। ज्यादा सही भगवान जाने। शेयर्स मार्केट कई-कई चांस ग्राफीकल पद्धति से प्रस्तुत किए गए हैं। फिर आप तो जानते ही हैं, गुवार, लहशुन, प्याज के तूफानी तेजी के चांस हर वर्ष तो मिलते नहीं हैं। पोस्तादाना, हल्दी, मिर्च आदि में भयंकर घटाबढ़ी चलने की आशा है। V.P.P. नहीं होगी नहीं। M.O. भेज कर, सन् २००१ का, तेजी मंदी विवेचन विस्तार पूर्व पुस्तक व्यापार दिग्दर्शिका मंगा कर पढ़ें। तेजी मंदी निकालने के कुछ फार्मूला ३४३२८३, श्री अग्रवाल, इन्सेट टी.वी. सेंटर ठाटीपुर ग्वालियर, ३४०७२२ पी.पी. फोन

१. श्रीमती चम्पा देवी जैन ध.प. प्रेमचन्द्र जैन पोरसा वाले, इंदौर बैंक कैम्पस, ग्रोवर हॉस्पीटल के पीछे बारादरी चौराहा, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)-४७४००६
२. अखिलेश कुमार जैन पोरसा वाले द्वारा श्री चतुर्वेदी, १०३, न्यू शिवाजी नगर, ठाटीपुर, ग्वालियर (म.प्र)-४७४०११
३. रेनू कुमारी जैन सुपुत्री पी.सी. जैन पोरसा वाले द्वारा लाइट मशीनरी चम्बल कॉलोनी, ठाटीपुर, ग्वालियर, म.प्र.-४७४०११

अथ सम्वत् २०५८ वि. की ग्रह स्थिति के आधार पर व्यापारिक उतार-चढ़ाव के विचार

लेखक एवं सम्पादक- चौ. पं. महेन्द्र कुमार जैन, *सह संपादक-* पं. गजेन्द्र जैन
उत्तराधिकारी- आयुर्वेद मार्तण्ड ज्योतिष रत्न पं. जैनी जीया लाल शिखर चन्द चौधरी राज वैद्य
ज्योतिष रत्न कार्यालय :— पो. फर्रुख नगर-१२२५०६, गुड़गाँव (हरियाणा)
फोन न.—निवास: ०१२४-६३७५२१८, कार्यालय: ०१२४-६३७५३७७

मेरे बाबाजी (स्व. जैनी जीयालाल जी चौधरी) ने १२५ वर्ष पूर्व असली पञ्चांग के नाम से एक पंचांग प्रकाशित किया था तभी से इस तेजी मन्दी के विषय पर मेरे बाबाजी व पिताजी लिखते रहे हैं और समय-समय पर तेजी मंदी पर अनेकों शास्त्र (पुस्तकें), व्यापार विज्ञान, योग रत्नाकर, वार्षिक व्यापार भविष्य फल आदि लिख कर आप लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कीं। अब मैं पं. महेन्द्रकुमार जैन एवं मेरा पुत्र पं. गजेन्द्र जैन अपने पूर्वजों के बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रत्येक पक्षों, महीनों में आने वाले प्रबल ग्रह, योग, तिथि, वार, नक्षत्र संयोग, संक्रांति का बैठना चन्द्र दर्शन आदि योगों को ध्यान में रखकर जो तेजी मन्दी के अपने विचार लिखते हैं वह वायदा और हाजिर का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिए वरदान रूप में सिद्ध होते रहे हैं।

अथ चैत्र पक्ष फल विचार

वि. सं. २०५८ का शुभारंभ सोमवार से होता है। चन्द्र दर्शन सोमवार व पूर्णिमा रविवार की है। पक्ष में तिथि क्षय शुभ नहीं। शुक्र उदयास्त व बुध ने राशि परिवर्तन किया है। प्रतिपदा में सोम का होना शुभ, पर तिथि क्षय नेष्ट फलकारक है। पक्ष में पू.भा. का बुध क्षुधा, शस्त्र और चोरों की वृद्धि करेगा। उ.भा. का बुध राजनेताओं में आपसी खेंचातानी बढ़ायेगा। सुदी २ मंगलवारी रुई के भावों को बढ़ाएगी, ६ शनिवारी एक मास अन्न में तेजी रखेगी, धान्यादि भाव मन्दे, क्षुधा, शस्त्र और चोरों की वृद्धि होगी, राजनेताओं में परस्पर द्वेष बढ़े, भारतीय राजनीति प्रभावित होगी, पशुपक्षियों में अरोग्यता, धान्योत्पति उत्तम, अल्प वृष्टि योग, कहीं-२ अनावृष्टि भी हो।

शुक्ल पक्ष—सुदी १ रुई तेज, मास भर घट बढ़ चले, सोना-चांदी मन्दी, मूंग, मोंठ, चना, गेहूँ, अलसी, अफीम तेज। नेताओं में आपसी खेंचातानी, अन्न ढाई मास पीछे मन्दा बनेगा। शु. २ मंगल तिल, सुपारी, तेल, रुई, कपास, सूत, अरण्डी, सोना, चांदी, लोहा, तांबा आदि धातु तेज। प्रजा सुखी हो। शु. ३ बुध चांदी, अन्न, रुई, सूत, कपास आदि तेज, घी, तेल, अरण्डी, विनौला, मूंगफली, सूत, कपड़े आदि में मन्दा बनेगा। शु. ४ गुरु सोना, चांदी, रुई आदि में मन्दा। शु. ६ शनि सभी प्रकार का अन्न एक मास तेज रहेगा। सरसों, अरण्डी, मूंगफली, चांदी, चावल, नमक, अलसी, लाख आदि तेज। शु. ८ रवि—प्रजा में सुख सुभिक्ष का वातावरण बने। सूत, चांदी, चावल आदि में तेजी बने। शु. ९ सोम अन्न व रस पदार्थ मन्दे, रुई तेज, सोना-चांदी ऊँची होकर उतनी ही मन्दी बने। शुदी ११ बुध—चांदी बढ़कर घटे, पशु पक्षी सुखी रहें। शु. १५ रवि—पूरे पक्ष भर रुई में उतार चढ़ाव रहे। अलसी मन्दी, अन्न, सरसों तेज।

विशेष योग

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिवस चंद्रमा होय।
जल बरसे बहु गगन से तृण अन्न मन्दा जोय॥
चैत्र सुदी में तिथि घटे कारी बढ़ जाय।
पैदावार होय कम खड़ी फसल हट जाय॥
बुध भृगु रवि यह तीन एक घर बैठे शुक्कर।
एक चरण महा[illegible] करें रवि बुध शुक्कर॥

अथ वैशाख मास फल विचार

इस मास में पाँच सोमवार हैं। अमावस व पूर्णिमा सोमवार की है। चन्द्र दर्शन बुधवार, संक्रान्ति मेष शुक्रवार की है। सूर्य मंगल बुध ने राशि परिवर्तन किया है। बुध उदयास्त व शनि अस्त हुआ है। शुक्र मार्गी हुआ है। कृ.१४ रविवारी अन्न तेज। कृ. ३० रुई, सूत, चांदी में मन्दा, शु. १ मंगलवारी रुई मन्दी, शु. ६ अन्न, रुई, चावल व घी में तेजी, शु. १२ शुक्रवारी तीन दिन रुई में घटबढ़ करेगी। मास में धान्यादि भाव मन्दे, ईख, दूध, रसकस मन्दा, घी, सोना-चांदी, हाथी-घोड़ा, मोटर-गाड़ी, प्रसाधन सामग्री तेज रहेगी। विप्र, व्यापारी, वैद्य, नाविक, घोड़े सभी प्रभावित रहेंगे। कहीं-कहीं ज्वर आदि से प्रजा को कष्ट होगा। मास में अल्प वृष्टि योग भी बना है। अक्षय तीज को गुरु रोहिणी नक्षत्र का होना भारत व इसकी प्रजा के लिए अति उत्तम है।

कृष्ण पक्ष—कृ. ३ मंगल-रुई, कपास, सूत, बिनौला, कपड़ा, लकड़ी, घी, चौपाया जानवरों में तेजी, द्विजनों व वीर पुरुषों को कष्ट उठाना पड़ेगा। कृ. ५ गुरु-वायदा व्यापार की वस्तु तेज, चांदी, गुड़, खण्ड, घी, तेल सरसों आदि में मन्दा। गेहूँ, मजीठ, लाल वस्तु तेज होगी। कृ. ६ शुक्र-रुई, तेल, तिल, ईख आदि पदार्थ तेज होगें। कृ. ८ सोम-सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड में घटबढ़ होगी। कृ. १० बुध-सोना, चांदी, मूंगा, जवाहरात, गेहूँ, जौ, चना आदि तेज, रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, तेल सरसों, रुई, कपास में मन्दी रहेगी। कृ. १२ शुक्र-घी, गुड़, सोना, चांदी, रुई, कपूर, अन्न, मोती, मानक आदि में मन्दा। कृ. १४ रवि-सभी प्रकार का अन्न तेज रहेगा। कृ. ३० सोमवती अमावस-रुई, सूत, कपास, चांदी में मन्दा रहेगा।

शुक्ल पक्ष—शुदी १ मंगल-रुई में मन्दा, अन्नादि बहुत से पदार्थों मे तेजी बनेगी। ज्वरादि से प्रजा को कष्ट होगा। शु. २ बुध-रुई में ८ दिन तेजी बनी रहेगी, शु.३ गुरु-प्रजा व देश के लिए सुभिक्षकारी है। शु. ४ शुक्र-रुई, अलसी में मंदा, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, धातु, हल्दी, मिर्च, चावल, जौ, चना, मोठ, हलके अनाज, गुड़, घी तेज। हैजे आदि से प्रजा को कष्ट का समाना करना होगा। शु. ६ रवि-अन्न, रुई, सूत, कपास, चावल, घी तेज रहेगा। शु. ८ मंगल-रुई, सूत, कपास तेज, चांदी मन्दी, वर्षा अभाव ज्वरादि से प्रजा परेशान रहेगी। शु. ९ बुध-सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि तेज, रुई के बाजार घटबढ़ कर तेज होंगे। शु. ११ गुरु-बहुत सी मार्किटों में घटबढ़ रहेगी। तिल, तेल, सूत, कपास, रुई, गेहूँ, जौ, चना, मटर आदि धान्य पदार्थ तेज होंगे। शु. १२ शुक्र-रुई ३ दिन मन्दी रहकर तेज हो, अफीम तेज, संसार में युद्ध का वातावरण बनेगा। शु. १३ शनि-बाजारों में बहुत-सी वस्तुओं में घट बढ़ देखने को मिलेगी। शु. १५ सोम-रुई, शेयर, सोना मन्दा; अन्न, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रस पदार्थ, चारा, घास, श्वेत वस्तु, पाट, बारदाना, तिलहन पदार्थ तेज होंगे। स्त्री जाति को विशेष पीड़ा उठानी पड़ेगी।

विशेष योगः-

तेरस काली बैसाख की जब आवें मंगलवार।
तभी खाण्ड पान सैंधा नमक चंदन तेज विचार॥
आवै तीज बैशाख की गुरुदिन रोहिणी सार।
अन्न वस्तु सस्ता बिकै खेती फलै अपार॥
मेष राशि में सूर्य का जब होता है वास।
खाण्ड तिल तेल तेज हो रुई सूत कपास॥
शुक्रवार के दिन कभी सूर्य संक्रमण होय।
हाथी घोड़ा ऊंट मूंज में महंगापन होय॥

अथ ज्येष्ठ मास फल विचार

इस मास में पाँच मंगल पांच बुध हैं। वृष संक्रांति ३० मु. सोमवारी, चन्द्र दर्शन गुरु का, मावस व पूर्णिमा बुधवार की है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध को गुरु अस्त हुआ है। कृष्ण पक्ष में तिथि वृद्धि और शुक्ला में तिथि क्षय हुई है। अत: कृष्ण पक्ष में चांदी मन्दी, शु. ६ सोम—गुड़ गेहूँ अलसी तेज करेगी। शु. ८ गुरुवारी-अन्न में घटबढ़, सुदी ११ शुक्रवारी रुई के भावों को घटाएगी। मास में ५ मंगल बुध मिश्रित फल देगें। किसी मुखिया का अभाव हो सकता है। सभी रसायन पदार्थ तेज, कपास, तिल, तेल, पशु धन पीड़ित व महिंगा हो; वायु के साथ वर्षा, यात्रियों के साथ दुर्घटना बढ़ेगी। रोहिणी का शनि लोगों को पीड़ा देगा। गुरु अस्त दुर्भिक्ष कारक, गर्मी जोरदार पड़ेगी, कहीं-कहीं हैजे जैसी बिमारी फैलेगी। रसकस घी माल किराना महंगा रहेगा।

कृष्ण पक्ष—यह पक्ष १६ दिन का है अत: इस पक्ष में चांदी तेज होगी। कृ.१मंगल—रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सरसों, चावल, सोना, चांदी, गुड़, खण्ड में तेजी बनेगी। सण पाट बारदाना ऊनी व रेशमी वस्त्रों में मन्दा बनेगा। कृ. ४ शु[illegible]-रुई, सोना, चांदी, अलसी, अरण्डी, गेहूँ, जौ, चना, चावल, सरसों, रसकस, घी व माल किराना में तेजी अच्छी आयेगी। तांत्रिक, अग्निहोत्री, कुम्हार, नाई, ज्योतिषियों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। पैदावार कम, जनहानि के प्रबल योग हैं। कृ. ५ शनि-रुई, कपास, चंदन, जवाहरात, चावल, चांदी, गुड़, खण्ड, शक्कर में मन्दा बनेगा। कृ. ६ रवि-घी व धान्य पदार्थ तेज होंगे। कृ. ७ सोम-यहाँ आगे २-३ दिनों में बहुत सी वस्तु मन्दी रहकर तेज होगी। कृ. ८ बुध-गेहूँ, तिल, उड़द में मन्दी; चांदी में घटाबढ़ी होकर मन्दा; रुई तेज, धान्य उत्पादन उत्तम रहेगा। कृ. ९ गुरु-चांदी, चावल, घी में मन्दा; रुई व धान्य पदार्थ तेज होंगे। कृ. १३ सोम-रुई, सूत, कपास सभी प्रकार के कपड़े तेज होंगे। सोना, चांदी, जस्ता, पितल, तांबा आदि धातु तेज होगी। हाथियों का नाश होगा। कृ. १४ मंगल-१५ दिन पीछे सोना-चांदी में मन्दा; सरसों के भावों में घटबढ़ हो; तेज आंधियाँ चलें, गर्मी पड़े। कृ. ३० बुध-अन्न में मन्दा करेगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १गुरु-आगे १५ दिनों में रुई, सूत, कपास, रेशम, ऊन, घी, तेल, अन्नादि में तेजी चलेगी। चांदी घटबढ़ होकर तेज हो, देश के पूर्व भाग में उत्पात व झगड़े हों, प्रजा को कष्ट हो। शु. ३ शुक्र-रुई, तेल, तिल, अरण्डी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, ज्वार, बाजरा, ऊन, धान्य पदार्थ, सुपारी, मिर्च, हींग, खजूर आदि में तेजी। सेठ साहुकार, योगी, कृषक, जलचर और गो-पालकों को कष्ट का सामना करना होगा। शु. ६ सोम-गुड़, गेहूँ, अलसी आदि पदार्थों में तेजी बनेगी। शु. ८ बुध-चांदी अच्छी तेज, रुई, चांदी, गेहूँ तेज, जौ, चना, घी, गुड़,

शक्कर, खाण्ड, पाट, बारदाना में घटबढ़ होकर तेजी हो। ऊनी वस्त्र, तिलहन पदार्थों में मन्दा बनेगा। शु. १० शुक्र-चांदी, चावल, घी में मन्दा; धान्य पदार्थ तेज होंगे। शु. १३ सोम-घी, गुड़, खण्ड, शक्कर, कपूर, तिल तेल, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली तेज; धान्य पदार्थ मन्दे, रुई तेज होकर मन्दी, चांदी शेयरों में घटबढ़ कर तेजी बनेगी। प्रजा को कष्ट से देश के किन्हीं हिस्सों में विग्रह फैले, चोरी उपद्रव आदि की घटनाओं में एकाएक वृद्धि हो। शु. १५ बुध-अलसी में अच्छी तेजी बनेगी।

विशेष योग

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा जब होंवे मंगलवार।
व्याधि प्रबल लख जगत में दुःख भोगे संसार॥
कृष्ण पक्ष तिथि बढ़े शुक्ला में घट जाय।
सभी वस्तु तेज रहे सस्ता पन हट जाय॥
धनु राशि पर भौम का जब हो उसमें वक्र।
वक्री होने पर किराने में चलता तेजी का चक्र॥
श्रवण धनिष्ठा जेठ बदी साते-आठें विशेष।
अन्न वर्षे वर्षा अधिक वर्षे वर्षा नाश॥
वृष राशि के रवि करै सुख सम्पदा सुकाल।
दूध दही घी में रहे मंहगाई की चाल॥

अथ आषाढ़ मास फल विचार

आषाढ़ मास में पाँच वृहस्पतिवार हैं। सं. मिथुन ३० मु., अमावस पूर्णिमा गुरुवार की हैं। चन्द्रदर्शन शुक्रवार का है। शुक्ल पक्ष में तिथि का ह्रास हुआ है। पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण है। बुध पश्चिम में अस्त पूर्व में उदय; शनि गुरु भी उदय हुए हैं। मास में पांच वृहस्पति शुभ फलकारक है। धान्यादि भाव सम रहेंगे। बुध का पश्चिम में अस्त राजनेताओं में क्लेश उत्पन्न करेगा। किरात यवन राष्ट्र पीड़ित होंगे। शनि उदय घास-लकड़ी में तेजी करेगा। घोड़ों में रोग होंगे। रस पदार्थ तेज होंगे। वृहस्पति का उदय वेश्या को पीड़ाकारक है। कृ. १४ को रोहिणी नक्षत्र का होना देश की प्रजा के लिए शुभ नहीं। अमावस गुरुवारी रुई में मन्दी लाएगी। शु. ६ सोम-गेहूँ, गुड़, अलसी तेज करेगी। शु. १० शनि-रुई में तेजी, पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण; अन्न, बिनौला, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, रसकस, कुमकुम तेज, श्रीफल, सफेद वस्तु और अन्न से आगे लाभ मिलेगा।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ गुरु-उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, सोना, चांदी, तेल, रुई में घटबढ़ और शेयरों में मन्दी बनेगी। देश में आंधियों का जोर बने, पशुओं में रोग वृद्धि, प्रजा में आपसी झगड़ों में वृद्धि होगी। प्रजा बिमार रहे। कृ० ३ शनि-रुई तेज, चांदी घट बढ़कर तेज और सभी प्रकार की धातु तेज होगी। उल्कापात गिरे। कृ० ६ मगंल-लोहा, शीशा, जस्ता, रंग, सभी काली वस्तु, घास, लकड़ी, रस पदार्थ तेज होंगे। अन्न तेज होकर मन्दा, शेयर और तिलहन मार्किट मन्दी होगी। कृ० ७ बुध-सरसों, अलसी, उड़द, घी, तेल तिल, सोना, चांदी में मन्दा, रुई तेज रहेगी। अधर्मियों को विशेष दुख भोगना होगा। कृ० ८ गुरु-चांदी, घी, तेल, कपास, तिल, हर प्रकार का अन्न तेज होगा पर रुई में मन्दा बनेगा। कृ० १० शनि-रुई में विशेष मन्दी, सोना, चाँदी, वस्त्र, सूत, तेज; घी, तेल में आगे पाँच मास विशेष लाभ मिलेगा। कृ० १२ सोम-सोना, चाँदी में विशेष उतार चढ़ाव होगा। कृ. ३० गुरु-रुई, सूत, कपास में १० दिन मन्दा रहेगा पर अलसी, अरण्डी, रसकस, सरसों, खाण्ड, चावल, मणि, मोती, कपूर तेज बिकेगा, वकीलों को कष्ट होगा।

शुक्ल पक्ष—शु० १ शुक्र-चावल, चना, उड़द, अनाज, तिल, सोना आदि तेज। प्रजा को सुख पर कहीं-कहीं देश में अग्निकाण्ड। शु० ४ सोम-चाँदी, अरण्डी, बिनौला, अलसी, गेहूं जौ, चना, तिल, तेल, लाल मिर्च, पाट, बारदाना, हैसिय : तेल, सोना, रुई में मन्दा बनेगा। शु० ६ मंगल-जौ, चावल, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात सोना, चाँदी, रुई, सूत, कपास, हींग, तेलादि में मन्दा बनेगा। शु० ८-गुरु-गेहूँ, जौ, चना, नारियल, सोना, चाँदी, रुई, सूत, कपास, सुपारी, तांबा, लोहा, घी, तेल आदि तेज। अलसी अरण्डी, गुड़, बिनौला, मूंगफली आदि में अच्छा उतार चढ़ाव बनेगा। देश की प्रजा विशेष प्रकार से भयभीत बनेगी। शु० ९ शुक्र-रुई मन्दी, धान्य में तेजी, सोना-चाँदी में घटा-बढ़ी होकर तेज, प्रजा में विग्रह। शु० १० शनि-रुई, सूत, कपास, आदि में अच्छी तेजी बनेगी। शु० १५ गुरु-बहुत सी वस्तुओं के भावों में उल्टफेर हो। अनाज, बिनौला, घी, तेल, गुड़, खण्ड, रसकस, घी, तेल, कुमकुम, रंग, सोना, चांदी, अरण्डी, सरसों, माल किराना, उड़द, हरड़, ज्वार, मूंग, मोठ, बाजरा, तिल, रुई, सूत, कपास में तेजी बनेगी और सेवक सेविकाओं को कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

विशेष योग

साढ़ बदी चौदस दिन होय रोहिणी योग।
करफ्यू अरु कंट्रोल से दुःख पावें सब लोग॥
आर्द्रा ज्येष्ठा साथ में रवि मंगल महाराज।
एक मास महंगा पुनः मन्दा हो अनाज॥
शुक्ल पक्ष आषाढ़ सर पश्चिम धनुष दिखाय।
पश्चिम की वायू चले जल वर्षे झड़लाय॥
किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥
ग्रहण हो आषाढ़ में प्रकट होय है रोग।
वृष्टि होवे बहुत ही याको योही संयोग॥

अथ श्रावण मास फल विचार

श्रावण मास में पांच शुक्र पांच शनि हैं। अमावस पूनों शनिवार की, सं. कर्क ३० मु. सोम की, चन्द्रदर्शन रविवार का है। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है और शुक्ल पक्ष में तिथि का ह्रास होकर वृद्धि होगी। सूर्य, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मंगल मार्गी बुध अस्त पूर्व में हुआ है। अतः मास में पांच शुक्र एवं पांच शनि मध्यम फल कर्त्ता हैं। गेहूं, चावल, चना, मूंग, उड़द, घी, सुपारी, सोना, चांदी, हाथी, घोड़ा और मोटर गाड़ी के भावों में वृद्धि होगी। गुड़, शक्कर, चीनी के भावों में मन्दी, गुड़, तिल, उड़द, कपास, सूत मासान्त में मन्दे, रसायन पदार्थ तेज होंगे। शु. १ शनि-रुई मन्दी, अन्न तेज करेगी। शु. १० रवि-रुई घी के भावों को बढ़ायेगी। कौशल व कलिंग प्रदेश की प्रजा को कष्ट होगा। मास में उत्तम वर्षा योग बना है।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ बुध-१५ दिन में रुई, सोना, चांदी में मन्दा। सरसों में घटबढ़ रहे, तेज वायू चलेगी। कृ. ३ रवि-सोना, चांदी प्रत्येक धातु, अलसी, अरण्डी, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सरसों, सुपारी, नारियल, दाख और अन्न में मन्दा बनेगा। देश में युद्ध उपद्रव की सम्भावना प्रबल बनी है। कृ. ५ बुध-सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत सन, बिनौला में मन्दा बनेगा। कृ. ७ शनि-सोना, चांदी, रुई, गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, तेल, मूंग, मोंठ आदि में मन्दा, धान्य भाव तेज रहेगा। तेज वायु के साथ वर्षा उत्तम रहेगी। कृ. १० रवि-चांदी व सभी प्रकार का अन्न तेज होगा। रुई मन्दी, नमक आदि सभी खारे पदार्थ, सोना, चांदी, चावल आदि अनेक वस्तुओं में घटबढ़ होगी। प्रजा को दुर्भिक्ष का सामना करना पड़ेगा। कृ. १२ बुध-कपास, सूत, चना आदि तेज। कृ. १३ गुरु-पशुओं में बिमारी फैले, समुद्री तटवर्ती क्षेत्रों में प्रजा परेशान होगी। साधु संन्यासी, नाविकों को दुख भोगना होगा। मोठ, नारियल, सुपारी, खाण्ड, गुड़, मद्य, सरसों, तिल, चावल, शक्कर, सभी धान, सोना, चाँदी तेज; रुई में मंदी की अच्छी लाईन बनेगी। कृ. ३० शुक्र-रुई में काफी घटबढ़ और चांदी में तेजी की लाइन बनेगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १ शनि-रुई तथा सभी प्रकार के अनाजों में घटबढ़ हो। गुड़, शक्कर, खाण्ड के भावों में तेजी; प्रजा में सुख फैलेगा। शु. २ रवि-अन्न भाव तेज; रुई व चांदी में घटबढ़ से मन्दा, १५ दिनों में घी, खाण्ड, गुड़, तिल तेल, अलसी, सरसों में तेजी बनेगी। शु. ५ बुध-गेहूँ, चावल, अलसी, अन्न, तेल, रुई में घटबढ़; सोना घटबढ़ कर तेज होगा। देश के किन्हीं हिस्सों में एकाएक चोरियों की वारदातों में वृद्धि और साथ में जनहानि हो सकती है। शु. ८ शुक्र-रुई, सूत, कपास, कपड़ा आदि में अधिक मंदा; गेहूँ, जौ, चना, धान्य, पदार्थ तेज; गुवार, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल तेल, सरसों में मन्दी और पदार्थों में अच्छी उठा-पटक बनेगी। शु. १० रवि-रुई, सूत, कपास, घी में तेजी; राजा प्रजा दोनों भयभीत रहेंगे। शु. १३ गुरु-सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूँ, चावल, गुड़, शक्कर, घी, तेल सरसों, तिल, चना, उड़द आदि के भाव तेज होंगे। देश के पूर्व ईशान के भू-भाग पर प्रजा में भारी उपद्रव होगा। शु. १५ शनि-बिनौला, चावल, गुड़, शक्कर, घी, तेल, मिर्च, उड़द, चना, मजीठ, अलसी, अरण्डी, रसकस, शेयर बाजार, तेज पर रुई में अच्छी घट बढ़ होगी।

विशेष योग

श्रावण कारी अष्टमी बरसे कुछ मेह।
सुन्दर संवत् होयगा करो न कुछ संदेह॥
श्रावण कारी दसमी यदि वर्षा हो जाय।
चार मास वर्षा घनी मन्दा धान्य बिकाय॥
श्रावण मावस को बना पुनर्वसु नखत संयोग।
एक मास दुख सहे राजा प्रजा लोक॥
सोमवार के दिन कभी हो सूर्य संक्रांति।
मूंगा मोती धान्य सब सस्ता सुख अरु शान्ति॥

अथ भाद्रपद मास फल विचारः-

भाद्रपद मास में पाँच रवि हैं। अमावस पूर्णमा रवि की, चन्द्रदर्शन सोम का, सं. सिंह ४५ मु. शुक्रवार की है। शुक्लपक्ष में तिथि ह्रास हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध उदय पश्चिम में और अगस्त मुनि उदय हुआ है। अतः मास में पाँच रवि प्रजा के लिए शुभ नहीं, चोरियां अधिक होंगी। पू.फा. का बुध पड़ोसी राष्ट्र से मनमुटाव कराएगा या कोई उपद्रव भी सीमा पर हो सकता है। धान्य भाव मन्दे। उ.फा. का बुध प्राणियों की धातु क्षीण करेगा। मास में पीले पदार्थ तेज होंगे। चौपाए की वृद्धि होगी। मूल का मंगल क्षत्रियों को पीड़ा देगा। देश में कहीं अधिक वृष्टि से जनहानी संभव है।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ रवि-तिल, तेल, सरसों, मूंगफली में तेजी, सोना, चांदी, कपास में मन्दी बनेगी। कृ. ३ मंगल-सोना, रुई, सूत, कपास, बिनौला में मन्दा। कृ. ६ शुक्र-धान्य पदार्थ तेज, सोना, चांदी, रुई में मन्दा। कृ. ७ शनि-रुई, सूत, कपास, कपड़ा, सोना, चांदी, देवदारु, खट्टे पदार्थ तेज; खाण्ड, शक्कर, कपूर, रस पदार्थों में मन्दा बनेगा। कृ. ८ शनि-चांदी, रुई, गेहूँ, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली आदि तेज होंगे। कृ. ९ सोम-रुई, सूत,

कपास, सोना, चांदी में मन्दा; अन्न, बिनौला में तेजी; प्रजा भयभीत रहेगी। कृ. १२ गुरु-रुई, सूत, कपास, चांदी, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, रत्न व चांदी के भाव तेज होंगे। कृ. १३ शुक्र-सोना चांदी में घटबढ़, रुई में तेजी शुरू हो। कृ. १४ शनि-अन्न, गुड़, खाण्ड आदि में मन्दा और कुछ देशों में युद्ध की भावना बने। कृ. ३० रवि-सरसों, बिनौला, अरण्डी, तेल, घी, रस पदार्थ, धान्य पदार्थ, चावल आदि तेज; रुई शेयर मन्दा, चांदी घटबढ़ हो।

शुक्ल पक्ष—शु. १ सोम-कपास, घी, तेल, गुड़, मूँग, मोठ, चना आदि तेज। १५ दिन में रुई तेज; अन्न, सोना, चांदी में मन्दा। शु. ३ मंगल-तेल, घी, शक्कर, खाण्ड, गुड़, रस पदार्थ, अलसी में तेजी, रुई मन्दी होकर तेजी बने। शेयर बाजार तेज होंगे। रुई, चांदी में मन्दा बनेगा। शुदी ६ शुक्र-गुड़, शक्कर, कपूर, सुगन्धित पदार्थ, पारा, हींग, लाल वस्तु मन्दी; रुई, सूत, सण, रेशम, ऊन, धान्य पदार्थ में तेजी। शु.७ शनि-उड़द, मूंग, मोंठ, अरहर, मसूर आदि में साधारण तेजी; चांदी मंदी; रुई घटबढ़ से मन्दी हो। शु. ८ रवि-बिनौला रस पदार्थ, मूलादि पदार्थ, घी, तृण, सोना, चांदी, सण, चौपाए पशु, लकड़ी, घास, कपड़ा, रुई तेज पर घी, कपास में मंदी से तेजी बने। शु. १० मंगल-रुई, चांदी मंदी; गेहूँ, जौ, चना, सोना, गुड़, खण्ड, शक्कर, हल्दी के भाव बढ़ेंगे; तेज वायु के साथ वर्षा होगी। शु. ११ बुध-समय अशुभ है। बालकों व शूद्र जाति पर आक्रमणों से प्रजा में झगड़ा हो। शु. १२ गुरु-आगे १४ दिन में रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, गेहूँ, घी, सरसों, ऊनी वस्त्र, अफीम तेज; एक मास तक चांदी में घटबढ़ रहे। शु. १५ रवि-आगे १० दिनों तक रुई में घटबढ़; अलसी मन्दी; अन्न-सरसों तेज हों।

विशेष योग

भादव कृष्णा दूज को सोम शुभ वार।
पशुओं में वृद्धि घनी उत्तम पैदावार॥
मावस से अधिक नखत सस्ता करै अनाज।
हीन नखत मावस धनी तब तेजी का राज॥
भादों में रवि युक्त जब-जब मावस होय।
निश्चय से तृण मँहगा रहे चौपाये खोय॥
ढ.फा. भादव तीज में मंगल वार विचार।
बादल दल बल से चढ़े पड़े नहीं जल धार॥
ईख शक्कर मिष्ठ रस गुड़ हल्दी तिल तेल।
सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल॥

अथ प्रथम आश्विन मास फल विचारः-

मास में पांच सोम पांच मंगलवार हैं। अमावस सोम की। चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा मंगलवार की। सं. कन्या ३० मु. रविवार की है। सूर्य शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। दोनों पक्षों में तिथि बढ़कर घटी है। बुध शनि वक्री हुए हैं। अतः मास में पांच सोम शुभ पर पांच मंगल नेष्ट फल कारक होंगे। प्रजा को सुख तथा धान्य उत्पति उत्तम रहेगी। हस्त का बुध तेल, घृत आदि रसायन पदार्थों में वृद्धि करे तथा शिल्पी एवं विप्र वर्गों को पीड़ा होगी। अश्लेषा का शुक्र सर्पदंश करेगा। शाबर पुलिंद जन प्रभावित होंगे। शाली तेल के भावों में वृद्धि, कहीं-२ प्राकृतिक विपदा से प्रजा को कष्ट, राजनीतिक द्वेष बढ़ेगा। कृ. ६ व १० गुरुवारी घी तेज, रुई मन्दी करेगी। कृ. १४ अन्न में तेजी करेगी। शु. ९ मंगल व ११ शुक्रवारी-रुई, सुत, कपास मन्दा। शाली उड़द में तेजी करेगी।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ सोम-सुभिक्ष कारक। धान्य पैदावार उत्तम, सभी अन्न में मन्दा। कृ. २ मंगल-रुई, मन्दी, अन्न में कुछ तेजी। चावल, मोठ, चना, चारा, धान्यों में मन्दा, सर्पदंश से प्रजा को कष्ट, कई स्थानों पर वर्षा की कमी रहे। कृ. ३ गुरु-सोना, चांदी, रुई, मन्दी। धान्य पदार्थ तेज। कृ. ५ शनि-चांदी, रुई, गेहूँ, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली तेज। कृ. ८ मंगल-कपास, सूत, गेहूँ, चना, आदि तेज हो। कृ. १० गुरु-घी, रुई में विशेष तेजी बने। चांदी, रुई, सुत, कपास, धान्य पदार्थ, सोना, लोहा, तिल तेल, सरसों, घी, उड़द, चावल, नारियल, सुपारी, मूंज, बाँस, नील आदि तेज। पशुओं में बिमारी फैले। विद्वान, नर्तकी एवं शिल्पियों को कष्ट सहना पड़ेगा। कृष्ण १३ शनि-खाण्ड, पान, सेंधा नमक, सोना, चांदी और अन्न तेज हो। कृ. १४ रवि-रुई, अन्न तेज। चांदी मन्दी; श्रीफल, तिल तेल, मजीठ आदि महंगे रहेंगे। अन्न, सोना, चांदी, रस पदार्थ, तेल पदार्थों में घटबढ़ होगी, वर्षा हो। कृ. ३० सोम-रुई, सुत, कपास, चांदी व सफेद वस्तु में मन्दी बनेगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १ मंगल-राजाओं में परस्पर द्वेष बढ़े; रुई, सूत, अलसी, गेहूँ, अनाज, सफेद वस्तु तेज; अन्न के संग्रह से ३ मास बाद विशेष लाभ मिले। शु. ४ गुरु-गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, रुई आदि में तेजी बने; चांदी, अलसी, सरसों, बिनौला, मूंगफली आदि में मन्दी बने; प्रजा ज्वर आदि से परेशान रहे। तेज हवा के साथ वर्षा योग बना है। शु. ५ शुक्र-सोना, चांदी, चावल, मूंगफली, उड़द आदि तेज; धान्य पदार्थों में मन्दा बने। शु. ७ रवि-सोना, चांदी, रुई, तेल सरसों, सूती कपड़ा, सण में मन्दी आएगी। शु. १० बुध-१५ दिन में गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, सूत, जूट, हल्दी, घास, लकड़ी, हींग, धनिया, नमक, रुई तेज रहेगी। शु. १० गुरु-रुई घटबढ़ से मन्दी; सोना, चांदी में मन्दा; शेयर, शीशा, कलई, गेहूँ, ज्वार, चावल, घी, तेल अलसी, तम्बाकू तेज; देश में युद्ध का वातावरण बने, दुर्भिक्ष फैले, प्रजा को बिमारी से पीड़ा सहनी होगी। शु. १२ शनि-रुई, सूत, कपास में मन्दा; अन्नादि तेज, वर्षा अभाव रहेगा। शु. १५ मंगल-रुई तेज होकर मन्दी, शेयर, घी, खाण्ड, गुड़, शक्कर, कपूर, तिल तेल, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली तेज; अन्न मन्दा, चांदी में घटबढ़, व्यापारियों में घबराहट होगी।

विशेष योग

भूकंपे नृपति दुःखी वस्तु तेज अपार।
वक्री शनि यों चालसी पृथ्वी पे बहु भार॥
नवमी मंगल वार जो शुक्ल आश्विन मास।
मूंग मोठ चौला उड़द संग्रह करो कपास॥
दो आश्विन जा वर्ष भय दुनिया में होत।
रात्रि दिवस जागत रहो चोरी होसी बहुत॥
आश्विन तेरस शनि दिन सूर नखत पे सूर।
अन्नहीन भूमि रहे मन्दी समझो दूर॥
सोमवती मावस पड़े कभी जु आश्विन मास।
अन्न खाण्ड गुड़ तेल में तेजी का आभास॥

अथ द्वितीय आश्विन मास फल विचारः

मास में पाँच बुध पाँच गुरुवार हैं। भौमवती अमावस, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा गुरुवारी है। सं. तुला ३० मु. बुध की है। कृष्ण पक्ष में तिथि हानि और शुक्ल पक्ष में तिथि की वृद्धि हुई है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुधास्त पश्चिम में वक्री बुधोदय पूर्व में व मार्गी और गुरु वक्री हुए हैं। पाँच बुध रसायन पदार्थों में तेजी, पाँच गुरु धान्य पदार्थों में मन्दी। बुधास्त व्यापार में तेजी करेगा। पंजाब की प्रजा, चित्रकार पीड़ित होंगे। मास में धान्य उत्पत्ति उत्तम होगी। कृ. एकम-चांदी मन्दी, ५ रवि-घी तेज, भौमवती मावस रुई, चावल मन्दा, अन्न तेज, शुक्ल पक्ष में तीन बुध घी तेल में विशेष तेजी, चांदी मन्दी करेगा। ६ सोम-गेहूँ, अलसी तेज, ८ बुधवारी-पूरे पक्ष अन्न में घटबढ़ करेगा।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ बुध-इस पक्ष में चांदी मंदी रहेगी। कृ. ४ शनि-चांदी, रुई, गेहूँ, चना, अलसी, उड़द, तिल, मूंगफली तेज। कृ. ५ रवि-शेयर, पाट, हैसियन मन्दे, गेहूँ आदि अनाज, बहुत सी व्यापारिक वस्तु तेज, सोना, चांदी, रुई में घटबढ़ और फसलों में नुकसान होगा। कृ. ८ बुध-सभी अनाज, चावल, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र, कपूर, केशर, लाख, चपड़ा, अरहर, तिल, नारियल, रुई, सूत, कपास, सोना में तेजी; चांदी, मोती आदि रत्नों में तेजी; फसलों को नुकसान; ज्वर आदि से प्रजा दुःखी और पशु तेज होंगे। कृ. १० शुक्र-अन्न में मन्दा आगे वर्षा होगी। कृ. १२ रवि-सोना, चांदी, रुई, राई, सरसों, जीरा, धनिया, माल किराना तेज रहेगा। कृ. ३० भौम-सभी प्रकार का अन्न तेज; रुई, सूत, कपास में मन्दी बनेगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १ बुध-सुभिक्षकारक, धान्य पैदावार उत्तम रहे। गेहूँ, जौ, चना, चावल, सफेद वस्तुओं में मन्दी बने; तिल तेल, कोयला, लकड़ी, जूट, सण, लाल मिर्च, हल्दी, केसर, ऊनी, रेशमी, वस्त्र तेज होंगे। शु. २ गुरु-रुई, सोना, चांदी, घी, तेल, ऊनी वस्त्र, रसादि पदार्थ, गुड़, खाण्ड, तांबा, घी, तेल तेज; धान्य पदार्थ मन्दे होंगे। शु. ४ शनि-रुई, सूत, कपास में घटबढ़ से तेज; सोना, अनाज मन्दा; अलसी, बिनौला, अरण्डी, लाल मिर्च, पाट, हैसियन, चांदी तेज; वर्षा उत्तम, पैदावार अच्छी। शु. ६ सोम-गेहूँ, अलसी, गुड़ आदि में तेज बनेगी। शु. ७ मंगल-रुई, चांदी घटबढ़ कर तेज, शेयर घटबढ़ कर मन्दा; सभी अनाज, तेलबाना में मन्दी; माल किराना में तेजी बनेगी। शु. ८ बुध-पक्षभर अन्न में काफी उतार चढ़ाव होंगे। शु. १० शुक्र-तिल, तेल, सरसों, मूंगफली तेज; सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास में मन्दी बनेगी। शु. १२ सोम-सोना, चांदी, धातु व धान्य भावों में समता रहेगी। शु. १४ बुध-सोना, चांदी, रुई में मन्दा; धान्य भाव तेज होंगे। शु. १५ गुरु-रुई आदि वस्तुओं के खरीदने से आगे लाभ मिले। गेहूँ, जौ, चना, चावल, अलसी, घी में मन्दा; धातु व ऊनी वस्त्र तेज होंगे।

विशेष योग

आश्विन कृष्णा पंचमी जब होवे रविवार।
माघ की मावस को अवश्य घी तेज विचार॥
आश्विन शुक्ला अष्टमी जब आवे बुधवार।
घी का संग्रह कीजिये कार्तिक लाभ विचार॥
आश्विन शुक्ला एकादशी शनिवार इक ठौर।
छत्र भंग हो उपद्रव करै शत्रु और चौर॥
आश्विन मास में बना पूनम भरणी संयोग।
ज्वार गुवार मकई मटर मंहगी हो रोग॥
विजय दशमी आसोज की बादल वर्षा देख।
मूंग उड़द तिल तेल में तेजी रहे विशेष॥

अथ कार्तिक मास फल विचार

मास में पाँच शुक्रवार हैं। चन्द्रदर्शन पूर्णिमा व सं. वृश्चिक ३० मु. शुक्रवार की, अमावस बृहस्पतिवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि का ह्रास हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध पूर्व में अस्त हुआ है। मास में पाँच शुक्र वस्त्रों में मन्दी; व्यापारी व

नाविक परेशान होंगे। कृ. ६-रुई मन्दी पर शु. एकम् चन्द्रदर्शन रुई तेज करेगा। शु. ५ मंगल-चांदी तेज। शु. ६ बुध-एक मास अन्न तेज। शु. १० रवि-रुई, घी तेज होगी। शुक्ल पक्ष में क्षत्रियों तथा राजनेताओं में मतभेद हो जिससे राजनीति प्रभावित हो, कहीं-कहीं दुर्भिक्ष पड़े, विशाखा का शुक्र वृष्टि कारक है। तृणादि का भाव मन्दा हो, सोना, चांदी, हाथी, घोड़ा, मोटर गाड़ी के मूल्यों में वृद्धि तथा गुड़, शक्कर, रस पदार्थ मन्दे रहेंगे।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ शुक्र-विशेष रूप से २० दिन गेहूँ तेज, अफीम, धातु, तिल, जौ में तेजी बनेगी। कृ. ३ रवि-गुड़, खाण्ड, सरसों, बिनौला, मूंगफली आदि मन्दा। प्रजा ज्वरादि रोगों से पीड़ित और हवा के साथ वर्षा हो। कृ. ५ मंगल-१५ दिनों में जौ, चावल, गेहूँ, मष, सरसों, मसूर, अरण्डी, धातु, तिल, अफीम, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत आदि में तेजी। चांदी में घटबढ़ रहे, देश के पूर्व दक्षिण भागों में उपद्रव हो। कृ. ७ गुरु-रुई-अन्न में मंदी, द्विजन पीड़ित हों। कई स्थानों पर वर्षा हो, रसकस पदार्थ तेज होंगे। चोरी आदि घटनाओं की वृद्धि से प्रजा परेशान होगी। कृ. ९ शुक्र-सोना, चांदी, रुई, चारा तेज रहेगा। कृ. ११ रवि-सोना, चांदी, रुई, राई, सरसों, मजीठ, जीरा, धनियाँ, माल, किराना तेज होगा। कृ. १२ सोम- रुई के भावों में घटबढ़ हो, सोना घटबढ़ कर तेज, गेहूँ, चावल, अलसी, अनाज में तेजी बनेगी। कृ. १३ मंगल-सोना, चांदी, कपास, सूत, सरसों, मूंगफली, घी, चावलों में कुछ मन्दा बनेगा। कृ. ३० गुरु-बाजरों में एक बार मन्दी का वातावरण बनेगा।

शुक्ल पक्ष—शु. १ शुक्र-रुई, सोना, चना, उड़द, अनाज, तिल, तांबा, गर्म कपड़े, कपास, सूत, तेल, लाल पदार्थ, ज्वार, बाजरा, मक्का आदि तेज, कहीं-२ दुर्भिक्ष का वातावरण बने। शु. ४ शनि-सोना, चांदी में मन्दा बने, सभी प्रकार के धान्य पदार्थों में घटबढ़ हो। व्यापार की चाल आड़ी तिरछी हो, व्यापारी परेशान रहें। शु. ५ मंगल-८ दिन चांदी तेज रहे। शु. ६ बुध-आगे २० दिन गेहूँ, राई, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, तांबा, पीतल, जस्ता, लोहा आदि तेज। गुड़, खाण्ड, घी, सूत में मन्दा बनेगा। शु. ७ गुरु-रुई, चांदी तेज। सोना, अफीम, घी, तेल, अनाज, सरसों में मन्दा। कहीं-२ वर्षा होय। शु. ९ शनि-सुभिक्ष का वातावरण बने। धान्य भाव सम रहे। शु. १० रवि-घी, रुई के भाव तेज हों। शु. १२ मंगल-रुई, शेयर, अफीम में पहले मन्दी पीछे तेजी। अलसी चांदी में तेजी बने। शु. १४ गुरु-चांदी, रुई, गेहूँ, चना, अलसी, उड़द तिल, मूंगफली आदि तेज हो। शु. १५ शुक्र-रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, क्षार पदार्थ मन्दे। चांदी में घटबढ़ हो। अन्न शेयर चांदी व मीठे में तेजी बनेगी।

विशेष योग

दसमी कार्तिक बदी में शनि वार संयोग।
पूंगी फल घी तेज हो बढ़े प्रजा में रोग॥
मावस तुल चंद्रमा मंगल मकर विचार।
रोगों से नाशै प्रजा निष्फल हो व्यापार॥
श्रवण क्रूर ग्रह सहित अन्न गेहूँ क्यों भूला।
निश्चय अकरा करै श्रवण भौम बैठा भुला॥
धनिष्ठा ऊपर आवसी भौम ग्रह सुन लेत।
वाहिं मास के फल कहूँ जल विनाश कर लेत॥

अथ मार्ग शीर्ष फल विचारः-

मास में पाँच शनि पाँच रविवार हैं। अमावस शुक्र की, सं. धन ३० मु. शनिवार की, चन्द्रदर्शन व पूर्णिमा रविवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि ह्रास और शुक्ल पक्ष में वृद्धि हुई है। सूर्य. बुध, शक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शुक्रास्त पूर्व में, बुधास्त पश्चिम में हुआ है। मास में पाँच शनि पाँच रवि नेष्ट फल कारक हैं। अतः धान्यादि, ईख, शाली, घी, वस्त्र, कपास, सुपारी के भाव तेज पर कृष्ण पक्ष में धान्य मन्दा रहेगा। शुदि १० मंगल-रुई, घी में तेजी करेगी। मास में शुक्रास्त शुभ नहीं, प्रधान वैद्य डॉक्टर का अभाव, पशुओं में रोग वृद्धि, शिशु वर्ग पीड़ित, क्षत्रियों में उपद्रव। किसी प्रधान नेता का अभाव सहना होगा। अनावृष्टि भी संभव है।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ शनि— इस पक्ष में रुई मन्दी रहकर तेज हो। १५ दिनों में सोना, चांदी, चावल, अलसी, अरण्डी, गुग्गल, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चना, हींग आदि वस्तु तेज होगी। कृ. ३ सोम-धान्य, घी, गुड़, खाण्ड, चावल तेज। पशु विशेषकर घोड़ों में रोग वृद्धि हो। कृ. ६ गुरु-सोना, चांदी, चावल में घटबढ़ से तेजी चलेगी। कृ. ८ शनि-सोना, चांदी, रुई, चावल, सरसों, मजीठ, जीरा, धनिया माल किराना तेज होगा। कृ. ९ रवि-फसल को नुकसान होने का योग बना है। सोना, चांदी, रुई में मन्दी होकर तेज। धान्य पदार्थ मन्दे होंगे। कृ. १० सोम-सोना, चांदी, चावल आदि अन्न, तेल, तिल, सरसों में मन्दा बनेगा। कृ. १२ बुध-रुई, सूत, कपास, चांदी में मन्दा, राजाओं में आपसी विवाद बढ़े। हाथियों व शिशुओं को पीड़ा सहनी पड़े। कृष्ण ३० शुक्र-रुई मन्दी व चांदी तेज होगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १ शनि-रुई, सूत, कपास, चांदी, तिल तेल, सभी धातु तेज। सुगन्धित पदार्थ मन्दे। मालवा प्रान्त में प्रजा में उपद्रव हो। शु. २ रवि-रुई तेज, १५ दिन में घी, खाण्ड, गुड़, तिल तेल, अलसी, सरसों तेज। अन्न, रुई, सूत, कपास, कपड़ा सस्ता रहेगा। शु. ६ शुक्र-अन्नादि पदार्थों में घटाबढ़ी हो। रुई तेज होकर मन्दी, शेयर बजार तेज। यहाँ शुक्रास्त हुआ है। फल दो मास रहेगा। देश में युद्ध का वातावरण बने, स्त्री जाति पर कष्ट अधिक रहें। देश के पश्चिम भाग में उपद्रव झगड़े विग्रह हों। मिश्र देश में संकट बने। वायुयान या समुद्री दुघर्टना होगी। हिन्दु राष्ट्रों को कष्ट, उग्रवाद का सामना करना पड़े। राजयुद्ध, मरूस्थल व सिंध में दुर्भिक्ष हो। कई प्रदेशों में राज परिवर्तन होगा। शु. ७ शनि-बिनौले में तेजी, धान्य पदार्थ तेज, वर्षा, प्रजा में बिमारी फैले। शु. १२ गुरु-तिल, तेल, सुपारी, रुई, कपास, सूत, अलसी, अरण्डी, सरसों, मूंगफली, नारियल, चावल, रसकस, तेज होगा। वर्षा हो। शु. १३ शुक्र-शिशुओं को पीड़ा का सामना करना पड़ेगा। आगे १५ दिन में तिल तेल, गुड़, हल्दी, ऊनी वस्त्र, चांदी, गेहूँ, चावल, घी, चना, बिनौला, गुग्गल, कपूर आदि तेज होगा। शु. १५ रवि-१० दिन रुई में घटबढ़ हो, अलसी मन्दी, सरसों तेज होगी। नोट— इस पक्ष में चांदी मन्दी रहेगी।

विशेष योग

अगहन मास जब कभी कारी तिथि घट जाय।
शुक्ल पक्ष दिन बढ़े उत्तम समय दिखाय॥
मंगसिर लागत तीज को नखत आर्द्रा हो जाय।
राजा प्रजा सुखी रहे मन्दा धान्य बिकाय॥
मंगसिर में सक्रांति धनु आवे करे दुर्भिक्ष।
इसी मास शुक्र अस्त यह भी होवे भिक्ष॥
शनिवारी संक्रांति हो तिलहन तेज अनाज।
होय युद्ध भय रोग से जग में अमित अकाज॥

अथ पौष मास फल विचार

मास में पाँच सोमवार हैं। अमावस रवि को, सं. मकर ४५ मु. व पूर्णिमा सोम की और चन्द्रदर्शन मंगलवार का है, कृष्ण पक्ष में तिथि ह्रास और शुक्ल पक्ष में तिथि बढ़ कर घटी है। सूर्य मंगल शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बुध वक्री व पश्चिम में अस्त हुआ है। पाँच सोम धान्यादि भावों को सम रखेंगे। उ.षा. का बुध-रोगोत्पत्ति कारक है। बुधास्त मन्दी बनायेगा। कृ. १० मंगल-गुड़, रस पदार्थों में तेजी, रविवारी अमावस घी, तेज, रुई, चांदी मन्दी। शु. ७ भैसों में बिमारी पैदा करे, शु. ६-१०, रुई तेज करेगी। मास में रसकस, घी और किराना वस्तु, रुई, सूत, कपास, तिल में तेजी बनेगी। कहीं-कहीं बर्फ व ओले गिरने से एकाएक सर्दी बढ़ जायेगी।

कृष्ण पक्ष—कृ. २ मंगल-रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि के भाव तेज होंगे। उड़द, मूंग, मोंठ, तिल, तेल सरसों, नमक में मन्दा बनेगा। कृ. ६ शुक्र-रुई, चांदी, राई, सरसों, मजीठ, जीरा, धनियाँ आदि माल किराना तेज होगा। कृ. ८ रवि-गुड़, अलसी, चना, खाण्ड, शक्कर, चावल आदि मे तेजी, बर्फ गिरने से फसलों को नुकसान होगा। कृ. १० मंगल- सभी रस पदार्थ, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में तेजी बनेगी। कृ. १२ गुरु-चांदी में घटबढ़ से मन्दी होकर तेज हो, सोना, घास, चौपाए पशु, रुई, उड़द, मूंग, मोंठ, चावल, गुड़, खाण्ड, कपास, अलसी, चना, धातु तेज होगी। कृ. १३ शुक्र-रुई, सूत, कपास में घट बढ़ हो, अलसी अरण्डी रसकस में मन्दा। रोगोत्पति होने से प्रजा को कष्ट होगा। कृ. ३० रवि-घी बाजार तेज, रुई, सूत, कपास में मन्दा बनेगी।

शुक्ल पक्ष—शु. १ सोम-चना, जौ, कपास, अलसी, सरसों, घी, तेल, कोयला, पत्थर, अफीम, पोस्त तेज, चांदी तेज होकर मन्दी, रुई, बिनौले में मन्दा बनेगी। कृषि उत्पादन कम होगा। शु. २ मंगल-रुई मन्दी होकर और तेज, शेयर बाजार तेज होगा। २४ दिन में घी, गुड़, रस पदार्थ, तेल तिल, बिनौला, मूंगफली तेज, गेहूँ, चना आदि अन्न मन्दा रहेगा। शु. ६ शनि-आगे एक मास अन्न तेज रहेगा। कृ. ६ रवि-रुई शेयर पाट हैंसियन मन्दा, चांदी तेज, व्यापारियों को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। शु. ८ मंगल-रुई, तेल तिल आदि तेज, चांदी, सोना, गुड़, शक्कर, धान्य पदार्थों में मन्दा बनेगा। शु. १० गुरु-आगे १४ दिनों में गेहूँ, जौ, चना, चावल, चांदी, सुपारी, लोंग, शक्कर, रुई, रसकस तेज होगा। शु. ११ शुक्र-रुई, सूत, कपास में मन्दा बनेगा। कृ. १३ रवि-सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास तेज रहेगा।

विशेष योग

पौष मास जब कभी कारी तिथि घट जाय।
शुक्ल पक्ष में दिन बढ़े उत्तम समय बतलाये॥
पौष मावस को जब जब हो रविवार।
धान्य भाव मँहगा रहे भय उपजावन हार॥
रोहिणी युक्त एकादशी पौष शुक्ल की वार।
बरसे तो पावस भली घर-घर मंगला चार॥
मकर राशि के भानु में तेज बिके घी तेल।
धान्य भाव मन्दा रहे कुछ पीड़ा का खेल॥

अथ माघ मास फल विचारः

इस मास में पाँच मंगल पाँच बुधवार हैं। अमावस व सं. कुम्भ ३० मु. मंगल की, चन्द्रदर्शन गुरुवार का और पूर्णिमा बुधवार की है। कृष्ण पक्ष में तिथि घट कर बढ़ी है। सूर्य, मंगल, शुक्र, राहु, केतु ने राशि परिवर्तन किया है। बुधोदय पूर्व में हो, शुक्रोदय पश्चिम में हुआ

है। बुध शनि मार्गी हुए हैं। मास में पाँच मंगल पाँच बुध मिश्रित फल देंगे। बुध पूर्व में उदय रसायन में समर्थता बनाएगा। स्मग्लरों में राजनीति भय पैदा करेगा। चौपाए पशुओं को पीड़ा होगी। शतभिषा का शुक्र शराबियों के लिए पीड़ाकारी है। वृष का राहु घी, तेल, कुंकुम, केसर, सुगंधित पदार्थ, गुड़, कपास में तेजी करेगा। अगर मंदी बने तो स्टॉक करना लाभकारी है। मोंठ, हींग मन्दे, जुवारी लोग कष्ट पावें, ४ शनि नेष्ट फल कारक, लाल वस्तु, घी, तेल, नमक, रस, कपूर, चन्दन, तुष, धान्य, कहीं अग्नि काण्ड व झगड़े हों, शीत लहर चलेगी, शुक्रोदय छत्र भंग का योग बन रहा है। लोक भय क्षेत्रापति क्षय, किसी श्रेष्ठ पुरुष का अभाव सहना होगा, वर्षा होगी।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ मंगल-सोना, चांदी, चारा तेज हो। कृ. ३ गुरु-सोना, चांदी, रुई, सूत, सरसों, माल किराना तेज। कृ. ४ शुक्र-चावल, मूंग, मोंठ, उड़द तेज, गेहूँ में मन्दा बने। कृ. ५ शनि-चांदी अति तेज, सभी धान्य, गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, अलसी, अरण्डी, तिल तेल, सरसों, लाल मिर्च तेज होगी। कृ. ६ रवि-रुई अन्न घी आदि में तेजी बनेगी। कृ. १० बुध-१५ दिन में चांदी आदि धातु, मोती, लाल मणि, जवाहरात, गेहूँ, धान्य, रुई, अलसी आदि तेज होगी। कृ ११ गुरु-श्री फल में विशेष तेजी, रुई रेशमी वस्त्र, श्रीफल, सोना, चांदी, तिल, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, रसकस में मन्दा बनेगा। छत्र भंग लोकं भयं क्षेमा क्षयः भूपाल को कष्ट, गुजरात पर विपदा आवे। किसी श्रेष्ठ पुरुष का अभाव, देश में उत्पात, सिंध में प्रजा विग्रह करने को तैयार होगी। कृ. १२ शुक्रवार-रुई तेज या ६ दिन पीछे अति तेज होगी, चांदी शेयर मन्दे, आगे-२ मास में तिल, सरसों, मिर्च तेजी बनेगी। देश के दक्षिण में उत्पात व युद्ध का वातावरण बने। कृ १२ शनि-सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल, रुई, वस्त्रों बनेगी। कृ. ३० मंगल-घी, तेल, गल्ला, सोना, चांदी, जस्त, रांगा, पीतल, चावल, गेहूँ, जौ, चना आदि अन्न में तेजी बनेगी।

शुक्ल पक्ष—इस पक्ष में तेल पदार्थों में विशेष तेजी बनेगी। शु. १ बुध-गुड़, खाण्ड, शक्कर, सफेद वस्तु मन्दी, चना, रसकस तेज होगा। शु. २ गुरु-सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, बिनौला में मन्दी है। शु. ४ शनि-घी, तेल, कुंकुम, केसर, चना, सुगन्धित द्रव, रुई, सूत, कण्य, माल किराना, कस्तूरी तेज, यह तेजी एक साल तक रह सकती है। शु. ६ सोम-गेहूँ, गुड़, अलसी रहेगी। शु. ७ मंगल-१५ दिन में सूत, कपड़ा, गुड़, अरण्डी, सरसों, तिल तेल, हल्दी, माल किराना, सोना, चांदी, खाण्ड, जायफल तेज, फसलों को नुकसान होगा। शु. ९ गुरु-राजनेता क्रोधी हो, चांदी, धान्य मन्दा। ज्वार, बाजरा, चना, मूंग, मोठ तेज हो। शु. १० शुक्र-रुई, सूत; कपास, घी, तेल में तेजी बनेगी। शु. ११ शनि-चावल, मोती, शक्कर, कपूर, सुगन्धित द्रव्यों, सफेद पदार्थ मन्दे रहेंगे। १५ बुध- अलसी, तेलबाना, बाजरों में तेजी बनेगी।

विशेष योग

शुक्र उदय राज द्वार में राज में युद्ध मचावें।
छत्र भंग होय कतल कैयक हो जावें॥
काली एकादशी माघ की जब-जब शुक्र उगंत।
अन्न मंहगा वृष्टि घनी कलह प्रजा करन्त॥
श्वेत अष्टमी माघ की कृतिका ऋष संयुक्त।
फाल्गुन खेती गड़बड़े श्रावण अन धन भुक्त॥
माघ मावस जब कभी हो भौमवार।
शोक लोक में परस्पर राजाओं में तकरार॥
वक्री चाल चलते हुए शनी मार्गी हो जाय।
चालू रुख व्यापार का एकदम पल्टा खाय॥
पड़वा आठें पूर्णिमा जब बुधवारी आवे।
सभी वस्तु व्यापार की मंहगी बिक जावे॥

अथ फाल्गुन मास फल विचारः-

मास में पाँच वृहस्पतिवार हैं। अमावस पूर्णिमा सं. मीन ४५ मु. सभी गुरुवार की हैं। चन्द्रदर्शन शुक्रवार का है। सूर्य बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। बृहस्पति मार्गी, बुधास्त पूर्व में हुआ है। पाँच गुरु धान्यादि में समर्थता रखेंगे। उ.भा. शुक्र फल फूलों में तेजी बनाएगा। शूद्र जाति में बिमारी फैलेगी। पू.भा. का बुध अरोग्य कारक है। रेवती का शुक्र कोई बड़ी वाहन दुर्घटना करेगा। अश्विन शुक्र घुड़शालकों को पीड़ा देगा, तेज हवा चले, वैद्य, नाविक, व्यापारी प्रभावित होंगे। अश्विन का मंगल तुष, धान्य तेज, भरणी का मंगल विप्रों को कष्ट देगा। पीले वस्त्र तेज, गुरुवारी अमावस रुई में मन्दा। ५ मंगल-चांदी तेज ६ बुध अन्न तेज, १० रवि रुई तेज करेगी।

कृष्ण पक्ष—कृ. १ गुरु-सोना, चांदी, रुई, राई, मजीठ, जीरा, धनिया, माल, किराना तेज करें। कृ. २ शुक्र-रुई तीन चार दिन मन्दी रहकर तेज, चांदी, अलसी, सरसों, गेहूँ, चना तेज, तम्बाकू मन्दा होगा। कृ. ४ शनि-सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, सरसों, मूगफली, घी, चावल में मन्दा। कृ. ६ सोम-१४ दिन में सोना, चांदी, गेहूँ, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, तिल, गुड़, खाण्ड, चावल तेज। कृ. ७ मंगल-चावल, मोती, शक्कर, कपूर आदि सफेद वस्तु में मन्दा हो। कृ. ९ गुरु-सोना, चांदी, धातु, धान्य, पदार्थ के भाव सम, गुड़, खाण्ड, घी, तेलों में मन्दी बनेगी। कृ ११ शनि-सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल, रुई, सूत, वस्त्रादि के भाव तेज होंगे। कृ. १३ सोम-सभी प्रकार का अनाज, सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास तेज, द्विजनों को कष्ट का सामना करना होगा। कृ. १४ मंगल-वर्षा हो, सोना, चांदी में मन्दा, सेवकों को कष्ट उठाना पड़े। कृ. ३० गुरु- हर जाति का अन्न, तिल, रुई, कपास तेज, चांदी में मन्दा। इस संक्रांति पर माल लेकर अगली में बेचे। रुई दश दिन विशेष तेज हो।

शुक्ल पक्ष—१ शुक्र-चावल, चना, उड़द, अन्न, तिल तेज, चांदी में घटबढ़, ऊन में मन्दा, संसार दुःखी रहे। शु. २ शनि-रुई कपास, चन्दन, कपूर, जवाहरात, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा। शु ३ रवि-१३ दिन में गुड़, खाण्ड, शक्कर, चावल, मणी, सोना, चांदी, गेहूँ आदि में तेजी बनेगी। शु. ५ मंगल-चांदी का बाजार ८ दिन तेज रहेगी। शु. ६ बुध-रुई, सूत, कपास में घट बढ़ चले, सोना, चांदी, लोहा, तांबा आदि में मन्दा, अन्न एक मास तेज रहेगा। शु. १० रवि-रुई तेज या बढ़ाघटी से तेज। गेहूँ, चावल, अलसी, आदि अन्न तेज हो। शु. १२ मंगल-रुई तेज, सोना, चांदी पहले तेज पीछे मन्दा, अन्न, रसकस में मन्दा बनेगा। शु. १३ बुध-गेहूँ, जौ, चना आदि अन्न, घी, सोना, चांदी आदि में तेजी, तिल, तेल, सरसों, अरण्डी, अलसी, तेलबाना में मन्दा, पशुओं में रोग हो। शु. १५ गुरु-घी, तेल तिल आदि तेज, चांदी में घटबढ़, रुई, चावल, धान्य का भाव सम रहें।

विशेष योग

फाल्गुन शुक्ल अष्टमी आवे आर्द्रा रिक्ष।
उपज खेती ना हो चारों ओर दुर्भिक्ष॥
पूर्ण जब उ.फा. रहे पूनम फाल्गुन मास।
रस पदार्थ गुड़ खाण्ड तिलहन धान विनाश॥
गुरुवारी संक्रांति जब-जब जग में आव।
सुखी प्रजा धन धान्य युक्त सभी वस्तु सम भाव॥
सभी धान्य महंगे बिके मीन राशी गत भानु।
तेजी तिलहन नमक में साधारण अनुमान॥

अथ चैत्र कृष्ण पक्ष फल विचारः-

इस पक्ष में ३ शुक्रवार हैं, मावस शुक्रवार की, मंगल बुध ने राशि परिवर्तन किया है। अतः मास में कृतिका का मंगल प्रजा को पीड़ा देगा। धान्यादि भाव में तेजी बनेगी। कुंकुम आदि सिंगार की सामग्री मंहगी हो। ईख, दूध, घी आदि के भावों में समर्थता हो, भरणी का शुक्र किरात यवनों को पीड़ा करेगा। जल द्रव्य प्रभावित होंगे, कहीं-कहीं हिमपात(ओले) गिरने से फसल को नुकसान होगा। १० रविवारी-गेहूँ तेज, रुई में मन्दा करेगी।

कृष्ण पक्ष— कृ. २ शनि—गेहूँ में तेजी, रुई में मन्दा होगा। चांदी, चावल, सूत, वस्त्र, तिल, तेल सरसों, घी, गेहूँ, राई, मूसर, मोंठ आदि में तेजी बनेगी। कृ. ३ रवि— अलसी, सरसों, अरण्डी, मूंगफली, रुई, चावल, नमक, गेहूँ, जौ, चना आदि तेज हो। कृ. ६ बुध—रुई, सूत, कपास में मन्दा बनेगा। कृ. ७ गुरु—एक मास में प्रत्येक जाति का अनाज, कपास, वस्त्र, कुंकुम, चन्दन, सुगन्धित पदार्थ, सोना, रुई, लाल वस्तु, जूट, बारदाना, कपूर, केसर तेल, तांबा, जस्त, शेयर आदि में तेजी बनेगा। कृ. १० रवि—रुई में घट बढ़ चले, अलसी, मूंग, उड़द, घी, तेल, तिल में मन्दा, अन्न में घटबढ़ चलेगी। कृ. १३ बुध— रुई, सूत, कपास, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल तिल, सरसों, चांदी में मन्दा, गेहूँ, चना, जौ, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ आदि तेजी होगी। कृ. ३० शुक्र-चांदी तेज, रुई आदि में मन्दा बनेगा।

विशेष योग

चैत्र काली पंचमी जब हो मंगलवार।
गेहूँ अरु घी में तेजी चले अपार॥

संवत् विक्रम २०५८ (सन् २००१-२००२ ई.) का सामूहिक व्यापार भविष्य

लेखक—ओंकार दैवज्ञ (व्यापार अनुसंधान केन्द्र, पो. हापुड़), (यू.पी.) फोन : ३१२२३८

सर्वप्रथम आकाशीय कौंसिल के चुवाव में ५१०२ वर्ष व्यतीत होने पर शाके १९२३ में राष्ट्र के स्वामी राजा चन्द्र सौम्य शुभ ग्रह और मंत्री भी शुभ ग्रह भृगुजी बने हैं। वर्ष लग्न में चन्द्र-शुक्र श्री भगवान् भास्कर के साथ मीन गुरु की राशि में दब जाने से प्रधान मंत्री जी को कुछ ताकतें दबाने की कोशिश करती रहेंगी ताकि प्रधानमंत्री की छवि गिरे पर गिरेगी नहीं क्योंकि गुरु जी शुक्र राशि में भीतरी मदद देने से घात करने वाले मुंह ताकते ही रहेंगे।

आकाशी चुनाव

सस्येश-चन्द्रमा, धान्येश-शनि, मेघेश-गुरु, रसेश-बुध, नीरसेश-चन्द्रमा, फलेश-गुरु, धनेश-सूर्य, दुर्गेश-गुरु। ये अधिकारी हैं। इनमें शुभ ग्रहों के अधिकार ज्यादा होने के समय शुभ के सत्य ही इस वर्ष एक प्रकार से आतंकवाद की समाप्ति और हीन वर्ग की उन्नति प्रत्यक्ष दिखाई देगी।

रोहिणी निवास तट पर, समय निवास धोबी के, समय विश्वा २०, समय वाहन मृग, स्तंभ २ जल तृण, सोमवती २, बुधाष्टमी ३, तिथि-क्षय १८, तिथि वृद्धि १०, उत्पत्ति विश्वा ३३, खपति ८४, वर्षा विश्वा ७, धान्यम् ७, तृणम् ९, शीतम् ५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि-क्षय बराबर, सत्यम् आधा, धर्म ढ़, पाप १८, शनि दृष्टि पूर्वे, ग्रहणम् १ चन्द्रमा, आषाढ़ शुदी ५, यह वर्ष प्रभु कृपा से उत्तम रहेगा।

टिप्पणी विशेष—इस वर्ष के ग्रह अधिकार यह सिद्ध रते हैं कि अच्छे राष्ट्र सभी आतंकवाद के खिलाप एकजुट होंगे ौर राजा-मंत्री दोनों ही स्त्री हैं। अत: नारियों की जय विशेष धिकार के साथ भारत के कई जिलों में सफाई सुन्दरता का दृष्य ो दिखाई देगा। कुछ गुप्त भेदी क्योंकि २ अधिकार पाप ग्रहों ो मिलने के साथ वर्शेष लग्न काल सर्प के प्रभाव में इस वर्ष ा यह योग घरेलू नेता ही गुप्त वैरी होंगे और वैशाख, ज्येष्ठ था मंगशिर, माघ, फाल्गुन में शहनाईयों की गूंज से भारत के उत्तर प्रदेश, पंजाब में खुशी का वातावरण छायेगा तथा चांदी, सोना के भाव गत वर्षों की अपेक्षा उच्चतम शिखर पर होंगे।

चैत्र शुक्ल—प्रतिपदा चन्द्रवारी होने से और १४ दिन का एक पक्ष १५ के स्थान तिथि टूटने से, शुदि ७ टूटने से, शुदि में दशमी भौमवार क्रिकच योग से सम्बन्धित होने से, शुदि ८ अष्टमी रविवार को शुक्र पूर्व में उदय होने से अनाजों के भाव उच्चतम रेट से एकदम गिरेंगे पर धातु चांदी सिक्का चढ़ेगा तथा शृंगार का लेडीज़ सामान धीरे-धीरे शुदि अष्टमी बाद कपड़ा, रत्न, श्वेत वस्तु, चावल आदि मणि, चीनी, गुड़, शक्कर भी तेजी की ओर करवट लेंगे। शुक्ल पक्ष में द्वितीय भौमवार चैत्र शुदि १० भौमवार चन्द्र वर्गोत्तम चन्द्र के अधिकार की वस्तुओं में तेजी लायेगा। शुदि ३ बुधवार के लास्ट घटी पर शुदि नवमी सोमवार को दैनिक तेजी १०१ तो मंदी ५१ लगाने से अवश्य ही लाभ सट्टी वायदे के चांसों से प्राप्त करें।

बैशाख—इस मास में ५ सोमवार खाद्य पदार्थों में मंदी करेंगे इसलिये गेहूं, चना, जौ, मटर आदि खाद्य पदार्थों में प्रथम तो बाजार पड़े से रहेंगे पर सोमवती अमावस्या से, १ सप्ताह अच्छी मन्दी आयेगी। शुदि में दशमी टूट जाने से, दिशावरी मांग बढ़ने से खाद्य पदार्थों में मंदी रुकेगी और सरकारी खरीद से कुछ मार्केट संभल जायेंगे। इन्फीरियर लाइन के प्रभाव से धातु पदार्थ तेजी में नये भाव बनायेंगे तथा मैंथा शेयर के भाव गिर-गिर कर संभलेंगे। बदी तीज की रात्रि को बुधास्त होने से एक नई लाइन बनेगी। विचार है कि गुड़, मीठा, चीनी, शक्कर में तेजी नये शिरे से उठेगी पर तिलहनों में मन्दी का धीरे-धीरे प्रभाव होने से तेलों में मन्दी रहेगी पर अलसी, घी और वनस्पती के टीनों की तेजी कमाल दिखा देगी। सोयाबीन, दाल में तेजी बनेगी परन्तु यह ध्यान रखना अगर बदी १२ पर तेजी न उठे तो हाजिर सट्टे में सभी जगह मन्दी आने से नहीं चूकेगी। दाल, उड़द, अरहर में भी यही ध्यान पूर्ण रूप से निश्चित है। बदी तीज भौमवार को दूसरे दिन की और दूसरे दिन भी दैनिक तेजी मंदी १०१ और ५१ के अनुपात से लगाना लाभप्रद रहेगा। शुक्ल पक्ष में १०वीं मिति घटी है साथ ही भौम वक्री १२ मिति को रात्रि को होने से मुद्रास्फीति की दर इस अवसर पर गिरकर १०-१४ प्रतिशत होगी। विदेशी प्रतिस्पर्धा से लोहा, इस्पात, एल्मोनियम आदि से संबन्धित वस्तु लेने से पर्याप्त लाभ होगा। शुदि पूर्णिमा को वृष राशि में अस्त होने से १ या ३ माह तक प्रभाव मार्केटों में बनायेंगे। शेयरों में तेजी का प्रभाव बनाएंगे तथा इंटरनेट सुविधा वाले कम्प्यूटर एक्सेसरीज भी उपलब्ध तो होंगे ही इसी अवसर पर गुड़ के भाव भी ऊंचाई पर जाने से नहीं रुकेंगे। बिना आयोडीन वाले नमक के विरोध में गहरी चिन्ता तथा सरकारी आंकड़े व्यापार के प्रति हैरत अंगेज सिद्ध होंगे।

ज्येष्ठ—इस मास में ५ भौमवार हैं। कृष्ण पक्ष की नौमी वृद्धि और शुक्ल पक्ष की द्वितीया का घटना फसल की वस्तुओं को लोप कारक तथा कुछ अंश विशेष तेजी कारक होने से ज्योतिष शास्त्र यह सिद्ध करता है कि चौतर्फा तेजी से चीनी २८ से ५६ या दोगुनी भी उछलेगी। खाद्यान्नों व दलहनों में मांग बढ़ने से प्रथम तो ज्येष्ठ बदी १ से आठे तक विचित्र चाल धोखा देगी। पर नवमी के बाद १० दिन में चावलों व पंसारी की ७५ परसेंट वस्तु देशी व वनस्पति के साथ आलू भी तेजी पर जायेंगे पर यह आवश्यक नोट है कि वायदे चालू सट्टे जैसे गुड़, तेल, मैंथा, आलू, चांदी, सोना सभी वस्तु में ध्यान यह अवश्य रखना कि लगते ज्येष्ठ बदि १ से ७ तक तो पूर्व माह की लाइन चलेंगी पर बदि ८ भौमवार को गत शुक्र के बने हुए नीचे भाव कटें तो मन्दी वर्ना न कटें तो तेजी का श्रीगणेश १० दिन का ऐसा शुरू होगा कि यह चांस ही इस माह का गोल्डन चांस साबित रह जायेगा और सटोरिये खूब लाभ उठायेंगे। रोहिणी बुध, कृत्तिका रवि, संक्रांति वृष सोमवार ७ को दलहनों में मिला-जुला रुख और गेहूं थोक में गिरावट हाथों हाथ लाभ देगी। इधर लो उधर विक्रय करो यह नीति भी व्यापारियों को लाभ देगी। चांदी सट्टे में उछलेगी पर सोना स्थिर रहेगा। कांशी, पीतल, स्टील के भाव नई ऊंचाई पर जायंगे। सुपीरियर

लाइन का चलना इस माह का सिद्ध करता है कि चालू सट्टे के नये भाव हर मंगल और शुक्र को बनेंगे। गुरुवार, सोमवार को हर सट्टे में रियक्शन आना भी जरूर-जरूर निश्चित होगा। इसलिए रियक्शन को लाइन का टूटना समझकर व्यापार कतई न बदलें यह नोट ध्यान रखना। शुदि ७ भौम को जिस वस्तु के भी सट्टे में या हाजिर में नीचे के बने पिछले भाव कटें, मंदी न कटे तो तूफानी रिकार्ड तोड़ तेजी ४ दिन की आवेगी। शुक्ल में बुध वक्री यानि उल्टा चलने लगेगा और चौथे दिन गुरु अस्त हो जायंगे इस वास्ते देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट के आसार बनेंगे। दिल्ली, मुम्बई सर्राफा में तेजी को ब्रेक लगने से सिक्का तथा २४ कैरट सुवर्ण जेवरात के भाव तथा विस्कुट में मंदी आने के संकेत उपरोक्त ग्रह दे रहे हैं, पर देशी घी, वनस्पति तेजी पर जायेगा। लेकिन अलोह धातु, मैंथा, रसायन बाजारों में तेजी ही चलती रहेगी।

जनवरी मास—यह मास पौष सुदी छट सोमवार से शुरू होता है। इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ६, १६, २०, २३, २७ तथा मन्दी की ३, १५, २२, २९ हैं। इन तारीखों में व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी-मंदी के झटके संभव हों। मास में प्रथम रुई में भारी मंदी आकर बाद में अच्छी तेजी के योग भी हैं तथा कहीं-कहीं बर्फ ओले आदि प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान संभव है। ता. ४ जन. शते शुक्र दिन १० के अन्दर नशीले पदार्थों के ठेकेदारों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़े तथा घी, सरसों, सोना, चांदी के भावों में चमक आयेगी। ता. ६ जन. सुदी ११ शनिवारी कृत्तिका नक्षत्र युक्त है। **पौष सुदी एकादशी को जो कृत्तिका नक्षत्र। लाल वस्तुओं में रहे खूब लाभ सर्वत्र॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार लाल रंग की वस्तुओं जैसे लाल मिर्च, गुड़, अलसी आदि के व्यापार से लाभ हो एवं जब तक प्रथम वर्षा न हो तब तक अनाज के व्यापार से लाभ होगा। ता. ९ जन. मंगलवारी पूनम चतुर्दशी का क्षय तेजी कारक है। आज चन्द्रग्रहण होगा। ग्रहण से पूर्व चौदश तिथि का क्षय रुई में भारी मंदी का संकेत परन्तु आगे रुई में भारी तेजी भी आयेगी। सावधान! मन्दी में खरीद कर तेजी में बेचें। यह एक चांस है। ग्रहण मिथुन राशि में होने से मिथुन राशि से सम्बन्धित वस्तुओं में तेजी आयेगी तथा राई, मेथी, जस्ता का स्टाक चार मास बाद में अच्छा लाभ देगा। रुई, बारदाना, चावल, चना, अनाज, मटर, अरहर का स्टाक तीन मास पश्चात् लाभ देगा।

माघ मास फल—मास में अनाजों में जनरल लाईन तेज। बदी पक्ष में प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा तो सुदी पक्ष में ज्यादातर मन्दी का रुख रहे। मास में शनि-गुरु दोनों मार्गी हो रहे हैं। अतः घटबढ़ भी अधिक चल सकती है। ता. १० जन. बदी एकम् बुधवारी पक्ष में सभी खाद्य पदार्थों में प्रथम तेजी आकर पक्ष के अन्त में मन्दी भी आयेगी। यहाँ आलू, प्याज भी तेज होंगे तथा आगे तीन मास तक प्रायः बाजारों का रुख तेज रहेगा। यथा—**माघ मास प्रतिपदा को वार होय बुधवार। तीन मास तेजी रहे, भावी वर्ष विचार॥** *(भविष्य भारती)* ता. १२ जन. को यदि बादल गर्जे परन्तु वर्षा न हो तो जौ, गेहूं, आदि अनाजों का स्टाक निश्चय लाभ देगा। ता. १३ जन. माघ बदी ४ शनिवारी तेजी तथा नेष्ट फलकारी है। मकर संक्रांति प्रवेश से सफेद वस्तुओं चावल, चांदी आदि में तेजी का संचार होगा तथा इस संक्रांति काल में तूफान आदि से कहीं व्यापक हानि की आशंका रहेगी। एक सप्ताह के अन्दर तिलहन, सोना, चांदी में एक तेजी की लहर संभव है। **माघ मास में चतुर्थी को आवै शनिवार। चोर अग्नि भय धान्य क्षय, अति दुर्भिक्ष विचार॥** *(भविष्य भारती)* ता. १४ जनवरी को यदि आकाश दिशाएं निर्मल हों तो लाभ की इच्छा रखने वालों को कपास का स्टाक लाभकारी रहेगा। ता. २३ जनवरी श्रवणे सूर्य अनाज के भावों में वृद्धि करेगा। इसके अलावा सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, सुपारी, तिलहन में भी तेजी का संचार होगा। ता. २४ जनवरी गुरु मार्गी, रुई, सोना, चावल, सूत के भावों में मंदी कारक परन्तु घी के भाव तेज होंगे। ता. २५ जनवरी शनि मार्गी घटबढ़ कारक है। **वक्र चाल चलते हुए शनि मार्गी हो जाए। चालू रुख बाजार का एकदम पलटा खाए॥** *(भविष्य भारती)* बाजार की चलती लाइन में एकदम बदलाव आयेगा। एक सप्ताह के अन्तर्गत लोहा, ताम्बा, सरसों, बिनौला में मंदी लायेगा। परन्तु यदि आज आकाश में बादल हों, बिजली चमके तो जानना चाहिए कि तेल, घी, तिलहन पदार्थों का बाजार आगे तेज होता जायेगा। ता. २७ जनवरी को यदि बादल नहीं हो तो गेहूं का बाजार तेजी की तरफ झुक जायेगा। आज मीने शुक्र दिन ७ में प्रायः वस्तुओं में मन्दी के झटके लायेगा। रुई में अच्छी मन्दी के झटके संभव हों।

फरवरी मास—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें २, ६, १०, १७, २४ तथा मन्दी की १२, १५, २२, २६ हैं। इन तारीखों में विशेष तेजी मंदी के झटके आने संभव। ता. १ फरवरी माघ सुदी ७ गुरुवारी भरणी नक्षत्र युक्त होने से अच्छी फसल का संकेत देती है। **माघ सुदी सातै दिना भरणी नखत विचार। रोग नाश हो धरा पर उत्तम पैदावार॥** *(भविष्य भारती)* एक अन्य योग से फरवरी मार्च में मिर्च मसालों में मन्दी की प्रधानता रहे तथा अच्छी मन्दी भी संभव हो। ता. ३ फर. वृश्चिके मंगल, शनि-गुरु से अपोजिशन योग बनायेगा। प्रायः व्यापारिक वस्तुओं के भावों में तेजी का संचार हो। परन्तु अधिक तेजी की उम्मीद नहीं। सरसों, तिलहन पदार्थ, लाल मिर्च, मसालों, सोना, चांदी, रुई के बाजार ज्यादा प्रभावित होंगे। मंगल वृश्चिक राशि में १२ अप्रैल तक भ्रमण करेगा। इस दौरान यदि बाजार मन्दा चलता है तो अच्छी मन्दी संभव हो। परन्तु तेजी चलने से अच्छी तेजी की आशा नहीं है। अतः रुख देखकर काम करें। ता. ६ फर. वक्री बुधास्त दिन १३ के लिए अस्त होगा। इस दौरान अनाजों, सोना, चांदी, धातुएं, गल्ला मसालों में तेजी चलेगी तथा चांदी में अच्छी तेजी आ सकती है। सावधान! ता. ८ फरवरी गुरुवारी पूनम दिन ३ के अन्दर तिलहन में तेजी का झटका तो अन्य वस्तुओं में मन्दी लायेगी। यदि आज वर्षा हो तो गेहूं तथा घी में तुरन्त तेजी का संचार हो जायेगा।

फाल्गुन मास—इस मास में बाजार प्रायः एक तरफा तेज रहें। परन्तु सफेद वस्तुओं (केवल खाद्य पदार्थ) चावल आदि में बाजार मन्दा चल सकता है। बदी पक्ष में तिथि वृद्धि होकर सुदी पक्ष में तिथि छय होना व्यापारिक वस्तुओं में तेजी सूचक है। यथा—**बदी पखवारे तिथि बढ़े किन्तु सुदी घट जाए। सभी वस्तुएं तेज हों, सस्तापन हट जाए॥** *(भविष्य भारती)* आगे फसल से पूर्व एक योग के अनुसार अनाजों में एक दफा जबरदस्त तेजी अस्थाई तौर पर आ सकती है। परन्तु प्रथम बाजार मन्दा होकर यह तेजी आयेगी। पूर्णिमा पूर्ण रूप से पू.फा. युक्त है। अतः आगे फसल पर अच्छी मन्दी आवे। ता. १० फर. अनुराधा, मंगल, रुई, गेहूं, लाल मिर्च आदि लाल रंग की वस्तुओं के बाजारों को प्रभावित करेगा। स्थूल रूप से उपरोक्त वस्तुओं में प्रथम १० दिन जो लाईन चले। आगे १० दिन विपरीत चले। अतः रुख देखकर काम करें। ता. १२ फर. कुंभ संक्रांति काल (१३ मार्च तक) में व्यापारियों को स्टाक नहीं करना चाहिए। अपितु खरीदते बेचते रहने से लाभ उठाया जा सकता है। परन्तु यदि आज वर्षा हो तो लाला रंग की वस्तुएं (जो सस्ती हों) का स्टाक करके चार मास बाद बेचने से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। ता.१९ फर. पूर्व बुधोदय अनाज, रस, पदार्थों में मन्दी कारक तो सोना, चांदी, गुड़, सूत में तेजी को सपोर्ट करेगा। ज्येष्ठा मंगल दिन १२ के अन्दर चांदी में मन्दी, रुई में घटबढ़ एवं अफीम, तम्बाकू, नशीले पदार्थों के भावों में चमक लायेगा। ता. २३ फरवरी शुक्रवारी मावस दिन ३ में चांदी, शेयर्स अनाजों में एक तेजी का झटका लायेगी तथा दिन २ के अन्दर प्रायः वस्तुओं में एक तेजी का झटका आयेगा। ता. २४ फर. सुदी एकम् शनिवार चन्द्रदर्शन तेजी कारक है। सोना, चांदी, रुई, सरसों, मूंगफली, दलहन पदार्थों में तेजी कारक है तथा दिन १५ (पक्ष में) के अन्दर अच्छी तेजी भी संभव है। परन्तु एक मास के अन्दर पुनः वही भाव आ जायेंगे। ता. २५ फरवरी फुलरिया दोयज—**जल राशि के चन्द्र से नवें सातवें थान। शनि हो अथवा भूमि सूत वर्षा हो महान॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार २५ से २७ फरवरी तक कहीं भारी वर्षा होना संभव है। ता. २८ फरवरी को यदि बादल गर्जे, बिजली चमके तो समझना चाहिए कि बैशाख में अनाज मन्दे बिकेंगे।

मार्च मास फल—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ६, १२, १३, १७, २३, २४, २७, ३१ तथा मन्दी की १, ८, १९ हैं। इन तारीखों में व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी मन्दी के झटके संभव होंगे। ता. २ मार्च सुदी ७ कृत्तिका नक्षत्र युक्त है। अतः आगे भादव अमावस्या को या आसपास कहीं भारी भयंकर वर्षा होगी। यथा—**फाल्गुन शुक्ला सप्तमी को कृत्तिका नक्षत्र। भादव मावस के दिवस वर्षा हो सर्वत्र॥** *(भविष्य भारती)* ता. ३ मार्च सुदी ८ रोहिणी नखत युक्त होने से प्रथम अनाजों में मन्दी आकर फिर बाजार अच्छा तेज होगा। यथा—**कुंभ मीन के अन्तरे अष्टमी रोहिणी होय। सवाया ड्योढ़ी दुगनी तेजी अन्न में होय॥** *(भविष्य भारती)* इस योग से आगे वर्षा में कमी भी आती देखी गई है। ता. ५ एवं ६ मार्च को यदि आकाश में बादल हो तो आगे आसोज में चौथ एवं पंचमी को अच्छी वर्षा होगी। ता. ६ मार्च रोहिणी गुरु, रुई में घटाबढ़ी करेगा तथा गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी के भावों में गिरावट लायेगा। ता. ९ मार्च शुक्रवारी पूनम पू.फा. युक्त होने से सुख सुभिक्षकारी है। **पू.फा. फागुन पूर्णिमा पूरन सुभिक्ष।** पू.फा. नक्षत्र में होलिका दहन आगे व्यापारिक वस्तुओं में अच्छा मन्दी भी ला सकती है। शुक्रदेव वक्री होंगे। मजीठ, सोना, चांदी, रुई, घी के भावों में तेजी आ सकती है।

चैत्र मास फल—(ता. १० मार्च से ८ अप्रैल) तक। इस मास पांच शनि-रविवार दुर्भिक्षकारी, छत्रभंग तथा जनता में महाभय का अवसर

उपस्थित हो। मास में प्राय: वस्तुओं में तेजी चले तथा कई वस्तुओं में भारी तेजी संभव हो। यथा—**चैत्र बदी में तिथि बढ़े किन्तु सुदी घट जाए। पैदावार कम रहे, खड़ी फसल हट जाए॥ चैत्र मास में आ पड़ै, पांच शनि रविवार। प्रजा नाश दुर्भिक्ष दुख, दिन दिन तेज बाजार॥** *(भविष्य भारती)* अनाज, तिलहन, किराना, रुई, पाट, बारदाना, रस पदार्थों, नशीले पदार्थों, तम्बाकू, घी आदि मास में तेजी रहे तथा किसी किसी वस्तु में अच्छी तेजी भी संभव होगी। ता. १२ मार्च कुंभे बुध-रस पदार्थों, चीनी, गुड़, घी आदि के भावों में वृद्धि होगी। शनि की दृष्टि से अच्छी तेजी संभव हो। ता. १४ मार्च बदी ५ बुधवारी अनाज गेहूं, घी के भावों में तेजी का संचार करेगी। यथा—**चैत्र बदी पांचै दिना मंगल या बुधवार। गेहूं अरु घी का तेजी चले बाजार॥** *(भविष्य भारती)* ता. १४ मार्च को यदि आकाश में बादल छाए रहें तो दो मास तक प्राय: वस्तु मन्दी बिकेगी। ता. १६ मार्च को यदि आकाश में बादल हों तो समझना चाहिए कि आगे लाल रंग की वस्तुओं में मन्दी चलेगी। ता. २५ मार्च मावस की वृद्धि प्राय: सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का उछाला ३ से ५ दिन के अन्तर्गत लायेगी। ता. २६ मार्च से २०५८ विक्रमी संवत् का शुभारंभ होगा। संवत् का राजा चन्द्रमा एवं मन्त्री शुक्रदेव होंगे। यह संवत् लोंद का होने से इस संवत् में गुड़, चीनी, दालों, किराना, तेल के बीज (तिलहन), अनाजों आदि में तेजी रहे। भड्डली जी कहते हैं। **दो आश्विन, दो भादव, दो आषाढ़ के माह। सोना चांदी बेचकर नाज वो साहो साह॥** के अनुसार अनाज का व्यापार लाभदायक रहेगा। ता. २८ मार्च को शुक्रास्त होगा। तथा एक सप्ताह के अन्तर्गत ही उदय हो जायेगा। दुर्भिक्षकारी है तथा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार करेगा। यथा—**उदय अस्त सप्ताह में अगर शुक्र हो जाए। भ्रान्त अशान्त प्रजा रहे, दु:ख नितांत अधिकाए॥** ता. ३१ मार्च को यदि आकाश में बादल बहुतायत में हो तो गेहूं, अनाज का स्टाक करके सावन में बेचने से अच्छा लाभ होगा।

अप्रैल मास फल—इस मास तेजी की प्रमुख तारीखें—३, १०, १४, २१, २४, २८ हैं तथा मन्दी की ५, १२, १६, २६ हैं। इन तारीखों में व्यापारिक वस्तुओं में कुछ अच्छी तेजी मन्दी के झटके आ सकते हैं। ता. १ अप्रैल शुक्रोदय घी, तेलों, अनाजों, सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत, बारदाना में तेजी कारक है। अत: इनके भावों में वृद्धि होगी। ता. २ अप्रैल मीने बुध बिनौला तेज करेगा। गुड़, खाण्ड के भाव गिरेंगे। ता. ६ अप्रैल को यदि आकाश बादलों से ढंक जायें तो समझना चाहिए कि तीन मास पश्चात् अनाजों में अच्छी तेजी आयेगी। ता. ८ अप्रैल रविवारी पूनम दिन ३ के अन्दर तिलहन, तेलों, बारदाना में तेजी के उछाले लायेगी।

बैशाख मास फल—यह मास मन्दी प्रधान है। प्राय: वस्तुओं में बाजार मन्दा चलेगा। तिलहन पदार्थों में बदी पक्ष में मन्दा तो सुदी पक्ष में तेजी रह सकती है। मेष की संक्रांति भी मन्दी को सपोर्ट कर रही है। अक्षय तृतीया गुरुवारी रोहिणी युक्त तथा शुक्ला पंचमी शनिवारी आर्द्रा युक्त तथा अन्य कुछ योग सुभिक्षकारी प्रजा के लिए आरोग्य मंगल, कल्याणकारी उत्तम योग है। पैदावार भी अच्छी होगी। ता. २३ अप्रैल को प्रात: ३ से २५ अप्रैल प्रात: ९ तक पूर्वी दिशा में तथा ता. २९ अप्रैल सायं ६ बजे से १ मई सायं ९ बजे तक उत्तर दिशा में भूकम्प आ सकता है। ऐसे योग पाए गए हैं। एक अन्य योग के अनुसार १३ अप्रैल से १३ जुलाई के मध्य रुई में जबरदस्त मन्दा आ सकता है। ता. १४ अप्रैल धनु मंगल मूल पदार्थों आलू, हल्दी आदि तथा द्रव्य पदार्थों घी, तेलों आदि सोना, चांदी, बिनौला के भावों में शीघ्र वृद्धि करेगा। परन्तु घटाबढ़ी से भाव बढ़ेंगे। ता. १९ अप्रैल को यदि आकाश प्रबल मेघों से ढंका रहे तो अनाज का ८० प्रतिशत स्टाक बेच देना चाहिए। आज शुक्र देव मार्गी होंगे। दिन ५ तक सोना, चांदी, रुई, अलसी, गुड़, खांड, बिनौला में मन्दा चलकर आगे बाजार धीरे-धीरे तेज होगा। स्थूल रूप से मीन राशि गत मार्गी होने से प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में मन्दा ही लाता है। **शकुन—ग्यारस बारस तेरसे, बदी बैसाखे देख। बादल वर्षा होय तो दुख दुर्भिक्ष विशेष॥** *(भविष्य भारती)* ता. २३ अप्रैवल सोमवती मावस मन्दी कारक है। सफेद वस्तुओं में अधिक मन्दा तो अन्य प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में ३ से ५ दिन के अन्तर्गत बाजार मन्दा चलेगा। कभी-कभी इसका प्रभाव तीन दिन पूर्व से भी हो सकता है। अत: रुख देखना चाहिए। ता. २४ अप्रैल दिन २ के अन्दर लाल रंग की वस्तुओं सोना, आयरन, शेयर्स के भावों में अच्छी तेजी के उछाले आने के योग हैं। ता. २५ अप्रैल से दिन ८ के अन्दर अनाज चावलों के भावों में वृद्धि, आज का चन्द्रदर्शन दलहन पदार्थों, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थों, रस पदार्थों, घी, गुड़ आदि में तेजीकारक परन्तु सोना, चांदी,. रुई, बारदाना में मन्दी को सपोर्ट करेगा। ता. २६ अप्रैल अक्षय तृतीया गुरुवार रोहिणी युक्त शुभ योग है। यह योग व्यापारिक वस्तुओं में मन्दी का संचाा करेगा। **अक्षय तृतीया के दिना रोहिणी युत गुरुवार। उपजै उत्तम धान्य सब घर घर मंगलाचार॥** ता. २८ अप्रैल को यदि सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त पूर्व का पवन चले तो अन्न का स्टाक आगे बेचने से उत्तम लाभ होगा। यदि दिन भर पूर्वी पवन भी चले। परन्तु सूर्यास्त समय चले तो भी अन्न का स्टाक करना लाभदायक है। ता. ३० अप्रैल को यदि पूर्व का पवन चले, आकाश बादलों से ढंका रहे तथा थोड़ी बहुत वर्षा भी हो तो अन्न का स्टाक करके भाद्रपद मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा।

मई मास फल—ता. २ मई वृषे बुध-गुरु, शनि के साथ राशि योग बनायेगा। दिन १५ के अन्तर्गत अनाज, सरसों, घी, गुड़, खांड, चांदी, रुई, नशीले पदार्थ तम्बाकू आदि में प्रथम मन्दी आकर तेज होगी तथा अन्य प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ ज्यादा रहे। ता. ३ से ५ मई तक यदि इन तारीखों में बादल वर्षा हो, बिजली चमके तो आगे अनाजों में शीघ्र तेजी आ जायेगी। ता. ७ मई को यदि वर्षा हो तो आगे अनाजों में शीघ्र तेजी आ जायेगी। ता. ४ मई को मंगल देव वक्री होंगे। **जिस राशि पर भ्रमण भौम का जब हो उसमें निश्चय वक्र। वक्री होने पर किरयाने में चलता तेजी का चक्र॥** वक्री मंगल अपने वक्री काल में (१३ जुलाई २००१ तक) किराने की प्राय: सभी प्रमुख वस्तुओं में धीरे-धीरे अच्छी तेजी लायेगा। परन्तु इस दौरान रुई,कपास में अच्छी मन्दी भी ला सकता है। सावधान! इसी दौरान संसार में जवान मौतों की अधिकता तथा भयंकर रोगों की उत्पत्ति हो। सोमवारी पूनम, रस पदार्थों में तेजीकारक तथा रुई, चांदी, प्रमुख शेयर्स आदि में विशेष मन्दी के झटके लायेगी। शनि भी अस्त होगा। रुई में मन्दी को सपोर्ट करेगा। तिलहन, रस पदार्थों में तेजी कारक है। उत्तम तो यही होगा कि दो तीन दिन बाजार की लाईन देखकर आगे उसी अनुसार काम करें।

ज्येष्ठ मास फल—मास में रसायन पदार्थ, रस पदार्थ, किराने की प्रमुख वस्तुओं में प्राय: जनरल लाईन तेज रहेगी। बदी पक्ष में चांदी में कुछ अच्छी मन्दी के झटके तो सुदी पक्ष में कुछ अच्छी तेजी के झटके आयेंगे। ज्येष्ठ मास में सूर्य के आगे गुरु चल रहा है। **रवि के आगे बृहस्पति, तब अग्नि का जोर।** के अनुसार मास में अग्नि काण्ड की काफी घटनाएं हो सकती हैं। ता. ११ मई कृत्तिका सूर्य, शनि योग गेहूं, चावल, गुड़, अनाज, सरसों, तिलहन आदि के भावों में तेजी का संचार होगा तथा सफेद वस्तुओं के भाव गिरेंगे। ता. १४-१५ मई शकुन—**श्रवण धनिष्ठा जेठ बदी मेघ रहे आकाश। न वर्षे तो वर्षा अधिक, वर्षे वर्षा नाश॥** ता. १४ मई से वृष राशि पर चार ग्रहों की मीटिंग एक सप्ताह तक चलेगी। चांदी में भारी मन्दी तथा अन्य प्राय: वस्तुओं के भावों में गिरावट आदि के बिल पास होंगे। सावधानी से काम करें। ता. २२ मई रोहिणी शनि रुई में शीघ्र इकतरफा अस्थाई तेजी के झटके, धातुएं तेज। ता. २५ मई सुदी तीज आर्द्रा नक्षत्र युक्त है। आज वर्षा का होना खराब है तथा वर्षा न होना शुभकारी है। यथा—**दुतिया तृतीया जेठ सुदी आवे आर्द्रा रिक्ष। वर्षे तो करषे नमी, दर्से दु:ख दुर्भिक्ष॥** *(भविष्य भारती)* आज रोहिणी पर सूर्य-शनि योग अनाज, रस पदार्थों, घी, तिल तेल, तिलहन, सुपारी, मिर्च, राई, रेशम आदि के भावों में १५ दिन के अन्तर्गत तेजी लायेगा। ज्येष्ठ मास में किसी भी दिन यदि आकाश बादलों से ढंका रहे एवं दक्षिण की तरफ मेघ गर्जना सुनाई दे तथा दक्षिणी पवन चले तो यह शकुन किसी भी दिन दिखाई दे तो अनाज, तिल, तेल का स्टाक करके चार मास बाद बेचने से उत्तम लाभ हो। यदि यही शकुन ता. २७ मई को हो तो अनाज का स्टाक करके आसोज में बेचने से लाभ हो तथा यही शकुन २९ मई को दिखाई दे तो तिल का स्टाक करके कार्तिक में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. ३० मई मेषे शुक्र—**मंगल घर में शुक्र हो, अन्न तेज तब जान।** के अनुसार अनाज के अलावा घी, दूध, चावल, चांदी आदि सफेद वस्तुओं के भावों में तेजी कारक है। मई मास में तेजी की प्रमुख तारीखें १, १२, १९, २२, २६, २९ तथा मन्दी की ७, १०, १४, २१, २४, २५ मई हैं। इन तारीखों में अच्छी तेजी मन्दी के झटके संभव होंगे।

जून मास फल—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें २, ९, १२, २३, २६ तथा मन्दी की १४, १८, २८ जून हैं। ता. २ जून वक्री बुध सुपारी, सोना, चांदी, रस पदार्थ, गुड़, चीनी आदि गेहूं, चना, बिनौला, तिलहन पदार्थों के भावों में तेजी लायेगा। दिन २४ के अन्दर अनाज, चादी, रुई में विशेष तेजी के झटके लायेगा। परन्तु हरी सब्जियों में मन्दी लायेगा। ता. ४ जून को गुरुदेव अस्त हो जायेंगे। सप्ताह दस दिन बाजार

भावों में मजबूती रह कर भाव गिरने शुरू हो जायेंगे। गुरु अस्त बाजार मन्दा रखेगा। ता. २ से ४ जून शकुन विचार—**चित्रा स्वाती विशाखा जो ज्येष्ठ मास वर्षाय। अन्न भाव महंगा रहे, सावन वर्षा नाय॥**

आषाढ़ मास फल—ता. ७ जून वक्री बुधास्त दिन १८ के लिए अस्त होगा। गल्ला, माल, चांदी में तेजी कारक है। इस दौरान विशेष तेजी के झटके भी चांदी में अस्थाई तौर पर ला सकता है। रुखथ देखकर काम करना चाहिए। ता. १० जून ज्येष्ठायां वृश्चिके मंगल, रुई, सोना, चांदी में अच्छी तेजी के चांस बनेंगे। आषाढ़ मास में वर्षा अच्छी होगी। मास में पांच गुरुवार तथा मावस व पूर्णिमा भी गुरुवारी तथा पूनम मास नक्षत्र से युक्त है। शुभ फलकारी है। ता. १४ से १६ जून तथा १ से ३ जुलाई कहीं भारी भयंकर वर्षा हो सकती है। मास में अनाजों में तेजी मन्दी प्रायः समान रूप से चलेगी। कृष्ण पक्ष में चांदी में अच्छी तेजी के झटके तो तिलहन किराना, घी, दलहन, पीले रंग की वस्तुओं में आषाढ़ मास में जनरल लाईन तेज रहेगी। प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में मास में मन्दी की बजाय कुछ तेजी का ही जोर रहेगा। बाजार रुख देखकर काम करें। ता. १५ जून मिथुने गुरु पश्चिमोत्तर दिशा में उपद्रव, खण्ड वृष्टि, ताम्बा, सोना, चांदी, सुपारी, अलसी, सरसों, मूंगफली, घी, तेलों आदि में अचानक तेजी कभी भी चले। यदि मार्गशीर्ष मास (दिसम्बर २००१) में कोई भी वस्तु अपने स्तर से मन्दी चले तो स्टाक करके बैशाख में बेचने से अच्छा लाभ हो। यह एक चांस है। नोट कर लें। अभी दिन १५ के अन्दर सफेद वस्तुओं चांदी, चावल, रुई आदि में अच्छी मन्दी संभव है तथा आगे २ मास के अन्दर कभी भी रुई में भारी तेजी भी आ सकती है। सावधान! यह एक चांस है। यहां गुरु के आगे सूर्य चल रहा है। रवि के **आगे वृहस्पति, तब अग्नि का जोर। गुरु के आगे सूर्य तो वर्षा हो चहुँ ओर॥** यह योग वर्षा कारक है। परन्तु राहू साथ में होने से कहीं भारी वर्षा तो कहीं वर्षा की भारी कमी रहेगी। ता. २० जून आषाढ़ बदी १४ रोहिणी युक्त। **साढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग। करफ्यू अरु कंट्रोल से दुख पावें सब लोग॥** एक मास के अन्दर किसी इलाके विशेष में दंगे भड़क उठें। नेष्ट फलकारी योग है। ता. २१ जून गुरुवारी मावस वर्षाकारी है तथा दिन ३ में प्रायः सभी वस्तुओं में एक मन्दी का झटका लायेगी। **मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास, नक्षत्र। ज्योतिष का सिद्धान्त है वर्षा हो सर्वत्र॥** *(भविष्य भारती)* ता. २३ जून आज चांदी पारा में निःसंदेह अच्छी तेजी के उछाले आयेंगे तथा अन्य प्रायः वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा। ता. २५ जून सुदी चौथ का क्षय—**किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाए। ग्राहक मागै मूंग घी बिक्रेता नट जाएं॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष में घी, दलहन आदि में जनरल लाईन तेज रहें। रात को बुध का उदय भय अवर्षण तेजी कारक है। जब तक अस्त न हो (एक मास) अनाजों में तेजी कारक तथा वर्षा की कमी करेगा। ता. २७ जून कृत्तिका शुक्र एक सप्ताह के अन्दर रुई, बिनौला, तिल, सरसों, तेलों, हींग, चावल, धातुओं में मन्दी लायेगा। ता. ३० जून मृगे ४ गुरु दिन ८ के अन्दर घी, चांदी, चावल आदि सफेद वस्तुओं में अच्छी मन्दीकारक है परन्तु अनाज तेज करेगा एवं यहां वृष राशि में शुक्र-शनि-बुध योग एक मास के अन्दर उपरोक्त वस्तुओं में कभी भी अच्छी तेजी भी ला सकता है। अतः रुख देखकर काम करना चाहिए।

जुलाई—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ३, ७, १०, १४, १७, २१, २३, ३१ तथा मन्दी की १२, १९, २६ जुलाई हैं। इन तारीखों में प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी-मन्दी के झटके संभव हों। ता. १ जुलाई रात्रि से चन्द्रमा जल राशि में तथा मंगल शुक्र का अपोजिशन योग अच्छी वर्षा कारक है। यथा—**समसप्तक शनि जीव हो, या मंगल भृगुनाथ। रखते हैं वर्षात् में, वर्षा अपने साथ॥** *(भविष्य भारती)* अतः २६ जुलाई तक वर्षा की स्थिति अच्छी रहेगी। ता. १ से ३ जुलाई तक कहीं भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त होगा। ता. ५ जुलाई आज ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण होगा। **साढ़ी पूनम के दिवस चन्द्रग्रहण हो जाए। संग्रह कीजे अन्न का भारी तेज बिकाय॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार अनाज का स्टाक आगे उत्तम लाभ देगा। पीली वस्तुएं तथा सगुन्धित वस्तुओं का स्टाक भी आगे लाभ देगा। धनु राशि से सम्बन्धित वस्तुओं में तेजी चलेगी।

श्रावण मास फल—मास में रुई, सोना, चांदी के व्यापारी रुख देखकर काम करें। बदी पक्ष में चार ग्रहों का योग अच्छी वर्षा कारक है। परन्तु अनावृष्टि योग भी पाए गये हैं जोकि वर्षा में रुकावट पैदा करेंगे। अतः मास में कहीं भारी वर्षा तो कहीं वर्षा की कमी रहेगी। दोनों स्थिति में वर्षा नुकसान दायक ही सिद्ध होगी। व्यापारिक वस्तुओं में बदी पक्ष की अपेक्षा सुदी पक्ष में बाजार अधिक तेज रहेंगे। ता. २७ जुलाई से २३ अगस्त तक तिलहन में काफी तेजी आ सकती है। परन्तु इसी दौरान सोना, चांदी, रुई, बिनौला, मूंगफली, मसालों में भारी तेजी अथवा भारी मन्दी की कोई भी लाईन निकल सकती है। अतः रुख देखकर काम करें। कुल मिलाकर श्रावण मास तेजी प्रधान मास रहेगा। ता. ६ जुलाई एक सप्ताह के अन्दर दिलहन, सरसों के भावों में वृद्धि होगी। ता. ९ जुलाई रोहिणी शुक्र, चांदी, रुई में तेजी कारक है। इनके भावों में वृद्धि होगी। यदि आज सूर्योदय काल में नभ में घटा छाई हुई दिखाई दे तथा मन्द मन्द वृष्टि भी होने लगे तो भावद बदी में अच्छी वर्षा होगी। ता. १० जुलाई को यदि बादल तो खूब हो। परन्तु वर्षा न हो तो सर्व अनाज तेज हो जायेंगे। यदि वर्षा अच्छी हो जाए तो सर्व अन्न मन्दे हो जायेंगे। ता. १३ जुलाई को यदि हवा तेज चले, आकाश में बादल हो तो आसोज मास में गेहूं, चना, तांबा तेज होगा। परन्तु जूट, पाट, बारदाना मन्दा होगा तथा मक्की की विशेष पैदावार होगी। मार्गी मंगल-किराना सामान मन्दा होता चला जायेगा तथा रुई में शीघ्र अस्थाई तौर पर अच्छी मन्दी के झटके तो पशुओं के व्यापारियों को मार्गी होने से पूर्व ही पशु बेच देने चाहिए। अन्यथा आगे भारी हानि उठानी पड़ सकती है। ता. १६ जुलाई कर्क संक्रान्ति वर्षाकारी है। **सावन में दसमी दिना जो आवे संक्रान्ति। बढ़े धान्य धन सम्पदा वर्षा हो बहु भांति॥** *(भविष्य भारती)* संक्रांति दिन ५ के अन्दर चादी में अच्छी मन्दी का झटका लायेगी। सावधान! वृष राशि में चन्द्रमा शनि शुक्र के साथ योग बनायेगा। **वृष राशि पर बढ़ते शुक्र चन्द्र शनि तीन। युद्धादिक दुर्भिक्ष से प्रजा प्रपीड़ित दीन॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार कहीं भारी उपद्रव, स्थूल रूप से व्यापार पर तेजी का प्रभाव होगा। ता. २० जुलाई को यदि वर्षा न हो तो माघ मास में अनाज, मटर आदि में तेजी आयेगी। वर्षा होने पर विपरीत फल होगा। ता. २२ जुलाई पुनर्वसु बुध एक सप्ताह के अन्दर रुई, चांदी, सूत, बिनौला आदि में अचानक अच्छी मन्दी कभी भी आ सकती है। आज का चन्द्रदर्शन घटाबढ़ी कारक है। परन्तु बाजार एक मास के अन्तर्गत ऊंचा-नीचा चलता सम रहेगा। ता. २६ को यदि सूर्य समय बादल हो तो आगे वर्षा की भारी कमी। यदि वर्षा हो जाए तो अनाज मंगसिर में काफी मन्दा बिकेगा। ता. २७ जुलाई मिथुने शुक्र एक मास के अन्दर गेहूं, अनाज में तेजी तथा चावलों में विशेष तेजी तथा गुवार, घी में अच्छी मन्दी लायेगा एवं तूफान के साथ हवा चलेगी।

अगस्त मास फल—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ४, ७, १४, १८, २५ तथा मन्दी की प्रमुख तारीखें ता. ६, ९, २३, ३० हैं। इन ता. में व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी मन्दी के झटके संभव हों। ता. २ अगस्त आर्द्रा शुक्र वर्षा कारक है। चांदी, रुई, सोना, अलसी में ५ दिन तेजी चलकर मन्दी आयेगी. ता. ४ अगस्त शनिवारी पूनम श्रवण युक्त है। **पूनम को श्रवण रहे सुख सुभिक्ष सर्वत्र।** सुभिक्षकारी तथा शेयर्स में दिन ३ के अन्दर विशेष तेजी के झटके संभव तथा चार दिन बाद चना, मटर, सरसों, मूंगफली, बिनौले, गेहूं, गुवार, आलू आदि में अचानक तेजी आयेगी। अच्छी तेजी भी संभव हो। ता. ४ अगस्त यदि आज आकाश निर्मल रहे तो श्रेष्ठ है। यदि बादल हो तो घी, तेलों के व्यापार से आगे लाभ होगा।

भाद्रपद मास फल—इस मास में ५ रविवार, अमावस्या, पूनम भी रविवारी हैं। **क्रूरवार तेजी करे मावस पूनम दोय।** के अनुसार मास में बाजार तेज रहेगा। रविवारी मावस में घी मंहगा होगा। बदी पक्ष में वर्षा योग तो सुदी पक्ष में बड़े-बड़े बादलों की घटा चढ़े। मास तेजी प्रधान रहे। बदी पक्ष में अनाज कुछ मन्दा रहेगा। ता.५ अगस्त आश्लेषा बुध दिन ८ में गुजरात-सौराष्ट्र आदि प्रदेशों में भारी वर्षाकारक है तथा तिलहन, दलहन, गुड़, खाण्ड के भावों में वृद्धि होगी। बदी-२ सोमवारी उत्तम पैदावार की संकेत देती है। **भादव कृष्ण दूज को सोमवार शुभवार। पशुओं में वृद्धि घणी, उत्तम पैदावार॥** *(भविष्य भारती)* यदि आज आकाश बादलों से ढंक जाए तो अनाज मन्दा होगा। स्टाक करके फाल्गुन में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. ११ अगस्त सिंहे बुध रस पदार्थों, गुड़, खाण्ड आदि में मन्दी कारक। अनाज, सोना, चांदी, रुई के भावों में तेजी कारक है तथा तिलहन में दिन १० के अन्दर एक दो उछालें अच्छी तेजी के संभव होंगे। ता.१६ अगस्त सिंह संक्रांति रस पदार्थ, तिलहन, धातुओं, हल्दी, लाल रंग के पदार्थों में तेजी कारक है। बुध का उदय वर्षा कारक है। भडुली जी कहते हैं—**सिंहा हुति दस दिन जो उगै बुध राय पो होवी रंग बधावना घर घर पाणी थाय॥** ता. २० अगस्त प्रतिपदा

का क्षय सुदि पक्ष में तेजी कारक है। यथा—**पड़वा पांचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करे तेजी हो जब छीन॥** आज का चन्द्रदर्शन भी तेजी में सहायक है। अनाजों, धातुओं, तेलों, तिलहन पदार्थों के भावों में वृद्धि होगी। परन्तु एक मास के अन्दर भाव ऊंचे नीचे चलते सम रहे। सुदी ३ मंगलवारी उ.फा. युक्त है। **उ.फा. भादव तीज में मंगलवार बिचार। बादल दलबल से चढ़ै, पड़ै नहीं जलधार॥** वर्षा में रुकावट तथा यह योग बाजारों में तेजी का संचार करेगा। ता. २२ अगस्त कर्के शुक्र—रुई, घी में अच्छी मन्दी कारक तथा अनाजों में भी घटबढ़ से मन्दोकारक तथा अन्य प्राय: प्रमुख वस्तुओं में तेजी लायेगा। ता. २४ अगस्त धनु मंगल, मूल पदार्थो, द्रव्य पदार्थ, घी, सोना, चांदी, अनाज, चावल, मूंग, बिनौला, सरसों आदि के भावों में तेजी का संचार करेगा परन्तु रुई में आगे अच्छी मन्दी आ सकती है। सावधान! दिन १२ के अन्दर किसी प्रसिद्ध सट्टेबाज की धर-पकड़, चोर बाजार की रुकावट तथा रुई, सोना, लाख, चपड़ा गुड़, पारा, हींग, खाण्ड आदि में मन्दी का जोश भर जायेगा। अर्थात् अच्छी मन्दी आने के योग हैं। ता. २६ अगस्त को यदि दिन रात आकाश निर्मल रहे अर्थात् सूर्य चन्द्रमा साफ दिखाई दे तो जौ, मूंग, बाजरा, कांगनी, गुवार, मटर, चना, मोंठ, उर्द, चावल, तीसी आदि सभी तरह का नमक, सूत वस्त्रों में पांच मास तक तेजी चलेगी।

सितम्बर मास फल—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ८, १५, २२, २५, २९ तथा मन्दी की ६, २०, २७ हैं। इन तारीखों में कुछ विशेष तेजी मन्दी के झटके संभव होंगे। ता.२ सितम्बर रविवार पूनम तेजी का संचार करेगी। सरसों, गुड़, तेलों में दिन ३ के अन्दर तेजी के झटके आयें। शकुन—**भादव शुक्ला पूर्णिमा बादल बिजली गाज। बादल में चन्दा उदय, बेचो शीघ्र अनाज॥** परन्तु आसमान साफ रहे तो अनाज स्टाक करें। आगे लाभ होगा।

प्रथम आश्विन मास फल—(ता. ३ सितं. से २ अक्टू.) इस मास में मिले जुले फल होंगे। बदी पक्ष में वस्तुएं तेज होकर मन्दी होंगी। तो सुदी पक्ष में वस्तुएं मन्दी होकर तेज होंगी तथा दलहन, चावल, घी,रुई, सोना, चांदी आदि में तेजी रहकर कुछ एक दो उछाले अच्छी तेजी के भी संभव होंगे। सुदी पक्ष के अन्त से शनि, बुध दोनों वक्री हैं जो कि २४ अक्टू. तक साथ-साथ वक्री रहेंगे। इस दौरान तिलहन बाजारों (तेल के बीज) में गिरावट आयेगी। यह संवत् लोंद का है। अत: गुड़, मीठा आदि के व्यापारी लाभ उठा सकेंगे। भड्डली जी कहते हैं—**दो आश्विन दो भादव दो आषाढ़ के माह। सोना चांदी बेचकर नाज वो साहों साह॥** अर्थात् सोना, चांदी भी बेचकर अनाज खरीद लेना चाहिए। लाभ होगा। मास में राजनीति में आपसी फूट कलह आदि अधिक तथा सूर्य की गर्मी अधिक एवं रोगों की बाहुलता रहेगी। ता. ४ सितं. आर्द्रा गुरु दिन २० के अन्दर सुगन्धित पदार्थ, सर्व रस पदार्थ, अनाजों के भावों में गिरावट तथा सोना, चांदी, रुई, चावलों में विशेष घटबढ़ की संभावना रहे। रुख देखकर काम करें। यदि आज आकाश बिल्कुल निर्मल (साफ) रहे तो अनाजों में मन्दी का रुख हो जायेगा। ता. ५ सितं. आश्लेषा शुक्र दिन १२ के अन्दर जहरीले कीट पतंगे, सर्पो आदि से जनमत को भय तथा चावल, चांदी, दलहन, अनाजों में मन्दी लायेगा। अचानक मन्दी भी संभव है। ता. १३ सितम्बर चित्रा बुध दिन ८ में रुई, चांदी में घटाबढ़ी। वर्षा की खैंच तथा अनाजों में कुछ तेजी का संचार होगा। घी, सरसों, रेशम, उर्द, सुपारी के भावों में भी मजबूती आएगी। ता. १५ सितं. बदी १३ शनिवारी—**आश्विन तेरस शनि दिना सूर नखत पर सूर। अन्नहीन भूमि रहे, मन्दी समझो दूर॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार अनाजादि में निसन्देह आगे तेजी का वातावरण बनेगा। ता. १६ सितं. को यदि हवा जोरों की चले तो दस दिन बाद ही अनाज, गल्ला, माल में तेजी आ जायेगी। आज सिंह शुक्र—वर्षा बन्द हो जायेगी। लाल रंग की वस्तुएं, अनाज, घी, रस पदार्थ, मजीठ आदि में तेजी कारक है। इनके भावों में आगे वृद्धि होगी। कन्या की संक्रान्ति अग्नि मण्डल में होने से एक मास के अन्तर्गत अग्निकाण्ड की घटनाओं में वृद्धि होगी तथा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार होगा। ता. १७ सितं. सोमवती मावस मन्दी कारक है। दिन ५ के अन्दर प्राय: वस्तु में गिरावट आयेगी। आसोज मास में हो से—**सोमवती मावस पड़े कभी जु आश्विन मास। अन्न खाण्ड गुड़ तेल में मन्दी का आभास॥** *(भविष्य भारती)* ता. १८ सितम्बर सुदी एकम् मंगलवारी पक्ष में दलहन, मूंग, घी, सोना, चांदी, रुई आदि में बाजार तेज रहे तथा कुछ तेजी भी संभव। आज का चन्द्रदर्शन भी तेजी को सपोर्ट करेगा। एक मास के अन्दर प्राय: व्यापारिक वस्तुओं के भावों में बढ़ोत्तरी होगी तथा चावलों में लगातार तेजी का रुख रह सकता है। ता. २५ सितं. सुदी ९ मंगलवारी—**नवमी मंगलवार जो शुक्ला आश्विन मास। मूंग मोंठ चोला उर्द संग्रह करो कपास॥** *(भविष्य भारती)* उपरोक्त दाल, अन्न एवं रुई का स्टाक करके आगे बेचें। उत्तम लाभ होगा। यह एक चांस है। पौष-माघ में कोहरा अधिक पड़ेगा। फसलों को नुकसान की आशंका रहे तथा कार्तिक मास में इसी के प्रभाव से गेहूं, चना भी तेज हो जायेगा। ता. २९ सितं. पुनर्वसु गुरु दिन १० में रुई, चांदी में मंदी चले तथा अनाज तेज होंगे। ता. ३० सितं. वक्री बुध, रस पदार्थो, सोना में तेजी कारक को तिलहन के भावों में गिरावट लायेगा।

अक्टूबर मास फल—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें २, ६, ९, १३, १६, २०, २३, ३० तथा मन्दी की ४, १८, २९ अक्टू. हैं। इन तारीखों में विशेष तेजी मन्दी के झटके संभव हैं। ता. २ अक्टू. मंगलवारी पूनम किराना शेयर्स, तिलहन के भावों में वृद्धि करेगी। यदि आज आकाश में बादल हों तो अनाज का स्टाक करके चैत्र में बेचने से लाभ होगा। यदि आज आकाश निर्मल रहे तो शुभ है। अनाज मन्दा हो जायेगा।

द्वितीय आसोज मास फल—(३ अक्टूबर से १ नवम्बर तक) इस मास में पांच बुधवार तथा पांच ही गुरुवार उत्तम फलदायक हैं। बदी पक्ष या इससे कुछ दिन पूर्व घी सस्ता हो तो स्टाक करके कार्तिक में बेचें लाभ होगा। यह एक चांस है। मास में रुई, अनाज के व्यापारियों को रुख देखकर काम करना चाहिए क्योंकि कभी भी भारी मन्दी अथवा तेजी आ सकती है। कुल मिलाकर बदी पक्ष में तेजी तो सुदी पक्ष में बाजार मन्दा रहे। बदी पक्ष में प्राय: सभी खाद्य पदार्थों, घी, तेलों, सब्जियों, आलू, प्याज में तेजी चलेगी तथा किसी-किसी वस्तुओं में अच्छी तेजी भी संभव है। ता. ७ अक्टूबर बदी ५ रविवारी-माघ की मावस के आसपास घी में तेजी लायेगी। परन्तु अभी घी मन्दा हो। **आश्विन कृष्ण पंचमी जो होवे रविवार। माघी मावस को अवश्य घी का तेज बाजार॥** वक्री बुधास्त दिन १३ के लिए गल्ला, अनाज, चांदी में अच्छी तेजी तो हल्दी, किराना, सामान के भावों में भी तेजी का संचार करेगा। ता.१० अक्टू. कन्या शुक्र तीन सप्ताह के अन्दर प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान, अनाज तेज,चावलों में विशेष तेजी तथा शाल की लकड़ी में भारी तेजी आयेगी। ता. १२ अक्टू. उ.षा. मंगल—मास के अन्त तक रुई में अचानक अच्छी तेजी अस्थाई तौर पर आने के योग हैं। सावधान! घी, तेल, सरसों के भाव भी बढ़ेंगे। ता. १६ अक्टू. से दिन ३ के अन्तर्गत प्राय: वस्तुओं में एक दफा तेजी के उछाले लायेगी। ता. १७ अक्टू. सुदी एकम् बुधवारी तेजी कारक है। **पड़वा आठै पूर्णिमा जो बुधवारी आए। सभी वस्तु बाजार की महंगे भाव बिकाय॥** *(भविष्य भारती)* परन्तु कन्या राशि में बुध-शुक्र योग मन्दी कारक है जो कि सुदी पक्ष के अन्त तक है। तेजी कारक योगों से अच्छी तेजी की उम्मीद नहीं है। परन्तु मन्दीकारक योगों से अच्छी मंदी संभव होगी। अत: रुख देखकर काम करें। ता. १८ अक्टू. से दिन १३ के अन्दर जो भी वस्तुएं तेज हों वह बेचना। जो वस्तुएं मन्दी हो खरीदना चाहिए। इस दौरान अन्न मन्दा हो तो खरीदें। आगे लाभ होगा। यह एक चांस है। ता. २७ अक्टू. सुदी एकादशी शनिवारी—**आश्विन सुदी एकादशी शनिवारी इकठौर। छत्र भंग हो, उपद्रव करे शत्रु अरु चौर॥** किसी राज्य के मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन हो तथा शत्रुओं, चोरों का उपद्रव बढ़ायेगी तथा दिन १२ के अन्दर महाराष्ट्र, गुजरात के इलाकों में भारी वर्षा होने के योग हैं तथा रुई में इस दौरान अच्छी तेजी मंदी के झटके आ सकते हैं। रुख देखकर काम करें।

नवम्बर मास—इस मास में तेजी की प्रमुख तारीखें ३, ७, ८, १७, २० हैं तथा मन्दी की तारीखें १२, १५, २६ हैं। इन तारीखों में विशेष तेजी मन्दी के झटके संभव हों। ता. १ नवं. श्रवण मंगल तेजी कारक है। **श्रवण नखत पर कोई ग्रह हो क्रूर। अन्न भाव मंहगा रहे, गेहूं, तेज जरूर॥** के अनुसार दो सप्ताह के अन्दर अनाजों में अच्छी तेजी, रुई में घटबढ़, नशीले पदार्थों, तम्बाकू, सोना, चांदी, धातुओं के भावों में भी चमक आयेगी।

कार्तिक मास—(ता. २ नवं. से ३० नवं.) यह मास व्यापारियों के हक में अच्छा नहीं है। मास तेजी प्रधान है। बाजारों में तेजी के बावजूद व्यापारी वर्ग कोई खास लाभ नहीं उठा सकेगा। यथा—**मावस्या तुल चन्द्रमा मंगल मकर विचार। रोगों से नासै प्रजा, निष्फल हो व्यापार॥** *(भविष्य भारती)* यह योग नेष्ट फलकारी है। मास में अनाजों में अच्छी तेजी केयोग हैं। दलहन, तिलहन, तेल, घी, रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, किराना, धातु आदि प्रमुख बाजार तेज रहें। परन्तु रुई मन्दी रह सकती है। रुख देखते हुए सीमित व्यापार करें। शकुन—**कार्तिक गर्जे**

मेघ तो उत्तम पैदावार। किन्तु अन्न का रोज ही मंहगा चले बाजार॥ *(भविष्य भारती)* कार्तिक मास में उल्कापात हो, भूल भरी आंधी चले, बिना बादल के वर्षा हो या अन्य कोई उत्पात हो, तो शीघ्र सर्व अनाजों का स्टाक करके चार मास बाद बेचने से अच्छा लाभ हो। ता. ४ नवं. गुरुदेव वक्री होंगे। किराने की प्रमुख वस्तुओं, धातुओं में तेजी कारक हैं तथा पशुओं के भावों में आठ मास तक तेजी चले। यहां शनि भी साथ वक्री चल रहा है। **साथ-साथ गुरु-शनैश्चर दोनों वक्राचार। जौ, गेहूं, मकई, मटर तेज, बाजार, जुवार॥** *(भविष्य भारती)* दोनों वक्री साथ-साथ फरवरी प्रथम सप्ताह २००२ तक रहेंगे। इस दौरान अनाजों में जनरल लाईन तेज चलेगी। परन्तु इस दौरान रुई मन्दी रह सकती है। ता. ६ नवं. बदी ५ आर्द्रा नक्षत्र युक्त है। पशुओं का चारा तेज होगा। **कार्तिक कृष्णा पंचमी को आर्द्रा आ जाए। कम वर्षा हो, घास अन्न चारा तेज बिकाय॥** *(भविष्य भारती)* ता. ८ नवं. स्वाति पर बुध-शुक्र योग मन्दी कारक है। दिन १० के अन्दर रुई में भारी मन्दी अचानक तथा अनाज मन्दा एवं गुड़, घी में तेजी आयेगी तथा ता. ९ एवं १० नवं. २ दिन (सूर्योदय से ४८ घंटे) यदि अनाज मन्दा हो तो जरूर स्टाक करें। आगे लाभ होगा। ता. १० नवं. बदी १० शनिवारी सुपारी, घी में तेजी लायेगी तथा प्रजा में रोग बढ़ेंगे। **दशमी कार्तिक बदी में शनिवार संयोग। पूंगीफल घी तेज हो, बढ़े प्रजा में रोग॥** *(भविष्य भारती)* ता. १४ नवं. बदी १४ बुध श्री महालक्ष्मी पूजन टाईम १४ बजे उपरान्त अमावस्या कहा गया है। **बुध गुरु की आए दीवाली, जीवें रंक मरे भड़साली।** शुभ सुभिक्षकारी है। अमावस्या को स्वाति नक्षत्र का योग होने से फसलों को हानि की संभावना तथा योग न्यून होने से हानि की संभावना भी न्यून रहेगी। ता. १६ नवं. वृश्चिक संक्रान्ति लाल रंग की वस्तुओं में मन्दीकारक है। इस संक्रांति काल में (एक मास तक) जो वस्तुएं तेज हों खरीदने से परहेज करें। अन्यथा लाभ नहीं होगा। आज से बुध शुक्र की तुला राशि में मीटिंग होगी। अतः प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में गिरावट के बिल पास होंगे। गुरु का समर्थन भी हासिल होने से अच्छी गिरावट भी आ सकती है। यह मीटिंग एक सप्ताह तक चलेगी। इस दौरान सावधानी से रुख देखकर काम करें। ता. २५ नवं. सुदी १० रविवारी पूनम तक रुई में तेजी के झटके लायेगी। ता. २७ नवं. वृश्चिके शुक्र—**मंगल के घर शुक्र हो, अन्न तेज तब जान।** अनाज दलहन, अलसी में तेजी। यहां बुध-शुक्र-सूर्य का योग भी तेजी को बढ़ावा देगा। दस दिसम्बर तक यह योग है। यहां तीनों एक विशेष पोजीशन में होने से रुई, तिल तेलों, तिलहन, दलहन के भावों में वृद्धि होगी। यथा—**आगे सूरज बीच बुध पीछे भृगु महाराज। गल्ला रुई उर्द तिल तेजी तिलहन माल॥** *(भविष्य भारती)* ता. ३० नवं. शुक्रवारी पूनम यदि आज आकाश में बादल हो तो आगे रुई में अवश्य तेजी आयेगी। यह नोट कर लें। कुम्भ राशि में मंगल प्रवेश से अपने भ्रमण काल में लाल मिर्चों, अनाजों, धातुओं, रस पदार्थों में तेजी लायेगा। परन्तु रुई, चांदी में आगे भारी घटबढ़ चल सकती है। सो ध्यान दें।

दिसम्बर एवं मार्गशीर्ष मास—इस मास में पांच शनि तथा पांच ही रविवार हैं। **मार्गशीर्ष के मास में पांच होंय रविवार। पांच शनैश्चर हों तो तेजी होय अपार॥** *(भविष्य भारती)* के अनुसार प्रायः प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी चलेगी तथा मास तेजी प्रधान रहेगा। परन्तु बदी पक्ष की अपेक्षा सुदी पक्ष में अधिक तेजी रहेगी तथा सुदी पक्ष में गेहूं के व्यापार से लाभ एवं सोना, चांदी, रुई में कुछ भारी तेजी के उछाले संभव हों। ता. ३ दिसं. बदी ३ आर्द्रा नक्षत्र युक्त है। **मंगशिर लागत तीज को पुनर्वसु आर्द्रा आए। राजा प्रजा सुखी रहे, मन्दा धान्य विकाय॥** *(भविष्य भारती)* सुभिक्षकारी योग है अनाज मन्दा होगा। ज्येष्ठा में सूर्य, बुध योग चावल, घी, रस, पदार्थ, गुड़, खाण्ड, गन्ना आदि के भावों में वृद्धि करेगा। ता. ४ एवं ५ दिसं. को यदि आकाश बादल से ढंक जाए तो यह समझना चाहिए कि आगामी संवत् में वर्षा उत्तम होगी। ता. ७ दिसं. को यदि आकाश दिनरात निर्मल रहे तो वैशाख में अनाज मन्दा बिकेगा। यदि बादल हो तो बैशाख में तेज बिकेगा। ता. १० दिसं. ज्येष्ठा शुक्र दिन १२ के अन्तर्गत सोना, चांदी, रुई, चावलों में मन्दीकारक तथा अनाज, सरसों, तिलहन में तेजी कारक है। ता. १२ दिसं. द्वादशी का क्षय नेष्ट फलकारी है। **मंगसिर पहले पाख में कोई तिथि घट जाए। झगड़ा और फिसाद नित लोगों में अधिकाए॥** ता. १४ दिसं. शुक्रवारी मावस दिन ३ के अन्दर चांदी, शेयर्स में तेजी के झटके तथा रुई में मन्दी लायेगी। यदि आज सुबह सूर्योदय बादलों के बीच उगता दिखाई दे तो यह समझना चाहिए कि आगे अन्न की पैदावार कम होगी। ता. १५ दिसं. सुदी एकम् शनिवारी पक्ष में प्रायः व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार करेगी। धनु संक्रांति घी में प्रथम तेजी तथा बाद में मन्दा लायेगी। इस संक्रान्ति काल में (अगली संक्रांति लगने से पूर्व) चावल मन्दे हों तो स्टाक करके आषाढ़ मास के करीब बेचें तो अच्छा लाभ हो तथा इत्र, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों का स्टाक करके एक मास बाद ही बेचने से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। यदि आज वर्षा हो तो चना, गेहूं की रिकार्ड पैदावार होगी। ता. १६ दिसं. आज का चन्द्रदर्शन दिन १५ के अन्तर्गत गुड़, तेल, सरसों में अच्छी तेजी आने का संदेश देता है। सोना, चांदी में भी विशेष तेजी के झटके आयेंगे। ता. २१ दिसं. धनु राशि में शुक्र का प्रवेश होकर पूर्व में अस्त हो जायेगा। जो कि ८ फर. २००२ को उदय होगा। तीन सप्ताह अनाजों में तेजी चलेगी। प्रजा में समानता एवं संगठन बढ़ेगा। घी, तेल, रेशम में मन्दी कारक। गुजरात में सुभिक्षकारी तथा फसल अच्छी, यदि शुक्रास्त समय वर्षा हो जाए तो प्रायः सर्व वस्तु, धातु, अनाजों में मन्दी की चाल बन जायेगी। ता. २७ दिसं. पू.भा. मंगल दिन २० के अन्तर्गत अलसी, सरसों आदि समस्त तिलहन पदार्थों, धातुओं, सुपारी, बारदाना आदि में तेजी का संचार करेगा। बुध का उदय भी तेजी को सपोर्ट कर रहा है। **मंगसिर में बुध का उदय अथवा भृगु का अस्त। अन्न तृण चारा कम मिले, बेचो पशु समस्त॥** के अनुसार पशुओं के चारे तथा अनाजों में भी तेजी आयेगी। ता. ३० दिसं. रविवारी पूनम तेजी कारक है। यदि आज रात्रि को चन्द्रमा निर्मल रहे अर्थात् बादल आदि न हो तो अनाज का स्टाक आगे शीघ्र लाभ देगा।

आवश्यक सूचना-

नोट—यह लेख ग्रहों के दृष्टि सम्बन्ध, राशि परिवर्तन, वक्री-मार्गी, उदयास्त, तिथि, वार, नक्षत्र, योग, ग्रहों के नक्षत्र, चरण परिवर्तन आदि अन्य महत्वपूर्ण योगों के आधार पर लिखा गया है। एक ही समय में एक योग तेजी का तथा दूसरों योग मन्दी का हो तो सन्देह में न पड़ें। लाभ-हानि में हमारी कभी भी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। हमारे लेखों से लाभान्ति होने पर हजारों व्यापारियों नें हमें प्रशंसा पत्र भेजे हैं। हम उनके आभारी हैं। यह लेख बहुत ही संक्षेप में लिखा गया है। पूरा व्यौरा सिलसिलेवार, पूरे वर्ष का जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक **भविष्य फल प्रकाश सन् २००१ ई.** की मंगाकर लाभ उठाएं। यह संवत् भारी उथल-पुथल वाला है। भारी लाभ देने वाले कई महत्वपूर्ण योग हैं। अतः व्यापार की उन्नति के लिए यह पुस्तक अवश्य मंगा कर पढ़ें। प्रकाशित हो चुकी है।

ज्योतिष शास्त्र के आधार पर बाजार भावों की तेजी-मन्दी मन्दी के बारे में विश्लेषण एवं पुर्वानुमान से सम्बन्धित यह पुस्तक गत् ५२ सालों से लागातार प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में वर्ष भर की दैनिक तेजी-मन्दी, मासिक विश्लेषण, माल स्टाक करने के उचित मौके, माल खरीदने बेचने की महत्वपूर्ण तारीखें (प्रत्येक मास की), अनाज, दलहन, किराना, बाजार, तिलहन बाजार, सरसों, सोना, चांदी आदि सर्व धातुएं, शेयर्स, गुड़, खाण्ड, घी आदि रस पदार्थ, आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, रुई,पाट, बारदाना आदि वस्तुओं के स्पेशल चांस (वर्ष भर की लाईनें), महत्वपूर्ण कट लाईनें लेख चांस आदि इस एक ही पुस्तक में अलग-अलग चैपटर देकर प्रकाशित किया गया है। मूल्य १००/- प्रति कापी तथा २५/- डाक व्यय अलग। कुल १२५/- होगा। रुपया मनीआर्डर पोस्टल आर्डर द्वारा ही भिजवाएं। समय पूर्व मंगा लें। ताकि उचित अवसर पर स्टाक आदि कर सकें। आज ही आदेश भेजें।

हमारी दूसरी पुस्तक **भविष्य भारती** अर्घकाण्ड सम्बन्धी अद्भूत कविता पुस्तक (टीका सहित) जो कि हिन्दी दोहों के रूप में हैं। इस पुस्तक पुस्तक में ज्योतिष के योग (फारमूले) आदि दिये गये हैं। उपयोगी पुस्तक है। मूल्य ४५/- डाक व्यय १५/- अलग होगा। पुस्तकें वी.पी. से मंगाने के लिए ५०/- का मनीआर्डर भेजना आवश्यक है। दोनों पुस्तकों के लिए १५०/- का मनीआर्डर भेजने पर डाक व्यय फ्री।

१. भविष्यफल प्रकाश पुस्तक के लिए १००/- का मनीआर्डर अग्रिम भेजन पर १०/- की वी.पी. के पुस्तक भेजी जायेगी। यानि १५/- की बचत होगी। अपना पता साफ-साफ हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी भाषा में पिन कोड सहित लिखें। पत्र, मनीआर्डर केवल हमारे नये पते पर ही भेजें। खोरी के पते पर भेजने से डाक काफी लेट प्राप्त होती है। अतः भविष्य में निम्नलिखित पते से पत्र, मनीआर्डर आदि भेजें।

पता—श्री रामावतार गुप्ता "व्यापार भूषण"
राव उमराव सिंह मार्केट, आर्य समाज रोड, नई सब्जी मण्डी,
रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा) दूरभाष : ०१२७४-२३९४७

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव

निर्देशक–डॉ. वसंत लाल व्यास (स्वर्ण, रजत प्राप्त, ज्यो. सम्राट), लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा), उ.प्र. (पिन-२८१२०४, सम्पर्क सूत्र-०५६५-८३३३५३

"शशिनि खलु कलंक: कंटक पध्मनालम्"

अर्थात् चन्द्रमा में भी कलंक है, कमल की नाल में भी कांटे हैं, समुद्र अथाह है लेकिन जल खारा है। विद्वान जितना अधिक है उतना ही निर्धन है। रत्नों में भी अनेक दोष देखे जाते हैं। यह विधाता का विधान है। निर्दोष तो भगवान शंकर पाए गए हैं। प्रिय सज्जनों मेरी अल्प बुद्धि से निर्णण किए **लघु ग्रन्थ** में दूषण होना जरूरी है। फिर भी विद्वज्जनों से प्रार्थना है अगर आपको कोई दोष दिखाई दे। मुझे सूचना अवश्य कर दें जिससे सुधार हो सके। चन्द्रोदय का प्रभाव सिर्फ एक मास रहता है।

चैत्र—नव संवत् २०५८ का नवीन व प्रथम चन्द्रमा २६ अप्रैल चैत्र शु. १ सोमवार रेवती नक्षत्र में हो रहा है। यह चन्द्रोदय ३० मुहुर्त्ती है व उदित समय दक्षिण श्रंग्य उच्च होगा। उदित समय इसका रंग लाल होगा। **अरुण: शीतल किरण: करोति रस हानि रुग्नरणमरणम्** से रस हानि व उग्र युद्ध में मरण होता है व जौ, गेहूं के भाव तेज। गुड़, खाण्ड, शक्कर में मंदी, वस्त्र, रुइं, सूत, सोना व रंग में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी से मंदी चलेगी। अन्न के भाव सर्पमुखी चाल में तेजी का मान करें। उड़द, चना, मटर, ज्वार, बाजरा, अरहर, चीनी मिश्री के भावों में तेजी का मान होगा। तृष, धान्य वृद्धि; सरसों, तिल, तेल, अलसी, सोयाबीन के भावों में तेजी का मान स्थिरता को बल देगा। घी के भाव घटाबढ़ी में चलकर चमक पाने की कोशिश करेंगे; लौंग,जायफल,सिन्दूर, गेरू के भावों में तेजी। प्रजा में क्षेम आरोग्यता व कहीं-कहीं आंशिक रूप से विद्रोह, राजनेताओं में परस्पर क्लेश का वातावरण रहेगा।

बैशाख—२५ अप्रैल सन् २००१ को बैशाख शुक्ल २ बुधवार को हो रहा है। इसका दक्षिण श्रृंग उच्च होगा। चन्द्रदर्शन कृत्तिका नक्षत्र व वृष राशि पर है। **"वृषेमासतिला गुरु तुष धान्य महर्घता"** से उड़द, तिल, लोहा, तेल, गेहूं, जौ, चना के भावों में तेजी। अफीम, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल के भावों में मंदी का मान होगा; चांदी, सोना, रुई, सूत, वस्त्र, सन, वारदाना, जूट, खाण्ड के भावों में गिरावट; घी के भावों में तेजी बनी रहेगी। यदि उदित समय चन्द्रमा की आकृति कुण्डल जैसी हो तो व्यापारी को निर्देश है कि अन्न का संग्रह करें। विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। श्रृंगार प्रसाधन के सामानों में तेजी। रस, दूध के भावों में मन्दी। अल्प वर्षा, कहीं-कहीं ज्वर का प्रकोप अधिक फैले। झगड़े, फसाद आन्दोलन व किसी बड़ी अग्नि दुर्घटना का योग है।

ज्येष्ठ—२४ मई सन् २००१ को ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्त्ती है। उदय के समय इसके दोनों श्रृंग शूल के समान होंगे। **"व्याधि चौर भयं शूले"** से दुख, रोग, चोर, तस्करों व बदमाशों, उग्रवादियों से भय बने। चन्द्रमा मिथुन का है। अत: कपास, सूत, धान्यों के भावों में तेजी। गेहूं, जौ, चना, रुई, सूत तेज। नशीली वस्तु, सूती व रेशमी वस्त्र, घी, दूध, दही, शहद के भावों में तेजी। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड के भावों में मन्दी का मान होगा।यदि चन्द्रमा पर कुण्डल मण्डल सफेद रंग का हो तो वर्षा। लाल रंग का हो तो वर्षा में कमी। सभी रसायन पदार्थों पर तेजी। गाय, भैंस आदि पशु पीड़ित रहें। गर्म हवाओं का प्रकोप से प्रजा में अनेक रोग हैजा आदि से पीड़ित रहें। किराना बाजार में भी तेजी। लाख, चपड़ा, गेरू, पत्थर, लहसुन के भाव में घटाबढ़ी के साथ भावों में स्थिरता को बल देंगे।

आषाढ़—२२ जून सन् २००१ ई. आषाढ़ शुक्ल मास को नवोदय चन्द्र का दर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ४५ मुहूर्त्ती है। उदित समय चन्द्रमा का वर्ण पीला रंग का होगा व उदित समय इसके दोनों श्रृंग समान होंगे। **अनावृष्टि: कर्क राशौ** अर्थात् अनावृष्टि का योग है। गुड़, रुई, खाण्ड, चीनी, चावल, बूरा के भावों में घटाबढ़ी के साथ तेजी का मान होगा। सरसों, तिल, तेल, गेहूं, उड़द, चना, जौ, ऊनी वस्त्र में मन्दी का मान होगा। चांदी, सोना, रुई प्रथम मन्दी का मान कर तेजी की ओर अग्रसित रहेंगे यदि कुण्डलाकार आकृति में दूरी हो तो वर्षा बहुत होगी। यदि पास दिखाई दे तो वर्षा में रुकावट का योग है। राजनेताओं में वाद-विवाद, आरोप, प्रत्यारोप से राजनीति प्रभावित होगी। किरात, यवन प्रदेश के लोगों को कष्ट। कहीं-कहीं अधिक वर्षा से बाढ़ आदि से धन, जन की हानि होगी। घोड़ों में रोग से कष्ट।

श्रावण—२२ जुलाई सन् २००१ रविवार को श्रावण मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। उदित समय इसका रंग पीत व दोनों श्रृंग सम रहेंगे। **सिंहे धान्य महर्घता** से सभी धान्य जैसे जौ, गेहूं, ज्वार, बाजरा, उड़द, चना के भावों में तेजी का योग व पश्चिमी प्रदेशों में वर्षा अधिक होगी। शेयर बाजार आवरेज व वायदा व्यापार में हानि व मन्दी का योग है। गुड़, तेल, घी, सोना, चांदी के भावों में घटाबढ़ी होगी। रुई के भावों में घटाबढ़ी से मन्दी होगी। शक्कर, कपूर, मोती, जवाहरात, मूंगफली, शेयर, तिल तेल, अलसी, नारियल, मूंग, केसर, चीनी, चावल, मैदा, घी के भावों में घटाबढ़ी से स्थिरता को बल प्राप्त होगी व किसी-किसी में विशेष चमक।

भाद्रपद—२० अगस्त सोमवार को भाद्रपद मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। उदित समय वर्ण पीत व दोनों श्रृंग शूल के समान होंगे जो पशुओं के व्यापारियों को शुभप्रद नहीं है। क्योंकि **चतुष्पद विनाशोपिरा** अर्थात् चौपाये पशु को बीमारी व रोगों से संख्या में कमी व कष्टदायक है व किसी ०क्षेत्र को लेकर बंटवारे में उपद्रव कारक भी है। विदर्भ प्रदेशों में युद्ध,आन्दोलन, बन्द, हत्या, प्रदर्शन होगा व नमक, चावल, जौ, उड़द, चना, अरहर, ज्वार, बाजरा के भावों में मंदी का मान होगा। किसी किसी जिन्स में विशेष मन्दी। सरसों, तिल, तेल, गुड़, कपास में तेजी। रुई गिरे भावों में सुधार बना लेगी। सूत, सन, सोना, रंगों के भावों में तेजी का मान होगा। उड़द, घी, मूंग के भावों में घटाबढ़ी से तेजी, अल्प वृष्टि, अधिक वर्षा से प्रकृति प्रकोप व जन-धन की हानि होगी।

प्र. आश्विन—१९ सितम्बर सन् २००१ को प्रथम आश्विन मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है व इसी दिन अधिक मास का आरम्भ हो रहा है। उदित समय चन्द्रमा का वर्ण श्वेत अर्थात् सफेद व दोनों श्रृंग समान होंगे। **"द्विज पीड़ा कन्यायां"** विप्र वर्ग को कष्ट प्रदायक है। शाली, घी के भावों में तेजी कारक व सूत, कापस में मन्दी कारक है। अन्न उत्पत्ति उत्तम व वर्षा उत्तम होगी। अफीम, गुड़, खाण्ड में तेजी। रुई में घटाबढ़ी से मन्दी व जौ में अच्छी मन्दी का योग है अन्यथा प्राय: अन्न व वायदा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा। सोना, चांदी, घटाबढ़ी के साथ तेज होंगे। गुड़, सरसों, मूंगफली भी तेजी बनायें।

द्वि. आश्विन—दिनांक १८ अक्टूबर सन् २००१ ई. गुरुवार को आश्विन द्वितीय मास का नवीन चन्द्र दर्शन हो रहा है। उदित समय इसके दोनों श्रृंग समान व वर्ण श्वेत रंग का होगी। **"वृश्चिके धान्य निष्पति"** से धान्य की पैदावार अच्छी। कुरू व पंजाब निवासियों को कष्ट प्रदायक। वर्षा सुन्दर, रस, कस, शाली, ईख, तेल, घी के भावों में तेजी आकर स्थिरता रहेगी। रुई, कपास, मूंग तेज। गेहूं, के भावों

में मन्दी का मान होगा। सूत, सूती वस्त्र, ऊनी वस्त्र, ऊन, तिल, तेल घी के भावों में तेजी। सोना, चांदी, शेयर, खाण्ड, गुड़, घटाबढ़ी के साथ मन्दी का मान करेंगे। पशु, पक्षी, पीड़ित रहेंगे। अरहर, तेल, घी, इत्र आदि के भाव तेज। कंगनी, चावल भी मन्दी का मान करेंगे।

कार्तिक—तारीख १६ नवम्बर सन् २००१ शुक्र को कार्तिक मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। उदित समय चन्द्रमा का वर्ण श्वेत व आकृति टेढ़ी होगी और उसी दिन सूर्य नारायण भी चन्द्र के साथ युति करेंगे। अतः गेहूं, जौ, उड़द, चना के भावों में तेजी आएगी। गुड़, चीनी, खण्डसारी के भावों में मंदी का मान होगा। परन्तु यह मंदी स्थिर नहीं होगी। गेहूं, जौ, कपास, सूत, मक्की, सफेद वस्त्र, तिल तेल के भाव घटाबढ़ी के साथ मंदी का मान करेंगे। उड़द, मूंग, अरहर के भाव सम। लोबिया, रमास, चावल के भावों में मन्दी, लौंग, इलायची, ऊन, रेशम में घटाबढ़ी। सोना, चांदी प्रथम मन्दे बाद में तेज, अलसी, सरसों गिर कर संभल जायेंगे।

